$\Rightarrow (a+b) \times ? = (a+b)^4$

$\Rightarrow ? = (a+b)^3$

30. कृष्णा के पास $\frac{1}{4}:\frac{1}{2}:\frac{1}{2}$ के अनुपात में 1 रुपए, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्कों की संख्या 100 है, तो कृष्णा के पास मौजूद कुल राशि कितनी है? **[RRB Group D 2022]**

(a) ₹100 (b) ₹75 (c) ₹125 (d) ₹120 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

	1 रुपया	50 पैसे	25 पैसे
संख्या =	$\frac{1}{4}\times 4$:	$\frac{1}{2}\times 4$:	$\frac{1}{2}\times 4$
संख्या =	1 :	2 :	2

अतः सिक्कों की संख्या $1x, 2x, 2x$ है।

25 पैसे के सिक्के $2x = 100$

$x = 50$

अतः 1 रुपया, 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्कों की संख्या क्रमशः 50, 100 तथा 100 है।

अतः कुल मूल्य $= 1\times 50 + \frac{1}{2}\times 100 + \frac{1}{4}\times 100 = ₹\,125$

31. यदि $x \neq y$, और $x^2y - xy^2 : yz(x-y) :: xa^2 - xb^2 : w$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प w के समतुल्य व्यंजक को निरूपित करता है? **[RRB Group-D 2022]**

(a) $za^2 + zb^2$ (b) $yza^2 - yzb^2$

(c) $a^2 - b^2$ (d) $za^2 - zb^2$ **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$(x^2y - xy^2) : yz(x-y) :: (xa^2 - xb^2) : W$

बाह्य पदों का गुणनफल = अंतः पदों का गुणनफल

$\Rightarrow (x^2y - xy2) \times w = yz(x-y) \times (xa^2 - xb^2)$

$\Rightarrow xy(x-y) \times w = yz(x-y) \times x(a^2 - b^2)$

$\Rightarrow w = za^2 - zb^2$ Ans.

32. किसी संख्या को इस प्रकार दो भागों में विभाजित किया जाता है, कि एक भाग दूसरे भाग से 14 अधिक है, और दोनों भागों का अनुपात 7 : 5 है। वह संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 49 (b) 35 (c) 84 (d) 54 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow 7x - 5x = 14$

माना वह संख्या

$\Rightarrow 2x = 14$

$= (7x + 5x) = 12x$

(संख्या) $12x = 84$ Ans.

33. निम्नलिखित तुल्य भिन्नों में x और y का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

$\frac{x}{9} = \frac{105}{63} = \frac{5}{y}$

(a) $x = 12, y = 3$ (b) $x = 3, y = 5$

(c) $x = 15, y = 3$ (d) $x = 15, y = 9$ **(c)**

☞ **व्याख्या:**

$\frac{x}{9} = \frac{105}{63}$ ... (1) | $\frac{5}{y} = \frac{105}{63}$ ... (2)

$x = 15$ | $21y = 63$

$y = 3$ Ans.

34. A के पास एक निश्चित धनराशि है, और B के पास भी कुछ धनराशि है। यदि A, B को ₹ 130 देता है, तो B की राशि, A के पास बची पास शेष राशि के 1.5 गुने के बराबर हो जाएगी। इसके बजाय, यदि B, A को ₹ 70 देता है, तो A की राशि, B के पास बची शेष राशि के 2 गुने के बराबर हो जाएगी। A और B के पास कुल कितनी धनराशि है? **[RRB Group-D 2022]**

(a) ₹ 720 (b) ₹ 780 (c) ₹ 750 (d) ₹ 700 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow \frac{3}{2}(A-130) = B+130$ | $\Rightarrow A+70 = (B-70)\times 2$

$\Rightarrow 3A - 390 = 2B + 260$ | $\Rightarrow A + 70 = 2B - 140$

$\Rightarrow 3A - 2B = 650$ ... (1) $\Rightarrow A - 2B = -210$ ... (2)

समी. (1) में से समी. (2) को घटाने पर

$\Rightarrow 2A = 860$

$\Rightarrow A = 430$

तो $B = 320$

अतः $(A+B) = (430 + 320) = 750$

35. 145 को दो भागों, a और b में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि $a : b :: 2 : 3$ है। साथ ही $a : c :: c : b$ और $c > 0$ है। c का निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 65 (b) 61 (c) 75 (d) 71 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$a : b$

$2x : 3x$

$\Rightarrow 2x + 3x = 145$

$\Rightarrow 5x = 145$

$\Rightarrow x = 29$

$a = 58 \quad (2x)$

$b = 87 \quad (3x)$

$a : c : c : b$

$58 : c :: c : 87$

$c^2 = \sqrt{5046}$

$c = 71$ लगभग

36. 480 विद्यार्थियों वाले एक विद्यालय में लड़कों और लड़कियों की संख्याओं का अनुपात 7 : 9 है। यदि इस विद्यालय में 3 और लड़कियों को प्रवेश दिया जाता है, तो अब लड़कों और लड़कियों की संख्याओं का अनुपात क्या होगा? **[RRB Group-D 2022]**

(a) 13 : 10 (b) 7 : 9 (c) 9 : 7 (d) 10 : 13 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

लड़के		लड़कियाँ
30×7	:	$9\times 30 + 3$
210	:	273
10	:	13

↓ कुल संख्या 480 करने के लिए 7 : 9 को 30 से गुणा किया

19. 12, 24 और 45 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 90 (b) 25 (c) 30 (d) 60 **(a)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow 12 : 24 :: 45 : x \Rightarrow 12 \times x = 24 \times 45 \Rightarrow x = 90$

20. यदि $\frac{a}{b} = \frac{4}{3}$ और $3a + 2b = 24$ हैं, तो a का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 4 (b) $\frac{13}{3}$ (c) 5 (d) $\frac{16}{3}$ **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$\frac{a}{b} = \frac{4}{3}$

$\Rightarrow 3a = 4b$

$\Rightarrow 3a - 4b = 0$ ...(1)

$\Rightarrow 3a + 2b = 24$ ...(2)

अतः $3a - 4b = 0$

$2 + 3a + 2b \times 2 = 24 \times 2$ [2 से गुणा करने पर]

$9a = 48$

$a = \frac{48}{9} = \frac{16}{3}$

21. यदि $x = 3$ है, तो $x + 7x$, $x + 5$ और $x + 6$ का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 8 (b) 9 (c) 24 (d) 3 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$(x + 7x) : (x + 5) :: (x + 6) : ?$

दिया है–

$\Rightarrow 24 : 8 :: 9 : ?$

$x = 3$

$\Rightarrow ? \times 24 = 72$

$? = 3$

22. 10 और 50 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 300 (b) 125 (c) 250 (d) 1250 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow 10 : 50 :: 50 : x$

$\Rightarrow 10 \times x = 50 \times 50$

$\Rightarrow 10 \times x = 2500$

$\Rightarrow x = 250$

23. यदि $x = 2$ होने पर $5 + x, 2x + 7, 6x + 9$ और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 45 (b) 33 (c) 42 (d) 28 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow (5 + x) : (2x + 7) :: (6x + 9) : (y)$ दिया है– $x = 2$

$\Rightarrow 7 : 11 :: 21 : y$

$\Rightarrow 7y = 11 \times 21$

$y = 33$

24. यदि $\frac{x}{y} = \frac{3}{2}$ है, तो $\frac{x^2 + y^2}{x^2 - y^2}$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) $\frac{7}{5}$ (b) $\frac{11}{5}$ (c) $\frac{13}{5}$ (d) $\frac{9}{5}$ **(c)**

☞ **व्याख्या:**

$\frac{x}{y} = \frac{3}{2}$

अतः

$\Rightarrow \frac{\frac{x^2}{y^2} + \frac{y^2}{y^2}}{\frac{x^2}{y^2} - \frac{y^2}{y^2}} = \frac{\left(\frac{x}{y}\right)^2 + 1}{\left(\frac{x}{y}\right)^2 - 1}$

$\Rightarrow \frac{\left(\frac{3}{2}\right)^2 + 1}{\left(\frac{3}{2}\right)^2 - 1} = \frac{\frac{9}{4} + 1}{\frac{9}{4} - 1} \Rightarrow \frac{\frac{13}{4}}{\frac{5}{4}} = \frac{13}{5}$

25. यदि $a : b = 2 : 3$ और $b : c = 3 : 4$ है, तो $a : b : c$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 3 : 4 : 2 (b) 3 : 2 : 4

(c) 2 : 4 : 3 (d) 2 : 3 : 4 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$a : b : c$

$2 : 3 : 4$

26. यदि तीन संख्याओं का अनुपात 5 : 6 : 8 है, और उनके वर्गों का योग 1250 है, तो उन संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 1200 (b) 2400

(c) $1200\sqrt{10}$ (d) $2400\sqrt{10}$ **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow (5x)^2 + (6x)^2 + (8x)^2 = 1250$

$\Rightarrow 25x^2 + 36x^2 + 64x^2 = 1250$

$\Rightarrow 125x^2 = 1250$

$\Rightarrow x^2 = 10$

$\Rightarrow x = \sqrt{10}$

अतः तीनों संख्याएँ क्रमशः $= 5\sqrt{10}, 6\sqrt{10}, 8\sqrt{10}$ होगी।

इनका गुणनफल $= 5\sqrt{10} \times 6\sqrt{10} \times 8\sqrt{10}$

$= 2400\sqrt{10}$

27. एक धनराशि को चार सदस्यों A, B, C और D के बीच 4 : 7 : 9 : 3 के अनुपात में बांटा जाना है। यदि C को D से ₹720 अधिक मिलते हैं, तो D का हिस्सा ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) ₹160 (b) ₹360 (c) ₹480 (d) ₹240 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

	A,	B,	C,	D
राशि =	$4x$	$7x$	$9x$	$3x$

अतः $9x - 3x = 720$

$6x = 720$

$x = 120$

तो D का हिस्सा $= 3x = 360$

28. दो संख्याओं का अनुपात 5 : 8 है। यदि पहली संख्या में 40% की वृद्धि होती है, और दूसरी संख्या में 15% की कमी होती है, तो नया अनुपात ..... होगा। **[RRB Group D 2022]**

(a) 35 : 34 (b) 23 : 26 (c) 37 : 39 (d) 12 : 17 **(a)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow 5x : 8x$

अतः $5x \times \frac{140}{100} : 8x \times \frac{85}{100}$

$\Rightarrow 35 : 34$

10. A और B की आय का अनुपात 3 : 5 है। A का व्यय उसकी आय का 7 / 12 है तथा B का व्यय उसकी आय का 9 / 15 है। उनके व्यय के बीच धनात्मक अंतर 14300 रुपये है। A की आय ज्ञात करें। [RRB Group D-2022]

(a) 48300 रुपये (b) 16800 रुपये
(c) 78000 रुपये (d) 46800 रुपये **(d)**

व्याख्या:

माना A तथा B की आय क्रमशः $3\times12 : 5\times12$ है। अतः

	A	B
आय	36 यूनिट	60 यूनिट
व्यय	$36\times\frac{7}{12}$ यूनिट	$60\times\frac{8}{15}$ यूनिट
व्यय	21 यूनिट	32 यूनिट

व्यय का अनतर 11 यूनिट = 14300 Rs

1 यूनिट = 1300 Rs

अतः A की आय (36) यूनिट $= 36\times1300$ Rs

$= 46800$ Rs

11. एक स्कूल में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 7 : 9 है। यदि स्कूल में लड़कियों की संख्या 189 है, तो उस स्कूल में लड़कों की संख्या कितनी है? [RRB Group D-2022]

(a) 105 (b) 168 (c) 147 (d) 126 **(c)**

व्याख्या:

माना लड़के तथा लड़कियों की संख्या

$(7x)$ तथा $(9x)$ हैं।

$\Rightarrow 9x = 189 \Rightarrow x = 21$

अतः लड़कों की संख्या $= 7x = 7\times21 = 147$

12. एक कक्षा में, 40 विद्यार्थी (केवल लड़के और लड़कियाँ) हैं। लड़कियों की संख्या, लड़कों की संख्या के $\frac{3}{7}$ भाग के बराबर है। कक्षा में लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]

(a) 32 (b) 24 (c) 28 (d) 12 **(c)**

व्याख्या:

माना लड़कों की संख्या $= 7x$

तो लड़कियों की संख्या $= 7x\times\frac{3}{7} = 3x$

अतः $7x+3x = 40 \Rightarrow 10x = 40 \Rightarrow x = 4$

अतः लड़कों की संख्या $= 7x = 28$

13. एक मिश्रण की 10 लीटर मात्रा में दूध और पानी का अनुपात 3 : 2 है। यदि यह अनुपात 2 : 3 करना हो, तो मिश्रण में और कितना पानी मिलाया जाना चाहिए? [RRB Group D-2022]

(a) 12 लीटर (b) 10 लीटर (c) 5 लीटर (d) 8 लीटर **(c)**

व्याख्या:

अंत दूध की मात्रा आरंभ में तथा अंत में समान रहेगी।

$\Rightarrow \quad 10\times\left(\frac{3}{5}\right) = (10+x)\times\left(\frac{2}{5}\right)$

$\Rightarrow 30 = 20+2x \Rightarrow 2x = 10 \Rightarrow x = 5$ लीटर

14. दो कक्षाओं A और B में निश्चित संख्या में विद्यार्थी हैं। यदि 5 विद्यार्थियों को A से B में स्थानांतरित किया जाए, तो B में विद्यार्थियों की संख्या A की तुलना में दोगुनी हो जाएगी। यदि 1 विद्यार्थी को B से A में भेज दिया जाए, तो दोनों कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या समान हो जाएगी। A में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है? [RRB Group D 2022]

(a) 19 (b) 22 (c) 17 (d) 26 **(c)**

व्याख्या:

$\Rightarrow \quad 2(A-5) = (B+5)$

$\Rightarrow \quad 2A-10 = B+5$

$\Rightarrow \quad 2A-B = 15$ ...(i)

$\Rightarrow \quad (A+1) = (B-1)$

$\Rightarrow \quad A-B = -2$ ...(ii)

अतः समी. (i) तथा (ii) को हल करने पर

$\Rightarrow$ 2A − B = 15 ....(i)

$\Rightarrow$ A − B = −2 ....(ii)

(समी. (ii) के चिन्ह परिवर्तन करने पर)

$\frac{-\quad+\quad+}{A=17}$

15. यदि $(2x+7y) : (4x-3y) :: 8 : 3$ है, तो x : y का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 45 : 26 (b) 20 : 19 (c) 11 : 13 (d) 26 : 45 **(a)**

व्याख्या:

$\Rightarrow \frac{2x+7y}{4x-3y} = \frac{8}{3} \Rightarrow 6x+21y = 32x-24y$

$\Rightarrow 26x = 45y$

अतः x तथा y का अनुपात = 45 : 26 होगा।

16. यदि 7, 12, 21 और x समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 36 (b) 27 (c) 35 (d) 24 **(a)**

व्याख्या:

$\Rightarrow \quad 7 : 12 :: 21 : x$

$\Rightarrow \quad 7\times x = 12\times21$

$\Rightarrow \quad x = 36$

17. एक प्लॉट को ₹19,50,000 में बेचने पर मालिक को 20% की हानि होती है। 20% का लाभ प्राप्त करने के लिए उसे प्लॉट को किस मूल्य पर बेचना चाहिए? [RRB Group D 2022]

(a) ₹21,00,000 (b) ₹25,95,000
(c) ₹22,50,000 (d) ₹29,25,000 **(d)**

व्याख्या:

$\Rightarrow \frac{80}{120} = \frac{1950000}{x} \Rightarrow 80x = 1950000\times120$

$\Rightarrow x =$ ₹29,25,000

18. उज्ज्वल के पास ₹50, ₹100, ₹200 मूल्यवर्ग के ₹5250 के करेंसी नोट है। प्रत्येक मूल्यवर्ग के नोटों की संख्या समान है। उज्जवल के पास कुल कितने नोट है? [RRB Group D 2022]

(a) 30 (b) 45 (c) 60 (d) 15 **(b)**

व्याख्या:

	₹50,	₹100,	₹200
माना संख्या=	x,	x,	x
इनका मूल्य =	$50x$,	$100x$,	$200x$

अतः $50x+100x+200x =$ ₹5250

$\Rightarrow \quad 350x =$ ₹5250

$\Rightarrow \quad x = \frac{5250}{350}$

$\Rightarrow \quad x = 15$

अतः कुल नोटों की संख्या $= 3x$

$= 3(15) = 45$

☞ **व्याख्या:**

$15:6::b:c$ | $6=1+3+5=9$

$15:9::9:c$

$15c=81$

$c=\frac{81}{15}=\frac{27}{5}$

58. एक कंपनी अपने लाभ को कंपनी के तीन भागीदारों के बीच 1 : 3 : 5 के अनुपात में विभाजित करती है। यदि सबसे छोटे और सबसे बड़े हिस्सों के बीच अंतर ₹ 80,000 है, तो कंपनी का कुल लाभ ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) ₹ 1,40,000 (b) ₹ 1,60,000
(c) ₹ 1,80,000 (d) ₹ 1,20,000 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

A B C
$1x$ $3x$ $5x$

$4x=80000$

$x=20000$

कंपनी का कुल मूल्य $9x=₹\,180000$

59. सीमा और दर्शन की आय का अनुपात 7 : 5 है। वे क्रमशः 12,000 रुपये और 9,000 रुपये की बचत करते है। यदि उनके व्ययों का अनुपात 17 : 12 है, तो सीमा और दर्शन का कुल व्यय (₹ में) ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 93,000 (b) 81,000 (c) 87,000 (d) 75,000 **(c)**

☞ **व्याख्या:** सीमा, दर्शन की आय क्रमशः $7x, 5x$ है।

इनका व्यय क्रमशः $17y, 12y$ है।

अतः $7x-17y=12000$ ...(i)

$5x-12y=9000$ ...(ii)

समी. (i) के 5 गुणा को समी. (ii) के 7 गुणा में से घटाने पर–

$\Rightarrow y=₹\,3000$

अतः कुल व्यय $\Rightarrow 29y=₹\,87000$

60. A और B के वेतनों का अनुपात 3 : 4 है। A और B दोनों में से प्रत्येक के वेतनों में 3000 रुपये की वृद्धि करने पर, उनके वेतनों का नया अनुपात 18 : 23 हो जाता है। वृद्धि के बाद A का वेतन ज्ञात कीजिए? [RRB Group-D 2022]

(a) 12,000 रुपये (b) 23,000 रुपये
(c) 21,000 रुपये (d) 18,000 रुपये **(d)**

☞ **व्याख्या:** A तथा B का वेतन क्रमशः $3x, 4x$ है।

अतः $\Rightarrow \frac{3x+3000}{4x+3000}=\frac{18}{23}$

$\Rightarrow 69x+69000=72x+54000$

$\Rightarrow 3x=15000$

$\Rightarrow x=5000$

अतः A का नया वेतन $=3x+3000$

$=18000$

61. 20 और 50 के तृतीयानुपाती और 9 और 16 के मध्यानुपाती के बीच अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 25 : 2 (b) 12 : 125 (c) 2 : 25 (d) 125 : 12 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$20:50::50:x$ | $9:y::y:16$

$x=\frac{50\times50}{20}$ | $y=\sqrt{9\times16}$

$x=125$ | $y=12$

अतः $x:y=125:12$

62. जब 11, 14, 31 और 38 में से प्रत्येक में x जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार प्राप्त संख्याएँ क्रमशः समानुपात में होती है। तो यदि $3x:y::y:(8x-5)$ है, और $y>0$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 12 (b) 18 (c) 16 (d) 15 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

$(11+x):(14+x)::(31+x):(38+x)$ को हल करने पर $x=4$ होगा।

अब $3x:y:y:(8x-5)$

$\Rightarrow 12:y::y:27$

$\Rightarrow y^2=\sqrt{324}$

$\Rightarrow y=18$

63. एक पिता और पुत्र की वर्तमान आयु का अनुपात 7 : 4 है। उनकी आयु का गुणनफल 6300 है। पुत्र की आयु कितनी है? [RRB Group-D 2022]

(a) 50 वर्ष (b) 80 वर्ष (c) 70 वर्ष (d) 60 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow (7x)\times(4x)=6300$ { माना – पिता $=7x$, पुत्र $=4x$ }

$\Rightarrow 28x^2=6300$

$\Rightarrow x=\sqrt{225}=15$

अतः पुत्र की आयु $=4x=60$

64. ₹4800 की राशि को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A के हिस्से तथा B और C के संयुक्त हिस्से का अनुपात 3 : 5 है, तथा C को प्राप्त राशि, A और B को मिलाकर प्राप्त होने वाली कुल राशि के $\frac{5}{7}$ भाग के बराबर है। A के हिस्से और B के हिस्से का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 900 (b) 800 (c) 1000 (d) 850 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

$A:(B+C)$ | $C:(A+B)$

$3:5$ | $5:7$

A का हिस्सा $=4800\times\frac{3}{8}=₹1800$

C का हिस्सा $=4800\times\frac{5}{12}=₹2000$

B का हिस्सा $=4800-1800-2000=₹\,1000$

अतः A तथा B का अन्तर $=₹\,800$

65. दो संख्याएँ ज्ञात कीजिए, जिनका मध्यानुपाती 14 है और तृतीयानुपाती 4802 है। [RRB Group-D 2022]

(a) 2 और 98 (b) 7 और 28
(c) 4 और 49 (d) 8 और 24 **(a)**

☞ **व्याख्या:**

मध्यानुपाती

$\Rightarrow \sqrt{a\times b}=14$

$\Rightarrow a\times b=196$ ....(i)

तृतीयानुपाती

$\Rightarrow \frac{b^2}{a}=4802$ ....(ii)

अतः Option (a) दोनों समी. को सतुष्ट करेगा।

47. यदि $x \neq y, z > 0$ और $(x+z)^2 : (y+z)^2 :: x : y$ है तो a का वह मान ज्ञात कीजिए, जहां $a > 0$ है, ताकि $x : a :: a : y$ हो।
[RRB Group-D 2022]
(a) z (b) −z (c) x − y (d) x^2y^2 **(a)**

☞ **व्याख्या:**

$(x+z)^2 : (y+z)^2 : : x : y$ $\quad x : a :: a : y$

$\Rightarrow \frac{x^2+z^2+2xz}{y^2+z^2+2yz} = \frac{x}{y}$ $\quad a^2 = xy \ldots (1)$

$\Rightarrow x^2y + yz^2 + 2xyz = xy^2 + xz^2 + 2xyz$

$\Rightarrow x^2y - xy^2 = xz^2 - yz^2$

$\Rightarrow xy(x-y) = z^2(x-y)$

$\Rightarrow a^2 = z^2$

48. एक पेन का मूल्य, एक पेंसिल के मूल्य का दोगुना है। यदि एक पेंसिल का मूल्य ₹ 1 है, तो 3 पेन और 2 पेंसिल का मूल्य ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**
(a) ₹ 10 (b) ₹ 8 (c) ₹ 7 (d) ₹ 2 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

पेन	पेंसिल
₹ 2 = 2x	x = ₹ 1

अतः (3 पेन + 2 पेंसिल) का मूल्य
$\Rightarrow 3 \times 2 + 2 \times 1 = ₹ 8$

49. निम्नांकित को सरल कीजिए: **[RRB Group-D 2022]**

$$\frac{.1\times.1\times.1+.02\times.02\times.02}{.2\times.2\times.2+.04\times.04\times.04}$$

(a) 0.0125 (b) 0.125 (c) 0.5 (d) 0.25 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

$$\frac{.1\times.1\times.1+.02\times.02\times.02}{.2\times.2\times.2+.04\times.04\times.04}$$

$\Rightarrow \left(\frac{1}{2}\right)^3 = \frac{1}{8} = 0.125$ Ans.

(∵ अंश से हर दुगुना है।)

). दो संख्याओं का अंतर 26 है। एक संख्या दूसरी संख्या की 3 गुनी है। छोटी संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]
(a) 39 (b) 13 (c) 52 (d) 26 **(b)**

व्याख्या: बडी संख्या, छोटी संख्या
$\Rightarrow 3x - 1x = 26$
$\Rightarrow 2x = 26$
$x = 13$
अतः छोटी संख्या $(1x) = 13$ Ans.

यदि a : b :: b : c; c = 4a; और b = 6 है, तो c का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]
(a) 9 (b) 12 (c) 7 (d) 8 **(b)**

व्याख्या:
a : b :: b : c
दिया है– c = 4a

अतः $\frac{c}{4} : 6 :: 6 : c$

b = 6, c = ?

$\Rightarrow c = \sqrt{36 \times 4}$
$\Rightarrow c = 12$ Ans.

52. यदि एक दूधवाला 9 लीटर दूध में 4 लीटर पानी मिलाता है, तो दूध और पानी का अनुपात समान बनाए रखने के लिए उसे 36 लीटर दूध में कितना पानी मिलाना चाहिए?
[RRB Group-D 2022]
(a) 16 लीटर (b) 14 लीटर
(c) 12 लीटर (d) 10 लीटर **(a)**

☞ **व्याख्या:** दूध : पानी
$9 : 4$
$\times 4 \quad \times 4$
$\downarrow \quad \downarrow$
36 ली. : 16 ली. Ans.

53. महेश किसी बैंक से ₹ 2000 निकालता है। उसे ₹ 50 और ₹ 100 के कुल 32 नोट मिलते हैं। उसे प्राप्त हुए ₹ 50 के नोटों की संख्या कितनी है? **[RRB Group-D 2022]**
(a) 8 (b) 16 (c) 24 (d) 32 **(c)**

☞ **व्याख्या:** 32×50 $\quad 100\times32$

2000

1200 : 400
$\times 3$: $\times 1$
24 Note : 8 Note

54. यदि x का 35% = y का 40% है, तो x : y का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**
(a) 8 : 9 (b) 7 : 8 (c) 9 : 8 (d) 8 : 7 **(d)**

☞ **व्याख्या:** $x \times 35\% = y \times 40\%$
$x : y$
$8 : 7$

55. यदि $\frac{196}{0.196} = \frac{19.6}{n}$ है, तो n का मान ज्ञात कीजिए।
[RRB Group-D 2022]
(a) 0.0196 (b) 0.196 (c) 1.96 (d) 0.00196 **(a)**

☞ **व्याख्या:** $\frac{196}{0.196} = \frac{19.6}{n}$

$\Rightarrow n \times 196 = \frac{196 \times 196}{10000} \Rightarrow n = 0.0196$

56. ₹ 2,000 की राशि को A, B और C के बीच इस प्रकार बाँटा जाता है, कि A के हिस्से का ½ भाग, B के हिस्से का 1/3 भाग, और C के हिस्से का 1/5 भाग बराबर हैं। A का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**
(a) 600 (b) 400 (c) 200 (d) 1,000 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow \frac{A}{2} = \frac{B}{3} = \frac{C}{5} = x$ (माना)

$\Rightarrow A \quad B \quad C$

$\Rightarrow 2x \quad 3x \quad 5x$

अतः $10x = ₹ 2000$
$x = ₹ 200$
A का हिस्सा $2x = ₹ 400$

57. यह दिया गया है कि c, b और 1.5 का तीसरा अनुपातिक है। यदि b प्रथम तीन विषम प्राकृतिक संख्याओं का योग है तो c का मान है: **[RRB Group-D 2022]**
(a) $\frac{29}{5}$ (b) $\frac{26}{5}$ (c) $\frac{27}{5}$ (d) $\frac{28}{5}$ **(c)**

37. यदि 0.25a = 0.05b है, तो निम्न में कौन-सा विकल्प $\frac{b-a}{b+a}$ का सन्निकट मान प्रदान करता है? [RRB Group-D 2022]

(a) 0.67 (b) 1.6 (c) 6.6 (d) 0.16 **(a)**

☞ **व्याख्या:**

$.25a = .05b$

$\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{.05}{.25} = \frac{1}{5} \Rightarrow \frac{b-a}{b+a} = \frac{4}{6} = \frac{2}{3} = .67$

38. प्रारंभ में राम के पास ₹ 4 और श्याम के पास ₹ 7 थे। जतिन ने राम और श्याम में से प्रत्येक को समान धनराशि दी, जिसके बाद राम और श्याम के पास मौजूद धनराशियों का अनुपात 7 : 9 हो गया। जतिन ने राम और श्याम में से प्रत्येक को कितनी धनराशि (₹ में) दी? [RRB Group-D 2022]

(a) 6.50 (b) 6.00 (c) 7.00 (d) 5.50 **(a)**

☞ **व्याख्या:**

$\frac{4+x}{7+x} = \frac{7}{9} \Rightarrow 36+9x = 49+7x \Rightarrow 2x = 13$

$x = 6.5$

39. A और B के वेतनों का अनुपात 4 : 5 है। B और C के वेतनों का अनुपात 3 : 4 है। A और C के वेतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 5 : 4 (b) 4 : 5 (c) 3 : 5 (d) 4 : 3 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

A : B : C

4 : 5 | 3 : 4

12 : 15 : 20

अतः A तथा C = 12 : 20

= 3 : 5

40. यदि A का 60% = B का 1.2 = C का $\frac{2}{5}$ है, तो A : B : C ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 3 : 1 : 2 (b) 1 : 2 : 3 (c) 3 : 2 : 1 (d) 2 : 1 : 3 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$\Rightarrow A \times 60\% = B \times 1.2 = C \times \frac{2}{5}$ 3, 6, 2 का LCM = 6x

$\Rightarrow A \times \frac{3}{5} = B \times \frac{6}{5} = C \times \frac{2}{5}$

$\Rightarrow 3A = 6B = 2C = 6x$

अतः

A	B	C
2x	1x	3x
2	1	3

Ans.

41. रिया के पास पेन और पेंसिलों की कुल संख्या 60 है। यदि उसके पास 25 और अधिक पेन तथा 5 कम पेंसिलें होती, तो पेनों की संख्या पेंसिलों की संख्या की तीन गुनी हो जाती। उसके पास मूलतः मौजूद पेनों और पेंसिलों की संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 25 (b) 5 (c) 10 (d) 30 **(c)**

☞ **व्याख्या:** पेन पेंसिल

$\Rightarrow (x) + 25 = [(60-x)-5] \times 3$

$\Rightarrow x + 25 = 165 - 3x$

$\Rightarrow 4x = 140$

(पेन) $x = 35$

(पेंसिल) $60 - x = 25$

पेन तथा पेंसिल की संख्या का अन्तर = 10 Ans.

42. एक कक्षा में, आरंभ में लड़कों की संख्या और लड़कियों की संख्या समान थी। 8 लड़कियां रिंग टेनिस खेलने चली गईं, जिससे कक्षा में लड़कों की संख्या, लड़कियों की संख्या से दोगुनी हो गई। आरंभ में लड़कियों और लड़कों की कुल संख्या ..... थी। [RRB Group-D 2022]

(a) 32 (b) 26 (c) 34 (d) 24 **(a)**

☞ **व्याख्या:** $x = (x-8)2$ कुल संख्या = 2x

$x = 2x - 16$

$x = 16$

कुल संख्या = 2x = 32 Ans.

43. एक की-बोर्ड और एक माउस का मूल्य ₹ 3,600 है। यदि की-बोर्ड का मूल्य माउस के मूल्य का सात गुना है, तो की-बोर्ड का मूल्य ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) ₹ 450 (b) ₹ 3,050 (c) ₹ 3,150 (d) ₹ 600 **(c)**

☞ **व्याख्या:** की–बोर्ड माउस

$\Rightarrow 7x + x = 3600$ Rs.

$\Rightarrow 8x = 3600$ Rs.

$\Rightarrow x = 450$ Rs.

तो की बोर्ड का मूल्य = 7x

$= 7 \times 450 = 3150$ Rs. Ans.

44. 68 को तीन भागों में विभाजित किया गया है। जब पहले भाग में 2 की वृद्धि की जाती है, दूसरे भाग में 2 की कमी की जाती है, और तीसरे भाग को 2 से विभाजित किया जाता है, तो प्राप्त परिणामी संख्याएँ बराबर होती हैं। तीसरे भाग का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 68 (b) 15 (c) 34 (d) 19 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

$(x-2) + (x+2) + (2x) = 68$

$\Rightarrow 4x = 68$

$\Rightarrow x = 17$

अतः तीसरा भाग $(2x) = 34$

45. यदि 256, b और 324 सतत् समानुपात (continued proportion) में हैं, तो b का मान ज्ञात कीजिए [RRB Group-D 2022]

(a) 312 (b) 308 (c) 296 (d) 288 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

256, b, 324

$b^2 = 256 \times 324$

$b = \sqrt{256 \times 324}$

$b = 288$

46. ₹ 651 की राशि को A, B, C के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि A के हिस्से का दोगुना, B के हिस्से का तीन गुना, और C के हिस्से का पाँच गुना, बराबर हैं। C का हिस्सा ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) ₹ 150 (b) ₹ 126 (c) ₹ 210 (d) ₹ 315 **(b)**

☞ **व्याख्या:**

A		B		C
2x	:	3y	:	5z
x	:	y	:	z
15	:	10	:	6

C का हिस्सा $= \frac{651}{31} \times 6 = 126$

☞ **व्याख्या :** $4A = 5B \Rightarrow \frac{A}{B} = \frac{5}{4}$

$6B = 7C \Rightarrow \frac{B}{C} = \frac{7}{6}$

$\frac{A}{B} \times \frac{B}{C} = \frac{5}{4} \times \frac{7}{6} \Rightarrow \frac{A}{C} = \frac{35}{24}$

$A : C = 35 : 24$

88. यदि $(a+b) : (b+c) : (c+a), 6 : 7 : 8$ है और $a+b+c = 14$ है तो C का मान कितना होगा? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 8 (b) 10 (c) 6 (d) 12 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $(a+b) : (b+c) : (c+a) = 6 : 7 : 8$

$\Rightarrow 6x, 7x, 8x$

$a+b+b+c+c+a = 6x+7x+8x$

$2(a+b+c) = 21x$

$2 \times 14 = 21x$

$x = \frac{2 \times 14}{21} = \frac{4}{3}$

$a+b = 6x = 6 \times \frac{4}{3} = 8$

$a+b+c = 14$

$\underline{a+b = 8}$

$c = 6$

89. यदि $3a = 4b = 6c$ और $a+b+c = 27\sqrt{29}$ है, तो $\sqrt{a^2+b^2+c^2}$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 85 (b) 87 (c) 81 (d) $3\sqrt{81}$ **(b)**

☞ **व्याख्या :** $3a = 4b = 6c$

$a : b : c$

$4 : 3 : 2$

$\boxed{4x,\ 3x,\ 2x}$

$a+b+c = 27\sqrt{29}$

$4x+3x+2x = 27\sqrt{29}$

$9x = 27\sqrt{29}$

$x = 3\sqrt{29}$

$\sqrt{a^2+b^2+c^2} = \sqrt{(4x)^2+(3x)^2+(2x)^2}$

$= \sqrt{16x^2+9x^2+4x^2} = \sqrt{29x^2}$

$= x\sqrt{29} = 3\sqrt{29} \times \sqrt{29}$

$= 3 \times 29 = 87$

90. एक लड़का पहले दिन एक पुस्तक का $\frac{3}{8}$ भाग पढ़ता है और दूसरे दिन शेष बचे भाग का $\frac{4}{5}$ भाग पढ़ता है। यदि 30 पृष्ठ अपठित रह जाते हैं, तो पुस्तक में पृष्ठों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 200 (b) 209 (c) 240 (d) 380 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $x \times \left(1-\frac{3}{8}\right)\left(1-\frac{4}{5}\right) = 30$

$x \times \frac{5}{8} \times \frac{1}{5} = 30 \Rightarrow x = 240$

पृष्ठों की संख्या = 240

91. यदि एक मानचित्र पर 1 cm की दूरी 9 km की वास्तविक दूरी के बराबर है, तो उसी मानचित्र पर 2 cm की दूरी, कितने km की वास्तविक दूरी के बराबर होगी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 16 (b) 12 (c) 22 (d) 18 **(d)**

☞ **व्याख्या :** $9 \times 2 = 18$ km

92. लड़कों और लड़कियों के एक समूह से 12 लड़कियों के निकल जाने पर लड़कों और लड़कियों का अनुपात 2 : 1 हो जाता है। उसके बाद समूह से 30 लड़कों के निकल जाने पर लड़कियों और लड़कों का अनुपात 3 : 1 हो जाता है। प्रारंभ में उस समूह में लड़कों और लड़कियों की संख्या कितनी थी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 40 लड़के और 20 लड़कियाँ
(b) 34 लड़के और 35 लड़कियाँ
(c) 38 लड़के और 25 लड़कियाँ
(d) 36 लड़के और 30 लड़कियाँ **(d)**

☞ **व्याख्या :** लड़के $= x$, लड़कियाँ $= y$

$\frac{x}{y-12} = \frac{2}{1} \Rightarrow x = 2y-24$

$x-2y = -24$ ...(1)

$\frac{x-30}{y-12} = \frac{1}{3} \Rightarrow 3x-90 = y-12$

$3x-y = 78$ ...(2)

$x = 36, y = 30$

ऐसे प्रश्नों को विकल्प की सहायता से हल करें।

$\frac{36}{30-12} = \frac{36}{18} = \frac{2}{1}$, $\frac{36-30}{30-12} = \frac{6}{18} = \frac{1}{3}$

93. यदि $A : B : C = 2 : 4 : 6$ है, तो $\frac{A}{B} : \frac{B}{C} : \frac{C}{A}$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 4 : 3 : 8 (b) 3 : 4 : 10
(c) 3 : 4 : 18 (d) 4 : 3 : 16 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $A : B : C = 2 : 4 : 6$

$\frac{A}{B} : \frac{B}{C} : \frac{C}{A} = \frac{2}{4} : \frac{4}{6} : \frac{6}{2} = \frac{1}{2} : \frac{2}{3} : 3$

$= \boxed{3 : 4 : 18}$

94. दो संख्याएँ, एक तीसरी संख्या से क्रमशः 30% और 80% अधिक हैं। इन दो संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 7 : 2 (b) 3 : 8 (c) 13 : 18 (d) 8 : 13 **(c)**

☞ **व्याख्या :**

I II III

130 180 100 $\Rightarrow$ अनुपात = 130 : 180 = 13 : 18

95. यदि $\frac{a}{b} = \frac{3}{2}$ और $\frac{b}{c} = \frac{3}{5}$ हो, तो $\frac{a+b}{b+c}$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{9}{11}$ (b) $\frac{5}{16}$ (c) $\frac{6}{11}$ (d) $\frac{15}{16}$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{a}{b} = \frac{3}{2} \times \frac{3}{3} = \frac{9}{6} \Rightarrow \frac{b}{c} = \frac{3}{5} \times \frac{2}{2} = \frac{6}{10}$

$\frac{a+b}{b+c} = \frac{9+6}{6+10} = \frac{15}{16}$

☞ **व्याख्या :** आय में अनुपात = 5 : 4 ⇒ 5x, 4x

$$\frac{5x-6000}{4x-6000}=\frac{2}{1} \Rightarrow 5x-6000=8x-12000$$

$$x=2000$$

अमर की आय= 5 × 2000 = ₹ 10000

78. नूरी द्वारा खरीदे गए प्रत्येक 18 अंडों में से तीन अंडे खराब निकल जाते हैं। इसी दर से यदि वह 690 अंडे खरीदती है, तो उसमें कितने अंडे अच्छे होंगे? [RRB NTPC 2021]

(a) 475 (b) 575 (c) 565 (d) 585 **(b)**

☞ **व्याख्या :** अच्छे अंडों की संख्या = $690\times\frac{15}{18}=575$

79. एक हवाई जहाज 500 यात्रियों को ले जा रहा है जिनमें से 45% पुरुष और 20% बच्चे हैं। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की संख्या का अनुपात न्यूनतम संख्याओं में ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 9 : 7 : 4 (b) 4 : 7 : 9
(c) 9 : 4 : 7 (d) 7 : 4 : 9 **(a)**

☞ **व्याख्या :** पुरुष : महिला : बच्चे
45% : 35% : 20%

$\boxed{9:7:4}$

80. यदि स्कूल के समारोह में भाग लेने वाली लड़कियों की संख्या का $\frac{2}{5}$, समारोह में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या के $\frac{3}{5}$ के बराबर है, तो समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या का कौनसा हिस्सा, समारोह में भाग लेने वाली लड़कियों की कुल संख्या $\frac{2}{5}$ के बराबर होगा? [RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{5}{6}$ (b) $\frac{2}{3}$ (c) $\frac{1}{5}$ (d) $\frac{6}{25}$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** समारोह में भाग लेने वाली लड़कियाँ x तथा लड़के y है।

$$x\times\frac{2}{5}=y\times\frac{3}{5}$$

$$\frac{x}{y}=\frac{3}{2}$$

$$5\times P=3\times\frac{2}{5}$$

$$\boxed{P=\frac{6}{25}}$$

81. 1 : 2, 3 : 10 और 10 : 21 का मिश्र अनुपात (compound ratio) ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 1 : 14 (b) 14 : 1 (c) 1 : 7 (d) 7 : 1 **(a)**

☞ **व्याख्या :** मिश्र अनुपात = $\frac{1}{2}\times\frac{3}{10}\times\frac{10}{21}=\frac{1}{14}=1:14$

82. यदि a : b = c : d, = e : f = g : h = 1 : 3 है तो निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए– [RRB NTPC 2021]

(pa + qc + re + sg) : (pb + qd + rf + sh)

(a) 1 : 3 (b) 1 : 2 (c) 1 : 5 (d) 1 : 4 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $a:b=c:d=e:f=g:h=1:3$

$$(pa+qc+re+sg):(pb+gd+rf+sh)$$

$$(p\times1+q\times1+r\times1+s\times1):(p\times3+g\times3+r\times3+s\times3)$$

$$(p+q+r+s):3(p+q+r+s) \Rightarrow \boxed{1:3}$$

83. जब एक संख्या का 30%, दूसरी संख्या में जोड़ा जाता है तो दूसरी संख्या स्वयं के 140% के बराबर हो जाती है। पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 2 : 4 (b) 1 : 3 (c) 4 : 3 (d) 3 : 2 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $x\times\frac{300}{100}+y=y\times\frac{140}{100}$

$$\frac{3x}{10}+y=\frac{7y}{5} \Rightarrow \frac{3x}{10}=\frac{7y-5y}{5}$$

$$\frac{3x}{10}=\frac{2y}{5} \Rightarrow 3x=4y$$

$$x:y$$

$\boxed{4:3}$

84. मोहन की तुलना में रजनी 25% कम काम कर सकती है और रिजवान की तुलना में मोहन 20% अधिक काम कर सकता है। काम पूरा होने पर ₹ 930 के लाभ में से मोहन का हिस्सा कितना होगा? [RRB NTPC 2021]

(a) ₹ 300 (b) ₹ 350 (c) ₹ 360 (d) ₹ 260 **(c)**

☞ **व्याख्या :** मोहन : रजनी : रिजवान

100 : 75 : 100 × 100 / 120

4 : 3 : 4 × 5 / 6

24 : 18 : 20

$\boxed{12 : 9 : 10}$

मोहन का हिस्सा = 930 × 12 / 31 = ₹ 360

85. पानी का एक ड्रम 3/4 भरा है। जब इसमें से 9 लीटर पानी निकाला जाता है तो यह 1/2 भरा रह जाता है। ड्रम की क्षमता कितनी है? [RRB NTPC 2021]

(a) 20 लीटर (b) 36 लीटर
(c) 28 लीटर (d) 27 लीटर **(b)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{3}{4}-\frac{1}{2}=9 \Rightarrow \frac{3-2}{4}=9 \Rightarrow \frac{1}{4}=9 \Rightarrow 1=9\times4$

1 = 36 ⇒ ड्रम की क्षमता = 36 लीटर

86. सुखदेव और बलदेव के दादा ने ₹ 2,150 की राशि को उनके बीच 20 : 23 के अनुपात में विभाजित किया। उन दोनों में से प्रत्येक ने अपने-अपने हिस्सों में से ₹ 100 का दान किया। उनकी संबंधित राशियों का नया अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 80 : 77 (b) 6 : 7
(c) 19 : 22 (d) 120 : 123 **(b)**

☞ **व्याख्या :** अनुपात= 20 : 23

सुखदेव= $2150\times\frac{20}{43}$ = ₹ 1000, बलदेव = $2150\times\frac{23}{43}$ = ₹ 1150

प्रत्येक ने अपने–अपने हिस्से में से ₹ 100 का दान किया।

नया अनुपात= (1000 – 100) : (1150 – 100) = 900 : 1050

= 6 : 7

87. यदि 4A = 5B और 6B = 7C है, तो A : C का मान ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 36 : 24 (b) 34 : 24 (c) 38 : 24 (d) 35 : 24 **(d)**

66. $8+4\sqrt{2}$ और $6-3\sqrt{2}$ का मध्यानुपाती ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) $4\sqrt{6}$ (b) $2\sqrt{6}$ (c) $3\sqrt{6}$ (d) $\sqrt{6}$ **(b)**

☞ **व्याख्या:**

$\sqrt{(8+4\sqrt{2})\times(6-3\sqrt{2})}$ = मध्यानुपाती

$\Rightarrow \sqrt{4(2+\sqrt{2})\times 3(2-\sqrt{2})}$

$\Rightarrow \sqrt{12\times(2^2-\sqrt{2}^2)}$

$\Rightarrow \sqrt{12\times 2}=\sqrt{4\times 6}=2\sqrt{6}$

67. यदि $x : y = 7 : 3$ है, तो $(x^2+y^2) : (x^2-y^2)$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 25 : 4 (b) 29 : 20

(c) 5 : 2 (d) 5 : 1 **(b)**

☞ **व्याख्या:** x तथा y का मान 7k तथा 3k है।

अतः $(x^2+y^2) : (x^2-y^2)$

$\Rightarrow [(7k)^2+(3k)^2] : [(7k)^2-(3k)^2]$

$\Rightarrow 58k^2 : 40k^2$

$\Rightarrow 29 : 20$

68. एक किसान के घर में मुर्गियाँ और बकरियाँ है। उनके सिरों की कुल संख्या 42 और उनके पैरों की कुल संख्या 138 है। मुर्गियों की संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 15 (b) 18 (c) 20 (d) 22 **(a)**

☞ **व्याख्या :** मुर्गियों की संख्या

$$= \frac{\text{सिरों की संख्या} \times 4 - \text{पैरों की संख्या}}{2}$$

$$= \frac{42\times 4-138}{2}$$

$$= \frac{168-138}{2}=15$$

69. यदि तीन धनात्मक संख्याओं का अनुपात 3 : 7 : 8 है और उनके वर्गों का योगफल 7808 है, तो उनमें से सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 24 (b) 27 (c) 30 (d) 36 **(a)**

☞ **व्याख्या :** अनुपात $= 3 : 7 : 8 = 3x, 7x, 8x$

$9x^2+49x^2+64x^2=7808$

$122x^2=7808$

$x^2=64$

$x=8$

सबसे छोटी संख्या $= 3\times 8=24$

70. A और B का अनुपात x : 12 है और B और C का अनुपात 4 : y है। यदि A और C का अनुपात 5 : 3 है, तो x : y का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 3 : 5 (b) 5 : 3 (c) 3 : 1 (d) 5 : 1 **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{A}{B}\times\frac{B}{C}=\frac{A}{C}\Rightarrow\frac{x}{12}\times\frac{4}{y}=\frac{5}{3}\Rightarrow\frac{x}{y}=\frac{5}{3}\times\frac{12}{4}$

$\frac{x}{y}=\frac{5}{1}\Rightarrow 5:1$

71. तीन कक्षाओं में छात्रों की संख्याओं का अनुपात 2 : 3 : 5 है। यदि प्रत्येक कक्षा के छात्रों की संख्या में 30 की वृद्धि की जाती है, तो यह अनुपात बदलकर 4 : 5 : 7 हो जाता है। वृद्धि के पश्चात छात्रों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 150 (b) 210 (c) 180 (d) 240 **(d)**

☞ **व्याख्या :** पहले अनुपात $= 2 : 3 : 5$

बाद में अनुपात $= 4 : 5 : 7$

$2 = 30 \Rightarrow 1 = 15$

वृद्धि के पश्चात् कुल संख्या $= (4+5+7)\times 15 = 16\times 15$

$= 240$

72. यदि $2x-3y=-1$ और $\frac{x}{x+y}=\frac{7}{12}$ है, तो $2xy$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 65 (b) 70 (c) 60 (d) 75 **(b)**

☞ **व्याख्या :** $2x-3y=-1$

$\frac{x}{x+y}=\frac{7}{12}\Rightarrow x=7, y=5\Rightarrow 2xy=2\times 7\times 5=70$

73. यदि A की आय B की आय से 15% अधिक है और B की आय C की आय से 20% कम है, तो क्रमशः A, B और C की आय का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 23 : 20 : 25 (b) 25 : 23 : 20

(c) 20 : 23 : 25 (d) 23 : 25 : 20 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $A : B : C \Rightarrow 92 : 80 : 100 \Rightarrow \boxed{23 : 20 : 25}$

74. नरेंद्र के वेतन का $\frac{2}{5}$ वां हिस्सा, अमित के वेतन के बराबर है और अमित के वेतन का $\frac{7}{9}$ वां हिस्सा, अरुण के वेतन के बराबर है। यदि वेतनों का योग ₹ 770 है तो नरेंद्र, अमित और अरुण का वेतन (₹ में) क्रमशः _____ होगा। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 450, 140, 180 (b) 450, 180, 140

(c) 180, 450, 140 (d) 180, 140, 450 **(b)**

☞ **व्याख्या :**

नरेन्द्र : अमित $= 5 : 2$

अमित : अरुण $= 9 : 7$

नरेन्द्र : अमित : अरुण

45 : 18 : 14

नरेन्द्र का हिस्सा $= 770\times\frac{45}{77}=₹450$

अमित का हिस्सा $= 770\times\frac{18}{77}=₹180$

अरुण का हिस्सा $= 770\times\frac{14}{77}=₹140$

76. निम्नलिखित में से किस भिन्न का $\frac{1}{27}$ के साथ वही अनुपात है, जो $\frac{3}{11}$ का $\frac{5}{9}$ के साथ है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{1}{99}$ (b) $\frac{1}{27}$ (c) $\frac{1}{55}$ (d) $\frac{1}{15}$ **(c)**

☞ **व्याख्या :**

$x:\frac{1}{27}=\frac{3}{11}:\frac{5}{9}\Rightarrow x\times\frac{5}{9}=\frac{1}{27}\times\frac{3}{11}\Rightarrow x=\frac{1}{55}$

77. अमर और कोमल की आय का अनुपात 5 : 4 है और इनके व्यय का अनुपात 2 : 1 है। यदि उनमें से प्रत्येक प्रतिमाह ₹ 6000 बचाता है, तो अमर की आय ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) ₹ 6,000 (b) ₹ 12,000 (c) ₹ 10,000 (d) ₹ 8,000 **(c)**

☞ **व्याख्या :** मूलों का अनुपात = 2 : 3 ; ∴ मूल = 2k, 3k

$12x^2 + mx + 6 = 0 \Rightarrow 2k + 3k = \frac{-m}{12} \Rightarrow 5k = \frac{-m}{12}$

$m = -60k$ .....(1)

मूलों का अनुपात = $\frac{c}{a} \Rightarrow 2k \times 3k = \frac{6}{12} \Rightarrow 6k^2 = \frac{6}{12}$

$\Rightarrow k^2 = \frac{1}{12}$

$k = \pm\frac{1}{2\sqrt{3}}$ .....(2)

$\therefore m = -60 \times \frac{1}{2\sqrt{3}} = \pm 10\sqrt{3}$

119. यदि $(3x + 2y) : (3x - 2y) = 5 : 3$ हो, तो x : y का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{4}{3}$ (b) $\frac{32}{3}$ (c) $\frac{16}{3}$ (d) $\frac{8}{3}$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{3x+2y}{3x-2y} = \frac{5}{3} \Rightarrow 9x + 6y = 15x - 10y$

$\Rightarrow 16y = 6x \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{16}{6} = \frac{8}{3}$

120. तीन संख्याओं का योग 253 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या से दो गुनी है और तीसरी संख्या, पहली संख्या की एक तिहाई है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 54 (b) 48 (c) 69 (d) 84 **(c)**

☞ **व्याख्या :** I : II : III
6 : 3 : 2

दूसरी संख्या = $253 \times \frac{3}{11} = 69$

121. एक भिन्न का हर उसके अंश से 3 अधिक है। यदि अंश और हर में 4 की वृद्धि की जाती है, तो इस प्रकार प्राप्त भिन्न $\frac{4}{5}$ के बराबर होती है। मूल भिन्न ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{8}{11}$ (b) $\frac{5}{8}$ (c) $\frac{10}{13}$ (d) $\frac{7}{10}$ **(a)**

☞ **व्याख्या :** अंश = x, हर = x + 3 ; भिन्न = $\frac{x}{x+3}$

$\frac{x+4}{x+3+4} = \frac{4}{5} \Rightarrow 5x + 20 = 4x + 28 \Rightarrow x = 8$

भिन्न = $\frac{8}{11}$

122. 4767 और 11123 के निम्नतम पदों का अनुपात.....है। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 3 : 13 (b) 3 : 17 (c) 3 : 27 (d) 3 : 7 **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{4767}{11123} = \frac{3}{7} \Rightarrow 3 : 7$

123. जब किसी भिन्न के अंश में 6 जोड़ा जाता है, तो भिन्न का मान तीन-चौथाई बढ़ जाता है। भिन्न का हर ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 8 (b) 10 (c) 12 (d) 6 **(a)**

☞ **व्याख्या :** जब भिन्न के अंश में 3 जोड़ने पर भिन्न के मान में $\frac{3}{4}$ की वृद्धि हो तो भिन्न का हर 4 होगा। इसी प्रकार भिन्न के अंश में 6 जोड़ने पर भिन्न के मान में $\frac{3}{4}$ की वृद्धि हो तो हर 8 होगा।

124. 45 : 75, 3 : 5, 51 : 68 और 256 : 81 का मिश्र अनुपात (compound ratio) क्या है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{64}{75}$ (b) $\frac{32}{45}$ (c) $\frac{128}{75}$ (d) $\frac{75}{32}$ **(a)**

☞ **व्याख्या :** मिश्र अनुपात = $\frac{45}{75} \times \frac{3}{5} \times \frac{51}{68} \times \frac{256}{81} = \frac{64}{75}$

125. यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य, उस पर प्रदान की गई छूट के 3 गुने के बराबर है और यदि छूट का प्रतिशत, प्रतिशत लाभ के बराबर हो, तो प्रदान की गई छूट और क्रय मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 7 : 12 (b) 7 : 6 (c) 5 : 12 (d) 7 : 11 **(c)**

☞ **व्याख्या :** क्रय मूल्य : विक्रय मूल्य : अंकित मूल्य

		3	:	4
4	:	5		
12	:	15	:	20

छूट : क्रय मूल्य = 5 : 12

126. a और b का माध्य 350 है तथा a और b का अनुपात 2 : 5 है। b – a का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 325 (b) 330 (c) 400 (d) 300 **(d)**

☞ **व्याख्या :** $a + b = 350 \times 2 = 700$

$a : b = 2 : 5$

$a = 700 \times \frac{2}{7} = 200$; $b = 700 \times \frac{5}{7} = 500$

$b - a = 500 - 200 = 300$

127. बैक्टीरिया की एक तस्वीर को 60000 गुना संवर्धित करने पर इसकी लंबाई 6 cm हो जाती है। बैक्टीरिया की वास्तविक लंबाई ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{1}{100}$ cm (b) $\frac{1}{10000}$ cm (c) 1000 cm (d) $\frac{1}{1000}$ cm **(b)**

☞ **व्याख्या :** बैक्टीरियां की वास्तविक लंबाई = $\frac{6}{60000} = \frac{1}{10000}$ cm

128. खेलों में किसी व्यक्ति द्वारा जीते गए स्वर्ण पदक और रजत पदक की कुल संख्या 75 है। निम्नलिखित में से कौनसा उस व्यक्ति द्वारा जीते गए रजत पदकों की संख्या और स्वर्ण पदकों की संख्या का अनुपात नहीं हो सकता है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 12 : 13 (b) 2 : 3 (c) 7 : 8 (d) 9 : 1 **(d)**

☞ **व्याख्या :** पदकों की कुल संख्या = 75

पदकों की कुल संख्या अनुपाती योग से विभाजित होगी।

अनुपात = 9 : 1

अनुपाती योग 10 से, कुल योग 75 पूर्ण विभाजित नहीं है।

129. किसी शहर का मानचित्र 0.05 सेंटीमीटर = 1 किलोमीटर के पैमाने के अनुसार बनाया गया है, यदि किसी देश का क्षेत्रफल 8000 वर्ग किलोमीटर है, तो मानचित्र पर उसे कितने क्षेत्र में दर्शाया जाएगा? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 25 cm^2 (b) 5 cm^2 (c) 10 cm^2 (d) 20 cm^2 **(d)**

☞ **व्याख्या :** 1 km = 0.05 cm

$\Rightarrow$ 8000 sq. km = $8000 \times 0.05 \times 0.05$ cm = 20 cm^2

105. एक दुकानदार ने ₹ 2,50,000 की एक धनराशि को अपने तीन पुत्रों के बीच क्रमशः 30%, 45% और 25% के अनुपात में वितरित किया। प्रत्येक पुत्र को विरासत में कितनी धनराशि मिली? **[RRB NTPC 2021]**

(a) ₹ 75,000; ₹ 1,14,500 और ₹ 60,500
(b) ₹ 75,000; ₹ 1,13,500 और ₹ 61,500
(c) ₹ 75,000; ₹ 1,12,000 और ₹ 63,000
(d) ₹ 75,000; ₹ 1,12,500 और ₹ 62,500 **(d)**

☞ **व्याख्या :** पहले पुत्र को मिली धनराशि $= 250000 \times \frac{30}{100}$
$= ₹ 75000$

दूसरे पुत्र को मिली धनराशि $= 250000 \times \frac{45}{100} = ₹ 112500$

तीसरे पुत्र को मिली धनराशि $= 250000 \times \frac{25}{100} = ₹ 62500$

106. x और y का माध्य 400 है, तथा x और y का अनुपात 3 : 7 है। y–x का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 230 (b) 800 (c) 320 (d) 130 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $x + y = 2 \times 400$
$x : y = 3 : 7$
$3k + 7k = 800 \Rightarrow 10k = 800 \Rightarrow k = 80$
$y - x = 7k - 3k = 4k = 4 \times 80 = 320$

107. यदि $x^{11} = y^0$ और $x = 2y$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) –2 (b) 1 (c) $\frac{1}{2}$ (d) –1 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $x^{11} = y^o \Rightarrow x^{11} = 1 \Rightarrow x = 1 \Rightarrow x = 2y$

$\Rightarrow 1 = 2y \Rightarrow y = \frac{1}{2}$

108. यदि $x^2 + 25y^2 = 10xy$ है, तो x : y का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 5 : 1 (b) 2 : 3 (c) 1 : 5 (d) 3 : 5 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $x^2 + 25y^2 = 10xy$
$x^2 + 25y^2 - 10xy = 0 \Rightarrow (x - 5y)^2 = 0$

$x - 5y = 0 \Rightarrow x = 5y \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{5}{1} \Rightarrow 5 : 1$

109. यदि एक दर्जन दर्पणों से भरा एक गत्ता गिर जाता है, तो इनमें से कौन सा टूटे हुए दर्पणों और न टूटे हुए दर्पणों की संख्या का अनुपात हो सकता हैं? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 3 : 7 (b) 5 : 1 (c) 4 : 7 (d) 3 : 2 **(b)**

☞ **व्याख्या :** अनुपाती योग 6, 12 आदि होगा।
∴ अनुपात = 5 : 1

110. घड़ी की घंटे वाली सुई और मिनट वाली सुई के वेगों का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 54: 1 (b) 1 : 1 (c) 1 : 12 (d) 12 : 1 **(c)**

☞ **व्याख्या :** 5 : 60 ⇒ अनुपात $\boxed{1:12}$

111. वरुन और अनिल की आय का अनुपात 12 : 13 है और उनके व्यय का अनुपात 10 : 13 है। यदि वरुन और अनिल क्रमशः ₹ 2100 और ₹ 1,300 की बचत करते हैं, तो क्रमशः उनकी आय ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) ₹ 4,550 और ₹ 3,550 (b) ₹ 6,600 और ₹ 7,150
(c) ₹ 5,000 और ₹ 2,000 (d) ₹ 5,550 और ₹ 4,560 **(b)**

☞ **व्याख्या :** आय = 12 : 13 ⇒ 12x, 13x

$\frac{12x - 2100}{13x - 1300} = \frac{10}{13} \Rightarrow 156x - 27300 = 130x - 13000$
$26x = 14300 \Rightarrow x = 550$
आय ⇒ $12 \times x550 = ₹6600 \Rightarrow 13 \times x550 = ₹7150$

112. 6 घंटे : 3 दिन के अनुपात को सरलतम रूप में व्यक्त कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 1/6 (b) 1/12 (c) 1/3 (d) 1/9 **(b)**

☞ **व्याख्या :** 6 घण्टे : 3 दिन ⇒ $6 : 3 \times 24 \Rightarrow 1 : 12 = 1/12$

113. किसी संख्या को भिन्न 42/45 के अंश और हर में से घटाने पर प्राप्त भिन्न 5/6 के बराबर होगी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 27 (b) 25 (c) 13 (d) 12 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{42 - x}{45 - x} = \frac{5}{6} \Rightarrow 252 - 6x = 225 - 5x$

$252 - 225 = x \Rightarrow x = 27$

114. 225 : 144 का वर्गमूलानुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 12 : 5 (b) 5 : 12 (c) 12 : 15 (d) 15 : 12 **(d)**

☞ **व्याख्या :** वर्गमूलानुपात $= \sqrt{225} : \sqrt{144} = 15 : 12$

115. यदि $\frac{c}{d} = 1 \div \frac{3}{4}$ हो, तो $\frac{c+d}{c-d}$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{4}{3}$ (b) 7 (c) –7 (d) $\frac{7}{4}$ **(b)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{c}{d} = 1 \div \frac{3}{4} = 1 \times \frac{4}{3} = \frac{4}{3}$

योगान्तरानुपात से, $\frac{c+d}{c-d} = \frac{4+3}{4-3} = \frac{7}{1} = 7$

116. यदि a + b = ab है, तो a : b का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) b – 1 : 1 (b) 1 : b – 1 (c) b : 1 (d) 1 : b **(b)**

☞ **व्याख्या :** $a + b = ab \Rightarrow b = ab - a \Rightarrow b = a(b - 1)$

$a(b - 1) = b \Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{1}{b-1} \Rightarrow a : b = 1 : (b - 1)$

117. करुणा एक घंटे में एक पुस्तक का $\frac{1}{4}$ हिस्सा पढ़ लेती है। वह 2 h 15 min में पुस्तक का कितना हिस्सा पढ़ लेगी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{1}{9}$ (b) $\frac{1}{8}$ (c) $\frac{9}{16}$ (d) 9 **(c)**

☞ **व्याख्या :** 2h 15 min $= 2 + \frac{15}{60} = 2 + \frac{1}{4} = \frac{9}{4}$ घंटे

$\frac{1}{4} \times \frac{9}{4} = \frac{9}{16}$ भाग

118. m का वह धनात्मक मान ज्ञात कीजिए, जिसके लिए समीकरण $12x^2 + mx + 6 = 0$ के मूलों का अनुपात 2 : 3 है। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $30\sqrt{3}$ (b) $10\sqrt{3}$ (c) $6\sqrt{3}$ (d) $5\sqrt{3}$ **(b)**

96. यदि $\frac{a}{b}=\frac{b}{c}=\frac{c}{d}$ है, तो $\frac{b^3+c^3+d^3}{a^3+b^3+c^3}$ इनमें से किसके बराबर होगा? **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{d}{a}$ (b) $\frac{b}{d}$ (c) $\frac{a}{d}$ (d) $\frac{d}{c}$ **(a)**

☞ **व्याख्या :**

$$\frac{a}{b}=\frac{b}{c}=\frac{c}{d}=k \Rightarrow a=bk, b=ck, c=dk$$

$$\frac{b^3+c^3+d^3}{a^3+b^3+c^3}=\frac{b^3+c^3+d^3}{b^3k^3+c^3k^3+d^3k^3}$$

$$=\frac{b^3+c^3+d^3}{k^3(b^3+c^3+d^3)}=\frac{1}{k^3}=\frac{1}{k}\times\frac{1}{k}\times\frac{1}{k}$$

$$=\frac{b}{a}\times\frac{c}{b}\times\frac{d}{c}=\frac{d}{a}$$

97. दो संख्याओं का अनुपात 9 : 5 है। यदि बड़ी संख्या में 9 जोड़ा जाता है और छोटी संख्या में 5 घटाया जाता है, तो प्राप्त बड़ी संख्या, छोटी संख्या के तीन गुने के बराबर होती है। संख्याएँ ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 36, 20 (b) 18, 10 (c) 72, 40 (d) 36, 10 **(a)**

☞ **व्याख्या :** अनुपात $= 9:5 \Rightarrow 9x, 5x$

$(9x+9)=3\times(5x-5) \Rightarrow 9x+9=15x-15$

$6x=24 \Rightarrow x=4$

संख्याएँ $\Rightarrow$ 36, 20

98. यदि A, B से 25% अधिक है और B, C से 30% कम है, तो A और C का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 3 : 2 (b) 7 : 8 (c) 8 : 7 (d) 4 : 5 **(b)**

☞ **व्याख्या :** A : B : C

$$70\times\frac{125}{100}:70:100$$

$$87.5:70:100$$

$$175:140:200$$

$$A:C=175:200$$

$$=7:8$$

99. दो संख्याओं का गुणनफल 64 है और उनका योगफल 20 है। यदि पहली संख्या दूसरी से बड़ी है, तो दोनों संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 16 : 5 (b) 4 : 1 (c) 1 : 4 (d) 5 : 16 **(b)**

☞ **व्याख्या :** I. $xy=64$

$x+y=20$

$(x-y)^2=(x+y)^2-4xy$

$(x-y)^2=(20)^2-4\times64$

$=400-256$

$(x-y)^2=144$

$x-y=12$

$x+y=20$

$x-y=12$

$x=16$

$y=4$

अनुपात $= 16:4=4:1$

II. $x+y=20 \Rightarrow x=16, y=4$

$xy=64 \Rightarrow 16\times4=64$

100. यदि $\left(\sqrt{2}+1\right)^3=a+b\sqrt{2}$ है, तो a और b के बीच सही संबंध ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $a^2+b=0$ (b) $a-b=2$

(c) $a=b+1$ (d) $a+b=1$ **(b)**

☞ **व्याख्या :** $\left(\sqrt{2}+1\right)^3=a+b\sqrt{2}$

$(\sqrt{2})^3+1^3+3\times\sqrt{2}\times1(\sqrt{2}+1)=a+b\sqrt{2}$

$2\sqrt{2}+1+6+3\sqrt{2}=a+b\sqrt{2}$

$7+5\sqrt{2}=a+b\sqrt{2}$

तुलना करने पर

$a=7, b=5$

$a-b=7-5=2$

101. पहली संख्या का 65%, 130 है और दूसरी संख्या का 40%, 100 है। पहली संख्या और दूसरी का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 4 : 5 (b) 8 : 5 (c) 5 : 8 (d) 1 : 2 **(a)**

☞ **व्याख्या :** पहली संख्या : दूसरी संख्या

$$\frac{130}{65}\times100 : \frac{100}{40}\times100$$

$$\frac{1}{5}:\frac{1}{4}$$

$$\boxed{4:5}$$

102. जॉन और जोसफ के पास क्रमशः ₹ 19,000 और ₹ 26,000 हैं। यदि जोसफ, जॉन को ₹ 1,000 देता है, तो जॉन और जोसफ के पास मौजूद राशियों का क्रमशः अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 2 : 3 (b) 20 : 27 (c) 4 : 5 (d) 19 : 26 **(c)**

☞ **व्याख्या :** जॉन : जोसफ

$(19000+1000):(26000-1000)$

$20000:25000$

$4:5$

103. निम्नलिखित में से कौन सा 12 के 2/7 वें हिस्से के एक चौथाई का एक तिहाई है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 14 (b) $\frac{32}{7}$ (c) $\frac{2}{7}$ (d) $\frac{7}{2}$ **(c)**

☞ **व्याख्या :** $12\times\frac{2}{7}\times\frac{1}{4}\times\frac{1}{3}=\frac{2}{7}$

104. किसी भिन्न का हर उसके अंश से 2 अधिक है। यदि अंश को 3 से गुणा किया जाता है और हर को 2 से गुणा किया जाता है तो यह भिन्न $\frac{1}{2}$ बन जाती है तो दी गई भिन्न क्या है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{2}{3}$ (c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{1}{3}$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** अंश $= x$, हर $= x+2$

भिन्न $=\frac{x}{x+2} \Rightarrow \frac{x\times3}{(x+2)\times2}=\frac{1}{2}$

$6x=2x+4 \Rightarrow 4x=4$

$x=1 \therefore$ भिन्न $=\frac{1}{3}$

☞ **व्याख्या :** शेष राशि $= \left(1-\frac{1}{3}\right)\left(1-\frac{3}{5}\right)\left(1-\frac{4}{7}\right)$

$= \frac{2}{3}\times\frac{2}{5}\times\frac{3}{7} = \frac{4}{35}$

153. यदि A : B = 1 : 3, B : C = 5 : 4 और C : D = 2 : 3 है, तो A : B : C : D का मान ज्ञात करें। [RRB NTPC 2021]

(a) 4 : 12 : 18 : 20 (b) 4 : 9 : 12 : 16
(c) 5 : 15 : 12 : 18 (d) 3 : 8 : 9 : 12 **(c)**

☞ **व्याख्या :** A : B : C : D
1 : 3 : 3 : 3
5 : 5 : 4 : 4
× 2 : 2 : 2 : 3
10 : 30 : 24 : 36 ⇒ 5 : 15 : 12 : 18

154. एक कर्मचारी का मासिक वेतन ₹ 12,600 है, और वह इसका 5/7 भाग खर्च कर देता है। यदि उसका वेतन 1/3 बढ़ जाता है और खर्च में वर्तमान खर्च के 1/5वें भाग की वृद्धि हो जाती है, तो अब वह अपने वेतन का कितना हिस्सा बचा पाएगा? [ALP 2019]

(a) 7/16 (b) 5/14 (c) 8/15 (d) 7/15 **(b)**

☞ **व्याख्या:** अब मासिक वेतन $= 12600\,Rs.\times\frac{(3+1)}{3} = 16800$

अब उसका खर्च $= 12600\times\frac{5}{7}\times\frac{(5+1)}{5} = ₹10800$

अतः बचत का हिस्सा $= \frac{(16800-10800)}{16800} = \frac{6000}{16800} = \frac{5}{14}$

155. अमित ने किसी संख्या के $\frac{2}{15}$ वें हिस्से की गणना करने के बजाय उसके $\frac{2}{5}$ वें हिस्से की गणना की। उसका उत्तर सही उत्तर से 336 अधिक था। वह संख्या ज्ञात कीजिए। [ALP 2019]

(a) 1008 (b) 1344 (c) 1260 (d) 1680 **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना वह संख्या $15x$ है।
अतः प्रश्नानुसार–

$\Rightarrow 15x\times\frac{2}{5}-15x\times\frac{2}{15} = 336 \Rightarrow 6x-2x = 336$

$\Rightarrow 4x = 336 \Rightarrow x = 84$
अतः वह संख्या $= 15x$
$= 15\times 84 = 1260$

156. एक परीक्षा में, उच्चतम और न्यूनतम प्राप्तांकों में 55 का अंतर था और उच्च निम्न से 9/4 गुना अधिक था तो न्यूनतम प्राप्तांक ज्ञात करें। [ALP 2019]

(a) 48 (b) 36 (c) 40 (d) 44 **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना न्यूनतम प्राप्तांक $4x$ है।

तो अधिकतम प्राप्तांक $= 4x\times\frac{9}{4} = 9x$

अतः प्रश्नानुसार–

$\Rightarrow 9x-4x = 55 \Rightarrow 5x = 55 \Rightarrow x = 11$
अतः न्यूनतम प्राप्तांक $= 4x$
$= 44$

157. एक व्यक्ति अपनी पूँजी के 2/7वें हिस्से की वसीयत अपनी पत्नी के नाम पर करता है। शेष पूँजी के 1/3वें हिस्से की वसीयत अपने पुत्र के नाम पर करता है और शेष बची हुई पूँजी अपनी तीन पुत्रियों में बराबर-बराबर बाँट देता है। यदि प्रत्येक पुत्री को पुत्र के हिस्से के 2/3वें हिस्से के बराबर धन प्राप्त होता है और प्रत्येक पुत्री को ₹ 2,00,00 मिलते हैं, तो उस व्यक्ति की कुल पूँजी कितनी थी? [ALP 2019]

(a) ₹ 8,60,000 (b) ₹ 10,50,000
(c) ₹ 15,75,000 (d) ₹ 12,60,000 **(d)**

☞ **व्याख्या:** प्रश्नानुसार माना उसकी कुल पूँजी ₹ $63x$ थी।

पत्नी के नाम $= 63x\times\frac{2}{7} = 18x$

पुत्र के नाम $= (63x-18x)\times\frac{1}{3} = 15x$

प्रत्येक पुत्री के नाम $= (45x-15x)\times\frac{1}{3} = 10x$

अतः प्रश्नानुसार $\Rightarrow 10x = 200000 \Rightarrow x = 20000$
तो कुल पूँजी $= 63x$
$= 63\times 20000 = ₹ 1260000$

158. किसी थैले में लाल और नीले रंग के गेंदों की संख्याओं का अनुपात स्थिर है। जब उसमें 44 लाल गेंद थी तो नीली गेंदों की संख्या 36 थी। यदि नीली गेंदों की संख्या 54 हो तो थैले में लाल गेंदों की संख्या कितनी होगी? [ALP 2018]

(a) 66 (b) 62 (c) 64 (d) 68 **(a)**

☞ **व्याख्या:** प्रश्नानुसार लाल तथा नीले रंग की गेंदों की संख्या समान अनुपात में है

अतः $\Rightarrow \frac{44}{36} = \frac{x}{54} \Rightarrow x\times 36 = 44\times 54 \Rightarrow x = 66$ गेंदे

159. एक क्लब में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 3 : 2 है। वहाँ उपस्थित लोगों की कुल संख्या कितनी हो सकती है? [ALP 2018]

(a) 18 (b) 25 (c) 16 (d) 24 **(b)**

☞ **व्याख्या:** प्रश्नानुसार–
लड़कों : लड़कियों = 3 : 2
अतः विकल्प (B) 25 में (3 + 2) का भाग पूर्णतया जाता है तो हो सकता है।

160. एक टेलीविजन कार्यक्रम $4\frac{2}{3}$ घंटे चलता है। यदि कुल समय का 1/5 वाँ भाग विज्ञापनों में व्यतीत होता है, तो टेलीविजन कार्यक्रम की वास्तविक अवधि कितनी है? [ALP 2018]

(a) $2\frac{7}{15}$ घंटे (b) $3\frac{11}{15}$ घंटे (c) $\frac{14}{15}$ घंटे (d) $\frac{4}{5}$ घंटे **(b)**

☞ **व्याख्या:**

अभीष्ट अवधि $= \left(4\frac{2}{3}\right)\times\left(1-\frac{1}{5}\right) = \frac{14}{3}\times\frac{4}{5} = \frac{56}{15} = 3\frac{11}{15}$ घंटे

161. यदि किसी पिज्जा के 2/3 भाग का मूल्य ₹ 300 हो तो पिज्जा के 3/5 भाग का मूल्य क्या होगा? [ALP 2018]

(a) ₹ 180 (b) ₹ 250 (c) ₹ 225 (d) ₹ 270 **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना पिज्जा का मूल्य x रुपये है।

अतः $x\times\frac{2}{3} = ₹300 \Rightarrow x = 300\times\frac{3}{2} = ₹450$

तो $\Rightarrow x\times\frac{3}{5} = 450\times\frac{3}{5} = ₹270$

162. 69 को तीन भागों में इस प्रकार बाँटे कि वे समान्तर श्रेणी में हो जायें और उनके सबसे छोटे भागों का गुणनफल 483 हो। [ALP 2018]

(a) 19, 23, 27 (b) 17, 23, 29 (c) 15, 23, 31 (d) 21, 23, 25 **(d)**

की कुछ धनराशि A को देती हैं, इस अंतरण के बाद, A और C की धनराशि का अनुपात 7 : 9 हो जाता है। C ने अपने मूल हिस्से की कितनी धनराशि A को दी? [RRB NTPC 2021]

$x-2y=2$ ...(II)

समी. I को 2 से गुणा करके

समी. II घटाने पर

$2x-2y=48$

$x-2y=2$

$- \quad + \quad -$

$x=46$

अतः पिता की वर्तमान आयु = 46 वर्ष

73. एक माँ और पुत्री की आयु का अनुपात 9 : 2 है। पुत्री के जन्म के समय माँ की आयु 28 वर्ष थी। पुत्री की आयु कितनी है? RRB JE - 27/05/2019 (Shift-II)

(a) 12 वर्ष (b) 8 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 6 वर्ष **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना पुत्री की आयु = 2x वर्ष

माँ की आयु = 9x वर्ष

प्रश्नानुसार–

$9x-2x=28$

$7x=28$

$x=4$

पुत्री की आयु = 2x

$=2\times 4=8$ वर्ष

74. एक माँ और एक पुत्री की आयु में 20 वर्ष का अंतर है। पाँच वर्ष बाद पुत्री की आयु, उसकी माँ की वर्तमान आयु से आधी होगी। पुत्री की आयु कितनी है? RRB JE - 30/05/2019 (Shift-I)

(a) 15 वर्ष (b) 12 वर्ष (c) 10 वर्ष (d) 8 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना माँ की वर्तमान आयु x वर्ष तथा पुत्री की वर्तमान आयु y वर्ष है।

प्रश्नानुसार–

$x-y=20$ ...(I)

पाँच वर्ष बाद पुत्री की आयु माँ की वर्तमान आयु की आधी

$\Rightarrow \frac{x}{2}=y+5$

$x-2y=10$ ...(II)

समी. (I) में से समी. (II) को घटाने पर–

$x-y=20$

$x-2y=10$

$- \quad + \quad -$

$y=10$

अतः पुत्री की वर्तमान आयु 10 वर्ष होगी।

75. चार वर्ष बाद एक परिवार के दो सदस्यों की कुल आयु 64 वर्ष होगी। चार वर्ष पहले उनकी आयु का अनुपात 3 : 1 था। उन दोनों में से छोटे वाले की आयु ज्ञात कीजिए। RRB JE - 01/06/2019 (Shift-II)

(a) 10 वर्ष (b) 16 वर्ष (c) 12 वर्ष (d) 15 वर्ष **(b)**

☞ **व्याख्या:** 4 वर्ष बाद योग = 64 अतः 4 वर्ष पहले आयु का योग $=64-8-8=48$ वर्ष

छोटे की आयु $=\frac{1}{4}\times 48+4=16$ वर्ष

76. दो बच्चों की आयु का योग और अंतर क्रमशः 33 और 3 हैं। बड़े बच्चे की आयु कितनी है? RRB JE - 01/06/2019 (Shift-II)

(a) 15 वर्ष (b) 16 वर्ष (c) 18 वर्ष (d) 24 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना बड़े बच्चे की आयु = x वर्ष

एवं छोटे बच्चे की आयु = y वर्ष

प्रश्नानुसार,

$x+y=33$ ...(I)

$x-y=3$ ...(II)

समी. (i) एवं (ii) से–

$x+y=33$

$x-y=3$

$2x=36$

$x=18$

अतः बड़े बच्चे की आयु = 18 वर्ष

ऐसे प्रश्नों को विकल्पों की सहायता से हल करें

$$\frac{20\times25}{20+25}=\frac{20\times25}{45}=\frac{100}{9}\Rightarrow 100:9$$

61. लीला और उसकी माँ की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 8 है। लीला के जन्म के समय उसकी माँ की आयु 25 वर्ष थी। उसकी माँ की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।
[ALP 2019]

(a) 52 (b) 48 (c) 40 (d) 56 **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना लीला और उसकी माँ की वर्तमान आयु क्रमशः 3x तथा 8x है।

अतः लीला के जन्म के समय माँ की आयु $=8x-3x$

$\Rightarrow 5x=25$ वर्ष $\Rightarrow x=5$ वर्ष

अतः उसकी माँ की वर्तमान आयु $=8x$

$=8\times5=40$ वर्ष

62. मेरी वर्तमान आयु का तीन-पाँचवाँ उतना ही है जितना कि मेरे चचेरे भाईयों में से एक की आयु का पाँचवाँ-छठा हिस्सा। मेरी दस साल पहले आयु, उनकी आज से चार साल बाद की आयु होगी। मेरी वर्तमान आयु.....वर्ष है। [ALP 2018]

(a) 55 (b) 45 (c) 60 (d) 50 **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना मेरी तथा चचेरे भाई की वर्तमान आयु x तथा y हैं।

अतः प्रश्नानुसार– $x\times\frac{3}{5}=y\times\frac{5}{6}\Rightarrow 18x=25y$

$\Rightarrow y=\frac{18x}{25}$ ...(1)

तथा $\Rightarrow x-10=y+4\Rightarrow x-y=14$ ...(2)

यहाँ समी. (2) में समी. (1) का मान रखने पर–

$\Rightarrow x-\frac{18x}{25}=14\Rightarrow\frac{7x}{25}=14\Rightarrow x=50$ वर्ष Ans.

63. क्रिश पार्थिव से 5 वर्ष छोटा है। 8 वर्ष पहले क्रिश के उम्र का तीन गुना पार्थिक के उम्र के दोगुने से 10 वर्ष ज्यादा था। क्रिश की वर्तमान उम्र क्या है? [ALP 2018]

(a) 30 वर्ष (b) 28 वर्ष (c) 32 वर्ष (d) 33 वर्ष **(b)**

☞ **व्याख्या:**

माना क्रिश की वर्तमान आयु x वर्ष हैं।

तो पार्थिव की वर्तमान आयु $x+5$ वर्ष होगी।

अतः प्रश्नानुसार–

$\Rightarrow (x-8)\times3=(x+5-8)\times2+10$

$\Rightarrow 3x-24=2x-6+10$

$\Rightarrow x=28$ वर्ष

64. चार्ल्स और श्रीया की उम्र के बीच 6 साल का अंतर है। जब उन्होंने 30 साल पहले एक-दूसरे से शादी की थी तो, चार्ल्स की उम्र का 4 गुना उतना था जितना कि श्रीया की उम्र का 5 गुना। उनकी वर्तमान उम्र का योग क्या है? [ALP 2018]

(a) 112 वर्ष (b) 114 वर्ष (c) 115 वर्ष (d) 110 वर्ष **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना चार्ल्स तथा श्रेया की वर्तमान उम्र क्रमशः x तथा $x-6$ वर्ष हैं।

अतः प्रश्नानुसार–

$\Rightarrow 4(x-30)=5((x-6)-30)$

$\Rightarrow 4x-120=5x-180$

$\Rightarrow x=60$

अतः इनकी वर्तमान आयु का योग $=(x)+(x-6)$

$\Rightarrow 2x-6\Rightarrow 2\times60-6\Rightarrow 114$ वर्ष

65. पुजीथा की तीन वर्ष पहले की आयु के एक-तिहाई और वर्तमान आयु से दो वर्ष बाद की आयु के आधे का योग बीस वर्ष है। उसकी वर्तमान आयु क्या है? [ALP 2018]

(a) 23 वर्ष (b) 24 वर्ष (c) 26 वर्ष (d) 25 वर्ष **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना पुजीथा की वर्तमान आयु x वर्ष हैं।

अतः प्रश्नानुसार–

$\Rightarrow (x-3)\times\frac{1}{3}+(x+2)\times\frac{1}{2}=20$

$\Rightarrow \frac{x}{3}-1+\frac{x}{2}+1=20\Rightarrow\frac{5x}{6}=20$

$\Rightarrow x=20\times\frac{6}{5}=24$ वर्ष

66. 13 वर्ष पहले राम की उम्र सनी की उम्र की दोगुनी थी। वर्तमान से तीन वर्ष के बाद सनी की उम्र राम की उम्र के 3/5 होगी। राम की वर्तमान उम्र क्या है? [ALP 2018]

(a) 64 वर्ष (b) 72 वर्ष (c) 80 वर्ष (d) 77 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना राम की वर्तमान आयु x वर्ष हैं।

अतः प्रश्नानुसार सनी की उम्र–

$=\left[\left(\frac{x-13}{2}\right)+13\right]$ वर्ष

अतः $\Rightarrow\frac{3}{5}\times(x+3)=\left\{\left[\left(\frac{x-13}{2}\right)+13\right]+3\right\}$

$\Rightarrow\frac{3}{5}(x+3)=\left(\frac{x+19}{2}\right)$

$\Rightarrow 6x+18=5x+95\Rightarrow x=77$ वर्ष

67. दिए गए प्रश्न पर विचार करें और तय करें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्न में से कौन-सा कथन पर्याप्त है? मृणाल की उम्र कितनी है? [ALP 2018]

कथन:

1. मृणाल की माँ उससे 20 वर्ष बड़ी है।

2. मृणाल का भाई उसकी तुलना में 3 वर्ष छोटा है।

(a) दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए 1 अकेला पर्याप्त है, जबकि 2 अकेला पर्याप्त नहीं है।

(b) दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए 2 अकेला पर्याप्त है, जबकि 1 अकेला पर्याप्त नहीं है।

(c) दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए 1 और 2 दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं है, और प्रश्न का उत्तर देने के लिए अतिरिक्त आँकड़े की आवश्यकता है।

(d) दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए 1 और 2 दोनों एक साथ पर्याप्त हैं, लेकिन दोनों अकेले पर्याप्त नहीं हैं। **(c)**

☞ **व्याख्या:** दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए 1 तथा 2 दोनों कथन पर्याप्त नहीं हैं, यहाँ अन्य आँकड़ों की ओर आवश्यकता है।

68. दिए गए प्रश्न पर विचार करें और निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्न में से कौन-सा कथन पर्याप्त है? 15 जनवरी, 2017 को X की आयु क्या थी? [ALP 2018]

कथन:

1. X अपने भाई Y से 50 वर्ष बड़ा है।

2. Y अपनी माँ से 20 वर्ष छोटा है।

(a) दिये गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए न तो 1 और न ही 2 पर्याप्त है।

(b) दिये गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए अकेला 1 पर्याप्त है लेकिन अकेला 2 पर्याप्त नहीं है।

$\boxed{x = 9}$

राजा की वर्तमान आयु = $3 \times 9 = 27$ वर्ष

102.एक बेटे की वर्तमान आयु उसकी माँ की आयु की 2/5 है। 8 वर्ष बाद उसकी आयु उसकी माँ की आयु की आधी होगी। उसकी माँ की वर्तमान आयु कितनी है?
RRB JE - 26/05/2019 (Shift-III)

(a) 36 वर्ष (b) 42 वर्ष (c) 40 वर्ष (d) 50 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना माँ की वर्तमान आयु = x वर्ष

बेटे की वर्तमान आयु = $\frac{2x}{5}$ वर्ष

∴ प्रश्न से,

$\frac{2x}{5} + 8 = \frac{x+8}{2} \Rightarrow \frac{4x+80}{10} = 5x + 40 \Rightarrow x = 40$ वर्ष

माँ की वर्तमान आयु = 40 वर्ष

103.एक भाई और बहन की आयु का अनुपात 4 : 3 है। 3 वर्ष बाद बहन की आयु उसकी वर्तमान आयु की दोगुनी हो जाएगी। भाई की वर्तमान आयु कितनी है? RRB JE - 29/05/2019 (Shift-I)

(a) 4 वर्ष (b) 12 वर्ष (c) 6 वर्ष (d) 8 वर्ष **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना भाई और बहन की वर्तमान आयु क्रमशः = 4x, 3x वर्ष है।

3 वर्ष बाद बहन की आयु = (3x + 3) वर्ष

प्रश्नानुसार,

$(3x+3) = 3x \times 2$

$3x + 3 = 6x$

$3 = 3x$

$\boxed{x = 1}$

भाई की वर्तमान आयु = $4x = 4 \times 1 = 4$ वर्ष

104.एक पिता और पुत्र की आयु का योग 45 वर्ष है। पाँच वर्ष पहले उनकी आयु का गुणनफल उस समय पिता की आयु का चार गुना था। पिता की वर्तमान आयु क्या है?
RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(a) 36 वर्ष (b) 42 वर्ष (c) 28 वर्ष (d) 60 वर्ष **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना पुत्र की वर्तमान आयु = x वर्ष

पिता की वर्तमान आयु = (45 – x) वर्ष

पाँच वर्ष पहले पुत्र की आयु = (x – 5) वर्ष

पाँच वर्ष पहले पिता की आयु = (40 – x) वर्ष

प्रश्नानुसार–

$(x-5)(40-x) = 4(40-x)$

$x - 5 = 4$

$x = 9$

पिता की वर्तमान आयु = $45 - x = 45 - 9 = 36$ वर्ष

105.एक पिता अपने बेटे से पाँच गुना बड़ा है। पाँच वर्ष पहले वह अपने बेटे से छः गुना बड़ा था। उसके बेटे की आयु ज्ञात करें।
RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(a) 32 वर्ष (b) 35 वर्ष (c) 25 वर्ष (d) 28 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना पुत्र की वर्तमान आयु = x वर्ष

पिता की वर्तमान आयु = 5x वर्ष

पाँच वर्ष पहले पुत्र की आयु = x – 5

पाँच वर्ष पहले पिता की आयु = 5x – 5

प्रश्न से–

$5x - 5 = 6(x-5)$

$5x - 5 = 6x - 30$

$x = 25$

अतः पुत्र की आयु 25 वर्ष होगी।

106.पिता और पुत्र की आयु का योग 50 है। छः वर्ष पहले पिता की आयु बेटे की आयु के तीन गुने से 6 अधिक थी। 6 वर्ष बाद पिता की आयु क्या होगी? RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(a) 40 वर्ष (b) 48 वर्ष (c) 42 वर्ष (d) 50 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना पिता की आयु = x वर्ष

एवं पुत्र की आयु = y वर्ष

$x + y = 50$ ...(I)

प्रश्नानुसार,

$(x-6) = (y-6) \times 3 + 6$

$x - 6 = 3y - 18 + 6$

$x - 3y = -6$ ...(II)

समी. (I) एवं (II) से–

$x + y = 50$

$x - 3y = -6$

$- \quad + \quad +$

$4y = 56$

$y = 14$

y का मान समी. (1) में रखने पर

$x = 36$

अतः 6 वर्ष बाद पिता की आयु = 36 + 6 = 42 वर्ष

107.A की वर्तमान आयु B से 9 वर्ष अधिक है। 10 वर्ष बाद A की आयु, 10 वर्ष पूर्व B की आयु की दोगुनी हो जाएगी। A की वर्तमान आयु कितनी है? RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)

(a) 48 वर्ष (b) 39 वर्ष (c) 36 वर्ष (d) 23 वर्ष **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना B की वर्तमान आयु = x वर्ष

A की वर्तमान आयु = (x + 9) वर्ष

प्रश्नानुसार–

$x + 9 + 10 = 2(x - 10)$

$x + 19 = 2x - 20$

$x = 39$

अतः A की वर्तमान आयु = x + 9 = 39 + 9 = 48 वर्ष

108.प्रिया के जन्म के समय उसके पिता की उम्र 38 वर्ष थी। उससे 4 वर्ष छोटे भाई के जन्म के समय उसकी माँ की उम्र 36 वर्ष थी। उसकी माँ उसके पिता से कितने वर्ष छोटी है?
RRB JE - 23/05/2019 (Shift-II)

(a) 4 वर्ष (b) 5 वर्ष (c) 8 वर्ष (d) 6 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:** प्रश्नानुसार–

पिता की आयु = 38 वर्ष

∵ 4 वर्ष छोटे भाई के जन्म के दौरान माँ की उम्र = 36 वर्ष

∴ प्रिया के जन्म के समय माँ की उम्र = 36 – 4 = 32 वर्ष

∴ पिता की आयु – माँ की आयु = 38 – 32 = 6 वर्ष

109.2 वर्ष के अंतराल में पैदा होने वाले 3 बच्चों की औसत आयु 8 वर्ष है। सबसे बड़े बच्चे की आयु कितनी है?
RRB JE - 24/05/2019 (Shift-II)

(a) 12 वर्ष (b) 7 वर्ष (c) 10 वर्ष (d) 8 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** आयु क्रमशः

6 8 10

↓

औसत

बड़े की आयु = 10 वर्ष

110.4 वर्ष के अंतराल पर पैदा होने वाले 5 बच्चों की आयु का योग 80 है। सबसे बड़े बच्चे की आयु कितनी है?
RRB JE - 26/05/2019 (Shift-I)

(a) 18 वर्ष (b) 24 वर्ष (c) 16 वर्ष (d) 28 वर्ष **(b)**

94. दस वर्ष पहले एक माँ की आयु उसके बेटे की तीन गुनी थी। 10 वर्ष बाद उसकी आयु बेटे की आयु से दोगुनी हो जाएगी। उनकी वर्तमान आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)
(a) 7 : 4 (b) 4 : 3 (c) 7 : 3 (d) 3 : 2 **(c)**

व्याख्या: माना 10 वर्ष पूर्व बेटे की आयु = x वर्ष
∴ 10 वर्ष पूर्व माँ की आयु = 3x वर्ष
वर्तमान में बेटे की आयु = (x + 10) वर्ष
वर्तमान में माँ की आयु = (3x + 10) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$3x+10+10=2(x+10+10)$
$3x+20=2x+40$
$x=20$

∴ वर्तमान में दोनों की आयु का अनुपात = $\frac{3x+10}{x+10}$

$=\frac{3\times20+10}{20+10}=\frac{70}{30}=7:3$

95. चार वर्ष पहले A और B की आयु का अनुपात 2 : 1 था। चार वर्ष बाद यह अनुपात 3 : 2 हो जाएगा। उनकी वर्तमान आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 28/05/2019 (Shift-II)**
(a) 5 : 2 (b) 2 : 5 (c) 5 : 4 (d) 5 : 3 **(d)**

व्याख्या: माना 4 वर्ष पहले B की आयु = x वर्ष
तथा A की आयु = 2x वर्ष
प्रश्नानुसार–
4 वर्ष बाद,

$\Rightarrow \frac{2x+8}{x+8}=\frac{3}{2} \Rightarrow 4x+16=3x+24 \Rightarrow x=8$

A की वर्तमान आयु = 2x + 4 = 2 × 8 + 4 = 20 वर्ष
B की वर्तमान आयु = x + 4 = 8 + 4 = 12 वर्ष
वर्तमान आयु का अनुपात = A : B = 20 : 12 = 5 : 3

96. 4 वर्ष पहले पूजा की आयु और 4 वर्ष बाद दीपा की आयु बराबर है। पूजा की 4 वर्ष बाद की आयु और दीपा की 4 वर्ष पहले की आयु का अनुपात 3 : 1 है। उनकी वर्तमान आयु का अनुपात क्या है? **RRB JE - 31/05/2019 (Shift-I)**
(a) 5 : 7 (b) 5 : 2 (c) 4 : 7 (d) 5 : 3 **(d)**

व्याख्या: माना पूजा की वर्तमान आयु = x वर्ष
एवं दीपा की वर्तमान आयु = y वर्ष
प्रथम शर्त,
$x-4=y+4$
$x-y=8$ ...(I)
द्वितीय शर्त,
$\frac{x+4}{y-4}=\frac{3}{1}$
$x+4=3y-12$
$x-3y=-16$ ...(II)
समी. (I) एवं (II) से–
$x-y=8$
$x-3y=-16$
$-\ +\ \ +$
$2y=24$
$y=12$
y का मान समी. (1) में रखने पर–
$\Rightarrow x-12=8 \Rightarrow x=20$
अतः पूजा एवं दीपा की वर्तमान आयु का अनुपात
= 20 : 12 = 5 : 3

97. P और Q की वर्तमान आयु का अनुपात 6 : 7 है। Q, P से 4 वर्ष बड़ा है। 4 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात क्या होगा? **RRB JE - 02/06/2019 (Shift-III)**
(a) 7 : 9 (b) 7 : 8 (c) 5 : 8 (d) 8 : 3 **(b)**

व्याख्या: अनुपातों का अन्तर 1 व आयु का अन्तर 4 है।
अतः उनकी आयु होगी 24 व 28 वर्ष
4 वर्ष बाद आयु का अनुपात = 28 : 32 = 7 : 8

98. पाँच वर्ष पहले P और Q की आयु का अनुपात 7 : 9 था। दस वर्ष बाद यह अनुपात 5 : 6 हो जाएगा। वर्तमान में उनकी आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 01/06/2019 (Shift-I)**
(a) 6 : 7 (b) 5 : 4 (c) 2 : 1 (d) 4 : 5 **(d)**

व्याख्या: माना पाँच वर्ष पहले P व Q की आयु = 7x वर्ष व 9x वर्ष
P व Q की वर्तमान आयु = (7x + 5) वर्ष व (9x + 5) वर्ष
10 वर्ष बाद P व Q की आयु = (7x + 5 + 10) वर्ष
व (9x + 5 + 10) : (7x + 15) वर्ष
= (9x + 15) वर्ष
प्रश्नानुसार,

$\frac{7x+15}{9x+15}=\frac{5}{6}$

$42x+90=45x+75$
$3x=15$
$x=5$
P की वर्तमान आयु = 7x + 5
= 7 × 5 + 5 = 40
Q की वर्तमान आयु = 9x + 5
= 9 × 5 + 5 = 50
वर्तमान आयु का अनुपात–
P : Q = 40 : 50 = 4 : 5

99. राजन की शादी 8 वर्ष पहले हुई थी। तब उसकी वर्तमान आयु की 5/6 थी। उसकी शादी के समय उसकी बहन की आयु उससे 10 वर्ष कम थी। बहन की वर्तमान आयु कितनी है?
RRB JE - 22/05/2019 (Shift-I)
(a) 48 वर्ष (b) 32 वर्ष (c) 26 वर्ष (d) 40 वर्ष **(a)**

व्याख्या: राजन की वर्तमान आयु = $\frac{6}{(6-5)}\times8=48$ वर्ष

100. P और Q की औसत आयु 24 वर्ष है। P, Q और R की औसत आयु 22 वर्ष है। पिछले वर्ष में उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 27/05/2019 (Shift-III)
(a) डेटा अपर्याप्त (b) 90 वर्ष
(c) 87 वर्ष (d) 95 वर्ष **(a)**

व्याख्या: $P+Q=24\times2$ ...(I)
$P+Q+R=24\times3$ ...(II)
समी. (1) को (2) में से घटाने पर–
R = 66 – 48 = 18 वर्ष
P तथा Q की अलग–अलग आयु ज्ञात नहीं है। अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा अपर्याप्त है।

101. राजा, अरुण से तीन गुना बड़ा है। तीन वर्ष पहले वह अरुण की तुलना में चार गुना बड़ा था। राजा अब कितने वर्ष का है?
RRB JE - 23/05/2019 (Shift-I)
(a) 6 वर्ष (b) 15 वर्ष (c) 27 वर्ष (d) 12 वर्ष **(c)**

व्याख्या: माना राजा की आयु = 3x वर्ष
अरुण की आयु = x वर्ष
प्रश्न से–
$(3x-3)=4(x-3)$
$3x-3=4x-12$

86. A और B की आयु का अंतर 6 है और उनका अनुपात 3 : 5 है। उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 31/05/2019 (Shift-III)

(a) 24 वर्ष (b) 40 वर्ष
(c) 16 वर्ष (d) 32 वर्ष **(a)**

व्याख्या: माना A की आयु = 3x वर्ष तथा B की आयु = 5x वर्ष
प्रश्नानुसार,
$5x-3x=6 \Rightarrow 2x=6 \Rightarrow x=3$
A की आयु = 3 × 3 = 9 वर्ष
B की आयु = 5 × 3 = 15 वर्ष
दोनों की आयु का योग = 9 + 15 = 24 वर्ष

87. सात वर्ष पहले अजीत और गणेश की आयु का अनुपात 5 : 7 था। यदि उनकी वर्तमान आयु का गुणनफल 616 है, तो उनकी वर्तमान आयु का अनुपात ज्ञात करें।
RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(a) 15 : 17 (b) 17 : 15
(c) 12 : 13 (d) 11 : 14 **(d)**

व्याख्या: A G
5x 7x (7 वर्ष पहले)
↓ ↓
(5x + 7) (7x + 7) (वर्तमान आयु)
प्रश्नानुसार–
$(5x+7)(7x+7)=616$
$35x^2+35x+49x+49=616$
$35x^2+84x-567=0$
$5x^2+12x-81=0$
$5x^2+27x-15x-81=0$
$x(5x+27)-3(5x+27)=0$
$(5x+27)(x-3)=0$
$x=3$

वर्तमान आयु का अनुपात $= \frac{5x+7}{7x+7} = \frac{5\times3+7}{7\times3+7}$

$= \frac{22}{28} = \boxed{\frac{11}{14}}$

88. A, B और C की आयु का अनुपात 2 : 4 : 5 है और उनकी आयु का योग 77 है। दस वर्ष बाद A और B की आयु का अनुपात ज्ञात करें।
RRB JE - 24/05/2019 (Shift-I)

(a) 10 : 17 (b) 12 : 19
(c) 13 : 18 (d) 11 : 14 **(b)**

व्याख्या: A की आयु $= \frac{2}{11}\times77 = 14$ वर्ष

B की आयु $= \frac{4}{11}\times77 = 28$ वर्ष

∴ 10 वर्ष बाद A और B की आयु का अनुपात
= 14 + 10 : 28 + 10
= 24 : 38
= 12 : 19

89. बेटी की आयु उसके पिता की आयु की एक-चौथाई है। पाँच साल बाद वह अपनी पिता की आयु की एक-तिहाई हो जाएगी। आगे चलकर पाँच साल बाद उसकी और उसके पिता की आयु का अनुपात क्या होगा? **RRB JE - 27/05/2019 (Shift-I)**

(a) 2 : 5 (b) 3 : 5 (c) 3 : 4 (d) 5 : 2 **(a)**

व्याख्या: माना पिता की वर्तमान आयु = x वर्ष

∴ बेटी की वर्तमान आयु $= \frac{x}{4}$ वर्ष

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{3}(x+5) = \left(\frac{x}{4}+5\right)$

$\frac{x}{3}+\frac{5}{3} = \frac{x}{4}+5 \Rightarrow \frac{4x+20}{12} = 3x+60$

x = 40 वर्ष (पिता की आयु)

बेटी की आयु $= \frac{x}{4} = \frac{40}{4} = 10$ वर्ष

10 वर्ष बाद दोनों की आयु = 40 + 10 = 50 वर्ष
तथा 10 + 10 = 20 वर्ष

बेटी की आयु : पिता की आयु = 20 : 50 = $\boxed{2:5}$

90. 4 व्यक्तियों की औसत आयु 42 वर्ष है। यदि उनकी आयु क्रमशः 1 : 3 : 4 : 6 के अनुपात में है, तो सबसे अधिक और सबसे कम आयु के व्यक्ति की आयु का अंतर ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 26/05/2019 (Shift-II)

(a) 61 वर्ष (b) 60 वर्ष (c) 70 वर्ष (d) 59 वर्ष **(b)**

व्याख्या: अन्तर $= \frac{5}{14}\times42\times4 = 60$ वर्ष

91. A, B और C की आयु का अनुपात 2 : 3 : 4 है। उनकी आयु का योग 108 है। 12 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात क्या होगा?
RRB JE - 29/05/2019 (Shift-III)

(a) 2 : 5 : 6 (b) 1 : 2 : 3 (c) 1 : 3 : 5 (d) 3 : 4 : 5 **(d)**

व्याख्या: माना A, B और C की आयु

$\frac{2}{9}\times108 = 24$ वर्ष

$\Rightarrow \frac{3}{9}\times108 = 36$ वर्ष $\Rightarrow \frac{4}{9}\times108 = 48$ वर्ष

12 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात
$\Rightarrow 24+12 : 36+12 : 48+12 \Rightarrow 36 : 48 : 60$
उनकी आयु का अनुपात = 3 : 4 : 5

92. आशा के जन्म के समय उसके पिता की आयु 38 वर्ष थी। जब उससे 4 वर्ष छोटे उसके भाई का जन्म हुआ तब उसकी माँ की आयु 36 वर्ष थी। उनके माता-पिता की आयु का अंतर ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 28/05/2019 (Shift-II)**

(a) 8 वर्ष (b) 6 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 2 वर्ष **(b)**

व्याख्या: माता–पिता की आयु का अंतर = 38 + 4 – 36 = 6 वर्ष

93. पिता की आयु उसके बेटे से 3 गुना अधिक है। 8 साल बाद उसकी आयु बेटे की आयु की 2.5 गुनी हो जाती है। 8 साल बाद उसके और उसके बेटे की आयु का अनुपात क्या होगा?
RRB JE - 29/05/2019 (Shift-III)

(a) 5 : 2 (b) 3 : 1 (c) 2 : 1 (d) 11 : 4 **(a)**

व्याख्या: माना बेटे की आयु = x वर्ष
पिता की आयु = 3x वर्ष
8 साल बाद बेटे की आयु = (x + 8)
8 साल बाद पिता की आयु = (3x + 8)
प्रश्न से–
$\Rightarrow 3x+8=2.5(x+8) \Rightarrow 3x+8=2.5x+20 \Rightarrow 0.5x=12 \Rightarrow x=24$
8 साल बाद पिता की आयु = 3x + 8 = 3 × 24 + 8 = 72 + 8 = 80
8 साल बाद बेटे की आयु = x + 8 = 24 + 8 = 32
अभीष्ट अनुपात = 80 : 32 = 5 : 2

5 वर्ष बाद
$(x+5)+(3x+5)=86$
$\Rightarrow 4x+10=86 \Rightarrow 4x=76$
$x=19$
अरुण की वर्तमान आयु = 19 वर्ष है।

129. बारह वर्ष पहले, रेखा की आयु उसकी बहन की आयु के $\frac{2}{5}$ के बराबर थी। रेखा और उसकी बहन की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। उनकी वर्तमान आयु का योग कितना है?
[RRB Group D 2022]

(a) 28 वर्ष (b) 36 वर्ष
(c) 48 वर्ष (d) 42 वर्ष **(b)**

☛ **व्याख्या :** माना रेखा = $3x$ तथा बहन = $4x$ है
रेखा बहन

$\Rightarrow (3x-12)=\frac{2}{5}(4x-12)$
$\Rightarrow 5(3x-12)=8x-24$
$\Rightarrow 15x-60=8x-24$
$\Rightarrow 7x=36$

130. छः वर्ष पूर्व, एक पिता की आयु उसकी पुत्री की तत्कालीन आयु की छः गुनी थी। तीन वर्ष बाद, पिता की आयु उसकी पुत्री की आयु की तीन गुनी होगी। पुत्री की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D 2022]

(a) 12 वर्ष (b) 15 वर्ष
(c) 17 वर्ष (d) 20 वर्ष **(a)**

☛ **व्याख्या :** पिता : पुत्री
$\Rightarrow (6x+6)+3=[(x+6)+3]\times 3$
$\Rightarrow 6x+9=3x+27$
$\Rightarrow 3x=18$
$x=6$
अतः पुत्री की वर्तमान आयु = $(x+6)=12$ वर्ष

131. A और B की आयु का अनुपात 5 : 3 है। 5 वर्षों के बाद उनकी आयु का अनुपात 10 : 7 होगा। A और B की वर्तमान आयु के बीच का अंतर (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]

(a) 5 (b) 6 (c) 4 (d) 3 **(b)**

☛ **व्याख्या :** वर्तमान $\Rightarrow 5:3 \Rightarrow 15:9$
5 वर्ष बाद $\Rightarrow 10:7 \Rightarrow 20:14$
$5=5$
$1=1$
वर्तमान आयु में अंतर = $15-9=6$ वर्ष

132. A की आयु B की आयु की तीन गुनी और C की आयु की आधी है। यदि उनकी आयु का योग 120 वर्ष है, तो A की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 34 (b) 26 (c) 65 (d) 36 **(d)**

☛ **व्याख्या :** A : B : C
3 : 1 : 6
A की आयु = $120\times\frac{3}{10}=36$ वर्ष

133. अभी से छः वर्ष बाद कीर्ति की आयु उसके भाई कुनाल की आयु की दोगुनी हो जाएगी, किन्तु 4 वर्ष पहले उसकी आयु उस समय कुनाल की आयु की चार गुनी थी। कुनाल की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 30 वर्ष (b) 9 वर्ष (c) 24 वर्ष (d) 15 वर्ष **(b)**

☛ **व्याख्या :**
4 वर्ष पहले = $4:1 \Rightarrow 4:1$
6 वर्ष बाद = $2:1 \Rightarrow 6:3$
$2=10$
$1=5$
कुनाल की वर्तमान आयु = $1\times 5+4=9$ वर्ष

134. एक पिता और पुत्र की आयु का योग 56 वर्ष है। 7 वर्ष पहले पिता की आयु, पुत्र की आयु से 5 गुनी थी। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु क्रमशः कितनी है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 47, 9 वर्ष (b) 48, 8 वर्ष
(c) 45, 11 वर्ष (d) 42, 14 वर्ष **(d)**

☛ **व्याख्या :** 7 वर्ष पहले
पिता : पुत्र = $5:1=5x, x$
वर्तमान में
पिता = $(5x+7)$ वर्ष, पुत्र = $(x+7)$ वर्ष
$5x+7+x+7=56$
$6x+14=56$
$x=7$
पिता की वर्तमान आयु = $5\times 7+7=42$ वर्ष
पुत्र की वर्तमान आयु = $7+7=14$ वर्ष

135. रोशनी और मीरा की वर्तमान आयु का औसत 28 वर्ष है। यदि मीरा, रोशनी से 6 वर्ष बड़ी है, तो रोशनी की आयु ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 33 वर्ष (b) 28 वर्ष
(c) 31 वर्ष (d) 25 वर्ष **(d)**

☛ **व्याख्या :**
रोशनी = x वर्ष
मीरा = $(x+6)$ वर्ष
$x+x+6=28\times 2 \Rightarrow 2x+6=56$
$2x=50 \Rightarrow x=25$
रोशनी की आयु = 25 वर्ष

❑❑❑

120.X और Y की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। पाँच वर्ष पहले इनकी आयु का अनुपात 5 : 7 था तो Y की वर्तमान आयु क्या है? RRB RPF Constable - 17/01/2019 (Shift-I)

(a) 50 वर्ष (b) 60 वर्ष (c) 30 वर्ष (d) 40 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना X तथा Y की वर्तमान आयु क्रमशः $3x$ तथा $4x$ वर्ष है।

पाँच वर्ष पहले की आयु का अनुपात = 5 : 7

$$\frac{3x-5}{4x-5}=\frac{5}{7}$$

$21x-35=20x-25$

$21x-20x=-25+35$

$x=10$

तो Y की वर्तमान आयु $=4x=4\times10=40$ वर्ष

121. यदि P की आयु Q की दोगुनी है और 5 साल बाद उनकी आयु का योग 70 वर्ष है, तो उनकी वर्तमान आयु (वर्षों में) का योग ज्ञात करें? RRB RPF Constable - 22/01/2019 (Shift-II)

(a) 60 वर्ष (b) 40 वर्ष (c) 30 वर्ष (d) 50 वर्ष **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना Q की आयु x वर्ष तथा P की आयु $2x$ वर्ष है।

प्रश्नानुसार–

$2x+5+x+5=70$

$3x=60$

$x=20$

P तथा Q की आयु का योग $=2x+x=40+20=60$ वर्ष

122. यदि P की वर्तमान आयु 15 वर्ष है और 6 वर्ष बाद Q की आयु 26 वर्ष हो जायेगी तो इन दोनों की वर्तमान आयु का अनुपात क्या है? RRB RPF Constable - 25/01/2019 (Shift-III)

(a) 4 : 1 (b) 2 : 3 (c) 2 : 1 (d) 3 : 4 **(d)**

☞ **व्याख्या:** P की वर्तमान आयु = 15 वर्ष

Q की वर्तमान आयु = 20 वर्ष

P तथा Q की आयु का अनुपात = 15 : 20 = 3 : 4

123. जब माँ की आयु 43 वर्ष थी तब माँ और पुत्र की आयु में 21 वर्ष का अंतर था। यदि पिता, माँ से 3 वर्ष बड़े हैं जब पिता की आयु 50 वर्ष होगी, तब पिता और पुत्र की आयु में कितना अंतर होगा? RRB RPF Constable - 20/01/2019 (Shift-II)

(a) 21 वर्ष (b) 22 वर्ष (c) 23 वर्ष (d) 24 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:** $=21+3=24$ वर्ष

124.एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है और पुत्र की आयु अपनी माँ की आयु की $\frac{3}{8}$ है। यदि पिता और माँ की आयु का अंतर 4 वर्ष है, तो पुत्र की आयु ज्ञात करें। RRB RPF Constable - 24/01/2019 (Shift-III)

(a) 10 वर्ष (b) 9 वर्ष (c) 11 वर्ष (d) 12 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना पुत्र की आयु = x वर्ष

∴ पिता की आयु = $3x$ वर्ष

तथा माता की आयु = $\frac{8}{3}x$ वर्ष

प्रश्नानुसार–

$3x-\frac{8}{3}x=4$

$9x-8x=12$

$x=12$

अतः पुत्र की आयु = 12 वर्ष

125.मेरा एक भाई है जो मुझसे 3 वर्ष बड़ा है। जब मेरा भाई पैदा हुआ था, तो मेरी बहन छः वर्ष की थी। हमारी आयु का औसत 14 है। अब मेरी बहन की आयु कितनी है? RRB RPF Constable - 19/01/2019 (Shift-III)

(a) 20 वर्ष (b) 19 वर्ष (c) 17 वर्ष (d) 18 वर्ष **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना व्यक्ति की वर्तमान उम्र = x वर्ष

व्यक्ति के भाई की वर्तमान उम्र = $(x+3)$ वर्ष

व्यक्ति के बहन की वर्तमान उम्र = $(x+3+6)=(x+9)$ वर्ष

∴ प्रश्नानुसार–

$x+x+3+x+9=3\times14$

$3x+12=3\times14$

$x+4=14$

$x=10$ वर्ष

∴ बहन की उम्र $=10+9=19$ वर्ष

126. दो ट्रेनें जो समान चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। यदि उनकी लंबाई 120 m और 140 m है, और वे एक-दूसरे को 10 s में पार करती हैं, तो प्रत्येक ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]

(a) 13 m/s (b) 10 m/s

(c) 16 m/s (d) 14 m/s **(a)**

☞ **व्याख्या :** चाल $=\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

माना प्रत्येक ट्रेन की चाल x है। अतः एक–दूसरे के विपरीत सापेक्ष चाल $=x+x=2x$

$\Rightarrow 2x=\frac{120+140}{10}$

$=2x=26$

$\Rightarrow x=13$ m/sec

127. एक पुत्र की वर्तमान आयु, उसकी माता की आयु के भाग के बराबर है। 5 वर्ष बाद, उसकी आयु, उसकी माता की आयु की आधी होगी। वर्तमान में, उसकी माता की आयु कितनी है? [RRB Group D-2022]

(a) 36 वर्ष (b) 40 वर्ष

(c) 32 वर्ष (d) 25 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या :** माना उसकी माता की आयु $5x$ है।

तो पुत्र की आयु $\Rightarrow 5x\times\frac{2}{5}=2x$ होंगी।

अतः

$\Rightarrow (5x+5)=(2x+5)\times2$

$\Rightarrow 5x+5=4x+10$

$\Rightarrow 1x=5$

माता की आयु $=5x=5\times5=25$ वर्ष

128. अरुण की वर्तमान आयु, उसके चाचा के आयु की $\frac{1}{3}$ है। 5 वर्ष बाद, उनकी आयु का योगफल 86 वर्ष हो जाएगा। अरुण की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 19 वर्ष (b) 21 वर्ष

(c) 23 वर्ष (d) 25 वर्ष **(a)**

☞ **व्याख्या :** माना अरुण की आयु = x

चाचा की आयु = $3x$

☞ **व्याख्या:** औसत आयु $= \frac{80}{5} = 16$ वर्ष व अन्तराल 4

$\therefore$ 8 12 16 20 24 बड़े बच्चे की उम्र = 24 वर्ष

111. छात्रों के एक समूह में 1/5 की आयु 8 वर्ष से कम है। शेष छात्रों में से 2/5 की आयु 8 वर्ष से अधिक है। छात्रों के कितने हिस्से की आयु ठीक 8 वर्ष है? RRB JE - 26/05/2019 (Shift-II)

(a) 4/25 (b) 12/25 (c) 2/5 (d) 3/5 **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना समूह में छात्रों की कुल संख्या = x

8 वर्ष से कम आयु के छात्रों की संख्या $= \frac{x}{5}$

8 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों की संख्या

$= \left(x - \frac{x}{5}\right) \times \frac{2}{5} = \frac{8}{25}x$

8 वर्ष के छात्रों की संख्या

$x - \left(\frac{x}{5} + \frac{8x}{25}\right) = x - \frac{13x}{25} = \frac{12x}{25}$

अतः ठीक 8 वर्ष के छात्रों का समूह में हिस्सा $= \frac{12}{25}$

112. दो भाइयों की आयु का अनुपात 7 : 15 है। उनकी आयु का ल.स.प. (LCM) 210 है। बड़े भाई की आयु कितनी है? RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)

(a) 45 वर्ष (b) 42 वर्ष (c) 15 वर्ष (d) 30 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना छोटे भाई की आयु 7x वर्ष व बड़े भाई की आयु 15x वर्ष है।

प्रश्नानुसार–

संख्या 7x व 15x का ल.स. = 105x

$105x = 210$

$x = 2$

बड़े भाई की आयु = $15x = 15 \times 2 = 30$ वर्ष

113. यदि किसी व्यक्ति की आयु से 4 वर्ष घटाए जाते हैं और 5 से विभाजित किया जाता है, तो परिणाम उसके पोते की आयु को दर्शाता है। पोते की एक बहन है, जिसकी आयु 5 वर्ष है, पोते से छः वर्ष छोटी है। दादा की आयु क्या है? RRB JE - 31/05/2019 (Shift-III)

(a) 58 वर्ष (b) 57 वर्ष (c) 60 वर्ष (d) 59 वर्ष **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना दादा की आयु = x वर्ष

प्रश्नानुसार,

लड़की की आयु = 5 वर्ष

$\therefore$ लड़के की आयु = 11 वर्ष

$\frac{x-4}{5} = 11$

$x - 4 = 55$

$x = 59$ वर्ष

114. एक दादाजी और उनकी पोती की आयु का अनुपात 9 : 2 है। उनकी आयु का योग एक पूर्ण वर्ग संख्या है। उनकी आयु का अंतर 11 का गुणज हो, तो उनकी आयु ज्ञात कीजिए। RRB JE - 02/06/2019 (Shift-II)

(a) 90, 20 (b) 95, 25 (c) 72, 16 (d) 99, 22 **(d)**

☞ **व्याख्या:** प्रश्नानुसार, दादाजी की आयु = 9x वर्ष

पोती की आयु = 2x वर्ष

$9x + 2x = x^2$

$11x = x^2$

$x = 11$

दादाजी की आयु = $9x = 9 \times 11 = 99$ वर्ष

पोती की आयु = $2x = 2 \times 11 = 22$ वर्ष

115. एक पिता की आयु उसके पुत्र की दोगुनी है। उनकी आयु का म.स.प. 22 है। पुत्र की आयु कितनी है? RRB JE - 02/06/2019 (Shift-II)

(a) 18 वर्ष (b) 24 वर्ष (c) 22 वर्ष (d) 20 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना पुत्र की आयु = x वर्ष

तब, पिता की आयु = 2x वर्ष

x और 2x का म.स.प. = $x = x \times 1$

$2x = x \times 2 \times 1$

अतः, म.स.प. = x

अतः पुत्र की आयु = x वर्ष = 22 वर्ष

116. A और B की कुल आयु, B और C की कुल आयु से 12 वर्ष अधिक है। A और C में से कौन छोटा है और कितने वर्ष छोटा है? RRB JE - 28/06/2019 (Shift-III)

(a) A, 6 वर्ष (b) A, 12 वर्ष

(c) C, 12 वर्ष (d) C, 6 वर्ष **(c)**

☞ **व्याख्या:** प्रश्नानुसार–

$A + B = B + C + 12$

$A = C + 12$

अतः स्पष्ट है कि C, A से 12 वर्ष छोटा है।

117. P और Q की आयु क्रमशः 50 और 40 है। कितने समय पहले उनकी आयु का अनुपात 3 : 2 था? RRB JE - 02/06/2019 (Shift-I)

(a) 20 वर्ष (b) 10 वर्ष (c) 15 वर्ष (d) 5 वर्ष **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना x वर्ष पूर्व उनकी आयु का अनुपात 3 : 2 था।

प्रश्नानुसार–

$\frac{50-x}{40-x} = \frac{3}{2}$

$100 - 2x = 120 - 3x$

$x = 20$ वर्ष

118. दो बहनों की आयु का योग 81 है। उनकी आयु का अनुपात 4 : 5 है। एक बहन दूसरी से कितने वर्ष छोटी है? RRB JE - 27/06/2019 (Shift-I)

(a) 9 वर्ष (b) 27 वर्ष (c) 18 वर्ष (d) 12 वर्ष **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना दोनों बहनों की आयु 4x, 5x वर्ष है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{x}{9x} \times 81 = 9$ वर्ष

अतः पहली बहन दूसरी से 9 वर्ष छोटी है।

119. छः वर्ष पहले दो व्यक्तियों P और Q की आयु का अनुपात 3 : 2 था। चार वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 8 : 7 हो जाएगा। P की आयु कितनी है? RRB RPF Constable - 19/01/2019 (Shift-II)

(a) 10 वर्ष (b) 12 वर्ष (c) 14 वर्ष (d) 8 वर्ष **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना P तथा Q की छः वर्ष पूर्व आयु 3x तथा 2x थी।

P तथा Q की 4 वर्ष बाद आयु (3x + 10) वर्ष तथा (2x + 10) वर्ष

प्रश्नानुसार

$\frac{3x+10}{2x+10} = \frac{8}{7}$

$21x + 70 = 16x + 80$

$5x = 10$

$x = 2$

P की वर्तमान आयु = $(3x + 6) = 3 \times 2 + 6 = 12$ वर्ष

15. एक व्यक्ति ने अपनी पूंजी का $\frac{1}{2}$ भाग, 5% वार्षिक ब्याज की दर पर; अपनी पूंजी का $\frac{1}{3}$ भाग, 8% वार्षिक ब्याज की दर पर तथा शेष हिस्सा 10% वार्षिक ब्याज की दर पर निवेश किया। एक वर्ष में उसके तीनों निवेशों से प्राप्त कुल आय रु. 820.00 है। उसकी कुल निवेशित पूंजी ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) ₹ 16000 (b) ₹ 6400 (c) ₹ 12000 (d) ₹ 8000 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $SI = \frac{PRT}{100}$

$$820 = \frac{P\times1\times5}{2\times100} + \frac{P\times1\times8}{3\times100} + \frac{P\times1\times10}{6\times100}$$

$$820 = \frac{P}{40} + \frac{2P}{75} + \frac{P}{60} \Rightarrow 820 = \frac{15P+16P+10P}{600}$$

$$820 = \frac{41P}{600} \Rightarrow P = ₹12000$$

16. P एक व्यवसाय में ₹3500 का निवेश करता है। 5 महीनों के बाद Q कुछ निवेश के साथ उससे जुड़ता है। यदि Q को मिलने वाला लाभ P के लाभ से 50% अधिक हो, तो Q का निवेश ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 26/05/2019 (Shift-III)**
(a) ₹7000 (b) ₹5000
(c) ₹ 9000 (d) ₹6500 **(c)**

☞ **व्याख्या:** माना Q का निवेश = ₹x
P तथा Q के लाभों का अनुपात = (3500 × 12) : (x × 7)
= 6000 : x

$\therefore$ प्रश्न से, $x = 6000\times\frac{150}{100} = 9000$

17. एक व्यवसाय में P, Q से आधा और Q, R के आधा निवेश करता है। ₹ 7000 मासिक लाभ को यदि उनके बीच साझा किया जाता है, तो R का हिस्सा क्या होगा ?
RRB JE - 29/05/2019 (Shift-III)
(a) ₹ 2000 (b) ₹ 3000
(c) ₹ 1000 (d) ₹4000 **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना P द्वारा निवेश की गयी राशि = ₹ x
Q द्वारा निवेश की गयी राशि = ₹2x
R द्वारा निवेश की गयी राशि = ₹ 4x
(लाभों का अनुपात) R : Q : P = 4x : 2x : x

R का हिस्सा $= 7000\times\frac{4x}{7x} = ₹ 4000$

18. P और Q ने एक व्यवसाय में 5 : 13 के अनुपात में निवेश किया। Q ने 6 महीने बाद अपनी पूंजी निकाल ली। यदि उन्होंने अपना लाभ 25 : 26 के अनुपात में साझा किया हो, तो P की राशि को कितने समय तक उपयोग की गई थी ?
RRB JE - 24/05/2019 (Shift-III)
(a) 8 महीने (b) 15 महीने
(c) 18 महीने (d) 12 महीने **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना P ने X महीने निवेश किया।
Q ने 6 महीने निवेश किया
प्रश्नानुसार,

$$\frac{5\times x}{13\times6} = \frac{25}{26} \Rightarrow \frac{x}{3} = 5 \Rightarrow x = 15 \text{ महीने}$$

19. A और B, क्रमशः ₹50000 और ₹60000 का निवेश करके एक साझेदारी में प्रवेश करते हैं। 'x' महीनों के बाद C भी ₹70000 निवेश करके उनके साथ जुड़ जाता है, वर्ष के अंत से 'x' महीने पहले B इस साझेदारी से निकल जाता है। यदि वे 20 : 18 : 21 के अनुपात में लाभ साझा करते हैं, तो 'x' का मान ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 28/05/2019 (Shift-II)**
(a) 4 (b) 6 (c) 5 (d) 3 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

$$20:18:21 = 50000\times12 : 60000\times(12-x) : 70000\times(12-x)$$

$$20:18:21 = 60 : 6(12-x) : 7(12-x)$$

$$\frac{20}{18} = \frac{60}{6(12-x)} \Rightarrow 12 - x = 9 \Rightarrow x = 3$$

20. P और Q क्रमशः ₹1400 और ₹1800 के निवेश के साथ एक साझेदारी में प्रवेश करते है। वे लाभ के आधे हिस्से को व्यवसाय के संचालन के लिए रखते हैं और शेष हिस्से को अपने निवेश के अनुपात में बाँट लेते हैं। यदि लाभ में उनके हिस्सों का अंतर ₹47 है, तो कुल लाभ ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 22/05/2019 (Shift-III)
(a) ₹ 752 (b) ₹ 804 (c) ₹ 954 (d) ₹ 504 **(a)**

☞ **व्याख्या:** लाभ = पूँजी × समय
P व Q के पूँजी का अनुपात = 1400 : 1800 = 7 : 9
माना कुल भाग x है।
$\therefore$ लाभ के आधे हिस्से को उनके पूँजी के अनुसार में बाँटा जाता है।

$\therefore$ P व Q के लाभ का अनुपात $= \frac{7x}{2} : \frac{9x}{2}$

प्रश्नानुसार $-\frac{9x}{2} - \frac{7x}{2} = 47 \Rightarrow 2x = 47\times2 \Rightarrow x = 47$

$\therefore$ P व Q का कुल लाभ = (7x + 9x) – 16x = 16 × 47 = ₹ 752

21. 84 लीटर के मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 3 : 4 है। यदि यह अनुपात बदलकर 3 : 5 हो जाता है, तो मिश्रण में मिलाये जाने वाले अतिरिक्त पानी की मात्रा (लीटर में) बताएँ।
RRB RPF SI 2019
(a) 11 (b) 13 (c) 14 (d) 12 **(d)**

☞ **व्याख्या:** दूध : पानी = 3 : 4
दूध : पानी = 3 : 5
7 = 84
1 = 12
मिलाए गए पानी की मात्रा = 12 लीटर

❑❑❑

8. एक धनराशि को तीन साझेदारों A, B और C के बीच $3:2:1\frac{1}{3}$ के अनुपात में वितरित किया जाना है। यदि A को B की तुलना में ₹ 1,500 अधिक प्राप्त होते हैं, तो C का हिस्सा कितना होगा? [RRB Group-D 2022]

(a) ₹2,500 (b) ₹3,400
(c) ₹3,750 (d) ₹2,000 **(d)**

☞ **व्याख्या:**

A : B : C

$3\times3 : 3\times2 : 3\times\frac{4}{3}$

9 : 6 : 4

+3 यू

3 यू. = 1500 Rs. | अतः C का हिस्सा = 4 यू.

1 यू. = 500 Rs. | = 4 × 500 Rs. = 2000 Rs.

9. A ने 4,50,000 रुपये की पूँजी के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। 3 महीने के बाद, B एक निश्चित पूँजी राशि के साथ उसके साथ जुड़ गया। A के व्यवसाय शुरू करने के एक वर्ष की समाप्ति पर, लाभ को 3 : 2 के अनुपात में साझा किया गया है। B ने कितना निवेश (₹ रुपये में) किया? [RRB Group-D 2022]

(a) 3,60,000 (b) 3,20,000
(c) 4,00,000 (d) 4,20,000 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

A : B

$450000\times12 : x\times9$

3 : 2

$\Rightarrow x\times9\times3 = 450000\times12\times2 \Rightarrow x = 400000$

10. A, B और C कोई व्यवसाय शुरू करते हैं। वे क्रमशः 6 महीने, 12 महीने और 14 महीने के लिए साझेदारी करते हैं। यदि उनके लाभों का अनुपात क्रमशः 5 : 4 : 7 है, तो उनके संबंधित निवेशों का अनुपात..... है। [RRB Group-D 2022]

(a) 1 : 5 : 3 (b) 2 : 3 : 5
(c) 5 : 2 : 3 (d) 2 : 3 : 7 **(c)**

☞ **व्याख्या:**

	A	B	C
पूँजी ⇒	x	y	z
समय ⇒	3	6	7
लाभ ⇒	5	4	7

अतः पूँजी $= \frac{\text{लाभ}}{\text{समय}} = 42\times\frac{5}{3} : 42\times\frac{4}{6} : 42\times\frac{7}{7}$

$= 70 : 28 : 42 = 5 : 2 : 3$

11. A, B और C साझेदारी करते हैं। A का निवेश B के निवेश का 3 गुना है और B का निवेश C के निवेश का $\frac{2}{3}$ गुना है। वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹ 6,600 था। लाभ में B का हिस्सा ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) ₹ 1,600 (b) ₹ 1,200 (c) ₹ 1,800 (d) ₹ 2,400 **(b)**

☞ **व्याख्या :** A : B : C

$12 : 6\times\frac{2}{3} : 6$

$\boxed{6:2:3}$

B का हिस्सा $= 6600\times\frac{2}{11} =$ ₹ 1200

12. A और B ने क्रमशः ₹ 20,000 और ₹ 16,000 का निवेश करके एक साझेदारी की। 3 माह के बाद, C, ₹ 15,000 का निवेश करके उस साझेदारी में शामिल हो जाता है। ₹ 4,350 के छमाही लाभ में B का हिस्सा (₹ में) कितना होगा? [RRB NTPC 2021]

(a) ₹ 1,760 (b) ₹ 2,000 (c) ₹ 1,600 (d) ₹ 1,850 **(c)**

☞ **व्याख्या :** A : B : C

$20000\times6 : 16000\times6 : 15000\times3$

40 : 32 : 15

लाभ = ₹ 4350, B का लाभ $= 4350\times\frac{32}{87} =$ ₹ 1600

13. A, B और C संयुक्त रूप से एक व्यवसाय शुरू करते हैं। A की पूंजी का दो गुना, B की पूंजी के तीन गुने के बराबर है। B की पूंजी, C की पूंजी की चार गुनी है। यदि कुल वार्षिक लाभ ₹ 2,97,000 हैं, तो इसमें से B का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

(a) ₹18,000 (b) ₹1,08,000
(c) ₹1,08,800 (d) 10,800 **(b)**

☞ **व्याख्या:** $2A = 3B \Rightarrow A:B = 3:2 \Rightarrow A:B:C = 6:4:1$

B का हिस्सा $= 297000\times\frac{4}{11} =$ ₹ 108000

14. अजय, सुनील, कृष्णा और सुमित अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने ₹15,000 प्रति माह के किराए पर एक घर लिया। अजय एक महीने में केवल 15 दिन इस घर में रहता है, बाकी के दिन, वह अपने परिवार के साथ रहता है। कृष्णा और सुमित भी काम कर रहे हैं, किंतु उन्होंने साथ मिलकर अपने किराये के तौर पर ₹10,000 का भुगतान करने का फैसला किया है। सुनील पूरा महीना इसी घर में रहता है। यदि अजय और सुनील उन दिनों की संख्या पर किराया भुगतान करने का फैसला करते हैं, जितने दिन वे इस घर में रहते हैं, तो किराए में अजय, सुनील, सुमित और कृष्ण की हिस्सेदारी क्रमशः कितनी होगी? [RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{1}{9},\frac{1}{3},\frac{1}{3},\frac{2}{9}$ (b) $\frac{1}{9},\frac{2}{9},\frac{1}{3},\frac{1}{3}$
(c) $\frac{1}{3},\frac{1}{3},\frac{1}{9},\frac{2}{3}$ (d) $\frac{1}{3},\frac{1}{3},\frac{1}{4},\frac{1}{4}$ **(b)**

☞ **व्याख्या :** अजय : सुनील : सुमित : कृष्णा

$5000\times\frac{1}{3} : 5000\times\frac{2}{3} : 5000 : 5000$

$\frac{1}{3} : \frac{2}{3} : 1 : 1$

$\boxed{\frac{1}{9}:\frac{2}{9}:\frac{1}{3}:\frac{1}{3}}$

21 साझा [Partnership]

1. रवि ने ₹50,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। छह माह बाद राजू ₹1,00,000 का निवेश करके उनके व्यवसाय में शामिल हो गया। रवि द्वारा निवेश किए जाने के बाद से एक वर्ष में, उन्होंने ₹63,000 का लाभ अर्जित किया। लाभ में राजू का हिस्सा कितना है?
[RRB Group D-2022]
(a) ₹31,000 (b) ₹32,500
(c) ₹31,500 (d) ₹32,000 **(c)**

☞ व्याख्या:

रवि		राजू
50000×12 माह	:	100000×6 माह
60	:	60

अतः लाभ $= 1x + 1x = 63000$
$\Rightarrow 2x = 63000 \Rightarrow x =$ ₹ 31500

2. श्रीमान शर्मा, श्रीमान गुप्ता और श्रीमती सिन्हा किसी व्यवसाय में क्रमशः ₹4,000, ₹8,000 और ₹6,000 निवेशित करते हैं। 6 महीने बाद, श्रीमान शर्मा व्यवसाय छोड़ देते हैं। यदि 8 महीने बाद ₹34,000 का लाभ हुआ हो, तो श्रीमान गुप्ता का हिस्सा कितना होगा ? [RRB Group D-2022]
(a) ₹14,000 (b) ₹12,000
(c) ₹20,000 (d) ₹16,000 **(d)**

☞ व्याख्या:

	शर्मा		गुप्ता		शुक्ला
$\Rightarrow$	4000×6	:	8000×8	:	6000×8
$\Rightarrow$	24	:	64	:	48
$\Rightarrow$	3	:	8	:	6

अतः $3x + 8x + 6x = 34000$
$\Rightarrow 17x = 34000 \Rightarrow x = 2000$
गुप्ता का लाभ $= 8x =$ ₹16000

3. लक्ष्मण और भरत ने क्रमशः ₹48,000 और ₹72,000 के निवेश के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। ₹6,530 के वार्षिक लाभ में से भरत का हिस्सा ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D 2022]
(a) ₹3,918 (b) ₹2,612
(c) ₹3,080 (d) ₹2,450 **(a)**

☞ व्याख्या:

लक्ष्मण	:	भरत
48000	:	72000

लाभ $\Rightarrow 2x, \quad 3x$
अतः $2x + 3x = 6530$
$\Rightarrow 5x = 6530 \Rightarrow x = 1306$
भरत का लाभ $= 3x =$ ₹3918

4. A 7250 रुपये की पूँजी के साथ एक व्यवसाय शुरू करता है और 3 महीने बाद B साझेदार के रूप में A के साथ जुड़ जाता है। A द्वारा व्यवसाय शुरू करने के एक वर्ष बाद, लाभ को A और B के बीच 8 : 9 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। पूँजी में B का योगदान ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D 2022]
(a) 10875 रुपये (b) 10500 रुपये
(c) 10000 रुपये (d) 10250 रुपये **(a)**

☞ व्याख्या:

A		B
7250×12	:	$x \times 9$
8	:	9

$\Rightarrow 9 \times 7250 \times 12 = x \times 9 \times 8 \Rightarrow x = 10875$ Rs

5. P, Q और R संयुक्त रूप से एक व्यवसाय शुरू करते हैं। यह सहमति हुई कि P, 6 महीने के लिए ₹25,000 का, Q, 5 महीने के लिए ₹44,000 का, और R, 3 महीने के लिए ₹50,000 का निवेश करेगा। ₹1,04,000 के कुल लाभ में से, P को कितनी राशि प्राप्त होगी? [RRB Group D 2022]
(a) ₹27,900 (b) ₹40,920
(c) ₹33,780 (d) ₹30,000 **(d)**

☞ व्याख्या:

		P		Q		R		
		6×25000	:	5×44000	:	3×50000		
लाभ	$\Rightarrow$	150	:	220	:	150		
लाभ	$\Rightarrow$	$15x$	+	$22x$	+	$15x$	=	104000Rs.
	$\Rightarrow$	$52x$	=	104000				
	$\Rightarrow$	x	=	2000				

अतः P का लाभ– $15x =$ ₹ 30000

6. गिरी और कमल ने एक व्यवसाय में क्रमशः 5 : 7 के अनुपात में पूँजी निवेश की। यदि व्यवसाय में कुल ₹ 1,728 की धनराशि निवेशित की गई हो, तो व्यवसाय में गिरी का हिस्सा कितना था? [RRB Group-D 2022]
(a) ₹1,080 (b) ₹ 1,008
(c) ₹702 (d) ₹720 **(d)**

☞ व्याख्या: गिरी कमल
$\Rightarrow 5x + 7x = 1728$
$\Rightarrow 12x = 1728$
$x = 144$
अतः गिरी $= 5x = 5 \times 144 = 720$

7. रेन और मार्टिन ने 1 मार्च, 2019 को एक कंपनी शुरू की। उनके निवेश का अनुपात 5 : 4 था। मार्टिन ने 15 महीने बाद कंपनी छोड़ दी। 2 वर्ष के अंत में लाभ को किस अनुपात में विभाजित किया जाना चाहिए? [RRB Group-D 2022]
(a) 2 : 1 (b) 24 : 15
(c) 1 : 3 (d) 29:19 **(a)**

☞ व्याख्या: लाभ= निवेश × समय

रेन	:	मार्टीन
5×24	:	4×15
2	:	1

22 मिश्रण [Alligation & Mixture]

1. ₹45 प्रति kg वाली चीनी को ₹52 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए, कि मिश्रण को ₹55.20 प्रति kg पर बेचने पर 15% का लाभ प्राप्त हो?
[RRB Group D 2022]
(a) 3 : 2 (b) 5 : 4 (c) 4 : 3 (d) 2 : 1 **(c)**

☛ **व्याख्या:** मिश्रित चीनी का क्र. मूल्य $= \frac{55.20}{115} \times 100$



2. एक मिश्रण की 80 लीटर मात्रा में, दूध और पानी का अनुपात 3 : 1 है। यदि यह अनुपात 2 : 3 करना हो, तो मिश्रण में और कितना पानी मिलाया जाना चाहिए?
[RRB Group-D 2022]
(a) 20 लीटर (b) 50 लीटर
(c) 30 लीटर (d) 70 लीटर **(d)**

☛ **व्याख्या:** 80 लीटर को दूध तथा पानी के अनुपात 3 : 1 में बाँटने पर–

दूध	:	पानी
60 ली.	:	20 ली.

अतः $\Rightarrow \frac{60}{20+x} = \frac{2}{3}$

$\Rightarrow 40 + 2x = 180 \Rightarrow 2x = 140 \Rightarrow x = 70$ लीटर

3. एक दुकानदार ₹13.65 प्रति kg वाले गेहूँ की 30 kg मात्रा को ₹18.15 प्रति kg वाले गेहूँ की 20 kg मात्रा के साथ मिलाता है। 30% लाभ अर्जित करने के लिए उसे मिश्रित गेहूँ को प्रति kg किस मूल्य पर बेचना चाहिए। (निकटतम में पूर्णांकित)? **[RRB Group-D 2022]**
(a) ₹ 20 (b) ₹ 15 (c) ₹ 17 (d) ₹ 18 **(a)**

☛ **व्याख्या:**

$\Rightarrow \left(\frac{13.65\times30+18.15\times20}{50}\right)\times\frac{130}{100}$

$\Rightarrow \frac{772.5}{50}\times\frac{13}{10} = ₹\ 20.08$ या ₹ 20

4. X और Y, सोने और प्लेटिनम की दो मिश्र धातुएँ हैं, जो इन धातुओं को क्रमशः 5 : 2 और 5 : 7 के अनुपात में मिलाकर तैयार की गई हैं। यदि हम इन मिश्र धातुओं की समान मात्राओं को पिघलाकर एक तीसरी मिश्र धातु Z बनाते है, तो Z में सोने की मात्रा और प्लेटिनम की मात्रा का अनुपात क्या होगा? **[RRB Group-D 2022]**
(a) 84 : 73 (b) 73 : 95 (c) 95 : 73 (d) 95: 84 **(c)**

☛ **व्याख्या:**

	सोना : प्लेटिनम
x –	$12 \times 5 : 2 \times 12$
y –	$7 \times 5 : 7 \times 7$
z –	$95 : 73$

[x तथा y की मात्रा समान करने के लिए x को 12 तथा y को 7 से गुणा करेंगे।]

5. एक व्यापारी ₹ 52 प्रति किग्रा के भाव वाले एक किस्म के 20 किग्रा. चावल को ₹ 36 प्रति किग्रा. के भाव वाले अन्य किस्म के 60 किग्रा. चावल में मिलाता है। यदि वह उस मिश्रित चावल को ₹ 44 प्रति किग्रा के भाव पर बेचता है, तो उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**
(a) 10 (b) 8 (c) 5 (d) 6 **(a)**

☛ **व्याख्या:** क्रय मूल्य $= 20 \times 52 + 60 \times 36 = 1040 + 2160$
$= ₹\ 3200$

विक्रय मूल्य $= (20 + 60) \times 44 = ₹\ 3520$

लाभ % $= \frac{(3520-3200)}{3200}\times100$

$= \frac{320}{3200}\times100 = 10\%$

6. 50% अम्लता वाले 9 L द्रव को 30% अम्लता वाले द्रव में परिवर्तित करने के लिए इसमें कितनी मात्रा में पानी मिलाया जाना चाहिए? **[RRB NTPC 2021]**
(a) 6 L (b) 5 L (c) 9 L (d) 3 L **(a)**

☛ **व्याख्या:**
$9 \times 50\% = x \times 30\% \Rightarrow 15 = x$
$\Rightarrow 15 - 9 = 6$ L

7. यदि 140 g पीतल को तांबे के साथ मिलाकर पीतल और तांबे के 4 : 3 अनुपात से एक मिश्रधातु तैयार की जाती है, तो यह मिश्रधातु बनाने में प्रयोग किए गए तांबे की मात्रा ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**
(a) 60 g (b) 245 g (c) 105 g (d) 80 g **(c)**

☛ **व्याख्या :** अनुपात= 4 : 3, तांबे की मात्रा $= 140\times\frac{3}{4} = 105$ g

8. दूध के एक नमूने में पानी की मात्रा 5% है। नमूने में पानी की मात्रा को घटाकर 2% करने के लिए इसकी 10 L मात्रा में शुद्ध दूध की कितनी मात्रा मिलाई जानी चाहिए? **[RRB NTPC 2021]**
(a) 10 L (b) 12 L (c) 15 L (d) 50 L **(c)**

☛ **व्याख्या:**

10 × 5	$= x \times 2$
x	$= 25$

दूध की मिलाई गई मात्रा = 25 – 10 = 15 लीटर

9. सोने और चांदी को 8 : 12 के अनुपात में एक साथ पिघलाया जाता है। यदि 30 kg सोने का उपयोग किया जाता है, तो पिघले हुए मिश्रण का वजन ज्ञात कीजिए।[RRB NTPC 2021]
(a) 58 kg (b) 60 kg (c) 70 kg (d) 75 kg **(d)**

☛ **व्याख्या :** सोना : चांदी = 8 : 12

मिश्रण की मात्रा $= 30\times\frac{20}{8} = 75$ kg.

10. यदि 3% नमक युक्त एक विलयन की 5 लीटर मात्रा में दो लीटर पानी वाष्पित हो जाता है, तो शेष विलयन में नमक की मात्रा कितने प्रतिशत होगी? [RRB NTPC 2021]
(a) 3% (b) 2% (c) 6% (d) 5% **(d)**

☛ **व्याख्या :** $5 \times 3 = 3 \times x \Rightarrow x = 5\%$

$\boxed{m_1 \times y\% = m_2 \times x\%}$

11. दूध और पानी के 120 लीटर मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 2 : 1 है। मिश्रण में कितना पानी मिलाने पर दूध और पानी का अनुपात 1 : 2 हो जाएगा? [RRB NTPC 2021]
(a) 130 लीटर (b) 110 लीटर
(c) 140 लीटर (d) 120 लीटर **(d)**

☛ **व्याख्या :** $120 \times \frac{2}{3} = x \times \frac{1}{3} \Rightarrow x = 240$

मिलायी गई मात्रा = 240 – 120 = 120 लीटर

12. 25% सांद्रता वाले 36 मीटर संतरे के रस में, 80% सांद्रता वाले संतरे के रस की कितनी मात्रा मिलाई जानी चाहिए, ताकि प्राप्त होने वाले मिश्र की सांद्रता 60% हो।
[RRB NTPC 2021]
(a) 63 लीटर (b) 60 लीटर (c) 40 लीटर (d) 72 लीटर **(a)**

☛ **व्याख्या :**



$36 \times \frac{7}{4} = 63$ लीटर

13. एक दूधवाला शुद्ध दूध में 10% पानी मिलाता है, लेकिन वह इससे संतुष्ट नहीं होता है। इसलिए, वह फिर से पिछले मिश्रण में 10% और पानी मिलाता है। यदि वह इसे क्रय मूल्य पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) 21% (b) 12.1% (c) 11.11% (d) 20% **(a)**

☛ **व्याख्या :** लाभ% $= 10 + 10 + \frac{10 \times 10}{100} = 21\%$

14. एक कंटेनर में 80 लीटर दूध है। इस कंटेनर से 8 लीटर दूध निकाला गया और उसके स्थान पर पानी मिला दिया गया। इस कंटेनर से 8 लीटर मिश्रण निकाला गया और उसके स्थान पर पानी डाला गया। इस प्रक्रिया को एक बार और दोहराया गया। अब मिश्रण में दूध की कितनी मात्रा मौजूद है?
[RRB NTPC 2021]
(a) 58.32 लीटर (b) 52.12 लीटर
(c) 50.42 लीटर (d) 48.32 लीटर **(a)**

☛ **व्याख्या :** मिश्रण में दूध की मात्रा $= 80 \times \left(\frac{80-8}{80}\right)^3$

$= 80 \times \left(\frac{9}{10}\right)^3 \Rightarrow 80 \times \frac{9}{10} \times \frac{9}{10} \times \frac{9}{10} = 58.32$ लीटर

15. 3 लीटर शुद्ध पेट्रोल को 13 लीटर पेट्रोल और एथेनॉल के मिश्रण में मिलाया जाता है जिसमें पेट्रोल की मात्रा 40% है। प्राप्त मिश्रण में एथेनॉल की प्रतिशत मात्रा ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) 48.25% (b) 49.25% (c) 48.50% (d) 48.75% **(d)**

☛ **व्याख्या :** एथेनॉल की मात्रा $= 13 \times \frac{60}{100} = 7.8$ लीटर

मिश्रण में एथेनॉल की मात्रा % $= \frac{7.8}{(13+3)} \times 100$

$= \frac{7.8}{16} \times 100 = 48.75\%$

16. ₹7,000 में से कुछ राशि 6% वार्षिक और शेष राशि 4% वार्षिक ब्याज की दर से उधार दी जाती है। यदि ₹7,000 की कुल राशि पर 5 वर्षों का कुल साधारण ब्याज ₹ 1,600 था, तो 6% वार्षिक ब्याज की दर पर उधार दी गई राशि ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) ₹ 3,000 (b) ₹ 2,000 (c) ₹ 5,000 (d) ₹4,000 **(b)**

☛ **व्याख्या :** $R = \frac{1600 \times 100}{7000 \times 5} = \frac{32}{7}\%$

6% 4%

$\frac{32}{7}\%$

= 42% 28%

32%

4 : 10

$\boxed{2 : 5}$

6% पर दी गई धनराशि $= 7000 \times \frac{2}{7} = ₹2000$

17. एक आदमी ₹ 1,350 में दो मेजें खरीदता है। उसे एक मेज को बेचने पर 6% की हानि होती है और दूसरी मेज को बेचने पर $7\frac{1}{2}\%$ का लाभ होता है। कुल मिलाकर उसे न तो हानि होती है और न लाभ होता है। तो दोनों मेजों के क्रय-मूल्य में कितना अंतर है? [RRB NTPC 2021]
(a) ₹ 125 (b) ₹ 50 (c) ₹ 150 (d) ₹ 100 **(c)**

☛ **व्याख्या :** 6% 7.5%

0

7.5 : 6

5 : 4

क्रय मूल्य में अंतर $= 1350 \times \frac{1}{9} = ₹150$

18. 50 लड़कियों और 70 लड़कों की एक कक्षा ने एक संगीत कार्यक्रम प्रायोजित किया। यदि 40% लड़कियों और 50% लड़कों ने कार्यक्रम में भाग लिया, तो कक्षा का लगभग कितना प्रतिशत हिस्सा कार्यक्रम में उपस्थित था?
[RRB NTPC 2021]
(a) 46% (b) 44% (c) 42% (d) 48% **(a)**

☛ **व्याख्या :** उपस्थित लड़कियाँ $= 50 \times 40\% = 20$

उपस्थित लड़के $= 70 \times 50\% = 35$

कुल उपस्थित लड़के तथा लड़कियाँ % $= \left(\frac{20+35}{120}\right) \times 100$

$= 45.83\% = 46\%$

19. एक दूधवाला, ₹ 6.40 प्रति लीटर के भाव पर दूध खरीदता है। वह उसमें पानी मिलाता है और मिश्रण को ₹ 8 प्रति लीटर के भाव पर बेचता है और इस प्रकार वह 37.5% लाभ कमाता है। जो दूध ग्राहक को प्राप्त हुआ, उसमें पानी और दूध का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 1 : 9 (b) 2 : 11 (c) 1 : 10 (d) 1 : 11 (c)

☛ **व्याख्या :** माना कि दूध की मात्रा = 10 लीटर
पानी की मात्रा = x लीटर

$$(10+x)\times 8 = 10\times 6.4\times\frac{137.5}{100} \Rightarrow 80+8x = 64\times\frac{11}{8}$$

$80+8x = 88 \Rightarrow x = 1$, पानी : दूध = 1 : 10

20. 10 लीटर घोल में से 2 लीटर पानी को वाष्पित किया जाता है। शेष घोल में 6% नमक पाया जाता है। मूल घोल में नमक की मात्रा कितनी है? [RRB NTPC 2021]
(a) 4.8% (b) 5.6% (c) 5% (d) 5.4% (a)

☛ **व्याख्या :** कुल घोल = 10 लीटर

नमक की मात्रा = $(10-2)\times\frac{6}{100} = 0.48$

मूल घोल में नमक की प्रतिशत मात्रा = $\frac{0.48}{10}\times 100 = 4.8\%$

21. एक व्यक्ति ने 28 km की दूरी 8 h में तय की। उसने यात्रा का कुछ भाग 2 km/h की चाल से पैदल चलकर तथा शेष भाग 6 km/h की चाल से साइकिल द्वारा पूरा किया। पैदल चलकर तय की गई दूरी (km में) कितनी है? [RRB NTPC 2021]
(a) 18 (b) 16 (c) 10 (d) 12 (c)

☛ **व्याख्या :**



पैदल चलकर तय की गई दूरी = $28\times\frac{10}{28} = 10$ km.

22. एक कार्यालय के सभी कर्मचारियों का औसत वेतन ₹ 3,560 प्रति माह है। अधिकारियों का औसत वेतन ₹ 5,400 प्रति माह और गैर-अधिकारियों का वेतन ₹ 2,600 प्रतिमाह है। यदि अधिकारियों की संख्या 12 है, तो कार्यालय में गैर अधिकारियों की संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 24 (b) 25 (c) 22 (d) 23 (d)

☛ **व्याख्या :** अधिकारी : गैर–अधिकारी



गैर–अधिकारियों की संख्या = $12\times\frac{23}{12} = 23$

23. एक स्कूल में, लड़कों और लड़कियों की मिलाकर औसत आयु 16.8 वर्ष है, लड़कों की औसत आयु 15.4 वर्ष है, और लड़कियों की औसत आयु 18.2 वर्ष है। स्कूल में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 3 : 2 (b) 1 : 1 (c) 3 : 5 (d) 2 : 3 (b)

☛ **व्याख्या :** 15.4 18.2 → 16.8 → 1.4 : 1.4 → 1 : 1

24. एक गाँव की कुल जनसंख्या 4,000 है। पुरुषों और महिलाओं की संख्या में क्रमशः 10% और 20% की वृद्धि होने पर गाँव की जनसंख्या 4,500 हो जाती है। नए सदस्यों के आने से पहले गाँव में पुरुषों की संख्या कितनी थी? [RRB NTPC 2021]
(a) 2500 (b) 3000 (c) 4000 (d) 2000 (b)

☛ **व्याख्या :** कुल जनसंख्या में वृद्धि% = $\frac{500}{4000}\times 100 = 12.5\%$



पहले पुरुषों की संख्या = $4000\times\frac{3}{4} = 3000$

25. 50 लीटर शुद्ध दूध वाले एक कंटेनर से, 10 लीटर दूध निकालकर 10 लीटर पानी डाला जाता है। यदि इस प्रक्रिया को तीन बार दोहराया जाता है, तो अंततः पानी और दूध के बीच क्या अनुपात है ? RRB JE – 27/05/2019 (Shift – III)
(a) 7 : 16 (b) 9 : 16 (c) 61 : 64 (d) 1 : 4 (c)

☛ **व्याख्या:** कंटेनर में शुद्ध दूध की मात्रा = $50\left(1-\frac{10}{50}\right)$

$= 50\left(\frac{40}{50}\right)^3 = 50\times\frac{64}{125} = \frac{128}{5}$ ली.

पानी की मात्रा = $50-\frac{128}{5} \Rightarrow \frac{250-128}{5} = \frac{122}{5}$

पानी : दूध = $\frac{122}{5} : \frac{128}{5} = 61 : 64$

26. दो प्रकार के चावल, जिनका मूल्य ₹38 प्रति किग्रा और ₹ 42 प्रति किग्रा है, समान मात्रा में मिलाया जाते हैं। और ₹45 प्रति किग्रा के भाव पर बेचे जाते हैं। प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए। RRB JE-28/05/2019 (Shift – II)
(a) 10% (b) 12.5% (c) 18% (d) 15% (b)

☛ **व्याख्या:** पहले प्रकार के चावल का मूल्य = ₹38 किग्रा.
दूसरे प्रकार के चावल का मूल्य = ₹42 / किग्रा.
दोनों प्रकार के चावल का क्रय मूल्य = (38 + 42) = ₹80
दोनों प्रकार के चावल का विक्रय मूल्य = 45 × 2 = ₹90
लाभ = विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य

$= 90-80 = 10 = \frac{10}{80}\times 100 = 12.5\%$

27. दूध के एक जार में 40% पानी है। इसके एक हिस्से को दूसरे दूध से बदल दिया जाता है, जिसमें 19% पानी है। अब पानी का प्रतिशत 26% है। दूध की कितनी मात्रा को बदला गया ? **RRB JE-25/05/2019 (Shift –II)**

(a) 2/3 (b) 2/5 (c) 1/5 (d) 1/3 **(a)**

☞ **व्याख्या:**

दूध



दूध की मात्रा $= \frac{2}{2+1} = \frac{2}{3}$

28. चावल की दो किस्मों का मूल्य क्रमशः ₹50 प्रति किलो और ₹60 प्रति किलो है, जो कुछ अनुपात में मिश्रित की जाती हैं, और मिश्रित चावल को ₹70 प्रति किलोग्राम पर बेचा जाता है, जिससे 20% लाभ प्राप्त हो सके। वह अनुपात क्या है जिसमें दोनों चावल की किस्मों को मिलाया जाता है?

RRB JE – 31/05/2019 (Shift –I)

(a) 3 : 5 (b) 2 : 5 (c) 1 : 5 (d) 2 : 7 **(c)**

☞ **व्याख्या:** $70 \times \frac{100}{120} = \frac{175}{3}$ किग्रा लाभ का मूल्य

प्रश्नानुसार –



⇒ 5 : 25 या 1 : 5

56. तीन पाइपों में से पहले दो, किसी खाली टैंक को क्रमशः 9 और 18 घंटे में भर सकते हैं, जबकि तीसरे द्वारा भरे टैंक को 15 घंटे में खाली किया जा सकता है। टैंक को खाली होने पर यदि सभी तीनों पाइप को खोला जाता है तो टैंक कितने घंटे में पूरा भर जाएगा? [ALP 2018]

(a) 10 (b) 12 (c) 11 (d) 13

व्याख्या :

	+A	+B	−C
समय–	9 घंटा	18 घंटा	15 घंटा

माना कुल काम = 90 काम

कार्यक्षमता– $\frac{10 \text{ काम}}{\text{घंटा}}, \frac{5 \text{ काम}}{\text{घंटा}}, \frac{6 \text{ काम}}{\text{घंटा}}$

अतः अभीष्ट समय = $\frac{90}{10+5-6} = \frac{90}{9}$ = 10 घंटा

57. पाइप 1, एक टैंक को 6 घंटे में खाली कर सकता है; जबकि पाइप 2, उसे 18 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो पूरे टैंक को खाली होने में कितना समय लगेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 10 h (b) 9 h (c) 5 h (d) 4.5 h **(d)**

व्याख्या :



समय = $\frac{\text{कुल कार्य}}{\text{क्षमता}} = \frac{18}{4}$ = 4.5 h

58. एक डेस्कटॉप कंप्यूटर के मूल्य में प्रति वर्ष 20% की दर से ह्रास होता है। उसे 3 वर्ष पहले खरीदा गया था। यदि उसका वर्तमान मूल्य ₹ 12,288 है, तो 3 वर्ष पहले उसका मूल्य कितना था? [RRB NTPC 2021]

(a) ₹ 24,750 (b) ₹ 23,750
(c) ₹ 24,250 (d) ₹ 24,000 **(d)**

व्याख्या : बाद का क्रय मूल्य = पहले का मूल्य × $\left(\frac{100+R}{100}\right)^n$

$12288 = x \times \frac{80}{100} \times \frac{80}{100} \times \frac{80}{100} \Rightarrow 12288 = x \times \frac{4}{5} \times \frac{4}{5} \times \frac{4}{5}$

x = ₹ 24000

59. मिश्रण A में, 6 लीटर जल में 5 लीटर सीरप है। मिश्रण B में 5.5 लीटर जल में 3.5 लीटर सीरप है। दोनों में से किस मिश्रण में सीरप की सांद्रता अधिक है? [RRB NTPC 2021]

(a) B
(b) यह निर्धारित करने के लिए और अधिक जानकारी की आवश्यकता है कि सीरप की सांद्रता किसमें अधिक है।
(c) A
(d) A और B दोनों में ही सीरप की सांद्रता समान है। **(c)**

व्याख्या : $\frac{5}{11} = 0.45$

$\frac{3.5}{9} = 0.38$

❑❑❑

36. दो कारें क्रमशः 45 km/h और 50 km/h की चाल से चलते हुए एक निश्चित दूरी तय करती है। यदि एक कार को यह दूरी तय करने में दूसरी कार से 32 मिनट अधिक समय लगता है, तो तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 240 km (b) $\frac{240}{19}$ km (c) $\frac{8}{3}$ km (d) $\frac{152}{3}$ km **(a)**

☞ **व्याख्या :** दूरी = $\frac{\text{चालों का गुणनफल}}{\text{चालों में अंतर}}$ × समय में अंतर

$= \frac{45\times50}{50-45}\times\frac{32}{60} = \frac{45\times50}{5}\times\frac{32}{60} = 240$ km.

37. एक 150 m लंबी रेलगाड़ी एक 102 m चौड़ी नहर को 7 सेकंड में पार कर जाती है। रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए– [RRB NTPC 2021]

(a) 42 m/s (b) 72 m/s (c) 36 m/s (d) 21 m/s **(c)**

☞ **व्याख्या :** चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{(150+102)}{7} = \frac{252}{7} = 36$ m/

38. यदि एक पहिए की त्रिज्या में 8% की वृद्धि की जाती है, तो पुराने पहिए और नए पहिए द्वारा 100 m की दूरी तय करने के लिए आवश्यक घूर्णनों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 27 : 25 (b) 27 : 20 (c) 20 : 23 (d) 23 : 23 **(a)**

☞ **व्याख्या :** पुराने पहिए और नए पहिए द्वारा दूरी तय करने के घूर्णनों की संख्या में अनुपात = 108% : 100% = 27 : 25

39. एक व्यक्ति 4 घंटे में 84 km दूर स्थित अपने गंतव्य पर पहुँचने की इच्छा रखता है। पहली आधी दूरी तय करते समय उसकी चाल 28 km/h थी। शेष दूरी के लिए उसकी चाल कितनी होनी चाहिए? [RRB NTPC 2021]

(a) $16\frac{1}{5}$ km/h (b) $16\frac{2}{5}$ km/h

(c) 16 km/h (d) $16\frac{4}{5}$ km/h **(d)**

☞ **व्याख्या:** आधी दूरी तय करने में लगा समय = $\frac{42}{28} = \frac{3}{2}$ घंटे = 1.5 घंटे

शेष दूरी को तय करने में चाल = $\frac{42}{2.5} = \frac{420}{25}$

$= \frac{84}{5} = 16\frac{4}{5}$ km/h

40. 110 m लंबी एक रेलगाड़ी 90 km/h की चाल से चल रही है। इसे 180 m लंबे एक पुल को पार करने में कितना समय लगेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 10.6 सेकंड (b) 11.6 सेकंड

(c) 7.6 सेकंड (d) 9.6 सेकंड **(b)**

☞ **व्याख्या:** समय = $\frac{\text{कुल लंबाई}}{\text{चाल}} = \frac{110+180}{90\times\frac{5}{18}} = \frac{290}{25}$

= 11.6 सेकंड

41. दो कारें अहमदाबाद से चलना शुरू करती है और विपरीत दिशाओं में चलते हुए एक कार की चाल दूसरी से 200 km/h अधिक है। यदि 9 घंटों के बाद दोनों के बीच की दूरी 4500 km है, तो दोनों कारों की चाल का वेग ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 350 km/h (b) 250 km/h

(c) 150 km/h (d) 500 km/h

☞ **व्याख्या:** दूरी = सापेक्ष चाल × समय **(d)**

$4500 = (x+y)\times9 \Rightarrow x+y = 500$ km/h

चालों का योग= 500 km/h

42. एक व्यक्ति ने 9 h में 61 km की दूरी तय की। उसने कुछ दूरी 4 km/h की चाल से पैदल तय की और कुछ दूरी 9 km/h की चाल से साइकिल से तय की। उसने कितनी दूरी पैदल तय की है? [RRB NTPC 2021]

(a) 12 km (b) 16 km (c) 18 km (d) 14 km **(b)**

☞ **व्याख्या :**

पैदल — साइकिल

9x (4 km/h) — (9 km/h) × 9

$9\times\frac{61}{9}$ km/h

20 : 25

4 : 5

पैदल तय की गई दूरी = 4 × 4 = 16 km.

43. रामू एक निश्चित स्थान पर 30 घंटों में पहुँच सकता है। यदि वह अपनी चाल में उसके $\frac{1}{15}$ वें हिस्से की कमी करता है, तो वह उतने ही समय में 10 km कम दूरी तय करता है। उसकी चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 4 km/h (b) 5 km/h (c) $5\frac{1}{2}$ km/h (d) 6 km/h **(b)**

☞ **व्याख्या:** कमी = $\frac{1}{15}$, पहले : बाद में ⇒ 15 : 14 ⇒ 1= 10

दूरी = 15 × 10 = 150 km, चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{150}{30} = 5$ km/h

44. सचिन और अनिल चंडीगढ़ से 50 km दूर स्थित कालका की ओर एक ही समय में चलना शुरू करते हैं। सचिन की चाल, अनिल की चाल से 6 km/h कम है। अनिल कालका पहुँचता है और तुरंत चंडीगढ़ के लिए वापस चलना शुरू करता है। मार्ग में कालका से 20 km की दूरी पर वह सचिन से मिलता है। सचिन की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 4.5 km/h (b) 5.1 km/h (c) 4.9 km/h (d) 5.0 km/h **(a)**

☞ **व्याख्या :** सचिन की चाल = x km/h

अनिल की चाल = $(x+6)$ km/h

$\frac{(50+20)}{x+6} = \frac{(50-20)}{x} \Rightarrow \frac{70}{x+6} = \frac{30}{x}$

$70x = 30x + 180 \Rightarrow 40x = 180 \Rightarrow x = 4.5$ km/h

45. एक रेलगाड़ी, बस से 50% अधिक चाल से चल रही है। दोनों एक ही समय पर करनाल से चलना शुरू करती है और एक ही समय में पानीपत पहुँचती है, जो करनाल से 75 km दूर है। हालांकि रास्ते में रेलगाड़ी एक स्टेशन पर लगभग 12.5 मिनट के लिए रुकी। बस की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 110 km/h (b) 100 km/h

(c) 120 km/h (d) 130 km/h **(c)**

☞ **व्याख्या:**

$$\Rightarrow \left(\frac{\text{A की चाल}}{\text{B की चाल}}\right)^2 = \frac{\text{B को लगा समय}}{\text{B को लगा समय}}$$

$$\Rightarrow \left(\frac{100}{150}\right)^2 = \frac{P}{5.4} \Rightarrow \frac{4}{9} = \frac{P}{5.4} \Rightarrow 9P = 5.4 \times 4 \Rightarrow P = 2.4$$

28. एक व्यक्ति, 75 km/h की चाल से किसी निश्चित दूरी को 8 घंटे में तय करता है। समान दूरी को 6 घंटे में तय करने के लिए उसकी चाल कितनी होनी चाहिए।
[RRB Group-D 2022]

(a) 150 km/h (b) 100 km/h
(c) 300 km/h (d) 200 km/h **(b)**

☞ **व्याख्या:** [∵ दूरी = चाल × समय]
प्रश्नानुसार दूरी समान है–

$$\Rightarrow 75 \times 8 = x \times 6 \Rightarrow x = \frac{600}{6} = 100\,km/h$$

29. एक बस यात्रा के दौरान 10 min के एक स्टॉप तथा 5 min के अन्य एक स्टॉप के साथ $3\frac{1}{4}$ घंटे में 160 km की दूरी तय करती है। बस की औसत चाल ज्ञात कीजिए।
[RRB Group-D 2022]

(a) $50\frac{1}{3}$ km/h (b) $53\frac{1}{3}$ km/h
(c) $52\frac{1}{3}$ km/h (d) $51\frac{1}{3}$ km/h **(b)**

☞ **व्याख्या:** अर्थात्– $\left(3\frac{1}{4}\text{ घंटा} = 3\text{H}15\text{M}\right)$
समय = 3 घंटा 15 मिनट – 15 मिनट = 3 घंटा

$$\text{औसत चाल} = \frac{160}{3} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = 53\frac{1}{3}\ \text{km/h}$$

30. कोई व्यक्ति एक यात्रा 14 घंटे में पूरी कर सकता है। वह यात्रा का पहला एक-तिहाई भाग 40 km/h की चाल से, और शेष भाग 60 km/h की चाल से तय करता है। उसकी यात्रा की कुल दूरी कितनी है? [RRB Group-D 2022]
(a) 720 km (b) 360 km (c) 540 km (d) 480 km **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना कुल दूरी $3x$ है। $\left[\because \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \text{समय}\right]$

$$\Rightarrow \frac{3x \times \frac{1}{3}}{40} + \frac{3x \times \frac{2}{3}}{60} = 14 \Rightarrow \frac{x}{40} + \frac{2x}{60} = 14$$

$$\Rightarrow \frac{3x + 4x}{120} = 14 \Rightarrow 7x = 1680 \Rightarrow x = 240$$

अतः कुल दूरी $3x = 720$ km

31. एक व्यक्ति बिन्दु A से B तक $56\frac{1}{4}$ km/h की चाल से यात्रा करता है, और अपनी चाल को अपनी पिछली चाल से $33\frac{1}{3}\%$ बढ़ाकर, उसी मार्ग से A पर लौटता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) $62\frac{1}{4}$ (b) $63\frac{1}{2}$ (c) $60\frac{5}{7}$ (d) $64\frac{2}{7}$ **(d)**

☞ **व्याख्या:** चाल$_1$ $= 56\frac{1}{4} = \frac{225}{4}$ $\left[33\frac{1}{3}\% = \frac{1}{3}\right]$

$$\text{चाल}_2 = \frac{225}{4} + \frac{225}{4} \times \frac{1}{3} = 75$$

अतः औसत चाल $= \frac{2 \times \text{चालों का गुणा}}{\text{चालों का योग}}$

$$\Rightarrow \frac{2 \times \frac{225}{4} \times 75}{\frac{525}{4}} \Rightarrow 64\frac{2}{7}\ \text{km/h}$$

32. यदि एक वाहन की चाल में 10 km/h की कमी होती है, तो इसे 1800 km की दूरी तय करने मे सामान्यतः लगने वाले समय से 2 घंटे अधिक समय लगता है। इसके द्वारा उस दूरी को तय करने में सामान्यतः लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।
[RRB Group-D 2022]

(a) 10 घंटा (b) 19 घंटा (c) 18 घंटा (d) 17 घंटा **(c)**

☞ **व्याख्या:** $\frac{\text{चाल}_1 \times \text{चाल}_2}{\text{चालों का अंतर}} \times$ समय का अन्तर = दूरी

$$\Rightarrow \frac{x \times (x-10)}{10} \times 2 = 18000 \Rightarrow 100 \times 90 = 9000$$

$$\text{समय} = \frac{1800}{100} = 18 \text{ घंटे}$$

33. एक व्यक्ति 5 km/h, 8 km/h और 6 km/h की चाल से समान दूरियों को तय करता है। पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) $6\frac{6}{59}$ km/h (b) $7\frac{6}{59}$ km/h
(c) $8\frac{6}{59}$ km/h (d) $5\frac{6}{59}$ km/h **(a)**

☞ **व्याख्या:** $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{120+120+120}{24+15+20} = \frac{360}{59} = 6\frac{6}{59}$ km/h

34. दो तरफा यात्रा के दौरान गौरव की औसत चाल 15 किमी/घंटा है। यदि वह जाते समय प्रति घंटे 20 किमी की दूरी तय करता है, तो लौटते समय उसकी चाल ज्ञात कीजिए।
[RRB Group-D 2022]

(a) 10 km/h (b) 11 km/h (c) 15 km/h (d) 12 km/h **(d)**

☞ **व्याख्या:** औसत चाल $= \frac{2 \times \text{चाल}_1 \times \text{चाल}_2}{\text{चाल}_1 + \text{चाल}_2}$
[माना आने की चाल = x km/h]

$$\Rightarrow \frac{15}{1} = \frac{2 \times 20 \times x}{20 + x} \Rightarrow 300 + 15x = 40x$$
$$\Rightarrow 25x = 300 \Rightarrow x = 12 \text{ km/h}$$

35. 9.08 घंटों को आप घंटे, मिनट और सेकंड में किस प्रकार लिखेंगे? [RRB NTPC 2021]
(a) 9 घंटे, 4 मिनट, 48 सेकंड
(b) 9 घंटे, 10 मिनट, 8 सेकंड
(c) 9 घंटे, 8 मिनट
(d) 9 घंटे, 8 सेकंड **(a)**

☞ **व्याख्या:** 9.08 घंटे = 9 घंटे + 0.08 × 60 मिनट
= 9 घंटे + 4.8 मिनट = 9 घंटे + 4 मिनट + 0.8 × 60 सेकंड
= 9 घंटे 4 मिनट 48 सेकंड

20. एक कार को 36 मील/घंटे की चाल से एक निश्चित दूरी तय करने में $2\frac{1}{4}$ घंटे का समय लगता है, और 56 मील/घंटे की चाल से एक अन्य दूरी तय करने में उसे $1\frac{3}{4}$ घंटे का समय लगता है। कार द्वारा तय की गई कुल दूरी (मील में) ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 159 (b) 139 (c) 200 (d) 179 **(d)**

☞ **व्याख्या:** दूरी = चाल × समय $\Rightarrow 36\times\frac{9}{4}+56\times\frac{7}{4}$

$\Rightarrow 81+98=179$

21. एक साइकिल चालक ने 25 घंटे में 900 किमी. की दूरी तय की। साइकिल चालक की चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 8 (b) 10 (c) 9 (d) 11 **(b)**

☞ **व्याख्या:** चाल $=\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}=\frac{900\text{ km}}{25\text{ घंटे}}=36\text{ km/h}$

$\Rightarrow 36\text{ km/h}=36\times\frac{5}{18}\text{ m/sec}=10\text{ m/sec}$

$\left[\because \text{km/h}\times\frac{5}{18}=\text{m/sec}\right]$

22. चक्रवर्ती 52 किमी/घंटा की चाल से कार चला रहा है। उसे 364 किमी की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा? **[RRB Group-D 2022]**

(a) 7 घंटे (b) 4 घंटे (c) 5 घंटे (d) 6 घंटे **(a)**

☞ **व्याख्या:** समय $=\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}=\frac{364\text{ km}}{52\text{ km/h}}=7\text{ h}$

23. किसी यात्रा का एक तिहाई हिस्सा 25 किमी/घंटा की चाल से तय किया जाता है, यात्रा का एक चौथाई हिस्सा 30 किमी/घंटा की चाल से, और शेष यात्रा 50 किमी/घंटा की चाल से तय की जाती है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल (किमी/घंटा में) ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 33 (b) $33\frac{1}{3}$ (c) 32 (d) $32\frac{1}{2}$ **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना कुल यात्रा = 12 यूनिट (यू.) है।

दूरी–	4 ×50	: 3 × 50	: 5 × 50
चाल–	25 km/h	: 30 km/h	: 50 km/h
समय–	8h	: 5h	: 5h

औसत चाल $=\frac{600}{18}=\frac{100}{3}=33\frac{1}{3}$ km/h

24. जब कोई व्यक्ति V_1 और V_2 km/h की चाल से समान दूरी तय करता है, तो उसकी औसत चाल 5 किमी/घंटा है। लेकिन जब वह समान समयावधि में इन्हीं चालों से यात्रा करता है, तो उसकी औसत चाल 5.5 किमी/घंटा होती है। दोनों चालों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए। **RRB Group-D 2022]**

(a) 11 km/h (b) $\sqrt{10}$ km/h

(c) $\sqrt{11}$ km/h (d) 10 km/h **(c)**

☞ **व्याख्या:**

दूरी	V_1V_2,	V_1V_2	दूरी V_1 V_2
चाल	V_1,	V_2	चाल V_1 V_2
समय	V_2,	V_1	समय 1 1

औसत चाल $=\frac{2V_1V_2}{V_1+V_2}$ | औसत चाल $=\frac{V_1+V_2}{2}$

$\frac{2V_1V_2}{V_1+V_2}=5$ | $\frac{V_1+V_2}{2}=5.5$

$2V_1\times V_2=\frac{55}{2}$ | $V_1+V_2=11$

अतः $(V_1-V_2)^2=(V_1+V_2)^2-4V_1V_2$

$\Rightarrow (V_1-V_2)^2=(11)^2-4\times\frac{55}{2}$

$\Rightarrow (V_1-V_2)=\sqrt{121-110}=\sqrt{11}$

25. दो स्टेशनों दिल्ली और अमृतसर के बीच की दूरी 450 किमी. है। दिल्ली से एक ट्रेन 4 p.m. पर 60 किमी/घंटा की औसत चाल से अमृतसर के लिए रवाना होती है। अमृतसर से एक अन्य ट्रेन 3 : 20 p.m. पर 80 किमी/घंटा की औसत चाल से दिल्ली के लिए रवाना होती है। दिल्ली से कितनी दूरी पर दोनों ट्रेनें मिलेंगी? **[RRB Group-D 2022]**

(a) 160 km (b) 180 km (c) 170 km (d) 165 km **(c)**

☞ **व्याख्या:**



नोट– दोनों ट्रेन का समय 3:20 करना है। तो दिल्ली वाली ट्रेन 60 km/h की चाल से 40 मिनट पहले 40 km पीछे थी। अतः दोनों की दूरी 450 + 40 = 490 होगी।

मिलने का समय $=3:20+\left(\frac{490}{140}\right)$

$=3:20+3:30$

$=6:50$ pm बजे

दिल्ली से दूरी $=60\times2\frac{5}{6}=60\times\frac{7}{6}=170\,km$

26. एक कार की चाल 20 मी/सेकण्ड है। कार द्वारा 2 घंटे 20 मिनट में तय की गई दूरी (किमी. में) ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 158 (b) 166 (c) 162 (d) 168 **(d)**

☞ **व्याख्या:** दूरी = चाल × समय $\frac{km}{h}=\frac{18}{5}\times\frac{m}{s}$

$=20\times\frac{18}{5}\times\frac{7}{3}=168$ | 2 h 20 min $=\frac{7}{3}$ h

27. A और B, क्रमशः बिंदुओं X और Y से एक ही समय पर एक दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। रास्ते में मिलने के बाद, A और B को Y और X तक पहुंचने में क्रमशः 5.4 घंटे और p घंटे का समय लगता है। यदि B की चाल, A की चाल से 50% अधिक है, तो p का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 2.7 (b) 3.6 (c) 1.8 (d) 2.4 **(d)**

10/06/2024 23:15

$= \frac{x}{5} \times \frac{6}{5s} + \frac{4x}{5} \times \frac{5}{6s} = \frac{6x}{25s} + \frac{2x}{3s}$

$= \frac{68x}{75s} = \frac{68}{75} \times \frac{3}{2} = \frac{34}{25}$ घंटे

= 1 घंटा 21.6 मिनट = 1 घंटा 21 मिनट

अब वह 8:21 मिनट पर ऑफिस पहुँचेगा।

63. एक डिब्बेरहित लोकोमोटिव इंजन 50 km प्रति घंटे की चाल से चल सकता है और इसकी चाल में एक निश्चित राशि के अनुसार कमी होती है, जो इसमें लगाए जाने वाले डिब्बों की संख्या के वर्गमूल के आधार पर परिवर्तित होती है। यदि 25 डिब्बों के साथ इसकी चाल 35 km प्रति घंटा है, तो इसमें अधिकतम कितने डिब्बे लगाए जा सकते हैं, ताकि इसकी चाल 11 km प्रति घंटे से कम न हो? [RRB NTPC 2021]

(a) 144 (b) 225 (c) 169 (d) 196 (c)

व्याख्या : चाल (x) = 50 km/h, डिब्बों की संख्या (n) = 0

चाल परिवर्तन की दर (नई चाल) = $x - k\sqrt{n}$

$35 = 50 - k\sqrt{25} \Rightarrow k = 3$

चाल 11 km/h से कम नहीं रखनी है।

$50 - k\sqrt{n} \geq 11 \Rightarrow 50 - 3\sqrt{n} \geq 11 \Rightarrow 39 \geq 3\sqrt{n}$

$\Rightarrow 13 \geq \sqrt{n} \Rightarrow 169 \geq \sqrt{n}$

डिब्बों की संख्या 169 होगी।

64. एक ट्रेन एकसमान चाल से 400 किमी की दूरी तय करती है। यदि चाल 10 किमी/घंटा अधिक होती तो वह उसी यात्रा के लिए 2 घंटा कम समय लेती। ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 45 km/h (b) 40 km/h (c) 55 km/h (d) 50 km/h (b)

व्याख्या : $\frac{400}{x} - \frac{400}{(x+10)} = 2$

$x = 40$ रखने पर $\frac{400}{40} - \frac{400}{50}$

$10 - 8 = 2$ घंटे $\Rightarrow \therefore$ चाल = 40 km/h

65. दो लड़के ऋषि और वामसी लखनऊ से कानपुर तक की 95 km की यात्रा एक ही समय में आरंभ करते हैं। यात्रा के दौरान, ऋषि की चाल, वामसी से 5 km/h कम है। वामसी कानपुर पहुँचता है और तुरंत वापस चलना शुरू करता है। वापसी की यात्रा के दौरान, वह कानपुर से 25 km की दूरी पर ऋषि से मिलता है। ऋषि की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 8 km/h (b) 5 km/h (c) 7 km/h (d) 6 km/h (c)

व्याख्या :



वामसी = x km/h, ऋषि = $(x - 5)$ km/h

$\frac{(95-25)}{x-5} = \frac{(95+25)}{x} \Rightarrow \frac{70}{x-5} = \frac{120}{x}$

$70x = 120x - 600 \Rightarrow 50x = 600 \Rightarrow x = 12$ km/h

ऋषि की चाल = 12 – 5 = 7 km/h

66. एक चोर 3 p.m. पर एक कार से एक बैग चोरी करके, 50 km/h की चाल से गाड़ी चलाते हुए भागता है। यदि 4 p.m. पर चोर की स्थिति का पता चला जाता है और उसका मालिक अपनी कार से 70 km/h की चाल से उसका पीछा करता है, तो वह चोर को कब पकड़ लेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 8 : 45 p.m. (b) 8 : 00 p.m.
(c) 6 : 30 p.m. (d) 6 : 00 p.m. (c)

व्याख्या : 3 P.M. से 4 P.M. तक चोर द्वारा तय की गई दूरी = 50×1 = 50 Km

समय = $\frac{\text{बीच की दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}} = \frac{50}{(70-50)} = \frac{50}{20} = 2$ घण्टे 30 मिनट

समय = 4:00 P.M. + 2:30 P.M. = 6:30 P.M.

67. 70 km/h की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी, उसकी विपरीत दिशा में चल रहे एक मोटर सवार को 2 सेंकड में पार करती है। यदि मोटर सवार रेलगाड़ी की समान दिशा में चल रहा हो, तो रेलगाड़ी उसे 5 सेकंड में पार करती है। मोटर सवार की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 30 km/h (b) 20 km/h (c) 10 km/h (d) 40 km/h (a)

व्याख्या : $(70 + x) \times 2 = (70 - x) \times 5$

$140 + 2x = 350 - 5x \Rightarrow 7x = 210 \Rightarrow x = 30$ km/h

68. रोहन दिल्ली से कन्याकुमारी तक की यात्रा 30 h में पूरी कर सकता है। यदि वह अपनी चाल को $\frac{1}{15}$ तक कम कर देता है, तो वह उतने ही समय में 10 km कम दूरी तय कर पाएगा। उसकी चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 8 km/h (b) 5 km/h (c) 2.5 km/h (d) 3 km/h (b)

व्याख्या : चाल = x km/h

$x \times 30 - x \times \frac{14}{15} \times 30 = 10 \Rightarrow 30x - 28x = 10$

$2x = 10 \Rightarrow x = 5$ km/h

69. दो व्यक्ति, 3 km/h और 3.75 km/h की चाल से एक निश्चित स्थान की ओर चलना शुरू करते हैं। बाद में पहुँचने वाला व्यक्ति, पहले पहुँचने वाले व्यक्ति से आधे घंटे बाद पहुंचता है, तो उनके द्वारा तय की जाने वाली दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 7.5 km (b) 6 km (c) 9.5 km (d) 8 km (a)

व्याख्या : $\frac{x}{3} - \frac{x}{3.75} = \frac{30}{60} \Rightarrow \frac{1.25x - x}{3.75} = \frac{1}{2}$

$0.25x = \frac{3.75}{2} \Rightarrow x = \frac{3.75}{0.25 \times 2} = 7.5$ Km

70. एक दूसरे की ओर चलने वाली दो रेलगाड़ियाँ, एक ही समय पर 250 km की दूरी पर स्थित दो स्टेशनों से चलना शुरू करती हैं। रेलगाड़ियों किसी एक स्टेशन से 130 km दूर किसी स्थान पर एक दूसरे से मिलती हैं। उनकी चालों का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 15 : 14 (b) 9 : 8 (c) 13 : 12 (d) 12 : 11 (c)

व्याख्या : $\frac{130}{x} = \frac{(250-130)}{y}$

$\frac{130}{x} = \frac{120}{y} \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{130}{120} = \frac{13}{12} \Rightarrow 13:12$

71. 45 km/hr की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी, 4 घंटों में कितने खंभों को पार कर लेगी? दिया गया है कि रेलमार्ग पर खंभे 50 m की दूरी पर स्थित हैं और रेलगाड़ी यात्रा के आरंभ में ही एक खंभे को पार कर लेती है। [RRB NTPC 2021]

(a) 3606 (b) 3636 (c) 3600 (d) 3601 (d)

व्याख्या : दूरी = चाल × समय = 45 × 4 = 180 किमी.

= 180 × 1000 मी. = 180000 मी.

खंभों की संख्या = $\frac{180000}{50} + 1 = 3601$

चाल = $\frac{\text{शेष दूरी}}{\text{शेष समय}} = \frac{4}{\frac{56}{60}\times\frac{1}{3}} = \frac{4\times3\times60}{56} = 12\frac{6}{7}$ km/h

55. P, 20 s में 300 m की दूरी तय कर सकता है और Q, 30 s में समान दूरी तय कर सकता है। यदि दोनों एक ही समय पर दौड़ना शुरू करते हैं, तो 4 s के बाद P, Q से कितना आगे होगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 30 m (b) 40 m (c) 60 m (d) 20 m **(d)**

☞ **व्याख्या :** P तथा Q के बीच की दूरी (P, Q से आगे)

= सापेक्ष चाल × समय = $\left(\frac{300}{20}-\frac{300}{30}\right)\times4$

= (15 – 10) × 4 = 5 × 4 = 20 m

56. मोहन प्रति सप्ताह 5 दिन स्कूल जाता है और उसके घर से स्कूल की दूरी 5 km है। इन पाँच दिनों में वह स्कूल के बाद बाजार जाता है, जो स्कूल से 3 km की दूरी पर स्थित है और फिर बाजार से वह 2.5 km पैदल चलकर अपने घर जाता है। सप्ताह के शेष 2 दिनों में मोहन औसतन 20 km पैदल चलता है। मोहन प्रति सप्ताह कितने km पैदल चलता है? [RRB NTPC 2021]

(a) 113.5 km (b) 92.5 km (c) 72.5 km (d) 93.5 km **(b)**

☞ **व्याख्या :** मोहन द्वारा प्रति सप्ताह चली गई दूरी

= 5 × 5 + 3 × 5 + 2. 5 × 5 + 20 × 2

= 25 + 15 + 12.5 + 40 = 92.5 km

57. एक बस की ठहराव रहित चाल 80 km/h है और बस की ठहराव सहित चाल 52 km/h है। प्रति घंटे बस कितने मिनट रुकती है? [RRB NTPC 2021]

(a) 25 मिनट (b) 45 मिनट (c) 30 मिनट (d) 21 मिनट **(d)**

☞ **व्याख्या :** प्रति मिनट रुकने की दर

= $\frac{\text{चालों में अंतर}}{\text{बिना रुके चाल}}\times60 = \frac{(80-52)}{80}\times60$

= $\frac{28}{80}\times60$ = 21 मिनट प्रति घंटे

58. एक बस अपनी वास्तविक चाल की $\frac{7}{8}$ चाल से चलते हुए 42 km की दूरी 1 h 16 min में तय करती है। बस की वास्तविक चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 48 km/h (b) 31 km/h
(c) 35 km/h (d) 37 km/h **(d)**

☞ **व्याख्या :** वास्तविक चाल = $\frac{42}{\frac{76}{60}}\times\frac{8}{7}$

= $\frac{42}{76}\times60\times\frac{8}{7}$ = 37.89 km/h

37.89 km/h ≈ 37 kmh

59. अपनी वास्तविक चाल की $\frac{5}{7}$ चाल से गतिमान एक बस 42 km की दूरी 1 h 40 min 48 s में तय करती है। बस की वास्तविक चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 25 km/h (b) 30 km/h
(c) $17\frac{6}{7}$ km/h (d) 35 km/h **(d)**

☞ **व्याख्या :** समय = 1 घंटा 40 मिनट 48 सेकंड

= $1+\frac{40}{60}+\frac{48}{60\times60} = 1+\frac{2}{3}+\frac{1}{75}$

= $\frac{75+50+1}{75} = \frac{126}{75} = \frac{42}{25}$ घंटे

चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{42}{\frac{42}{25}} = \frac{42}{42}\times25$ = 25 km/h

वास्तविक चाल = $\frac{25\times7}{5}$ = 35 km/h

60. एक व्यक्ति 32 km की दूरी तय करता है। 1 घंटे 20 मिनट के बाद उसने देखा कि उसके द्वारा तय की गई दूरी, शेष दूरी के $\frac{5}{7}$ के बराबर है। उसकी चाल km/hr में कितनी थी? [RRB NTPC 2021]

(a) 16 km/hr (b) 24 km/hr
(c) 10 km/hr (d) 12 km/hr **(c)**

☞ **व्याख्या :**



कुल दूरी = 32 km ⇒ $x = y\times\frac{5}{7} \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{5}{7} \Rightarrow 5:7$

∴ x दूरी = $32\times\frac{5}{12} = \frac{40}{3}$ km

चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{40}{3\times\frac{4}{3}}$ = 10 km/h (1 घंटा 20 मिनट = $\frac{4}{3}$ घंटे)

61. दो व्यक्ति A और B एक-दूसरे की ओर 10 km/h और 14 km/h की चाल से चल रहे हैं। उनके बीच की दूरी 24 km है। एक-दूसरे से मिलने में उनके द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 3 h (b) 2.5 h (c) 2 h (d) 1 h **(d)**

☞ **व्याख्या :** समय = $\frac{\text{बीच की दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}} = \frac{24}{(10+14)} = \frac{24}{24}$ = 1 घंटा

62. देवेश हर दिन अपने घर से सुबह 7 बजे निकलता है और सुबह 8:30 बजे ऑफिस पहुँचता है। एक दिन, वह अपने घर से सुबह 7 बजे निकला, लेकिन उसने दूरी का पाँचवां हिस्सा अपनी सामान्य गति के $\frac{5}{6}$ पर पूरा किया और बाकी दूरी को अपनी सामान्य गति के $\frac{6}{5}$ पर पूरा किया। उस दिन देवेश लगभग कितने बजे ऑफिस पहुँचा? [RRB NTPC 2021]

(a) सुबह 8 बजे (b) सुबह 8 : 36 बजे
(c) सुबह 8 : 21 बजे (d) सुबह 8 : 25 बजे **(c)**

☞ **व्याख्या :** दूरी = x, समय = t, चाल = s

कुल समय = 7:00 am से 8:30 am = 90 मिनट = $\frac{3}{2}$ घंटे

समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{x}{s} = \frac{3}{2}$ घंटे

ऑफिस पहुँचने में लगा कुल समय

व्याख्या : बस : रेलगाड़ी = 100 : 150 = 2 : 3 ⇒ $2x$, $3x$

$$\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{75}{2x} - \frac{75}{3x} = \frac{12.5}{60} \Rightarrow \frac{75}{6x} = \frac{125}{600} \Rightarrow x = 60$$

बस की चाल $= 2x = 2 \times 60 = 120$ km/h

46. A, B से दोगुना तेज है और B, C से तीन गुना तेज है। 54 मिनट में C द्वारा तय की गई दूरी A द्वारा कितने मिनटों में तय की जाएगी? [RRB NTPC 2021]

(a) 27 min (b) 9 min (c) 30 min (d) 18 min **(b)**

व्याख्या : A : B : C ⇒ क्षमता 6 : 3 : 1

$$A = \frac{\text{कुल कार्य}}{\text{क्षमता}} = \frac{54 \times 1}{6} = 9 \text{ मिनट}$$

47. राजू, कार्तिक से 300 m की दूरी पर खड़ा है। राजू दौड़ना शुरू करता है और कार्तिक उसका पीछा करता है। राजू और कार्तिक क्रमशः 10 km और 12 km प्रति घंटे की चाल से दौड़ते हैं। 6 मिनट के बाद उनके बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 100 m (b) 50 m (c) 150 m (d) 200 m **(a)**

व्याख्या : दूरी = सापेक्ष चाल × समय

$$= (12-10) \times \frac{5}{18} \times 6 \times 60 = 2 \times \frac{5}{18} \times 6 \times 60 = 200 \text{ मीटर}$$

6 मिनट बाद दोनों के बीच की दूरी = 300 – 200 = 100 m

48. दो कारें, शहर A से क्रमशः सुबह 8:30 बजे और सुबह 8:45 बजे शहर B के लिए निकलती है। ये कारें क्रमशः 45 km/h और 54 km/h की चाल से चलती है। शहर A से कितने किलोमीटर की दूरी पर दोनों कारें एक साथ होंगी? [RRB NTPC 2021]

(a) 55.2 (b) 67.5 (c) 45 (d) 40.5 **(b)**

व्याख्या : पहली कार द्वारा (8:30 से 8:45 तक) 15 मिनट में तय की गई दूरी

$$\text{दूरी} = \text{चाल} \times \text{समय} = 45 \times \frac{15}{60} = \frac{45}{4} \text{ km}$$

$$\text{दोनों कारों के मिलने का समय} = \frac{\text{बीच की दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}}$$

$$= \frac{\frac{45}{4}}{54-45} = \frac{45}{4 \times 9} = \frac{5}{4} \text{ घंटे}$$

शहर A से दूरी $= 54 \times \frac{5}{4} = 67.5$ km

49. 200 m की दौड़ में श्रुति 4 km/h की चाल से दौड़ती है। श्रुति तब दौड़ना शुरू करती है, जब वीना 18 m आगे निकल जाती है और फिर भी उसे 30 सेकंड से हरा देती है। वीना की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{7}{24}$ km/h (b) 3.12 km/h

(c) 3.12 km/h (d) 4.36 km/h **(b)**

व्याख्या : समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{200}{4 \times \frac{5}{18}} = \frac{200 \times 18}{4 \times 5} = 180$ सेकंड

श्रुति दौड़ 180 सेकंड में पूरा करती है।

वीना (200 – 18 = 182 मीटर) की दूरी 180 + 30 = 210 सेकंड में करती है।

वीना की चाल $= \frac{182}{210} \times \frac{18}{5} = 3.12$ km/h

50. एक छात्र साइकिल द्वारा 8 km/h की चाल से $\frac{3}{2}$ घंटे में स्कूल पहुँचता है। स्कूल से वापसी के दौरान वह आधे घंटे आराम करता है और 1 km छोटे रास्ते से जाता है। उसकी साइकिल की चाल में कितनी वृद्धि की जानी चाहिए, ताकि वह उसी समय पर घर पहुँच सके? [RRB NTPC 2021]

(a) 37% (b) 37.5% (c) 30.5% (d) 35% **(b)**

व्याख्या : दूरी = चाल × समय $= 8 \times \frac{3}{2} = 12$ km

नई चाल $= \frac{11}{1} = 11$ km/h

चाल में वृद्धि $= \frac{(11-8)}{8} \times 100 = \frac{3}{8} \times 100 = 37.5\%$

51. अपनी सामान्य चाल की $\frac{5}{6}$ चाल से चलते हुए अनीता को बस अड्डे तक पहुँचने में लगने वाले सामान्य समय से 2 मिनट अधिक समय लगता है। अनीता को बिना किसी विलंब के बस अड्डे तक पहुँचने में कितना समय लगेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 10 मिनट (b) 9 मिनट (c) 12 मिनट (d) 8 मिनट **(a)**

व्याख्या : सही समय $= \frac{5}{(6-5)} \times 2 = \frac{5}{1} \times 2 = 10$ मिनट

52. एक बैलगाड़ी के पहिए का व्यास $\frac{14}{11}$ m है। यह पहिया प्रतिमिनट दस चक्कर लगाता है। बैलगाड़ी की चाल km/h में ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 2.4 (b) 8.8 (c) 4.8 (d) 9.6 **(a)**

व्याख्या: चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{2\pi r \times n}{T} = \frac{2 \times 22 \times 7 \times 10}{7 \times 11 \times 1 \times 60} \times \frac{18}{5}$

$= 2.4$ km/h

53. एक बस और एक कार क्रमशः बिंदुओं x और y से चलना शुरू करती है और क्रमशः 60 km/h और 50 km/h की चाल से एक-दूसरे की ओर चलती है। उनके मिलने के समय तक बस ने कार से 50 km अधिक दूरी तय की थी। x और y के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 550 km (b) 500 km (c) 600 km (d) 450 km **(a)**

व्याख्या : मिलने में लगा समय $= \frac{\text{दूरी में अंतर}}{\text{चालों में अंतर}}$

$$= \frac{50}{60-50} = 5 \text{ घंटे}$$

x तथा y में बीच की दूरी = सापेक्ष चाल × समय

$= (60 + 50) \times 5 = 550$ km

54. एक व्यक्ति 8 km की दूरी को 56 मिनट में तय करता है। यदि वह आधी दूरी को कुल समय के दो-तिहाई भाग में तय कर लेता है, तो शेष दूरी को शेष समय में तय करने के लिए उसकी चाल (km/h में) कितनी होनी चाहिए? [RRB NTPC 2021]

(a) $12\frac{4}{7}$ (b) $12\frac{5}{7}$ (c) $2\frac{6}{7}$ (d) $12\frac{6}{7}$ **(d)**

व्याख्या : शेष (आधी) दूरी को शेष (एक तिहाई) समय में तय करने के लिए

87. एक गोली 0.2 सेकंड में 90 मीटर की दूरी तय करती है। इसकी चाल km/hr में ज्ञात कीजिए। **[ALP 2019]**

(a) 1,620 (b) 162 (c) 1,250 (d) 125 **(a)**

☞ **व्याख्या:** गोली की अभीष्ट चाल $= \frac{(\text{दूरी})}{(\text{समय})} = \frac{90}{0.2} \times \frac{18}{5} \frac{km}{h}$

$$\left[\because \frac{\text{मीटर}}{\text{सेकण्ड}} \times \frac{18}{5} = \frac{\text{किमी.}}{\text{घंटा}}\right]$$

अतः चाल $= \frac{18 \times 18}{0.2} = \frac{3240}{2} = 1620\, km/h$

88. दो गाड़ियाँ A और B शहर C से शहर D के लिए चलना शुरू करती है। यदि दोनों शहरों के बीच की दूरी 540 किमी. हो ओर 90 km/hr की औसत चाल से चल रही धीमी गति से चलने वाली गाड़ी को तेज गति से चलने वाली गाड़ी की तुलना में एक घंटे अधिक समय लगता है, तो तेज गति से चलने वाली गाड़ी की चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। **[ALP 2019]**

(a) 108 (b) 126 (c) 117 (d) 99 **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना तेज गति से चलने वाली गाड़ी की चाल x km/h है। अतः

$$\Rightarrow \frac{540}{90} - \frac{540}{x} = 1 \Rightarrow 6 - \frac{540}{x} = 1 \Rightarrow \frac{-540}{x} = -5$$

$$\Rightarrow 5x = 540 \Rightarrow x = 108\, km/h$$

89. एक ग्रह की परिधि 36,000 किमी है। यदि ग्रह कोई अन्य गति नहीं करता है और इसे एक पूर्ण घूर्णन में 20 घंटे का समय लगता है, तो उसकी मध्य रेखा (equator) पर स्थित एक बिंदु की गति ज्ञात कीजिए। **[ALP 2019]**

(a) 200 m/s (b) 300 m/s
(c) 400 m/s (d) 500 m/s **(d)**

☞ **व्याख्या :** अभीष्ट गति $= \frac{36000}{20} \frac{km}{h} = 1800 \times \frac{5}{18} \frac{m}{\text{sec}}$

$= 500\, m/\text{sec}.$

90. एक व्यक्ति अपनी सामान्य 4/5 चाल की चाल से चलने पर 15 मिनट देरी से पहुँचता है। उसी दूरी को तय करने में उसके द्वारा लिया जाने वाला सामान्य समय कितना है? **[ALP 2018]**

(a) 15 मिनट (b) 1 घंटा (c) 75 मिनट (d) 45 मिनट **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना उसकी सामान्य चाल x km/h हैं।
अतः प्रश्नानुसार–

$$\Rightarrow x \times ? = x \times \frac{4}{5} \times (?+15)$$

$$\Rightarrow 5 \times ? = 4 \times ? + 60 \Rightarrow ? = 60 \text{ मिनट या } 1 \text{ घंटा}$$

91. प्रनीत ने अपनी यात्रा दोपहर के 2 : 45 : 46 बजे शुरू की और वह गंतव्य पर शाम के 4 : 55 : 57 बजे पहुँचा। अनिल ने प्रनीत के 58 मिनट 40 सेकंड बाद यात्रा शुरू की और गंतव्य पर उसके 50 मिनट 29 सेकंड बाद पहुँच गया। अनित ने अपनी यात्रा पूरी करने में कितना समय लगाया? **[ALP 2018]**

(a) 2 घंटे 1 मिनट 12 सेकंड
(b) 1 घंटा 59 मिनट
(c) 2 घंटे 2 सेकंड
(d) 2 घंटे 2 मिनट **(d)**

☞ **व्याख्या:** अनिल द्वारा लगा अभीष्ट समय–

$\Rightarrow (4:55:57 + 0:50:29) - (2:45:46 + 0:58:40)$

$\Rightarrow 5:46:26 - 3:44:26$

$\Rightarrow 2:02:00$ या 2 घंटा 2 मिनट

92. कृष्णा ने 90 किलोमीटर की दूरी साइकिल से किसी गति से तय की। यदि उसे इस दूरी को 3 किलोमीटर प्रति घंटे कम की गति से तय किया होता तो उसे मंजिल तक पहुँचने में 5 घंटे ज्यादा समय लगता। कृष्णा की वास्तविक गति किलोमीटर प्रति घंटे में क्या थी? **[ALP 2018]**

(a) 9 (b) 15 (c) 7.5 (d) 18 **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना कृष्णा की वास्तविक गति x km/h हैं।

अतः $\Rightarrow \frac{90}{(x-3)} - \frac{90}{(x)} = 5$

यहाँ विकल्प से x का मान 9 रखने पर समीकरण संतुष्ट होगा।

93. एक ट्रेन 140 मीटर लम्बे प्लेटफॉर्म को 15 सेकंड में और 180 मीटर लम्बे प्लेटफॉर्म को 17 सेकंड में पार करती है ट्रेन की रफ्तार क्या हैं? **[ALP 2018]**

(a) 75 किलोमीटर प्रति घंटे
(b) 66 किलोमीटर प्रति घंटे
(c) 69 किलोमीटर प्रति घंटे
(d) 72 किलोमीटर प्रति घंटे **(d)**

☞ **व्याख्या:** यहाँ ट्रेन 40 मीटर अधिक लंबे प्लेटफार्म की वजह से 2 sec अधिक चलती है। अतः ट्रेन की चाल $= \frac{40}{2} \times \frac{18}{5}$

$= 72$ km/h

$$\left[\because \frac{\text{M}}{\text{sec}} \times \frac{18}{5} = \frac{\text{km}}{\text{h}}\right]$$

94. दो मित्र X और Y एक स्थान A से अपनी यात्रा शुरू करते हैं, X दक्षिण की ओर 20 किलोमीटर चलता है और Y पूर्व की ओर 15 किलोमीटर चलता है। X और Y के बीच सबसे कम दूरी.....है। **[ALP 2018]**

(a) 35 किलोमीटर (b) 25 किलोमीटर
(c) 45 किलोमीटर (d) 50 किलोमीटर **(b)**

☞ **व्याख्या:**



पाइथागोरस प्रमेय से–

$$AC = \sqrt{(AB)^2 + (BC)^2} \Rightarrow \sqrt{(20)^2 + (15)^2}$$

$\Rightarrow \sqrt{400 + 225} \Rightarrow \sqrt{625} = 25$ km

अतः X और Y के बीच सबसे न्यूनतम दूरी = 25 km

☞ **व्याख्या :** चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{2\pi r \times n}{5} = \frac{2\times 22\times 70\times 10}{7\times 100\times 5}$ m/s

$= 2\times\frac{22}{7}\times\frac{7\times 18}{5\times 5}$ km/h = 31.68 km/h

81. A और B एक साथ बिंदु X से ड्राइविंग शुरू करते हैं और बिंदु Y की ओर जाते हैं। X और Y के बीच की दूरी 60 km है। A की चाल, B से 4 km/h कम है। Y पर पहुँचने के बाद, B, Y से वापस लौटता है और Y से 12 km की दूरी पर स्थित एक बिंदु पर A से मिलता है। A की चाल ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) 16 km/h (b) 12 km/h (c) 8 km/h (d) 20 km/h **(c)**

☞ **व्याख्या :** $xy = 60$ km, A = x km/h, B = $(x+4)$ km/h

समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} \Rightarrow \frac{(60-12)}{x} = \frac{(60+12)}{x+4}$

$\frac{48}{x} = \frac{72}{x+4} \Rightarrow \frac{2}{x} = \frac{3}{x+4} \Rightarrow 2x+8 = 3x \Rightarrow x = 8$ km/h

A की चाल = 8 km/h

82. एक आदमी 4 h में 360 km की यात्रा करता है, जिसमें से कुछ दूरी वह हवाई जहाज से और कुछ दूरी रेलगाड़ी से तय करता है। यदि वह पूरी यात्रा हवाई जहाज से करता, तो वह रेलगाड़ी से की गई यात्रा में लगे समय का $\frac{4}{5}$ समय बचा लेता और अपने गंतव्य पर 2 h पहले पहुंच जाता। हवाई जहाज द्वारा की गई यात्रा में तय दूरी ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) 260 km (b) 290 km (c) 270 km (d) 280 km **(c)**

☞ **व्याख्या :** पूरी यात्रा हवाई जहाज द्वारा तय करने पर लगा समय = 4 – 2 = 2 घंटे

हवाई जहाज की चाल $= \frac{360}{2} = 180$ km/h

360 km की यात्रा को हवाई जहाज और रेलगाड़ी के तय करने पर 4 घंटे लगते हैं।

रेलगाड़ी $\times\frac{4}{5} = 2$ घंटे, रेलगाड़ी का समय $= 2\times\frac{5}{4} = 2.5$ घंटे

रेलगाड़ी से 2.5 घंटे यात्रा की जाती है।

यात्रा का कुछ भाग हवाई जहाज से तय करने पर लगा समय = 4 – 2.5 = 1.5 घंटे

हवाई जहाज से तय की गई दूरी = चाल × समय

= 180 × 1.5 = 270 km

83. सतीश एक कार को अपराहन 2 : 00 बजे भाड़े पर लेता है और 75 km/h की चाल से कार चलाते हुए रिजॉर्ट पाम बीच की ओर निकलता है, जो उसके घर से 800 km दूर है। वह अपराहन 3 : 00 बजे अपने पड़ौसी रमन को कॉल करता है और रिजॉर्ट आकार उससे मिलने के लिए कहता है। रमन तत्काल एक अन्य कार से 90 km/h की चाल से सतीश वाले मार्ग से होते हुए रिजॉर्ट की ओर निकलता है। रमन कितने बजे सतीश को पकड़ लेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) अपराहन 7 बजे (b) अपराहन 9 बजे

(c) अपराहन 8 बजे (d) अपराहन 8 : 30 बजे **(c)**

☞ **व्याख्या :** समय $= \frac{\text{बीच की दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}} = \frac{75}{(90-75)} = \frac{75}{15} = 5$ घंटे

∴ समय = 3 : 00 + 5h = 8 बजे

84. एक आदमी को पैदल किसी स्थान तक जाने और गाड़ी से उस स्थान से वापस आने में 5 h 45 min मिनट का समय लगता है। यदि वह दोनों तरफ गाड़ी से जाता, तो उसे 2 h कम समय लगता। यदि वह दोनों तरफ पैदल जाता है, उसे इस यात्रा में कितना समय लगेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 11 h 30 min (b) 11 h 45 min

(c) 7 h 30 min (d) 7 h 45 min **(d)**

☞ **व्याख्या :** दोनों तरफ पैदल जाने में लगा समय

= पैदल और गाड़ी से जाने में लगा समय + समय में अंतर

= 5 h 45 min + 2h = 7h 45 min

85. परवेज प्रतिदिन 6 pm पर अपने कार्यालय से निकलता है और 7 : 30 pm पर घर पहुँच जाता है। एक दिन वह 6 pm पर अपने कार्यालय से निकला, लेकिन उसने अपनी सामान्य चाल की $\frac{4}{5}$ चाल से एक चौथाई दूरी तय की। यदि परवेज समय पर घर पहुँचने में सफल हुआ, तो उसने यात्रा के शेष भाग को अपनी सामान्य चाल के कितने गुना तय किया?

RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{16}{15}$ (b) $\frac{10}{9}$ (c) $\frac{12}{11}$ (d) $\frac{6}{5}$ **(c)**

☞ **व्याख्या :** माना कि दूरी = 60 km

चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{60}{1.5} = 40$ km/h

एक चौथाई दूरी $= 60\times\frac{1}{4} = 15$ km

$\frac{4}{5}$ चाल $= 40\times\frac{4}{5} = 32$ km/h

समय $= \frac{15}{32}$, शेष समय $= \frac{3}{2} - \frac{15}{32} = \frac{33}{32}h$

नई चाल $= \frac{45}{\frac{33}{32}} = \frac{45\times 32}{33}$

सामान्य चाल से तुलना करने पर

$\frac{45\times 32}{33\times 40} = \frac{12}{11}$ गुना

86. P, 25 s में 250 m दौड़ सकता है और Q उतनी ही दूरी 30 s में दौड़ सकता है। यदि दोनों एक ही समय पर दौड़ना शुरू करते हैं, तो 4.5 s के बाद P, Q से कितना आगे होगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 7.5 m (b) 8.4 m (c) 9.6 m (d) 6.9 m **(a)**

☞ **व्याख्या :** Q से P की दूरी = सापेक्ष चाल × समय

$= \left(\frac{250}{25} - \frac{250}{30}\right)\times 4.5 = \left(10 - \frac{25}{3}\right)\times 4.5 = \frac{5}{3}\times 4.5 = 7.5$ m

72. एक घड़ी की मिनट की सुई 1.5 cm लंबी है। इसकी नोक 40 मिनट में कितनी दूरी तय करेगी? [RRB NTPC 2021] ($\pi = 3.14$ मान लें)

(a) 6.0 cm (b) π cm
(c) 6.28 cm (d) 2π cm **(c)**

☞ **व्याख्या :** मिनट की सुई द्वारा 40 मिनट में केन्द्र पर बना कोण $= 40 \times 6 = 240°$

दूरी $= 2\pi r\frac{\theta}{360} = 2\times3.14\times1.5\times\frac{240}{360} = 6.28$ cm.

73. A, B और C सभी एक ही स्थान से अपनी यात्रा शुरू करते हैं और तीनों समान रास्ते से जाते हैं। हालांकि A, 60 km/h की चाल से, B, 75 km/h की चाल से और C, 80 km/h की चाल से यात्रा करता है। इसके अलावा A, B से पाँच घंटे पहले यात्रा शुरू करता है। यदि यात्रा के दौरान B और C दोनों एक ही समय पर A से आगे निकलते हैं, तो A द्वारा यात्रा शुरू करने के कितनी देर बाद C ने यात्रा शुरू की? [RRB NTPC 2021]

(a) 6 घंटा 12 मिनट (b) 6 घंटा 30 मिनट
(c) 6 घंटा 15 मिनट (d) 6 घंटा 25 मिनट **(c)**

☞ **व्याख्या :** B द्वारा A को पकड़ने में लगा समय

$= \frac{\text{बीच की दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}} = \frac{60\times5}{(75-60)} = \frac{300}{15} = 20$ घंटे

C द्वारा A को पकड़ने में लगा समय $= \frac{\text{बीच की दूरी}}{\text{C की चाल}} = \frac{60\times25}{80}$

$= \frac{75}{4}$ घंटे $= 18$ घंटे 45 मिनट

C द्वारा यात्रा शुरू करने का समय $= 25$ घंटे $- 18$ घंटे 45 मिनट
$= 6$ घंटे 15 मिनट

74. यदि एक रेलगाड़ी 42 km/h की औसत चाल से चलती है, तो वह एक निश्चित दूरी को 45 min में तय करती है। इस यात्रा में लगने वाले समय को घटाकर 35 min करने के लिए रेलगाड़ी को किस चाल से चलाया जाना चाहिए? [RRB NTPC 2021]

(a) 52.5 km/h (b) 49 km/h
(c) 52 km/h (d) 54 km/h **(d)**

☞ **व्याख्या :** दूरी $=$ चाल $\times$ समय $= 42\times\frac{45}{60} = 31.5$ Km

नयी चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{31.5}{35}\times60 = 54$ Km/h

75. एक साइकिल चालक द्वारा एक निश्चित दूरी (d) एक निश्चित चाल से तय की जाती है। यदि एक जॉगर उससे दोगुने समय (t) में उससे आधी दूरी तय करता है, तो साइकिल चालक की चाल और जॉगर की चाल का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 3 : 4 (b) 2 : 1
(c) 4 : 1 (d) 1 : 2 **(c)**

☞ **व्याख्या :** साईकिल चालक की चाल : जॉगर की चाल

समय	1	:	4
चाल	4	:	1

76. दो धावक क्रमशः 15 km/h और 16 km/h की चाल से समान दूरी तय करते हैं। यदि एक को दूसरे की तुलना में 16 min अधिक समय लगता है, तो तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 64 km (b) 60 km (c) 62 km (d) 63 km **(a)**

☞ **व्याख्या :** $16\times t = 15\times(t+16) \Rightarrow 16t = 15t + 240$

$t = 240$ min, $t = 4$ घंटे, दूरी $=$ चाल $\times$ समय $= 16\times4 = 64$ km

77. दो रेलगाड़ियों की चालों का अनुपात 7 : 5 है। यदि दूसरी रेलगाड़ी 4 h में 400 km की दूरी तय करती है, तो पहली रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 142 km/h (b) 145 km/h
(c) 148 km/h (d) 140 km/h **(d)**

☞ **व्याख्या :** दूसरी रेलगाड़ी की चाल $= \frac{400}{4} = 100$ km/h

चालों में अनुपात $= 7 : 5$

पहली रेलगाड़ी की चाल $= 100\times\frac{7}{5} = 140$ km/h

78. एक बुलेट ट्रेन की चाल, किसी इलेक्ट्रिक ट्रेन से 35% अधिक है। यदि इलेक्ट्रिक ट्रेन को एक नियत दूरी तय करने में 3 h 45 min का समय लगता है, तो बुलेट ट्रेन को वही दूरी तय करने में कितना समय लगेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) $7\frac{2}{9}$ h (b) $2\frac{5}{9}$ h (c) $12\frac{7}{9}$ h (d) $2\frac{7}{9}$ h **(d)**

☞ **व्याख्या :** बुलेट ट्रेन : इलेक्ट्रिक ट्रेन
चाल $135 : 100 \Rightarrow 27 : 20$

समय $\boxed{20:27}$

बुलेट ट्रेन द्वारा वही दूरी तय करने में लिया गया

समय $= 225\times\frac{20}{27}$ min ($\because$ 3h 45 min $= 225$ min)

$= \frac{500}{3}$ min $= \frac{500}{3\times60}h = 2\frac{7}{9}h$

79. कोहरे में एक सामान ढोने वाली गाड़ी एक व्यक्ति को पार करती है, जो गाड़ी की दिशा में 3 km/h की चाल से चल रहा है। वह उस गाड़ी को 4 min तक देख सकता है और वह इसे 100 m की दूरी तक ही देख सकता है। गाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 5 km/h (b) 4.5 km/h
(c) 6 km/h (d) 5.5 km/h **(b)**

☞ **व्याख्या :** दूरी $=$ सापेक्ष चाल $\times$ समय

$100 = (x-3)\times\frac{5}{18}\times4\times60 \Rightarrow 300 = (x-3)\times200$

$3 = 2x - 6 \Rightarrow x = \frac{9}{2} = 4.5$ Km/h

80. एक पहिए की त्रिज्या 70 cm है। यह पहिया एक निश्चित दूरी तय करते हुए 5 सेकंड में 10 चक्कर घूमता है। पहिए की चाल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 29.6 km/h (b) 36.25 km/h
(c) 31.68 km/h (d) 32.72 km/h **(c)**

28 रेलगाड़ी [Train]

1. एक 210 m लंबी रेलगाड़ी, सम्मुख दिशा से 4.5 km/h की चाल से आ रहे एक व्यक्ति को 12 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D-2022]

(a) 58.5 (b) 59.5 (c) 61.5 (d) 60.5 **(a)**

☞ **व्याख्या :** चाल(व्यक्ति + रेल) $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

माना रेल की चाल x km/h है।

$(4.5+x) = \frac{210}{12} \times \frac{18}{5}$ $\left[\because \frac{\text{m}}{\text{sec}} \times \frac{18}{5} = \frac{\text{km}}{\text{h}}\right]$

$(4.5+x) = 63$

$x = 63 - 4.5 = 58.5$

2. 54 km/h की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी 90 m लंबे प्लेटफॉर्म को 60 सेकंड में पार करती है। उस रेलगाड़ी को एक बिजली के खंभे को पार करने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D-2022]

(a) 60 सेकंड (b) 48 सेकंड
(c) 58 सेकंड (d) 54 सेकंड **(d)**

☞ **व्याख्या :** 54 km/h को $\frac{5}{18}$ से गुणा करने पर–

चाल = 15 m/sec होंगी।

$\Rightarrow$ (रेलगाड़ी की लम्बाई + 90) = चाल × समय

$\Rightarrow (x+90) = 15 \times 60 \Rightarrow x = 900 - 90 \Rightarrow x = 810m$

अतः खम्भे को पार करने का समय $= \frac{810m}{15m/\text{sec}} = 54\,\text{sec}$

3. दो ट्रेनें P और Q, जिनकी लंबाई क्रमशः 300 m और 340 m है, एक-दूसरे की ओर चल रही हैं। यदि P और Q क्रमशः 35 m/s और 45 m/s की चाल से चल रही हैं, तो वे एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लेंगी?
[RRB Group D-2022]

(a) 8 सेकंड (b) 7 सेकंड (c) 9 सेकंड (d) 8.5 सेकंड **(a)**

☞ **व्याख्या :** समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} \Rightarrow \frac{300+340}{35+45} \Rightarrow \frac{640}{80} \Rightarrow 8\,\text{sec}$

4. एक 725 m लंबी रेलगाड़ी 48 सेकंड में 235 m लंबी सुरंग को पार कर जाती है। रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D 2022]

(a) 66 km/h (b) 82 km/h (c) 72 km/h (d) 54 km/h **(c)**

☞ **व्याख्या :** चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{(725+235)M}{(48)\text{sec}}$

$\left(\because \frac{M}{\text{sec}} \times \frac{18}{5} = \frac{km}{h}\right)$

$\Rightarrow \frac{960m}{48\text{sec}} \times \frac{18}{5} = 72\,km/h$

5. समान लंबाई वाले दो रेल इंजन, समान दिशा में 18 km/h और 36 km/h की चाल से चल रहे हैं। यदि तेज चाल से गतिमान इंजन, धीमी चाल से गतिमान इंजन को 8 sec में पार करता है, तो प्रत्येक रेल इंजन की लंबाई कितनी है?
[RRB Group D 2022]

(a) 10 m (b) 25 m (c) 20 m (d) 30 m **(c)**

☞ **व्याख्या :** माना प्रत्येक इंजन की लम्बाई x मीटर है।

$\left\{\because \frac{km}{h} \times \frac{5}{18} = \frac{M}{\text{sec}}\right\}$

$\Rightarrow$ दूरी = सापेक्ष चाल × समय $\Rightarrow 2x = 18 \times \frac{8}{18} \times 8$

$\Rightarrow 2x = 40 \Rightarrow x = 20M$

6. समान लंबाई की दो रेलागडियाँ 46 km/h और 36 km/h की चाल से समानांतर पटरियों पर समान दिशा में चल रही है। तेज रेलगाड़ी, धीमी रेलगाड़ी को 36 सेकंड में पार करती हैं इन दोनों रेलागड़ियों की सापेक्ष चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D 2022]

(a) $\frac{25}{9}$ (b) $\frac{25}{7}$ (c) $\frac{25}{8}$ (d) $\frac{25}{18}$ **(a)**

☞ **व्याख्या:** सापेक्ष चाल = 46 – 36 = $10 \times \frac{5}{18} = \frac{25}{9}$ m/sec.

7. 320 m और 380 m लंबी दो एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ एक ही समय पर अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होती हैं। इनकी चालें क्रमशः 84 km/h और 42 km/h है। तेज चाल से चलने वाली रेलगाड़ी, धीमी चाल से चलने वाली रेलगाड़ी को कितने सेकंड में पार करेगी? [RRB Group D 2022]

(a) 45 सेकंड (b) 120 सेकंड
(c) 60 सेकंड (d) 50 सेकंड **(c)**

☞ **व्याख्या:** $\Rightarrow$ समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$ | सापेक्ष चाल $\Rightarrow$ (84 – 42) km/h

$\Rightarrow$ समय $= \frac{320+380}{\frac{35}{3}}$ | $\Rightarrow 42 \times \frac{5}{18} = \frac{35}{3}$

$\Rightarrow$ समय $= 700 \times \frac{3}{35} = 60$ sec.

8. दो रेलगाड़ियाँ एक ही समय पर क्रमशः स्टेशन A और स्टेशन B से, क्रमशः 60 km/h और 40 km/h की चाल से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करती हैं। जिस समय वे एक-दूसरे से मिलती हैं, उस समय तक तेज चलने वाली रेलगाड़ी, धीमे चलने वाली रेलगाड़ी से 60 km अधिक की दूरी तय कर चुकी होती है। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी कितनी है?
[RRB Group D 2022]

(a) 300 km (b) 420 km (c) 450 km (d) 360 km **(a)**

103. अपूर्वा, 10 किमी./घंटा, 20 किमी./घंटा तथा 6 किमी./घंटा के अलग-अलग गति से बराबर दूरियाँ तय करती है तथा उसे इस यात्रा को पूर्ण करने में कुल 19 मिनट का समय लगता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी है ?
RRB RPF Constable – 18/01/2019 (Shift –III)
(a) 3 (b) 1 (c) 2 (d) 4 **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना कुल दूरी = 3D km
समय = 19 मि.

$$\therefore \text{ प्रश्नानुसार } \frac{19}{60}=\frac{D}{10}+\frac{D}{20}+\frac{D}{6}$$

$$\frac{19}{60}=\frac{6D+3D+10D}{60} \Rightarrow 19\,D = 19 \Rightarrow D = 1 \text{ km.}$$

अतः कुल दूरी = 3D = 3 × 1 = 3 km.

104. एक व्यक्ति साइकिल से 15 kmph की रफ्तार से छात्रावास से कॉलेज को जाता है और 4.5 मिनट की देरी से पहुँचता है, यदि वो 20 kmph की रफ्तार से साइकिल चलाता है तो 4.5 मिनट पहले पहुँच जाता है। छात्रावास और कॉलेज के बीच की दूरी बताइए। [RRB RPF SI-2019]
(a) 8 (b) 6 (c) 9 (d) 7 **(c)**

☞ **व्याख्या:** अनुपात = 164 : 141

$$\left(\frac{15\times20}{20-15}\right)\times\frac{9}{60}=\frac{45}{5}=9$$

105. एक व्यक्ति एक समबाहु त्रिभुजाकार मैदान की सतह पर 16 kmph, 24 kmph और 12 kmph की गति से यात्रा करता है, सम्पूर्ण यात्रा की औसत गति ज्ञात कीजिए। (kmph में) [RRB RPF SI-2019]
(a) 16 (b) 17 (c) 15 (d) 18 **(a)**

☞ **व्याख्या:** समबाहु त्रिभुज की तीनों भुजाएँ समान होती है।



$$\text{औसत चाल} = \frac{3\times48}{9} = 16 \text{ kmph}$$

106. शीला अपनी सामान्य गति के (20/21) वें गति से चलकर एक निश्चित दूरी सामान्य गति में लगने वाले समय से 6 मिनट अधिक में तय कर पाती है, वह निश्चित दूरी तय करने में उसके द्वारा लगाने वाले सामान्य समय की गणना कीजिये। [RRB RPF SI-2019]
(a) 130 (b) 120 (c) 140 (d) 150 **(b)**

☞ **व्याख्या:** गति में अनुपात = 21 : 20
समय में अनुपात = 20 : 21 ⇒ 1 = 6
सामान्य समय = 20 × 6 = 120 मिनट

107. एक व्यक्ति साइकिल से 36 kmph की रफ्तार से छात्रावास से कॉलेज को जाता है और 7 मिनट की देरी से पहुँचता है। यदि वो 45 kmph की रफ्तार से साइकिल चलाता है तो 5 मिनट पहले पहुँच जाता है। छात्रावास और कॉलेज के बीच की दूरी बताएँ। [RRB RPF SI-2019]
(a) 42 km (b) 32 km (c) 39 km (d) 36m **(d)**

☞ **व्याख्या:** दूरी = $\frac{x\times y}{y-x}$ × समय (अंतर) = $\frac{36\times45}{9}=12$
= 36 km

108. एक व्यक्ति एक समबाहु त्रिभुजाकार मैदान की सतह पर 24 kmph, 36 kmph और 72 kmph की गति से यात्रा करता है तो उसकी औसत गति ज्ञात कीजिये। [RRB RPF SI-2019]
(a) 45 kmph (b) 24 kmph
(c) 30 kmph (d) 36 kmph **(d)**

☞ **व्याख्या:** दूरी समान है।



$$\text{औसत चाल} = \frac{3\times72}{6} = 36 \text{ kmph}$$

109. 1000 km की दूरी तय करने में विक्की और राकेश की समय का अनुपात 29 : 23 है। उनकी चालों का अनुपात बताएँ। [RRB RPF SI-2019]
(a) 23 : 29 (b) 24 : 29
(c) 29 : 31 (d) 27 : 29 **(a)**

☞ **व्याख्या:** समय में अनुपात = 29 : 23,
चालों में अनुपात = 23 : 29

❑❑❑

95. एक साइकिल सवार 5 मिनट में 500 मीटर की दूरी तय करता है। यदि साइकिल सवार इसी गति को बरकरार रखता है तो वह आधे घंटे में कितनी दूरी (किलोमीटर में) तय करेगा? [ALP 2018]
(a) 6 (b) 3000 (c) 3 (d) 30 (c)

☞ **व्याख्या:** अभीष्ट दूरी $= 500 \times \frac{30}{5} = 3000$ मीटर

या $\frac{3000}{1000} km = 3 km$

96. पृथ्वी राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली जा रही है जो छः मिनट की देरी से चल रही हैं। ड्राइवर इसकी गति को 4 km/hr बढ़ाता है। ऐसा करने से ट्रेन अगले स्टेशन जोकि 36 km दूर है, पर समय से पहुँचती है। ट्रेन की वास्तविक गति ज्ञात कीजिए? RRB RPF Constable – 17/01/2019 (Shift –I)
(a) 20 km/hr (b) 26 km/hr
(c) 36 km/hr (d) 30 km/hr (c)

☞ **व्याख्या:** माना ट्रेन की गति = x km/h, दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी = 36 km.

प्रश्नानुसार – $\frac{36}{x+4} = \frac{36}{x} - \frac{6}{60}$ (समय = दूरी/चाल से)

$\Rightarrow 36\left(\frac{1}{x} - \frac{1}{x+4}\right) = \frac{1}{10} \Rightarrow 36\left(\frac{x+4-x}{x(4+x)}\right) = \frac{1}{10}$

$\Rightarrow 36 \times 4 \times 10 = x^2 + 4x \Rightarrow x^2 + 4x - 1140 = 0$
$\Rightarrow x^2 + 40x - 36x - 1440 = 0$
$\Rightarrow x(x + 40) - 36(x + 40) = 0$
$\Rightarrow (x + 40)(x - 36) = 0$
$\therefore x = 36$ km/h

97. मार्क को 70 km/h की गति से चलने वाली एक रेलगाड़ी या 48 km/h की गति से चलने वाली बस, अथवा परिवहन के इन दोनों माध्यमों का उपयोग कर, 4.5 घंटे में 260 km की यात्रा करनी थी। उसकी बस से तय की गई यात्रा का समय ज्ञात करें।
RRB RPF Constable – 25/01/2019 (Shift –III)
(a) 2 घंटे (b) 1 घंटे
(c) 1 घंटा 30 मिनट (d) 2 घंटे 30 मिनट (d)

☞ **व्याख्या:** रेलगाड़ी बस
70×4.5 48×4.5



$= 4 : 5$

बस का समय $= \frac{5}{9} \times 4.5 = 2\frac{1}{2}$ घंटे

98. एक वस्तु 4s में 10m और फिर 2s में 14 m की यात्रा करती है। वस्तु की औसत गति कितनी है ?
RRB RPF Constbale -25/01/2019 (Shift –III)
(a) 4 s^{-1} (b) 4 m
(c) 4.5 ms^{-1} (d) 4 ms^{-1} (d)

☞ **व्याख्या:** औसत गति (चाल) $= \frac{(10+14)\,m}{(4+2)\,sec} = \frac{24}{6} = 4 ms^{-1}$

अतः वस्तु की औसत गति 4 ms^{-1} है।

99. एक वस्तु 3 sec. में 23m और फिर 2 sec. में 15m की यात्रा करता है। वस्तु की औसत चाल क्या है ?
RRB RPF Constable -22/01/2019 (Shift –II)
(a) 7.6 ms^{-1} (b) 7.6 s^{-1}
(c) 7.6 m (d) 8.0 ms^{-1} (a)

☞ **व्याख्या:** औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}} = \frac{23+15}{3+2} ms^{-1}$

$= \frac{38}{5} = 7.6$

100. राही को 8 घंटे में 360 km की यात्रा करनी पड़ी। यात्रा के दौरान, उन्होंने 60 km/hr की औसत गति से यात्रा की, लेकिन बीच में दो ब्रेक लिए, लंबे समय का ब्रेक कम समय वाले ब्रेक से दोगुना हो गया। कितने मिनट के लिए छोटा ब्रेक लिया गया था? RRB RPF Constable – 22/01/2019 (Shift –III)
(a) 30 (b) 45 (c) 40 (d) 35 (c)

☞ **व्याख्या:** $\frac{360}{60} = 6$ घंटे, अन्तर = 8 – 6 = 2 घंटे या 120 मिनट

समय का अनुपात = 2 : 1

$\therefore$ कम समय $= \frac{1}{3} \times 120 = 40$

अतः छोटे ब्रेक के दौरान लिया गया समय x = 40 मिनट।

101. हेमा एक निश्चित दूरी तक पैदल जाने तथा साइकिल से वापस आने में 9 घण्टे 55 मिनट का समय लेती है। वह उसी दूरी तक पैदल जाने तथा पैदल आने में 12 घण्टे 30 मिनट का समय लेती है। दोनों तरफ से साइकिल से जाने तथा साइकिल से वापस आने में कितना समय लगाती है ?
RRB RPF Constable – 24/01/2019 (Shift –III)
(a) 7 hour 20 min (b) 7 hour 15 min
(c) 7 hour 35 min (d) 7 hour 45 min (a)

☞ **व्याख्या:** साइकिले आने–जाने में लगा समय = 2 (9 : 55) – 12 : 30
$\Rightarrow$ 19 : 50 – 12 : 30 = 7 : 20 या 7 घण्टे 20 मिनट

102. सिंधु $20\frac{2}{3}$ km की दूरी $7\frac{3}{4}$ घंटे में पैदल तय करती है, तो उसने प्रति घंटे कितने किमी. की दूरी तय की ?
RRB RPF Constable – 20/01/2019 (Shift –II)
(a) $\frac{2}{3}$km (b) $3\frac{2}{3}$km (c) 4 km (d) $2\frac{2}{3}$km (d)

☞ **व्याख्या:** सिन्धु द्वारा तय की गयी दूरी $= 20\frac{2}{3} km = \frac{62}{3} km$

तथा समय $= 7\frac{3}{4}$ घण्टा $= \frac{31}{4}$ घण्टा

$\therefore$ चाल $= \frac{\frac{62}{3}}{\frac{31}{4}} \Rightarrow \frac{62}{3} \times \frac{4}{31} = \frac{8}{3} km/hr = 2\frac{2}{3} km/hr$

☞ **व्याख्या :** चालों में अनुपात = 2 : 3 : 5;

समय में अनुपात = $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{5}$

26. एक व्यक्ति ने स्टीमर से 120 km, रेलगाड़ी से 450 km और घोड़े से 60 km की यात्रा की। इसमें 13 h 30 min का समय लगा। यदि रेलगाड़ी की चाल घोड़े से 3 गुनी और स्टीमर से 1.5 गुनी है, तो रेलगाड़ी की चाल ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 62 km/h (b) 65 km/h
(c) 60 km/h (d) 64 km/h **(c)**

☞ **व्याख्या :**

	स्टीमर	:	रेलगाड़ी	:	घोड़ा
चाल	2	:	3	:	1
समय	120/2	:	450/3	:	60/1
⇒	60	:	150	:	60

2 : 5 : 2

रेलगाड़ी का समय = $13\frac{1}{2}\times\left(\frac{5}{6}\right)=\frac{27}{2}\times\frac{5}{9}=\frac{15}{2}$ घंटे

रेलगाड़ी की चाल = $\frac{450}{15/2}=60$ km/h

6. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पाइथागोरस त्रिक (Pythagorean triplet) को निरूपित करता है?
[RRB Group D-2022]
(a) 15, 224, 223 (b) 20, 99, 101
(c) 12, 143, 150 (d) 10, 99, 111 **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$AC^2 = AB^2 + BC^2$
$(101)^2 = (20)^2 + (99)^2 \Rightarrow 10201 = 400 + 9801$
$10201 = 10201$
अतः (20, 99, 101) पाइथागोरस त्रिक बनाता है।

7. सीधी रेखाएँ *l* और m एक-दूसरे के समांतर है। बिन्दु A और B रेखा *l* पर स्थित हैं, बिन्दु C और D रेखा m पर स्थित है, तथा E एक ऐसा बिन्दु है, जो सीधी रेखाओं *l* और m के बीच स्थित है, ये सभी इस प्रकार हैं कि $m\angle EAB = 50°$ और $m\angle ECD = 70°$ है। $\angle AEC$ का माप ज्ञात कीजिए, यदि बिन्दु A और C, बिन्दु E के एक ही ओर स्थित है।
[RRB Group D-2022]
(a) 70° (b) 120° (c) 60° (d) 100° **(b)**

☞ **व्याख्या :**



रचना
अतः *l* तथा *m* के समान्तर E से गुजरने वाली एक कच्ची रेखा खींचते हैं।
अतः $\angle AEC = 50 + 70 = 120°$

8. दी गई आकृतियों (आकृतियाँ मापनीय नहीं है) में, समरूपता की इनमें से किस शर्त के आधार पर ΔPQR, ΔXYZ के समरूप है, जहाँ S - भुजा और A - कोण है?
[RRB Group D-2022]



(a) SSS (b) AAA (c) AAS (d) SAS **(a)**

☞ **व्याख्या :** यहाँ ΔPQR तथा ΔXYZ की तीनों भुजाएँ एक-दूसरे के समानुपाती हैं। अतः कसौटी द्वारा समरूप हैं।

☞ **व्याख्या :**



यहाँ $\angle P + \angle Q = 180^\circ$

[क्योंकि समान्तर चतुर्भुज की एक ही भुजा पर बने दोनों कोणों का योग 180° होता है]

$\Rightarrow \frac{\angle P}{2} + \frac{\angle Q}{2} = 90^\circ$

अतः ΔPTQ में दो कोणों का योग 90 है। तो शेष कोण $\angle PTQ = 90^\circ$ होगा।

19. दी गई आकृति में, त्रिभुज ABC, त्रिभुज ADE के समरूप हैं यदि त्रिभुज ADE का क्षेत्रफल = 18 cm² है, तो त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]



(a) 90 cm² (b) 50 cm² (c) 45 cm² (d) 55 cm² **(b)**

☞ **व्याख्या :**



ΔADE का क्षे. = 18 cm²

∵ त्रिभुज ABC, त्रिभुज ADE के समरूप है–

$\therefore \frac{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta ADE \text{ का क्षेत्रफल}} = \frac{(AB)^2}{(AD)^2}$

$\frac{x}{18} = \frac{(5)^2}{(3)^2}$

$\Rightarrow \frac{x}{18} = \frac{25}{9} \Rightarrow x = 50 \text{ cm}^2$

20. दी गई आकृति में, ABCD और APQR दो समांतर चतुर्भुज है। यदि APQ = 100° है, तो CDR ज्ञात करें। [RRB Group D 2022]



(a) 80° (b) 100° (c) 36° (d) 40° **(a)**

☞ **व्याख्या:** यदि दो समान्तर रेखाएँ के बीच अन्तः कोण का योग = 180 होता है इसलिए

$\angle P + \angle A = 180$

$100 + \angle A = 180$

$\angle A = 80^\circ$

संगत कोण से

$\angle A = \angle D$

$\angle D = 80^\circ$

21. ΔABC में, D पर $AD \perp BC$ है, E पर $BE \perp AC$ है, और AD और BE बिन्दु F पर (त्रिभुज के अंतः क्षेत्र में) प्रतिच्छेदित करते है। यदि BF = AC है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है। [RRB Group D 2022]

(a) $\Delta CAD \cong \Delta DFB$ (b) $\Delta CAD \cong \Delta FBD$

(c) $\Delta CAD \cong \Delta DFB$ (d) $\Delta CAD \cong \Delta BFD$ **(b)**

☞ **व्याख्या :**



सर्वांगसम त्रिभुज में सभी बराबर है

इसी प्रकार–

$\Delta CAD \cong \Delta FBD$

तब BF = AC

22. वह समांतर चतुर्भुज, जिसकी सभी भुजाएँ समान हों और विकर्ण असमान हों, ... कहलाता है। [RRB Group D 2022]

(a) पतंग (b) समचतुर्भुज

(c) वर्ग (d) आयत **(b)**

☞ **व्याख्या:** ऐसा समान्तर चतुर्भुज जिसकी सभी भुजाएँ समान तथा विकर्ण असमान हो, उसे समचतुर्भुज कहते है।

23. यदि ΔABC इस प्रकार ΔDEF के समरूप है कि 2AB = DE और BC = 8 cm है, तो EF किसके बराबर है? [RRB Group D 2022]

(a) 8 cm (b) 4 cm (c) 16 cm (d) 12 cm **(c)**

☞ **व्याख्या :**



यहाँ $\Delta ABC \sim \Delta DEF$ दिया है।

तो अतः $\frac{AB}{DE} = \frac{BC}{EF}$

$\Rightarrow \frac{x}{2x} = \frac{8}{?} \Rightarrow ? \times x = 2x \times 8 \Rightarrow ? = 16 \text{ cm}$

24. यदि, चतुर्भुज ABCD में, कोणों A, B, C और D के माप 2 : 3 : 5 : 6 के अनुपात में हैं, तो यह चतुर्भुज एक ..... होगा। [RRB Group D 2022]

(a) पतंग (b) समांतर चतुर्भुज

(c) वर्ग (d) समलंब **(d)**

☞ **व्याख्या :**



समलम्ब चतुर्भुज होगा क्योंकि $\angle A + \angle D = \angle C + \angle B$ हो रहा है।

9. **यदि एक समबहुभुज में 65 विकर्ण हैं, तो उसके अंतःकोणों का योग ज्ञात कीजिए।** **[RRB Group D-2022]**
(a) 1440° (b) 1980° (c) 1800° (d) 1620° **(b)**

व्याख्या : $\left[\because \text{विकर्णों की संख्या} = \frac{n\times(n-3)}{2}\right]$

अतः

$\Rightarrow \frac{n(n-3)}{2} = 65$

$\Rightarrow n(n-3) = 130$ $(\because 13\times 10)$

अतः यहाँ n का मान 13 होगा।

अब अंतः कोणों का योग $= (n-2)\times 180^o$

$\Rightarrow (13-2)\times 180^o$

$\Rightarrow 11\times 180^o \Rightarrow 1980^o$

10. **यदि एक त्रिभुज का एक कोण, अन्य दो कोणों के योग के बराबर है, तो त्रिभुज ..... है।** **[RRB Group D-2022]**
(a) समद्विबाहु त्रिभुज (b) समकोण त्रिभुज
(c) समबाहु त्रिभुज (d) अधिक कोण त्रिभुज **(b)**

व्याख्या :



$\Rightarrow \angle A + \angle B + \angle C = 180^o$ (हम जानते है) ...(i)

$\Rightarrow \angle A + \angle B = \angle C$ (दिया है) ...(ii)

अतः समी. (i) में समी. (ii) का मान रखने पर–

$\Rightarrow 2\angle C = 180^o$

$\Rightarrow \angle C = 90^o$

अतः त्रिभुज में $\angle C$, समकोण है।

तो यह त्रिभुज एक समकोण त्रिभुज है।

11. **ΔABC के $\angle B$ और $\angle C$ के आंतरिक समद्विभाजक D पर मिलते हैं। यदि $\angle A = 75^o$ है, तो $\angle BDC$ का माप ज्ञात कीजिए।** **[RRB Group D-2022]**
(a) 102.5° (b) 105.5° (c) 112.5° (d) 127.5° **(d)**

व्याख्या :



$\angle BDC = 90 + \frac{\angle A}{2}$

$\angle BDC = 90 + \frac{75}{2} = 90 + 37.5 = 127.5$

12. **यदि किसी चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का अनुपात 3 : 7 है, तो दोनों में से बड़े कोण की माप कितनी है?** **[RRB Group D-2022]**
(a) 70° (b) 140° (c) 105° (d) 126° **(d)**

व्याख्या : $\because$ चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का योग 180° होता है।

$\Rightarrow 3x + 7x = 180^o$

$\Rightarrow 10x = 180^o \Rightarrow x = 18^o$

अतः बड़ा $= 7x = 126^o$

13. **एक सम अष्टभुज के प्रत्येक बाह्य कोण का माप ज्ञात कीजिए।** **[RRB Group D-2022]**
(a) 45° (b) 135° (c) 60° (d) 120° **(a)**

व्याख्या: प्रत्येक बाह्य कोण $= \frac{360}{\text{भुजा}} = \frac{360}{8} = 45^o$

14. **निम्न में से कौन-सा सत्य है?** **[RRB Group D-2022]**
(i) प्रत्येक समलंब, समांतर चतुर्भुज होता है।
(ii) प्रत्येक समांतर चतुर्भुज, वर्ग होता है।
(iii) प्रत्येक आयत, वर्ग होता है।
(iv) प्रत्येक वर्ग समचतुर्भुज होता है।
(a) केवल i (b) केवल iv
(c) i और ii दोनों (d) केवल iii **(b)**

व्याख्या : कथन (iv) सत्य है जो विकल्प b में है। क्योंकि प्रत्येक वर्ग एक समचतुर्भुज होता है।

15. **त्रिभुज ABC और PQR में, $AB = AC, \angle C = \angle P$ और $\angle B = \angle Q$ है। तो दोनों त्रिभुज .....।** **[RRB Group D 2022]**
(a) समद्विबाहु हैं, किंतु सर्वांगसम नहीं हैं।
(b) सर्वांगसम हैं, किंतु समद्विबाहु नहीं हैं।
(c) न तो सर्वांगसम हैं, और न ही समद्विबाहु हैं।
(d) समद्विबाहु तथा सर्वांगसम हैं। **(a)**

व्याख्या :



अतः समद्विबाहु त्रिभुज है। लेकिन सर्वांगसम नहीं है।

16. **त्रिभुज की माध्यिकाओं का प्रतिच्छेद बिंदु क्या कहलाता है?** **[RRB Group D 2022]**
(a) परिकेंद्र (b) केंद्रक (c) लंबकेंद्र (d) अंतःकेंद्र **(b)**

व्याख्या : त्रिभुज की तीनों माध्यिका एक ही बिन्दु से होकर गुजरती है, उस बिन्दु को त्रिभुज का गुरुत्व केन्द्र या केन्द्रक कहते हैं।

17. **यदि दो समांतर रेखाओं को प्रतिच्छेदित करने वाली एक तिर्यक रेखा के एक ही तरफ के दो अंतः कोणों का अनुपात 2 : 3 है, तो दोनों कोणों में से बड़ा कोण ज्ञात कीजिए।** **[RRB Group D 2022]**
(a) 108° (b) 120° (c) 54° (d) 136° **(a)**

व्याख्या : $\because$ दो समान्तर रेखाओं को प्रतिच्छेदित करने वाली एक तिर्यक रेखा के एक तरफ के दो अंतः कोणों का योग हमेशा 180° होता है।

दोनों कोण $2x$ तथा $3x$ है।

बड़ा कोण $= 3x$

छोटा कोण $= 2x$

अतः $2x + 3x = 180^o$

$\Rightarrow 5x = 180^o \Rightarrow x = 36^o$

बड़ा कोण $= 3x = 3\times 36 = 108^o$.

18. **एक समांतर चतुर्भुज PQRS में, P और Q के क्रमागत कोणों के समद्विभाजक T पर प्रतिच्छेदित करते हैं। का माप ज्ञात कीजिए।** **[RRB Group D 2022]**
(a) 90° (b) 80° (c) 50° (d) 70° **(a)**

41. त्रिभुज ABC में यदि AD, $\angle BAC$, का कोण द्विभाजक है, AE $\perp$ BC है, $\angle B = 30°$ है, और $\angle C = 50°$ है, तो DAE का माप ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]



(a) 30° (b) 10° (c) 20° (d) 40° **(b)**

☞ **व्याख्या :**



अतः $\angle DAC = 50°$ तथा $\angle EAC = 40°$

तो $\angle DAE = \angle DAC - \angle EAC$

$\angle DAE = 50° - 40° = 10°$ Ans.

42. यदि एक समांतर चतुर्भुज ABCD में, E और F विकर्ण AC पर इस प्रकार स्थित बिंदु हैं, कि $\overline{AC} = \overline{FC}$ है, तो चतुर्भुज BEDF निम्नलिखित में से क्या होगा? [RRB Group-D 2022]

(a) आयत
(b) समांतर चतुर्भुज
(c) समलंब, लेकिन समांतर चतुर्भुज नहीं
(d) वर्ग **(b)**

☞ **व्याख्या :**



जाहिर है BEDF एक समान्तर चतुर्भुज ही बनेगा।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, अनिवार्य रूप से सही नहीं है? [RRB Group-D 2022]

(a) समांतर चतुर्भुज के विकर्ण, एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।
(b) समचतुर्भुज के विकर्ण, एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।
(c) आयत के विकर्ण, एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।
(d) एक पतंग के विकर्ण, एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं। **(d)**

☞ **व्याख्या:** कथन a, b, c सत्य है लेकिन कथन d असत्य है क्योंकि एक पतंग के विकर्ण, एक–दूसरे को समद्विभाजित नहीं करते हैं।

44. दी गई आकृति में *l*, m के समानांतर है और m, n के समानांतर है। $x°$ का मान ज्ञात करें। [RRB Group-D 2022]



(a) 50° (b) 100° (c) 130° (d) 30° **(c)**

☞ **व्याख्या:** दो समान्तर रेखाओं को एक तिर्यक रेखा काटे तो उस रेखा के एक तरफ के अन्तः कोणों का योग = 180° होता है।

अतः $\angle x + 50° = 180°$

$\angle x = 180° - 50°$

$\angle x = 130°$

45. चतुर्भुज PQRS की भुजाओं के मध्य बिंदुओं को मिलाने से बना चतुर्भुज एक समचतुर्भुज होगा, यदि .....। [RRB Group-D 2022]

(a) PQRS एक समचतुर्भुज है
(b) PQRS के विकर्ण अभिलंबवत् हैं
(c) PQRS के विकर्ण समान हैं
(d) PQRS एक समलंब है **(c)**

☞ **व्याख्या:** चतुर्भुज PQRS की भुजाओं के मध्य बिन्दु को मिलाने पर हमेशा समान्तर चतुर्भुज बनता है। लेकिन अगर ▱PQRS के विकर्ण समान हो तो मध्य बिन्दुओं को मिलाने वाला चतुर्भुज समचतुर्भुज बनेगा।

46. निम्नांकित चित्र में, l || m और p || q है। x का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]



(a) 96° (b) 104° (c) 76° (d) 82° **(c)**

☞ **व्याख्या:** 104° तथा $\angle x$ दोनों का योग = 180°

अतः $\angle x = 180° - 104°$

$\angle x = 76°$

47. दी गई आकृति में, ΔABC और ΔDEF समरूप हैं, यदि AB = 6.5 cm, DE = 3.9 cm, और BC = 5 .15 cm है, तो EF का माप ज्ञात करें। [RRB Group-D 2022]



(a) 3.90 cm (b) 4.12 cm (c) 3.00 cm (d) 3.09 cm **(d)**

☞ **व्याख्या:** यहाँ $\Delta ABC \sim \Delta DEF$ है।

अतः $\frac{AB}{BC} = \frac{DE}{EF}$

$\Rightarrow \frac{6.80}{5.15} = \frac{3.8}{x} \Rightarrow x = \frac{5.15 \times 3.8}{6.80} = 3.09\,cm$

48. दी गई आकृति में, $l_1 \| l_2$, है तथा कोण 4 = 5x + 35 और कोण 7 = 45° के साथ p उनकी तिर्यक छेदी रेखा है। x का मान ज्ञात करें। [RRB Group-D 2022]



(a) 40° (b) 45° (c) 20° (d) 10° **(c)**

☞ **व्याख्या :**



यहाँ $\frac{AB}{BD}=\frac{AC}{DC}$

अतः $\frac{?}{4}=\frac{4.2}{3}$

$\Rightarrow ?\times 3=16.8 \Rightarrow ?=5.6$

34. MNOP एक ऐसा चतुर्भुज है जिसका प्रत्येक कोण समकोण है। भुज MN, भुजा PO के बराबर है और भुजा MP, भुजा NO के बराबर है और इसके दोनों विकर्ण 90° पर प्रतिच्छेद नहीं करते है। MNOP किस प्रकार का चतुर्भुज है?
[RRB Group D 2022]

(a) समचतुर्भुज (b) आयत (c) पंतगाकार (d) वर्ग **(b)**

☞ **व्याख्या :** जिस चतुर्भुज के चारों कोण समकोण हों तथा आमने–सामने की भुजाएँ समान हों तथा इसके विकर्ण एक–दूसरे को समकोण पर नहीं काटते हों उस चतुर्भुज को आयत कहते हैं।

35. एक सम बहुभुज के प्रत्येक अंतः कोण का माप 120° है। इस बहुभुज की कितनी भुजाएँ हैं? [RRB Group D 2022]

(a) 7 (b) 8 (c) 5 (d) 6 **(d)**

☞ **व्याख्या :** प्रत्येक बाह्य कोण = 180° – अन्त कोण

अतः बाह्य कोण = 180° – 120° = 60°

अतः कुल भुजाएँ $=\frac{360}{60}=6$ भुजा

36. P, किसी आयत ABCD के अंदर स्थित एक बिंदु है। यदि PA = 27 cm, PB = 21 cm, PC = 6 cm है, तो लंबाई PD का मान (cm में) ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 15 (b) 12 (c) 18 (d) 10 **(c)**

☞ **व्याख्या :**



अतः यहाँ $(PA)^2+(PC)^2=(PB)^2+(PD)^2$ होगा।

$\Rightarrow (27)^2+(6)^2=(21)^2+(?)^2$

$\Rightarrow \sqrt{729+36-441}=? \Rightarrow ?=18$

37. ΔABC में, DE ∥ AC है, जहाँ D और E, क्रमशः भुजाओं AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि BD = 4 cm, और $AD=2\sqrt{2}$cm है, तो ΔBDE के क्षेत्रफल और समलंब चतुर्भुज ADEC के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D 2022]

(a) $2:\left(1+\sqrt{2}\right)$ (b) $2:\left(1+3\sqrt{2}\right)$

(c) $2:\left(1+2\sqrt{2}\right)$ (d) $1:\left(1+2\sqrt{2}\right)$ **(c)**

☞ **व्याख्या :**



यहाँ ΔBDE ~ ΔBAC है।

अतः इनका क्षेत्रफल का अनुपात इनकी भुजाओं के वर्गों के समानुपाती होगा।

अतः ΔBDE का क्षे. : □ADEC का क्षे.

$\Rightarrow (4)^2 : (4+2\sqrt{2})^2-4^2$

$\Rightarrow 16 : 8(\sqrt{2}+1)^2-16$

$\Rightarrow 2 : (\sqrt{2}+1)^2-(\sqrt{2})^2$

$\Rightarrow 2 : (\sqrt{2}+1-\sqrt{2})(\sqrt{2}+1+\sqrt{2})$

$\Rightarrow 2 : (2\sqrt{2}+1)$

38. एक सम षट्भुज के प्रत्येक बाह्य कोण का माप क्या होता है? [RRB Group-D 2022]

(a) 60° (b) 30° (c) 45° (d) 120° **(a)**

☞ **व्याख्या :** प्रत्येक बाह्य कोण $=\frac{360}{\text{भुजा}}$

$\Rightarrow \frac{360}{6}=60°$

39. निम्नांकित चित्र में, AB ∥ CD ∥ EF है। $x°$ का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]



(a) 148° (b) 147° (c) 115° (d) 126° **(a)**

☞ **व्याख्या :**



अतः ΔCEG में ∠G = 180 – 65° = 115°

अतः ΔCEG में ∠G + ∠C = ∠x होगा।

[∵ अन्तः एकान्तर कोणों का योग = बाह्य कोण]

अतः ∠x = ∠G + ∠C

= 115 + 33 = 148° Ans.

40. ΔABC और ΔDEF में, यदि AB = DE, AC = EF और BC = DF है, तो SSS (भुजा-भुजा-भुजा) प्रमेय के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य हैं? [RRB Group-D 2022]

(a) ΔABC ≅ ΔFDE (b) ΔABC ≅ ΔDEF

(c) ΔABC ≅ ΔEFD (d) ΔABC ≅ ΔEDF **(d)**

☞ **व्याख्या :**



अतः ΔABC ≅ ΔEDF Ans.

25. दी गई आकृति में, रेखा l, m के समानांतर है, और t तिर्यक रेखा है। कोण x का माप ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]



(a) 120° (b) 30° (c) 60° (d) 40° **(c)**

☞ **व्याख्या:** अतः $\angle x = 180° - 120°$
$\angle x = 60°$

26. नीचे दी गई आकृति में, रेखा l, m के समानांतर है। $2x + y$ का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]



(a) 270° (b) 150° (c) 320° (d) 225° **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\Rightarrow x° + 105° = 180$
क्योंकि तिर्यक रेखा के एक ही ओर के अन्तः कोणों का योग 180° होता है।
$\Rightarrow x = 75°$
इसी प्रकार–
$\Rightarrow 60° + y = 180$
$\Rightarrow y = 120°$
अतः $(2x + y) = 2 \times 75° + 120°$
$= 270°$

27. दी गई आकृति में, $\angle ABC = \angle ABD$, $BC = BD$ है, तो $\Delta CAB \cong \Delta$ ..... है। [RRB Group D 2022]



(a) ABD (b) DAB (c) DBA (d) ADB **(b)**

☞ **व्याख्या :**



यहाँ ΔABC तथा ΔABD सर्वांगसम है।
क्योंकि $\angle ABC = \angle ABD$
तथा $BC = BD$
तथा AB उभयनिष्ठ भुजा है।
अतः SAS द्वारा सर्वांगसम है।
अतः $\Delta CAB \cong \Delta DAB$

28. यदि किसी समबहुभुज का प्रत्येक अंतः कोण 160° है, तो उस समबहुभुज में भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 15 (b) 18 (c) 17 (d) 14 **(b)**

☞ **व्याख्या:** 1 बाह्य कोण $= 180° - 160° = 20°$

अतः भुजाओं की संख्या $= \frac{360}{20} = 18$ भुजा

29. दी गई आकृति में, $AB \parallel QP, AB = x, PQ = x + 10, RB = \frac{x}{2}$, $BP = x + 1$ है। PQ ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]



(a) 4 इकाई (b) 13 इकाई
(c) 14 इकाई (d) 12 इकाई **(c)**

☞ **व्याख्या:** यहाँ $\Delta ABR \sim \Delta QPR$ होगा।

अतः $\frac{PQ}{AB} = \frac{PR}{RB}$ होगा

$$\Rightarrow \frac{x+10}{x} = \frac{\frac{x}{2}+x+1}{\frac{x}{2}} \Rightarrow \frac{x+10}{x} = \frac{3x+2}{x}$$

$\Rightarrow 2x = 8 \Rightarrow x = 4$
अतः $PQ = x + 10 = 14$ इकाई

30. यदि $AB = x + 3, BC = 2x$ और $AC = 4x - 5$ है, तो 'x' के किस मान के लिए B, AC पर स्थित होगा? [RRB Group D 2022]

(a) 5 (b) 8 (c) 2 (d) 3 **(b)**

☞ **व्याख्या :** $\Rightarrow 4x - 5 = x + 3 + 2x$
$\Rightarrow 4x - 5 = 3x + 3 \Rightarrow x = 8$

31. दो पूरक कोणों में से बड़े कोण का माप, छोटे कोण के माप के तीन गुने से 6° कम है। बड़े कोण का माप ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 63° (b) 57° (c) 66° (d) 54° **(c)**

☞ **व्याख्या :**
बड़ा + छोटा $= 90$ [दोनों पूरक कोणों का $\Rightarrow (3x - 6) + (x) = 90$ योग 90° होता है।]
$\Rightarrow 4x = 96 \Rightarrow x = 24$
अतः बड़ा कोण $= 3x - 6$
$= 66°$

32. एक समषट्भुज के प्रत्येक अंत-कोण का माप ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 135° (b) 80° (c) 45° (d) 120° **(d)**

☞ **व्याख्या:** एक समषट्भुज का एक बाह्य कोण $= \frac{360°}{6} = 60°$

अतः 1 अन्तः कोण $= 180° - 60° = 120°$

33. ΔABC में, $\overline{AD}$, $\angle A$ को समद्विविभाजित करती है, और D, $\overline{BC}$ पर स्थित एक बिन्दु हैं यदि $m(\overline{AC}) = 4.2cm$, $m(\overline{BD}) = 4cm$ और $m(\overline{BC}) = 7cm$, तो $m(\overline{AB})$ का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]

(a) 5.6 cm (b) 4.8 cm (c) 4.2 cm (d) 5.2 cm **(a)**

☞ **व्याख्या:**



[यहाँ AD कोण समद्विभाजक है।

अतः $\frac{AB}{BD}=\frac{AC}{DC}$ होगा।

$\Rightarrow \frac{4}{x}=\frac{5}{6-x} \Rightarrow 24-4x=5x$

$\Rightarrow 9x=24 \Rightarrow 3x=8$

$\Rightarrow x=2.67$ cm Ans.

66. एक त्रिभुज PQR में, $\angle P=30^\circ$ और सीधी रेखा UV जिसे QR के समानांतर खींचा गया है, यह PQ को S पर और PR को T पर प्रतिच्छेदित करती है। निम्नांकित में से कौन-से सदैव सत्य होंगे? **[RRB Group-D 2022]**

(A) $\frac{PS}{PQ}=\frac{PT}{PR}$ **(B)** $ST=\frac{QR}{2}$

(C) त्रिभुज PST त्रिभुज PQR के समरूप है।

(a) केवल (A) (b) केवल (A) और (C)

(c) केवल (A) और (B) (d) (A), (B) और (C) तीनों **(b)**

☞ **व्याख्या:**



यहाँ $\angle Q=\angle S$ क्योंकि संगत कोण है।

तथा $\angle P=\angle P$ क्योंकि उभयनिष्ठ (common) है।

अतः $\Delta PTS \sim \Delta PQR$ (c)

तथा $\frac{PS}{PQ}=\frac{PT}{PR}$ (a)

option (b) सत्य होगा। Ans.

67. निम्नांकित में से कौन-सा सदैव सत्य होगा? **[RRB Group-D 2022]**

(i) समांतर चतुर्भुज के कोणों के समद्विभाजक, एक आयत बनाते हैं।

(ii) समांतर चतुर्भुज, एक समलंब चतुर्भुज होता है।

(ii) समचतुर्भुज के विकर्ण समान होते हैं, और परस्पर समकोणों पर समद्विविभाजित करते हैं।

(a) केवल (ii) (b) केवल (i)

(c) केवल (i) और (ii) (d) (i), (ii), (iii) तीनों **(c)**

☞ **व्याख्या:**



यहाँ कथन (i) तथा (ii) दोनों सत्य है। क्योंकि (i) समान्तर चतुर्भुज के कोण समद्विभाजक एक आयत बनाते हैं। तथा कथन (ii) में समान्तर चतुर्भुज एक समलम्ब चतुर्भुज होता है। क्योंकि समान्त चतुर्भुज में भी समान्तर भुजाओं का युग्म होता है।

68. ABCD एक समलंब चतुर्भुज है, जिसमें BC || AD और AC = CD है। यदि $\angle ABC=98^\circ$ और $\angle BAC=32^\circ$ है, तो $\angle ACD$ का माप कितना है? **[RRB Group-D 2022]**

(a) 80° (b) 75° (c) 65° (d) 70° **(a)**

☞ **व्याख्या:**



अतः $\angle CAD=180-32-98=50^\circ$

यहाँ ΔACD में AC = CD है तो इनके संगत कोण भी बराबर होगे–

अतः $\angle CAD+\angle CDA+\angle x=180$

$\Rightarrow 50^\circ+50^\circ+x^\circ=180^\circ \Rightarrow x=80^\circ$

69. वह चतुर्भुज जिसकी भुजाएं बराबर हों और भुजाओं के बीच के सभी कोण 90° हों, उसे ..... कहा जाता है। **[RRB Group-D 2022]**

(a) वर्ग (b) आयत

(c) समचतुर्भुज (d) समलंब चतुर्भुज **(a)**

☞ **व्याख्या:** वर्ग की चारों भुजाएँ समान तथा प्रत्येक कोण 90° का होता है।

70. एक त्रिभुज की समान भुजाओं के सम्मुख कोण .... होते है। **[RRB Group-D 2022]**

(a) असमान (b) पूरक (c) समान (d) संपूरक **(c)**

☞ **व्याख्या:** एक त्रिभुज की समान भुजाओं के सम्मुख कोण भी समान होते हैं।

71. दो त्रिभुज DEF और PQR में, यदि DE = QR, EF = PR और FD = PQ है, तो .....। **[RRB Group-D 2022]**

(a) $\Delta FED \cong \Delta PRQ$ (b) $\Delta DEF \cong \Delta PQR$

(c) $\Delta EDF \cong \Delta RPQ$ (d) $\Delta PQR \cong \Delta EFD$ **(b)**

☞ **व्याख्या:**



अतः $\Delta DEF \cong \Delta QRP$ है।

SSS द्वारा सर्वांगसम है।

72. त्रिभुज ABC, $\frac{BC}{QR}=\frac{1}{5}$ वाले त्रिभुज PQR के समरूप है। $\frac{\text{क्षेत्रफल (त्रिभुज PQR)}}{\text{क्षेत्रफल (त्रिभुज ABC)}}$ ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 5 (b) 1 / 5 (c) 1 / 25 (d) 25 **(d)**

☞ **व्याख्या:** दो समरुप त्रिभुज की संगत भुजाओं के अनुपातों का वर्ग करने पर उनके क्षेत्रफल का अनुपात प्राप्त होता है।

अतः क्षेत्रफलों का अनुपात–

$\Rightarrow \left(\frac{5}{1}\right)^2=\frac{25}{1}$

73. ΔMNO में, $\angle N=\angle O$ और NO = 12 cm, MO = 10 cm है, और MP शीर्षलंब हो, तो MP की लंबाई ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 11 cm (b) 3 cm (c) 8 cm (d) 10 cm **(c)**

58. यदि किसी त्रिभुज की भुजाओं की लंबाई $x+1, 7-x$ और $4x-2$ है तो x का मान जिसके लिए त्रिभुज एक समद्विबाहु त्रिभुज का प्रतिनिधित्व करता है [RRB Group-D 2022]
(a) 1 (b) 3 (c) 2.4 (d) 1.8 **(d)**

☞ **व्याख्या:** $x+1=7-x$ से जाँचते हैं।
$2x=6 \Rightarrow x=3$
तो तीसरी भुजा $=4x-2=10$
इसे त्रिभुज की भुजाएँ $=4, 4$ तथा 10 बनती है जो संभव नहीं है।
अब तक $7-x=4x-2$
$\Rightarrow 5x=9 \Rightarrow x=1.8$
तो तीसरी भुजा $=x+1=2.8$
इससे त्रिभुज की भुजाएँ $=5.2, 5.2, 2.8$ है।
अतः x का मान $x=1.8$ सही है।

59. एक समद्विबाहु त्रिभुज में शीर्ष कोण का माप 80° है। इसके प्रत्येक आधार कोण का माप कितना होगा?
[RRB Group-D 2022]
(a) 60° और 50° (b) 60° और 60°
(c) 50° और 50° (d) 60° और 40° **(c)**

☞ **व्याख्या:**


$80+2x=180 \Rightarrow 2x=100 \Rightarrow x=50^o$

60. यदि ABCD एक समचतुर्भुज है जिसमें $\angle ACB=40^o$ है, तो $\angle ADB$ ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]
(a) 45° (b) 60° (c) 40° (d) 50° **(d)**

☞ **व्याख्या:**


यहाँ ΔABC में AB तथा BC भुजाएँ समान है अतः $\angle BAC=40$ होगा
अतः $\angle ABC=180-40-40=100^o$
समचतुर्भुज के आमने–सामने के कोण समान होते हैं तो
$\angle ?=\angle\frac{B}{2}$
$\angle ?=\frac{100^o}{2} \Rightarrow \angle ?=50^o$

61. ΔABC में, BD, AC पर स्थित बिंदु D पर लंब है, और $\angle DBC=44^o$ है। E, BC पर स्थित एक ऐसा बिंदु है कि $\angle CAE=34^o$ है। $\angle AEB$ का माप ज्ञात कीजिए।
[RRB Group-D 2022]
(a) 46° (b) 78° (c) 56° (d) 80° **(d)**

☞ **व्याख्या:**


$\Rightarrow \Delta AGD$ में–
$\Rightarrow 34^o+90^o+\angle AGD=180 \Rightarrow \angle AGD=56^o$
अब ΔBGE में–
$\Rightarrow \angle BGE+44+\angle BEA=180$
$\Rightarrow 56+44+\angle BEA=180$
अतः $\angle BEA=80^o$

62. एक समबहुभुज के अंतः कोणों का योग, इसके बहिष्कोणों के योग से 200% अधिक है। बहुभुज के प्रत्येक अंतः कोण का माप x^o है। x^o का मान ज्ञात कीजिए।
[RRB Group-D 2022]
(a) 135° (b) 108° (c) 144° (d) 140° **(a)**

☞ **व्याख्या:** 1 अन्तः कोण + 1 बाह्य कोण $=180^o$ [∵ अंतः बाह्य 300 : 100 3 : 1 $3x : x$]
$\Rightarrow 3x+x=180$
$\Rightarrow 4x=180$
तो $3x=135^o$

63. किसी चतुर्भुज ABCD में, $\angle A=86^o$ और $\angle B=72^o$ है। $\angle C$ और $\angle D$ के समद्विभाजक, O पर मिलते हैं। $\angle DOC$ का माप ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]
(a) 69° (b) 91° (c) 79° (d) 101° **(c)**

☞ **व्याख्या:**


यहाँ $\angle A+\angle B+\angle C+\angle D=360^o$
$\Rightarrow 158^o+\angle C+\angle D=360^o$
$\Rightarrow \frac{\angle C}{2}+\frac{\angle D}{2}=\frac{202^o}{2}$
$\Rightarrow \frac{\angle C}{2}+\frac{\angle D}{2}=101^o$
अंत त्रिभुज $\angle OC$ में–
$\Rightarrow \frac{\angle C}{2}+\frac{\angle D}{2}+\angle DOC=180^o$
$\Rightarrow \angle DOC=180-101=79^o$

64. AB, CD के समानांतर है। एक तिर्यक, रेखा PQ, AB और CD को क्रमशः E और F पर प्रतिच्छेदित करती है, और $\angle PEB=78^o$ है। AB और CD के बीच G ऐसा बिंदु है कि $\angle BEG=18^o$ और $\angle GFE=30^o$ है। $\angle EGF$ का माप कितना है?
[RRB Group-D 2022]
(a) 68° (b) 66° (c) 72° (d) 58° **(b)**

☞ **व्याख्या:**


यहाँ $\angle GEF+\angle EFG+\angle EGF=180^o$ होगा
$\Rightarrow (180-78-18)+30+x^o=180^o$
$\Rightarrow x=66^o$

65. त्रिभुज ABC में, इसकी भुजाओं $\overline{AB}$, $\overline{AC}$ और $\overline{BC}$ की लंबाइयां क्रमशः 4cm, 5cm और 6cm है। A से $\overline{BC}$ पर एक कोणीय समद्विभाजक $\overline{AD}$ खींचा गया है, जो $\overline{BC}$ को D पर प्रतिच्छेदित करता है। $m(\overline{BD})$ का दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]
(a) 1.50 cm (b) 2.25 cm
(c) 3.00 cm (d) 2.67 cm **(d)**

☞ **व्याख्या:** यहाँ $\angle 4 + \angle 7 = 180^\circ$

$\Rightarrow 5x + 35 + 45 = 180 \Rightarrow 5x = 100 \Rightarrow x = 20^\circ$

49. चतुर्भुज ABCD में, AD = 9 cm, BC = 8 cm और CD = 17 cm है, AD ⊥ AB और विकर्ण BD ⊥ BC है। चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 111 cm^2 (b) 114 cm^2 (c) 112 cm^2 (d) 110 cm^2 **(b)**

☞ **व्याख्या:**



यहाँ $DB = \sqrt{(CD)^2 - (BC)^2} = \sqrt{17^2 - 8^2} = 15$ cm

तथा $AB = \sqrt{(BD)^2 + (AD)^2} = \sqrt{15^2 - 9^2} = \sqrt{144} = 12$ cm

अतः ABCD का क्षे. = ΔABO का क्षे. + ΔDBC का क्षे.

$\Rightarrow \frac{1}{2} \times 12 \times 9 + \frac{1}{2} \times 15 \times 8 \Rightarrow 54 + 60 = 114\ cm^2$ Ans.

50. यदि ΔXYZ ≅ ΔABC है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अनिवार्य रूप से सही है? [RRB Group-D 2022]

(a) $m(\overline{XY}) = m(\overline{AC})$ (b) $m\overline{XZ} = m(\overline{AC})$

(c) $m(\overline{XZ}) = m(\overline{BC})$ (d) $m(\overline{YZ}) = m(\overline{AB})$ **(b)**

☞ **व्याख्या:** यहाँ Δ XYZ ≅ Δ ABC है।

तो इनकी संगत भुजाएँ समान होंगी। अतः (b) $m(\overline{XZ}) = m(\overline{AC})$ अनिवार्य रूप से सही है।

51. ABCD एक चतुर्भुज है और E, F, G, और H क्रमशः AB, BC, CD और DA के मध्य-बिंदु हैं। चतुर्भुज EFGH अनिवार्यत क्या है? [RRB Group-D 2022]

(a) समांतर चतुर्भुज
(b) आयत, लेकिन वर्ग नहीं
(c) समचतुर्भुज, लेकिन वर्ग नहीं
(d) वर्ग **(a)**

☞ **व्याख्या:** किसी भी चतुर्भुज की चारों भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने पर बना चतुर्भुज समान्तर चतुर्भुज होता है। Ans.

52. यदि किसी चतुर्भुज के एक कोण की माप 120° है और उसके शेष तीन कोणों की माप एक मूल मातृ के बराबर है, तो इन तीनों शेष कोणों में से प्रत्येक का माप बराबर है..... [RRB Group-D 2022]

(a) 90° (b) 80° (c) 60° (d) 110° **(b)**

☞ **व्याख्या:**



$120 + 3x = 360$

$3x = 360 - 120$

$3x = 240 \Rightarrow x = 80^\circ$

53. त्रिभुज के बहिष्कोणों के मापों का योग कितना होता है? [RRB Group-D 2022]

(a) 360° (b) 270° (c) 180° (d) 90° **(a)**

☞ **व्याख्या:**



अतः बहिष्कोणों का योग–

$\Rightarrow 180 - x + 180 - y + 180 - z$

$\Rightarrow 540 - (x + y + z)$

$\Rightarrow 540 - 180 = 360^\circ$

54. दो संपूरक कोणों में से बड़ा कोण, छोटे कोण से 36° अधिक है। छोटे कोण का माप ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 72° (b) 108° (c) 63° (d) 27° **(a)**

☞ **व्याख्या:**

$A^\circ + B^\circ = 180^\circ$

$\pm A^\circ \mp B^\circ = 36^\circ$

$2B = 144^\circ$

$B = 72^\circ$

55. निम्नांकित चित्र के अनुसार ΔQRS≅ है। (नोट: दिया गया आरेख निर्दिष्ट मापों के अनुसार नहीं खींचा गया है।) [RRB Group-D 2022]



(a) ΔPTQ (b) ΔQPT (c) ΔQTP (d) ΔTPQ **(b)**

☞ **व्याख्या:** ΔTPQ तथा ΔSRQ सर्वांगसम है।

क्योंकि इनकी तीनों भुजाएँ आपस में समान है। Ans.

56. निम्नलिखित में से क्या निश्चित तौर पर एक समचतुर्भुज की विशेषता नहीं है? [RRB Group-D 2022]

(a) इसके विकर्ण बराबर होते हैं
(b) इसकी आमने सामने की भुजाएँ समानांतर होती हैं
(c) इसके विकर्ण लंबवत रूप में द्विभाजक होते हैं
(d) इसकी सभी भुजाएँ बराबर होती हैं **(a)**

☞ **व्याख्या:** समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर नहीं होते।

57. एक तिर्यक रेखा p, दो समानांतर रेखाओं l और m को प्रतिच्छेदित करती है। इस प्रकार प्राप्त अंतः कोणों के द्विभाजकों द्वारा निर्मित चतुर्भुज निश्चित तौर पर एक .... होगा। [RRB Group-D 2022]

(a) वर्ग
(b) समचतुर्भुज
(c) समांतर चतुर्भुज, लेकिन आयत नहीं।
(d) आयत **(d)**

☞ **व्याख्या:**



यह एक आयत होगा। Ans.

88. उपरोक्त आकृति में BO और CO क्रमशः ∠DBC और ∠BCE के कोणीय समद्विभाजक है। x का माप ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]



(a) 64° (b) 52° (c) 54° (d) 58° (a)

व्याख्या : $X = 90 - \frac{\angle BAC}{2}$

$= 90 - \frac{52}{2} = 90 - 26 = 64°$

89. PQRS एक चक्रीय समलंब चतुर्भुज है जिसमें भुजाएं PQ एवं RS समानांतर हैं एवं भुजा PQ व्यास है। यदि ∠QPR = 40° तो ∠PSR का मान क्या होगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 120° (b) 140° (c) 130° (d) 110° (c)

व्याख्या : ∠QPR = 40°

∠QRP = 90

(अर्द्धवृत्त में बना कोण)



∠PQR = 180 – (40 + 90) = 50°

∠PSR + ∠PQR = 180

∠PSR + 50 = 180° ⇒ ∠PSR = 130°

90. दी गई आकृति में ∠ABD = 55° और ∠ACD = 30° है। यदि ∠BAC = y° और गैर-प्रतिवर्त ∠BDC = x° है, तो x – y का मान क्या है? [RRB NTPC 2021]



(a) 95 (b) 15 (c) 85 (d) 105 (c)

व्याख्या : ∠ABD = 55, ∠ACD = 30°

∠BAC = y° = 180 – 2 (55 + 30)



= 180 – 170 = 10°

$\angle BDC = x° = 90 + \frac{\angle BAC}{2} = 90 + \frac{10}{2} = 95°$

x – y = 95 – 10 = 85°

91. उस बिंदु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए, जो बिंदु (2, 4) और (7, 9) को जोड़ने वाली रेखा को आंतरिक रूप से 1 : 2 के अनुपात में विभाजित करेगा। [RRB NTPC 2021]

(a) $\left(\frac{3}{8}, \frac{3}{11}\right)$ (b) $\left(\frac{5}{3}, \frac{1}{3}\right)$

(c) $\left(\frac{11}{3}, \frac{17}{5}\right)$ (d) $\left(\frac{8}{3}, \frac{11}{3}\right)$ (c)

व्याख्या : A (2, 4)

B (7, 9)

P (x, y)

$m_1 : m_2 = 1 : 2$

$x = \frac{m_1 x_2 + m_2 x_1}{m_1 + m_2} = \frac{1 \times 7 + 2 \times 2}{1 + 2} = \frac{11}{3}$

$y = \frac{m_1 y_2 + m_2 y_1}{m_1 + m_2} = \frac{1 \times 9 + 2 \times 4}{1 + 2} = \frac{17}{3}$ $P(x, y) = P\left(\frac{11}{3}, \frac{17}{3}\right)$

Note : विकल्प में $\left(\frac{11}{3}, \frac{17}{5}\right)$ दिया है।

92. वृत्त $x^2 + y^2 - 3x - 4y + 1 = 0$ के सापेक्ष बिंदु (3, 4) की स्थिति निर्धारित कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) इस पर स्थित है।

(b) इसके बाहर स्थित है।

(c) इसके अंदर स्थित है।

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता (b)

व्याख्या : $x^2 + y^2 - 3x - 4y + 1 = 0$

$g = -\frac{3}{2}, f = -\frac{4}{2} = -2, c = 1$

केन्द्र $(-g, -f) = \left(\frac{3}{2}, 2\right) \Rightarrow$ त्रिज्या $= \sqrt{g^2 + h^2 - c}$

$= \sqrt{\left(\frac{-3}{2}\right)^2 + (-2)^2 - 1} = \sqrt{\frac{9}{4} + 4 - 1} = 2.29$

P(3, 4), $O\left(\frac{3}{2}, 2\right)$

$OP = \sqrt{\left(3 - \frac{3}{2}\right)^2 + (4 - 2)^2} = \sqrt{\frac{9}{4} + 4} = \sqrt{\frac{25}{4}}$

$2.5 > 2.29 = \frac{5}{2} = 2.5$

अतः बिन्दु वृत्त के बाहर स्थित है।

93. ABCD एक समांतर चतुर्भुज है, जिसमें ∠A = x + 20° और ∠C = 3x – 10° है, तो x का मान ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 40° (b) 30° (c) 15° (d) 60° (c)

व्याख्या : ∠A = ∠C ⇒ x + 20 = 3x – 10 ⇒ 2x = 30

x = 15°

94. यदि एक पाई आरेख में किसी वृत्तखंड का कोण 135° है तो यह पाई आरेख के _____ के बराबर है। [RRB NTPC 2021]

(a) 3/4 (b) 3/8 (c) 1/8 (d) 1/4 (b)

व्याख्या : $\frac{135°}{360°} = \frac{3}{8}$

80. ΔABC में, यदि $\angle A = 40^\circ$ और $\angle B = 70^\circ$ है, तो बहिष्कोण का माप ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 140° (b) 70° (c) 30° (d) 110° **(a)**

☞ **व्याख्या:**



अतः $40 + (?) = 180^\circ$ [सरल रेखा पर बने कोण]

$\Rightarrow ? = 180^\circ - 40^\circ = 140^\circ$

81. जब दो तिर्यक रेखाएँ, तीन समानांतर रेखाओं को प्रतिच्छेदित करती हैं, और पहली तिर्यक रेखा द्वारा निर्मित अंतः खंडों का अनुपात 3 : 4 है, तो दूसरी तिर्यक रेखा द्वारा निर्मित अंतः खंडों का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 3 : 4 (b) 1 : 1 (c) 2 : 4 (d) 4 : 3 **(a)**

☞ **व्याख्या:**



∵ यदि पहली तिर्यक रेखा के अन्तखण्डों का अनुपात 3 : 4 है तो दूसरी तिर्यक रेखा के भी अन्त खण्डों का अनुपात 3 : 4 होगा।

82. एक सम बहुभुज के सभी अंतः कोणों के योग और एक बाह्य कोण के माप का अनुपात 24 : 1 है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 8 (b) 80 (c) 10 (d) 78 **(a)**

☞ **व्याख्या:** सभी अन्त कोणों का योग $= (n-2) \times 180$

एक बाह्य कोण का मान $= \frac{360}{n}$

अतः $\Rightarrow \frac{\frac{360}{n}}{(n-2)\times 180} = \frac{1}{24}$ भुजा $= n$

$\Rightarrow \frac{2}{n(n-2)} = \frac{1}{24}$

अतः option से n का मान 8 संतुष्ट करेगा।

83. यदि चतुर्भुज के चारों कोणों के मापों p, q, r और s का अनुपात 3 : 5 : 4 : 6 है, तो $3p + 2r$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB Group-D 2022]**

(a) 360° (b) 330° (c) 310° (d) 340° **(d)**

☞ **व्याख्या:** $\Rightarrow \angle P + \angle Q + \angle R + \angle S = 360^\circ$

$\Rightarrow 3x + 5x + 4x + 6x = 360^\circ$

$\Rightarrow 18x = 360^\circ \Rightarrow x = 20^\circ$

अतः $3P + 2R = 180 + 160 = 340^\circ$

84. बिंदु A (1, 2), B (3, 4) और C (4, 1) एक ऐसे त्रिभुज के शीर्ष हैं, जो _____ है। **[RRB NTPC 2021]**

(a) समद्विबाहु (b) समकोण (c) समबाहु (d) विषमबाहु **(a)**

☞ **व्याख्या :** A(1, 2), B = (3, 4), C (4, 1)

$AB = \sqrt{(1-3)^2 + (2-4)^2} = \sqrt{4+4} = \sqrt{8}$

$BC = \sqrt{(3-4)^2 + (4-1)^2} = \sqrt{1+9} = \sqrt{10}$

$AC = \sqrt{(1-4)^2 + (2-1)^2} = \sqrt{9+1} = \sqrt{10}$

$AC = BC = \sqrt{10}$

A, B, C समद्विबाहु के शीर्ष हैं।

85. ABC कोई त्रिभुज है। BI और CI, $\angle ABC$ और $\angle ACB$ के कोण समद्विभाजक हैं। $\angle BAC = 45^\circ$ है। $\angle BIC$ का माप ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 135° (b) 112.5° (c) 118.5° (d) 120° **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle BAC = 45^\circ$

$\angle BIC = 90 + \frac{\angle BAC}{2}$

$= 90 + \frac{45}{2} = 112.5^\circ$

86. नीचे दिए गए चित्र में AB वृत्त का व्यास है। AP बिंदु A पर वृत्त की स्पर्श रेखा है। रेखा BC को बढ़ाने पर यह बिंदु P पर स्पर्श रेखा से मिलती है। यदि $\angle AOC = 36^\circ$ है, तो $\angle BPQ$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 72° (b) 126° (c) 108° (d) 54° **(c)**

☞ **व्याख्या :** $\angle ABP = \frac{\angle AOC}{2} = \frac{36}{2} = 18^\circ$

$\angle BAP = 90^\circ$

$\angle BPQ = \angle ABP + \angle BAP$

$= 18^\circ + 90^\circ = 108^\circ$

87. यदि $\frac{AB}{AC} = \frac{BD}{DC}$ हो, तो $\angle ABC$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 32° (b) 74° (c) 92° (d) 64° **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{AB}{AC} = \frac{BD}{DC}$

अतः AD, $\angle A$ का समद्विभाजक है।

$\angle ABC = 180 - (60 + 28 \times 2)$

$= 180 - (60 + 56)$

$= 180 - 116 = 64^\circ$



☞ **व्याख्या:**



अतः $MP = \sqrt{(MO)^2 - (PO)^2}$

$MP = \sqrt{(10)^2 - (6)^2} \Rightarrow \sqrt{64} = 8$ cm Ans.

74. दी गई आकृति में, रेखाएँ AB और CD, रेखा FG के समांतर है। E, रेखा FG पर स्थित एक बिन्दु है। यह दिया गया है कि $\angle ABE = 110°$, $\angle ECD = 95°$ और $\angle BEC = x°$ है। x का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]



(a) 25° (b) 80° (c) 30° (d) 60° **[a]**

☞ **व्याख्या:**



$\angle BEF = 180 - 110 = 70°$ ...(1)

$\angle CEG = 180 - 95 = 85$ ...(2)

अतः $\angle BEF + \angle CEG + \angle BEC = 180°$

$\Rightarrow 70 + 85 + \angle BEC = 180$

$\Rightarrow \angle x° = 25°$ Ans.

75. दी गई आकृति में, यदि ΔABC और ΔDEF समरूप है, तो CA और FD का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]



(a) 3 : 7 (b) 5 : 7 (c) 3 : 4 (d) 3 : 8 **(d)**

☞ **व्याख्या:** दिया है–

$\Rightarrow \Delta ABC \sim \Delta DEF$



दो समरूप त्रिभुजों की संगत भुजाएं समानुपाती होती है।

$\Rightarrow \frac{BC}{EF} = \frac{CA}{FD}$

$\Rightarrow \frac{CA}{FD} = \frac{6}{16} = \frac{3}{8}$ या 3 : 8

76. चतुर्भुज PQRS में, $\angle R$ और $\angle S$ के समद्विभाजक बिन्दु T (चतुर्भुज के अंदर) पर मिलते हैं, $\angle STR = 87.5°$ और है। यदि $\angle P$ और $\angle Q$ का अनुपात 2 : 3 है, तो $\angle P$ और $\angle Q$ की मापों का अंतर ज्ञात कीजिए। [RRB Group-D 2022]

(a) 40° (b) 35° (c) 45° (d) 25° **(b)**

☞ **व्याख्या:**



$\angle P : \angle Q$

$\Rightarrow 2 : 3$

$2x$ तथा $3x$

अतः $\frac{\angle S}{2} + \frac{\angle R}{2} = 180° - 87.5°$

$\angle S + \angle R = 92.5° \times 2$ ...(i)

अब $\angle P + \angle Q = 360° - 92.5° \times 2$

[∵ चतुर्भुज के चारो कोणों का योग 360° होता हैं]

$\Rightarrow \angle P + \angle Q = 175°$

$\Rightarrow 2x + 3x = 175°$

$\Rightarrow x = 35°$

अतः $\angle P$ तथा $\angle Q$ का अन्तर = 35°

77. निम्न में से किसमें कोई समांतर भुजाओं का युग्म नहीं होता है? [RRB Group-D 2022]

(a) आयत (b) समलंब चतुर्भुज
(c) पंतग (d) समचतुर्भुज **(c)**

☞ **व्याख्या:** आयत, समलंब चतुर्भुज तथा समचतुर्भुज में समान्तर भुजाएँ होती हैं। अतः पंतग में समान्तर भुजाएँ नहीं होती।

78. यह दिया गया है कि, $\Delta ABC \cong \Delta FDE$ और AB = 6cm, $\angle B = 60°$ और $\angle A = 70°$ है, तो निम्न में से कौन-सा सत्य है। [RRB Group-D 2022]

(a) DF = 6cm, $\angle E = 50°$ (b) DF = 6cm, $\angle F = 50°$
(c) DF = 5cm, $\angle E = 50°$ (d) DF = 6cm, $\angle D = 40°$ **(a)**

☞ **व्याख्या:** दिया है– $\Delta ABC \cong \Delta FDE$



अतः दो सर्वांगसम त्रिभुज की संगत भुजाएँ तथा संगत कोण समान होते हैं।

अतः Option (a) सही होगा।

79. निम्न में से किस चतुर्भुज में विकर्ण 90° पर प्रतिच्छेदित नहीं करते है। [RRB Group-D 2022]

(a) समचतुर्भुज (b) पतंग
(c) वर्ग (d) समांतर चतुर्भुज **(d)**

☞ **व्याख्या:** यहाँ समान्तर चतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को समद्विभाजित तो करते है पर समकोण (लम्बवत) पर नहीं करते।

111. दिए गए चित्र में यदि BP || CQ और AC = BC है, तो x का x का माप ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 20° (b) 25° (c) 30° (d) 35° **(c)**

☞ **व्याख्या :** BP || CQ
AC = BC



$2y = x + 70°$ ... (1)
$y + 20° = 70°$
$2y + 40° = 140°$
$2y = 100°$ ... (2) (BP || CQ)
$x + 70° = 100° \Rightarrow x = 30°$

112. बिंदुओं (2, 5), (3, 9) और (4, 1) द्वारा निर्मित त्रिभुज का केंद्रक ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) (3, 5) (b) (9, 15) (c) (3, 9) (d) (6, 6) **(a)**

☞ **व्याख्या :** केन्द्रक $\left(\frac{x_1+x_2+x_3}{3}, \frac{y_1+y_2+y_3}{3}\right)$

$\left(\frac{2+3+4}{3}, \frac{5+9+1}{3}\right) \Rightarrow (3, 5)$

113. समचतुर्भुज ABCD में विकर्ण बिंदु E पर प्रतिच्छेदित करते हैं। यदि $m\angle ECB = 5a + 4$ और $m\angle EBC = 4a + 5$ है तो $m\angle EBC$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 49° (b) 35° (c) 45° (d) 41° **(d)**

☞ **व्याख्या :**



समचतुर्भुज के विकर्ण 90° पर प्रतिच्छेद करते हैं।

$\therefore \angle EBC + \angle ECB = 90°$
$4a + 5 + 5a + 4 = 90 \Rightarrow 9a + 9 = 90$
$9a = 81 \Rightarrow a = 9$
$m\angle EBC = 4 \times 9 \times 5 = 41°$

114. x और y के बीच का ऐसा संबंध ज्ञात कीजिए, जिसके लिए (x, y), (5, 3) और (4, 6) से समदूरस्थ हैं। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $x - 3y = 9$ (b) $x + 3y = 10$
(c) $3y - x = 9$ (d) $x + 3y + 9 = 0$ **(c)**

☞ **व्याख्या :** (x, y), (5, 3) और (4, 6) से सम दूरस्थ है।

$\sqrt{(x_1-x_2)^2+(y_1-y_2)^2} = \sqrt{(x_1-x_2)^2+(y_1-y_2)^2}$
$(x-5)^2 + (y-3)^2 = (x-4)^2 + (y-6)^2$
$x^2 + 25 - 10x + y^2 + 9 - 6y = x^2 + 16 - 8x + y^2 + 36 - 12y$
$6y - 2x = 18 \Rightarrow 3y - x = 9$

115. तल $3x - 4y - 2z = 6$ द्वारा निर्देशांक अक्षों के साथ निर्मित अंतःखंड क्या होंगे? **[RRB NTPC 2021]**

(a) $-2, \frac{3}{2}, 3$ (b) $2, \frac{3}{2}, -3$
(c) $-2, -\frac{3}{2}, 3$ (d) $2, -\frac{3}{2}, -3$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** $3x - 4y - 2z = 6 \Rightarrow \frac{3x}{6} - \frac{4y}{6} - \frac{2z}{6} = 1$

$\frac{x}{2} + \frac{y}{\left(-\frac{3}{2}\right)} + \frac{z}{(-3)} = 1$, अंतःखंड $\Rightarrow 2, -\frac{3}{2}, -3$

116. (–2, 5) और (1, 3) से होकर गुजरने वाली सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $2x - 3y - 19 = 0$ (b) $2x + 2y + 19 = 0$
(c) $3x - 2y - 11 = 0$ (d) $2x + 3y - 11 = 0$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** (–2, 5) और (1, 3)

$m = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \frac{3-5}{1+2} = -\frac{2}{3}$

सरल रेखा का समीकरण

$y - y_1 = m(x - x_1) \Rightarrow (y - 5) = -\frac{2}{3}(x + 2)$
$3(y - 5) = -2(x + 2) \Rightarrow 3y - 15 = -2x - 4$
$2x + 3y - 11 = 0$

117. त्रिभुज ABC में $a = 25, b = 45$ और $c = 30$ है। cosA का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 23/27 (b) 21/27 (c) 25/27 (d) 20/27 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\cos A = \frac{b^2 + c^2 - a^2}{2bc} = \frac{45^2 + 30^2 - 25^2}{2 \times 45 \times 30}$

$= \frac{2025 + 900 - 625}{2700} = \frac{2300}{2700} = \frac{23}{27}$

118. बिंदु (4, 5), दो बिंदुओं (2, 3) तथा (7, 8) को मिलाने वाली रेखा को किस अनुपात में विभाजित करता है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 1 : 2 (b) 3 : 4 (c) 2 : 3 (d) 4 : 5 **(c)**

☞ **व्याख्या :** अनुपात = k : 1

$x = \frac{m_1 x_2 + m_2 x_1}{m_1 + m_2} \Rightarrow 4 = \frac{k \times 7 + 1 \times 2}{k + 1}$

$4k + 4 = 7k + 2 \Rightarrow 3k = 2 \Rightarrow k = \frac{2}{3}$

अनुपात $= \frac{2}{3} : 1 \Rightarrow 2 : 3$

119. यदि बिंदुओं (3, 5) (–7, 4) (10, –6) द्वारा निर्मित त्रिभुज का केंद्रक, बिंदु (k, 1) पर है, तो k का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 1 (b) 3 (c) 4 (d) 2 **(d)**

☞ **व्याख्या :** केन्द्रक $\left(\frac{x_1+x_2+x_3}{3}, \frac{y_1+y_2+y_3}{3}\right)$

$\frac{3 - 7 + 10}{3} = k \Rightarrow k = \frac{6}{3} = 2$

104. दो वृत्तों $x^2+y^2-12x-6y+41=0$ और $x^2+y^2+kx+6y-59=0$ के बीच का कोण 45° है। k का मान ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) ±3 (b) –4 (c) 4 (d) ±4 **(d)**

☞ **व्याख्या :** $x^2+y^2-12x-6y+41=0$ और

$x^2+y^2+kx+6y-59=0$

$$\cos\theta=\frac{c_1+c_2-2g_1g_2-2f_1f_2}{2\sqrt{g_1^2+f_1^2-c_1}\times\sqrt{g_2^2+f_2^2-c_2}}$$

$g_1=-6, f_1=-3, c_1=41$

$g_2=\frac{k}{2}, f_2=3, c_2=-59$

$$\cos 45^\circ=\frac{41-59+2\times6\times\frac{k}{2}-2\times(-3)\times3}{2\sqrt{36+9-41}\times\sqrt{\frac{k^2}{4}+9+59}}$$

$$\frac{1}{\sqrt{2}}=\frac{6k}{2\times2\sqrt{\frac{k^2}{4}+68}}$$

$$\frac{1}{2}=\frac{9k^2}{4\left(\frac{k^2}{4}+68\right)}$$

$$4\left(\frac{k^2}{4}+68\right)=18k^2$$

$k^2+272=18k^2$

$17k^2=272\Rightarrow k^2=16\Rightarrow k=+4$

105. त्रिभुज ABC का आधार BC, बिंदु D पर इस प्रकार विभाजित है कि BD, DC के आधे के बराबर है। त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल, त्रिभुज ADC के क्षेत्रफल का ____ गुना है। [RRB NTPC 2021]

(a) चार (b) $\frac{3}{2}$ (c) दो (d) तीन **(b)**

☞ **व्याख्या :** BD : DC = 1 : 2

$\text{ar}(\Delta ABC)=\frac{1}{2}$ आधार × ऊँचाई $=\frac{1}{2}BC\times h$

ΔADC का क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}DC\times h=\frac{1}{2}\times BC\times\frac{2}{3}\times h$

$$\frac{ar(\Delta ABC)}{ar(\Delta ADC)}=\frac{\frac{1}{2}}{\frac{2}{3}}=\frac{3}{2}$$



$ar(\Delta ABC)=ar(\Delta ADC)\times\frac{3}{2}$

106. O केंद्र वाले एक वृत्त पर वृत्त के बाहर स्थित एक बिंदु P से खींची गई एक स्पर्श रेखा PT, वृत्त को बिंदु Q पर स्पर्श करती है। यदि PQ = 30 cm है और वृत्त का व्यास 32 cm है, तो OP की लंबाई कितनी होगी? [RRB NTPC 2021]

(a) 36 cm (b) 34 cm (c) 32 cm (d) 38 cm **(b)**

☞ **व्याख्या :** $OQ=\frac{32}{2}=16$ cm

$OP^2=OQ^2+PQ^2=16^2+30^2$



$=256+900=1156$

OP = 34 cm

107. दो बिंदुओं $(a\cos\alpha, 0)$ और $(0, a\sin\alpha)$ के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) a (b) $|a|$ (c) $2a$ (d) $|2a|$ **(b)**

☞ **व्याख्या :** दूरी $=\sqrt{(x_1-x_2)^2+(y_1-y_2)^2}$

$=\sqrt{(a\cos\theta-0)^2+(0-a\sin\theta)^2}$

$=\sqrt{a^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta}=\sqrt{a^2(\cos^2\theta+\sin^2\theta)}$

$=\sqrt{a^2\times1}=\pm a=|a|$

108. यदि वृत्त $x^2+y^2-6x+8y+c=0$ की त्रिज्या 6 है, तो c का मान ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) –11 (b) 25 (c) –10 (d) 11 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $x^2+y^2-6x+8y+c=0$

$2h=-6\Rightarrow h=-3$

$2k=8\Rightarrow k=4$

$\sqrt{h^2+k^2-c}=r$

$\sqrt{(-3)^2+(4)^2-c}=6$

$\sqrt{9+16-c}=6\Rightarrow9+16-c=36$

$c=25-36\Rightarrow c=-11$

109. निर्देशांक अक्षों के साथ रेखा $2x-4y-7=0$ द्वारा निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{49}{2}$ इकाई^2 (b) $\frac{49}{16}$ इकाई^2

(c) $\frac{49}{4}$ इकाई^2 (d) $\frac{49}{8}$ इकाई^2 **(b)**

☞ **व्याख्या :** $2x-4y-7=0$

$y=0$ रखने पर

$x=\frac{7}{2}$

$x=0$ रखने पर

$y=-\frac{7}{4}$

त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}$ आधार × ऊँचाई

$=\frac{1}{2}\times\frac{7}{2}\times\frac{7}{4}=\frac{49}{16}$ इकाई^2

110. किसी चतुर्भुज ABCD के विकर्ण एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं। यदि $\angle A=45^\circ$ है, तो $\angle B$ का मान ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 120° (b) 135° (c) 125° (d) 115° **(b)**

☞ **व्याख्या :** चतुर्भुज ABCD के विकर्ण एक दूसरे को समद्विभाजित करते हैं। अतः दिया गया चतुर्भुज समांतर चतुर्भुज है।

$\angle A+\angle B=180^\circ$

$45^\circ+\angle B=180^\circ\Rightarrow\angle B=135^\circ$

95. एक समबहुभुज के शीर्षों पर बने अंतः कोणों और बहिष्कोणों का अंतर 160° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 36 (b) 42 (c) 40 (d) 38 **(a)**

☞ **व्याख्या :** बहिष्कोण $= \frac{180^\circ - 160^\circ}{2} = 10^\circ$

बहिष्कोण $\times n = 360^\circ \Rightarrow 10^\circ \times n = 360^\circ \Rightarrow n = 36$

96. एक त्रिभुज के दो कोण 1 : 2 के अनुपात में है और इन कोणों का योग तीसरे कोण के बराबर है। सबसे छोटे कोण का माप क्या है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 20° (b) 30° (c) 25° (d) 40° **(b)**

☞ **व्याख्या :** $\angle A : \angle B : \angle C$

$1 : 2 : 3$

सबसे छोटा कोण $= 180 \times \frac{1}{6} = 30^\circ$

97. यदि (2, –2) और (5, 2) एक वर्ग के दो क्रमागत शीर्ष हैं, तो वर्ग की प्रत्येक भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\sqrt{5}$ इकाई (b) $\frac{5}{\sqrt{2}}$ इकाई

(c) $5\sqrt{2}$ इकाई (d) 5 इकाई **(d)**

☞ **व्याख्या :**



$AB = \sqrt{(x_1 - x)^2 + (y_1 - y_2)^2}$

$= \sqrt{(2-5)^2 + (-2-2)^2} = \sqrt{9+16} = \sqrt{25} = 5$

वर्ग की प्रत्येक भुजा समान होती है।

भुजा = 5 इकाई

98. 3 cm, 4 cm और 5 cm भुजा वाले एक त्रिभुज पर अंतःवृत्त और परिवृत्त खींचे गए हैं। इस प्रकार निर्मित अंतःवृत्त और परिवृत्त की त्रिज्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 1 : 5 (b) 2 : 5 (c) 3 : 5 (d) 5 : 2 **(b)**

☞ **व्याख्या :** समकोण त्रिभुज में

अंत वृत्त की त्रिज्या $= \frac{3+4-5}{2} = 1$

परिवृत्त की त्रिज्या $= \frac{\text{कर्ण}}{2} = \frac{5}{2}$

अनुपात $= 1 : \frac{5}{2} = 2 : 5$

99. दिए गए चित्र में O वृत्त का केंद्र है। यदि $\angle ARS = 125^\circ$ है, तो $\angle PAB$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 125° (b) 55° (c) 145° (d) 35° **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\angle ARS = 125^\circ$

$\angle ARP = 180^\circ - 125^\circ = 55^\circ$

$\angle ABP = \angle ARP = 55^\circ$ (एक ही वृत्तखंड के कोण)

$\angle APB = 90^\circ$ (अर्द्ध वृत्त)

$\angle PAB = 180^\circ - (90^\circ + 55^\circ) = 35^\circ$

100. रेखा ABC एक स्पर्शरेखा है, जो वृत्त को बिंदु B पर स्पर्श करती है। यदि PQ ∥ AC तथा $\angle QBC = 70^\circ$ है, तो $\angle PBQ$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 70° (b) 110° (c) 40° (d) 20° **(c)**

☞ **व्याख्या :** $\angle QPB = \angle QBC = 70^\circ$

$\angle PQB = \angle QBC = 70$ (एकान्तर कोण)

$\therefore \angle PBQ = 180 - (\angle QPB + \angle PQB)$

$= 180 - (70 + 70) = 180 - 140 = 40^\circ$

101. दो कोणों का योग 155° है और उनका अंतर $\frac{\pi}{2}$ है। बड़े कोण का मान (रेडियन में) ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{53\pi}{72}$ (b) $\frac{47\pi}{72}$ (c) $\frac{49\pi}{72}$ (d) $\frac{51\pi}{72}$ **(c)**

☞ **व्याख्या :** $x + y = 155^\circ$

$x - y = \frac{\pi}{2} = 90^\circ$

$x = \frac{155 + 90}{2} = \frac{245}{2}$

$= \frac{245}{2} \times \frac{\pi}{180} = \frac{49\pi}{72}$

102. दो वर्गों के क्षेत्रफलों का अनुपात 16 : 9 है। उनके परिमापों का क्रमशः अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 4 : 3 (b) 4 : 5 (c) 5 : 4 (d) 3 : 4 **(a)**

☞ **व्याख्या :** क्षेत्रफलों में अनुपात = 16 : 9

परिमापों में अनुपात = $\sqrt{16} : \sqrt{9} = 4 : 3$

103. यदि एक वृत्त के केंद्र (c) के निर्देशांक (–2,3) हैं और इसकी त्रिज्या 4 है, तो वृत्त का समीकरण ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $x^2 + y^2 + 4x + 6y - 3 = 0$
(b) $x^2 + y^2 + 4x - 6y - 3 = 0$
(c) $x^2 + y^2 - 4x + 6y + 3 = 0$
(d) $x^2 + y^2 - 4x + 6y - 3 = 0$ **(b)**

☞ **व्याख्या :** केन्द्र $(-g, -f) = (-2, 3)$

त्रिज्या $= \sqrt{g^2 + f^2 - c} = 4$

$\sqrt{(-2)^2 + 3^2 - c} = 4 \Rightarrow \sqrt{4 + 9 - c} = 4$

$\sqrt{13 - c} = 4 \Rightarrow 13 - c = 16 \Rightarrow c = -3$

वृत्त का समीकरण

$x^2 + y^2 + 2gx + 2fy + c = 0$

$\boxed{x^2 + y^2 + 4x - 6y - 3 = 0}$

135. वृत्त $x^2 + y^2 + 2011x + 2012y + 2013 = 0$ पर स्थित किसी बिंदु से वृत्त $x^2 + y^2 + 2011x + 2012y + 2014 = 0$ पर खींची गई स्पर्शरेखा की लंबाई ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 1 (b) 0 (c) 5
(d) कोई उभयनिष्ठ स्पर्शरेखा नहीं खींची जा सकती है। (d)

☞ व्याख्या : कोई उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा नहीं खींचीं जा सकती है।

136. यदि एक बिन्दु (1, 2) को x-अक्ष की धनात्मक दिशा में 2 इकाई स्थानांतरित किया जाता है और उसके बाद उस बिंदु से वृत्त $x^2 + y^2 = 9$ पर स्पर्श रेखाएँ खींची जाती हैं, तो खींची गई स्पर्श रेखाओं के बीच के कोण का मान ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) $2\tan^{-1}\left(\frac{3}{2}\right)$ (b) $2\tan^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)$
(c) $2\tan^{-1}\left(\frac{2}{3}\right)$ (d) $\tan^{-1}\left(\frac{5}{3}\right)$ (a)

☞ व्याख्या :



बिन्दु P (1, 2) ⇒ नया बिन्दु P(3, 2)

$x^2 + y^2 = 9$

त्रिज्या (r) = 3

$OP^2 = 3^2 + 2^2$

$OP = \sqrt{13}$

$\tan\theta = \frac{3}{2}$

$\theta = \tan^{-1}\left(\frac{3}{2}\right)$

$2\theta = 2\tan^{-1}\left(\frac{3}{2}\right)$

137. वृत्त $x^2 + y^2 = a^2$ पर स्थित किसी बिंदु से वृत्त $x^2 + y^2 = b^2$ पर खींची गई स्पर्श रेखाओं को स्पर्श करने वाली जीवा, वृत्त $x^2 + y^2 = c^2$ को इस प्रकार स्पर्श करती है, कि $b^m = a^n c^p$ है, जहाँ m, n, p ∈ N है। m + n + p + 10 का मान ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) 14 (b) 10 (c) 8 (d) 12 (a)

☞ व्याख्या :



OP = a, OT = b, OD = C

समरूप त्रिभुजों से $\frac{b}{c} = \frac{a}{b}$ (1)

$b^2 = ac$ (2)

$b^m = a^n c^p$

तुलना करने पर, m = 2, n = 1, p = 1

m + n + p + 10 = 2 + 1 + 1 + 10 = 14

138. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही है?

[RRB NTPC 2021]

1. एक वृत्त की दो स्पर्शरेखाओं के बीच बना कोण 0° हो सकता है।
2. यदि एक तिर्यक रेखा, दो रेखाओं को इस प्रकार प्रतिच्छेदित करती है कि एकान्तर अंतः कोणों के युग्म बराबर हों, तो दोनों रेखाऐं समानांतर होती हैं।
3. वृत्त के व्यास के सिरों पर स्पर्श करने वाली स्पर्श रेखाएं लबवत होती हैं।

(a) केवल 1 (b) 1 और 2 दोनों, लेकिन 3 नहीं
(c) केवल 3 (d) केवल 2 (b)

☞ व्याख्या : कथन 1 तथा कथन 2 सही है। कथन 3 सही नहीं है।

139. बाह्य बिंदु P से, स्पर्शरेखाएँ PA और PB केंद्र O वाले वृत्त पर खींची जाती हैं। यदि ∠PAB = 55° है, तो ∠AOB ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) 100° (b) 35° (c) 125° (d) 110° (d)

☞ व्याख्या :



∠OAB = 90 − 55 = 35°

∠AOB = 180° − (35° × 2) = 110°

140. निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

[RRB NTPC 2021]

(a) किसी भी त्रिभुज में, त्रिभुज की किन्हीं दो भुजाओं की लंबाइयों का अंतर तीसरी भुजा की लंबाई से कम होता है।
(b) किसी भी त्रिभुज में, त्रिभुज की किन्हीं दो कोणों का योग, तीसरे कोण की माप से अधिक होता है।
(c) किसी भी त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा, प्रत्येक अन्य भुजा के साथ न्यून कोण बनाती है।
(d) किसी भी त्रिभुज में, त्रिभुज की किन्हीं दो भुजाओं की लंबाइयों का योग तीसरी भुजा की लंबाई से अधिक होता है। (b)

☞ व्याख्या : किसी भी त्रिभुज में, किन्हीं दो कोणों का योग तीसरी कोण से अधिक होता है।
गलत कथन है।

141. यदि एक नियमित बहुभुज बाहरी और आंतरिक कोणों के बीच का अंतर 60° है और आंतरिक कोण संगत बाहरी कोण से बड़ा है, तो बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) 7 (b) 8 (c) 5 (d) 6 (d)

☞ व्याख्या : $\angle a + \angle b = 180 \Rightarrow \angle a - \angle b = 60 \Rightarrow \angle b = 60°$

बहिष्कोण $(\angle b) = 60° \Rightarrow$ भुजाओं की संख्या $= \frac{360}{60} = 6$

142. यदि दो बिंदुओं (x, 7) और (1, 15) के बीच की दूरी 10 इकाई है, तो x के संभावित मान ज्ञात कीजिए?

[RRB NTPC 2021]

(a) 4, 5 (b) 3, 7 (c) 5, −7 (d) 7, −5 (d)

☞ व्याख्या : $10 = \sqrt{(x-1)^2 + (7-15)^2} \Rightarrow 10 = \sqrt{x^2 + 1 - 2x + 64}$

$100 = x^2 - 2x + 65$

$x^2 - 2x - 35 = 0 \Rightarrow x = 7, y = -5$

☞ **व्याख्या :** $\angle O$ के सम्मुख कोण $= \frac{(360-104)}{2} = \frac{256}{2} = 128°$

130. दिए गए वृत्त में, जीवाएं AB और CD, बिंदु P पर आंतरिक रूप से प्रतिच्छेदित करती है। यदि $\overline{CP} = 3$ cm और $\overline{DP} = 8$ cm है, और $\overline{AP}$ और $\overline{BP}$, दोनों की लंबाई के आंकिक मान प्राकृतिक संख्याएं हैं,



तो निम्न में से कौन सा विकल्प $\overline{AB}$ की लंबाई नहीं हो सकता हैं? (आकृति पैमाने के अनुरूप नहीं है।)[RRB NTPC 2021]

(a) 14 cm (b) 25 cm (c) 10 cm (d) 20 cm **(d)**

☞ **व्याख्या :** $AP \times BP = CP \times DP$
$AP \times BP = 3 \times 8$
$AP \times BP = 24$
$12 \times 2 \Rightarrow 12 + 2 = 14 = AB$
$6 \times 4 \Rightarrow 6 + 4 = 10 = AB$
$8 \times 3 \Rightarrow 8 + 3 = 11 = AB$
$24 \times 1 \Rightarrow 24 + 1 = 25 = AB$
AB का मान 20 नहीं हो सकता है।

131. वृत्त $x^2 + y^2 + 7x + 4y + 9 = 0$ की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{\sqrt{13}}{2}$ (b) $\frac{\sqrt{19}}{2}$ (c) $\frac{\sqrt{29}}{2}$ (d) $\frac{\sqrt{23}}{2}$ **(c)**

☞ **व्याख्या :** $x^2 + y^2 + 7x + 4y + 9 = 0$

$x^2 + y^2 + 2gx + 2fy + c = 0$ में
त्रिज्या $= \sqrt{g^2 + f^2 - c}$

$\therefore$ त्रिज्या $= \sqrt{\left(\frac{7}{2}\right)^2 + (2)^2 - 9}$

$= \sqrt{\frac{49}{4} + 4 - 9} = \sqrt{\frac{49}{4} - 5}$

$= \sqrt{\frac{49 - 20}{4}} = \frac{\sqrt{29}}{2}$

132. दिए गए चित्र में, A, B और C किसी वृत्त पर स्थित तीन बिंदु हैं। यदि AB = 3 cm और BC = 4 cm है, तो वृत्त की त्रिज्या का माप ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]



(a) 5 cm (b) $\frac{5}{2}$ cm (c) $\frac{7}{2}$ cm (d) 3 cm **(b)**

☞ **व्याख्या :**



AB = 3 cm, BC = 4 cm
ΔABC समकोण त्रिभुज है।
$AC^2 = AB^2 + BC^2$
$AC^2 = 3^2 + 4^2 \Rightarrow 9 + 16 \Rightarrow 25$
$AC = 5$

$\therefore$ त्रिज्या $= \frac{AC}{2} = \frac{5}{2}$ cm

133. एक वृत्त किसी त्रिभुज ABC की भुजा BC को बिन्दु P पर स्पर्श करता है। भुजा AB और AC को क्रमशः बिन्दु Q और R पर वृत्त से स्पर्श करने के लिए बढ़ाया जाता है तो AQ की लम्बाई कितनी होगी? [RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{1}{2}(BC + CA + AB)$ (b) $\frac{1}{4}(BC + CA + AB)$

(c) $\frac{1}{3}(BC + CA + AB)$ (d) $\frac{1}{2}(2BC + 2CA + 2AB)$ **(a)**

☞ **व्याख्या :**



AQ = AR, BQ = BP, CP = CR
त्रिभुज का परिमाप = AB + BC + AC
= AB + (BP + CP) + (AR − CR)
= AB + BQ + CP + (AQ − CP)
= AQ + AQ
AB + BC + AC = 2AQ

$AQ = \frac{1}{2}(AB + BC + AC)$

134. एक वृत्त की त्रिज्या 3 इकाई है और इसका केंद्र, रेखा $y = x - 1$ पर स्थित है। यदि यह वृत्त बिंदु (7, 3) से होकर गुजरता है, तो इसका समीकरण ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) $x^2 + y^2 - 8x - 6y - 16 = 0$
(b) $x^2 + y^2 + 8x + 6y + 16 = 0$
(c) $x^2 + y^2 + 8x - 6y + 16 = 0$
(d) $x^2 + y^2 - 8x - 6y + 16 = 0$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** त्रिज्या = r, केन्द्र = (h, k)
$(x, y) = (7, 3)$
$(x - h)^2 + (y - k)^2 = r^2$
$(7 - h)^2 + (3 - k)^2 = 3^2$ ...(1)
केन्द्र, रेखा $y = x - 1$ पर स्थित है।
$k = h - 1$ ...(2)
$(7 - h)^2 + (3 - h + 1)^2 = 9$
$(7 - h)^2 + (4 - h)^2 = 9$
$49 + h^2 - 14h + 16 + h^2 - 8h = 9$
$2h^2 - 22h + 56 = 0$
$h^2 - 11h + 28 = 0$
$h = 7, 4$
$k = 6, 3$
$\therefore$ समीकरण $(x - 7)^2 + (y - 6)^2 = 3^2$
$x^2 + 49 - 14x + y^2 + 36 - 12y = 9$
$x^2 + y^2 - 14x - 12y + 76 = 0$
अथवा $(x - 4)^2 + (y - 3)^2 = 3^2$
$x^2 + 16 - 8x + y^2 + 9 - 6y = 9$
$x^2 + y^2 - 8x - 6y + 16 = 0$

120. दो समबहुभुजों की भुजाओं की संख्या समान है। उनकी लंबाइयों का अनुपात 7 : 5 है और बड़े बहुभुज का क्षेत्रफल 1127 cm^2 है। छोटे बहुभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 565 cm^2 (b) 585 cm^2
(c) 575 cm^2 (d) 550 cm^2 **(c)**

☞ **व्याख्या :** लंबाइयों में अनुपात = 7 : 5

$$\frac{\text{छोटे बहुभुज का क्षेत्रफल}}{\text{बड़े बहुभुज का क्षेत्रफल}} = \frac{(5)^2}{(7)^2}$$

छोटे बहुभुज का क्षेत्रफल $= 1127 \times \frac{25}{49} = 575\ cm^2$

121. एक समचतुर्भुज ABCD में यदि $\angle ACB = 40°$ है, तो $\angle ADB$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 50° (b) 70° (c) 60° (d) 45° **(a)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle BOC = 90°, ACB = 40°$
$\angle OBC = 180° - (90 + 40) = 50°$
$\angle ADB = \angle OBC = 50°$

122. P एक समांतर चतुर्भुज ABCD की भुजा BC का ऐसा मध्य बिंदु है कि $\angle BAP = \angle DAP$ है। यदि AD = 10 cm हो तो CD ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 5 cm (b) 6 cm (c) 10 cm (d) 8 cm **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{\angle A}{2} + \angle ABP + \angle APB = 180$

$\frac{\angle A}{2} + 180 - < + \angle APB = 180$

$\angle APB = \frac{\angle A}{2}$

$\angle APB = \angle PAB$
$AB = BP$



$AB = \frac{10}{2} = 5\ cm$
$CD = AB = 5\ cm$

123. एक समबहुभुज के शीर्ष पर बने अंत कोण और बाह्य कोण का अंतर 140° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 20 (b) 22 (c) 24 (d) 18 **(d)**

☞ **व्याख्या :** $x + y = 180°, x - y = 140°$

बाह्य कोण $= \frac{40}{2} = 20°$, भुजाओं की संख्या $= \frac{360°}{20°} = 18$

124. यदि किसी समांतर चतुर्भुज के एक कोण का माप, सबसे छोटे कोण के दोगुने से 39° कम है, तो समांतर चतुर्भुज के सबसे छोटे कोण का माप कितना है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 74° (b) 73° (c) 72° (d) 75° **(b)**

☞ **व्याख्या :** समांतर चतुर्भुज के संम्मुख कोण बराबर होते हैं।
छोटा कोण = $x°$, बड़ा कोण = $2x - 39$
$2(x + 2x - 39) = 360° \Rightarrow (3x - 39) = 180°$
$3x = 219° \Rightarrow x = 73°$ अतः सबसे छोटा कोण = 73°

125. इनमें से कौनसा बिंदु x-अक्ष पर स्थित है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) (2, 3) (b) (0, 4) (c) (2, 0) (d) (1, 2) **(c)**

☞ **व्याख्या :** x अक्ष के निर्देशांक = $(x, 0) \Rightarrow (2, 0)$

126. वृत्त $x^2 + y^2 - 3x - 4y + 1 = 0$ के सापेक्ष बिंदु (1, 2) की स्थिति क्या है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) निर्धारित नहीं की जा सकती
(b) वृत्त पर स्थित है
(c) वृत्त के बाहर स्थित है
(d) वृत्त के अंदर स्थित है **(d)**

☞ **व्याख्या :** $x^2 + y^2 - 3x - 4y + 1 = 0$

$g = \frac{-3}{2}, f = -2 \Rightarrow$ केन्द्र $\left(\frac{3}{2}, 2\right)$

त्रिज्या $= \sqrt{g^2 + f^2 - C} = \sqrt{\left(\frac{-3}{2}\right)^2 + (-2)^2 - 1}$

त्रिज्या $= \sqrt{\frac{9}{4} + 4 - 1} = \sqrt{\frac{9 + 16 - 4}{4}} = \frac{\sqrt{21}}{2}$

केन्द्र $\left(\frac{3}{2}, 2\right)$ और (1, 2) के बीच की दूरी

$= \sqrt{\left(\frac{3}{2} - 1\right)^2 + (2 - 2)^2} = \sqrt{\left(\frac{1}{2}\right)^2 + 0} = \frac{1}{2} = 0.5$

त्रिज्या > दूरी
बिन्दु (1, 2) वृत्त के अंदर स्थित है।

127. x- अक्ष के सापेक्ष बिंदु (7, 8) का परावर्तित प्रतिबिंब ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) (–7, 8) (b) (8, 7) (c) (7, –8) (d) (–7, –8) **(c)**

☞ **व्याख्या :** x–अक्ष के सापेक्ष बिन्दु (7, 8) का परावर्तित प्रतिबिंब (7, –8) होगा।

128. दिए गए वृत्त में, व्यास AB को, बढ़ी हुई जीवा CD से बिंदु P पर मिलाने के लिए बढ़ाया जाता है। यदि AP, CD और DP रेखाखंडों की लंबाइयां क्रमशः 18 cm, 3 cm और 9 cm हैं, तो वृत्त की त्रिज्या की लंबाई क्या होगी? **[RRB NTPC 2021]**



(a) 3 cm (b) 9 cm (c) 12 cm (d) 6 cm **(d)**

☞ **व्याख्या :** $AP \times BP = CP \times DP$
$18 \times BP = (3 + 9) \times 9$
$18 \times BP = 12 \times 9$
$BP = 6\ cm$
$AB = AP - BP = 18 - 6 = 12\ cm$

त्रिज्या $= \frac{AB}{2} = 6\ cm$

129. दिए गए वृत्त में, जिसका केंद्र O है, केंद्र पर बनने वाले अधिक कोण (obtuse angle) का माप 104° है। वृत्त के भीतर बनाए गए चतुर्भुज (quadrilateral) में $\angle O$ के सम्मुख कोण का माप कितना होगा? (आकृति पैमाने के अनुरूप नहीं है) **[RRB NTPC 2021]**



(a) 124° (b) 132° (c) 128° (d) 152° **(c)**

163. यदि (2, 7), (5, 1), (x, 3) एक त्रिभुज के शीर्ष हैं, जिसका क्षेत्रफल 18 (वर्ग इकाई) है, तो x का संभावित मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 7 या 1 (b) –7 या –1 (c) –7 या 1 (d) 7 या –1 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{1}{2}[x_1(y_2-y_3)+x_2(y_3-y_1)+x_3(y_1-y_2)]=18$

$2(1-3)+5(3-7)+x(7-1)=36$

$-4-20+6x=36 \Rightarrow 6x=60 \Rightarrow x=10$

Note : इसका उत्तर 7 या 1 दिया है।

164. दिया गया है कि $\Delta ABC \sim \Delta DEF$, यदि BC = 12.5 cm और EF = 10 cm है, तो ΔABC और ΔDEF के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 3 : 4 (b) 1 : 2 (c) 16 : 25 (d) 25 : 16 **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\Delta ABC \sim \Delta DEF$

$$\frac{ar(\Delta ABC)}{ar(\Delta DEF)}=\frac{(BC)^2}{(EF)^2}=\left(\frac{12.5}{10}\right)^2=\left(\frac{5}{4}\right)^2=\frac{25}{16}\Rightarrow 25:16$$

165. यदि दो वृत्तों की त्रिज्याएँ 4.5 cm और 3.5 cm हैं तथा अनुप्रस्थ उभयनिष्ठ स्पर्शरेखा की लंबाई 6 cm है, तो दोनों केंद्रों के बीच की दूरी कितनी होगी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 9 cm (b) 8 cm (c) 12 cm (d) 10 cm **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\sqrt{x^2-(4.5+3.5)^2}=6 \Rightarrow x^2-(8)^2=6^2$

$\Rightarrow x^2-64=36 \Rightarrow x^2=100 \Rightarrow x=10$ cm

166. एक बिंदु P, एक वृत्त के केंद्र से 13 cm की दूरी पर स्थित है। बिंदु P से वृत्त पर खींची गई स्पर्शरेखा की लंबाई 12 cm है। वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 6 cm (b) 5 cm (c) 3 cm (d) 4 cm **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$OA^2=OP^2-AP^2=13^2-12^2=169-144=25 \Rightarrow OA=5$

त्रिज्या = 5 cm

167. एक त्रिभुज की भुजाएँ घन पूर्णांक हैं। यदि दो भुजाओं के माप 6 cm और 3 cm हैं, तो ऐसे विशिष्ट त्रिभुजों की संभावित संख्या ज्ञात करें। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 3 (b) 9 (c) 7 (d) 5 **(d)**

☞ **व्याख्या :** त्रिभुज की दो भुजाओं का अंतर तीसरी भुजा से अधिक होता है। त्रिभुज की दो भुजाओं का अंतर तीसरी भुजा से छोटा होता है।

$6+3=9>1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8$

$6-3=3>4, 5, 6, 7, 8$

$\therefore$ त्रिभुजों की संख्या = 5

168. यदि एक समांतर चतुर्भुज की भुजाएँ 3x + 2 और 5x + 4 हैं और इसका परिमाप 44 cm और क्षेत्रफल 64 cm^2 है। इसकी भुजाओं के बीच बने न्यून कोण का मान ज्ञात करें? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 60° और 75° के बीच (b) 30° से कम

(c) 30° और 60° के बीच (d) 75° से अधिक **(c)**

☞ **व्याख्या :** परिमाप = 44 cm

$2(3x+2+5x+4)=44 \Rightarrow 8x+6=22$

$\Rightarrow 8x=16 \Rightarrow x=2$



$8 \times h=64 \Rightarrow h=8$ cm

$\sin c=\frac{8}{14}=\frac{4}{7}$

अतः न्यूनकोण 30° और 60° के बीच होगा।

169. दी गयी आकृति में DE || BC है। यदि AD = x, DB = x – 2, AE = x + 2 और EC = x – 1 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 5 (b) 3 (c) 4 (d) 2 **(c)**

☞ **व्याख्या :** $\Delta ADE \sim \Delta ABC$; $\frac{AD}{DB}=\frac{AE}{EC}$

$\frac{x}{x-2}=\frac{x+2}{x-1} \Rightarrow x^2-x=x^2-4 \Rightarrow x=4$

170. ΔPQR में, QR को S तक इस तरह से बढ़ाया जाता है ताकि RS = RP हो जाए, यदि $\angle PRQ = 70°$ और $\angle QPS = 110°$ है, तो कोण $\angle PQS$ की माप ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 55° (b) 50° (c) 65° (d) 35° **(d)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle PRS = 180° - 70° = 110° \Rightarrow \angle PSR = \angle RPS$

$=\frac{180-110}{2}=\frac{70°}{2}=35° \Rightarrow \angle PQS = 180°-(110°+35°)=35°$

171. बिंदु A, B और C केंद्र O वाले वृत्त पर स्थित हैं। $\angle ACB = 47.5°$ है। लघु वृत्तखंड $\overset{\frown}{AB}$ पर बना $\angle AOB$ ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 93° (b) 92° (c) 94° (d) 95° **(d)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle AOB = 2\angle ACB = 2 \times 47.5° = 95°$

172. एक त्रिभुज के कोणों A, B और C के माप समांतर रेणी में है। M, BC पर इस प्रकार स्थित एक बिंदु है कि AM, BC पर लंब है। $\frac{BM}{AB}$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{3}{4}$ (c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{1}{4}$ **(a)**

☞ **व्याख्या :** कोण A, B, C समांतर श्रेणी में हैं।

$B=\frac{A+C}{2}$; $2B=A+C$

$\therefore A+B+C=180$

$\therefore B=60°$; $x=30°$

समकोण ΔAMB में



$\frac{BM}{AB}=\sin 30°$; $\frac{BM}{AB}=\frac{1}{2}$

☞ **व्याख्या :** $\angle ACB = \angle ABC = \angle ABD = 65^\circ$
त्रिभुज ABC में, $\angle BAC + \angle ACB + \angle ABC = 180$
$\angle BAC + 65 + 65 = 180 \Rightarrow \angle BAC = 50^\circ$

154. एक समबहुभुज का प्रत्येक आंतरिक कोण 140° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 15 (b) 18 (c) 9 (d) 12 **(c)**

☞ **व्याख्या :** समबहुभुज का आंतरिक कोण = 140°
∴ बाह्य कोण = 180 – 140 = 40°
सभी बहुभुजों का योग = 360
$40 \times n = 360 \Rightarrow n = 9$
भुजाओं की संख्या = 9

155. AB एक अर्धवृत्त का व्यास है। C, रेखा AB पर स्थित एक ऐसा बिंदु है कि AC = 6 cm है, D अर्धवृत्त पर स्थित एक ऐसा बिंदु है कि CD, AB पर लंब है, और CD = 9 cm है। अर्धवृत्त का व्यास ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 7.5 cm (b) 15 cm (c) 19.5 cm (d) 12 cm **(c)**

☞ **व्याख्या :**



AC = 6 cm; OC = (r – 6) cm; OD = r cm, CD = 9 cm
$OD^2 = OC^2 + CD^2$
$r^2 = (r-6)^2 + 9^2 = r^2 + 36 - 12r + 81$
$12r = 117 \Rightarrow r = 9.75$ cm
व्यास $2r = 19.5$ cm

156. AB और CD, एक वृत्त की दो जीवाएँ हैं, जहाँ AB = 6 cm, CD = 8 cm और AB || CD है। यदि AB और CD के बीच की दूरी 7 cm है और वृत्त का केंद्र, चतुर्भुज ABCD के आंतरिक भाग में स्थित है, तो वृत्त की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 10 (b) 8 (c) 7.5 (d) 5 **(d)**

☞ **व्याख्या :**



AB = 6 cm $\Rightarrow$ PB = 3 cm; CD = 8 cm $\Rightarrow$ CQ = 4 cm
OP = (7 – x) cm; $OB^2 = OC^2$
$(7-x)^2 + 3^2 = x^2 + y^2 \Rightarrow 49 + x^2 - 14x + 9 = x^2 + 16$
$\Rightarrow 14x = 42 \Rightarrow x = 3$
$r^2 = 25 \Rightarrow r = 5$ cm ∴ $r^2 = 3^2 + 4^2$

157. केंद्र c_1 और त्रिज्या $r_1 = 5$ cm वाले एक वृत्त को एक समकोण पर रखा गया है। एक अन्य छोटा वृत्त, जिसका केंद्र c_2 और त्रिज्या r_2 है, को इस प्रकार रखा जाता है, कि यह चित्र के अनुसार कोण की भुजाओं और बड़े वृत्त को स्पर्श करता है। छोटे वृत्त की त्रिज्या r_2 का मान cm में ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]



(a) $5(3-2\sqrt{2})$ (b) $3(5+2\sqrt{2})$
(c) $5(3+2\sqrt{2})$ (d) $3(5-2\sqrt{2})$ **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\Delta ACC_1 \sim BCC_2 \Rightarrow \therefore \frac{r_1}{r_2} = \frac{C_1C}{C_2C}$

$\frac{r_1}{r_2} = \frac{r_1 + r_2 + \sqrt{2}r_2}{\sqrt{2}r_2} \Rightarrow \frac{5}{r_2} = \frac{5 + r_2(\sqrt{2}+1)}{\sqrt{2}r_2}$

$5\sqrt{2}r_2 = 5r_2 + r_2^2(\sqrt{2}+1)$

$\Rightarrow 5r_2(\sqrt{2}-1) = r_2^2(\sqrt{2}+1)$



$\frac{5(\sqrt{2}-1)}{(\sqrt{2}+1)} = r_2 \Rightarrow \frac{5(\sqrt{2}-1)^2}{2-1} = r_2 \quad \therefore r_2 = 5(3-2\sqrt{2})$

158. एक चतुर्भुज के कोणों का अनुपात 5 : 8 : 10 : 13 है। इन कोणों में से सबसे छोटे कोण का माप ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 45° (b) 35° (c) 55° (d) 50° **(d)**

☞ **व्याख्या :** सबसे छोटा कोण = $360 \times \frac{5}{36} = 50^\circ$

159. एक बहुभुज में, अंतः कोणों का योग बहिष्कोणों के योग का तीन गुना है। भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 6 (b) 9 (c) 7 (d) 8 **(d)**

☞ **व्याख्या :** अंतः कोणों का योग = 3 × 360
$(n-2) \times 180 = 1080 \Rightarrow n - 2 = 6 \Rightarrow n = 8$

160. एक सम-पंचभुज के कोण के माप और सम-अष्टभुज के कोण के माप का अनुपात ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 5 : 6 (b) 6 : 7 (c) 4 : 5 (d) 7 : 8 **(c)**

☞ **व्याख्या :** अनुपात = $\frac{(5-2)\times 180}{5} : \frac{(8-2)\times 180}{8}$

$= \frac{3}{5} : \frac{6}{8} = 1 \times 8 : 2 \times 5 = 4 : 5$

161. ΔABC में ∠BAC = 60° है और O, ΔABC के अंदर एक बिंदु है। यदि ∠OBC, ∠OBA का दो गुना और ∠OCB, ∠OCA का दो गुना है, तो ∠BOC की माप क्या होगी? [RRB NTPC 2021]
(a) 60° (b) 100° (c) 80° (d) 120° **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle BAC = 60 \Rightarrow \angle ABC + \angle ACB = 180 - 60$
$3x + 3y = 120 \Rightarrow x + y = 40$
$2x + 2y = 80$
$\angle BOC = 180 - 80 = 100^\circ$

162. PQ एक वृत्त का व्यास है, जिसका केंद्र O है। यदि कोई बिंदु R वृत्त पर स्थित है और ∠RPO = 39° है, तो ∠RQP की माप क्या होगी? [RRB NTPC 2021]
(a) 125° (b) 51° (c) 129° (d) 151° **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle RQP = 90 - 39 = 51^\circ$

143. बिंदुओं (0, 2) और (1, -3) से गुजरने वाली सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $5x+y-2=0$ (b) $5x+y+2=0$ (c) $2x-3y-3=0$ (d) $2x+3y+3=0$ **(a)**

☞ **व्याख्या :** ढाल $= \frac{y_2-y_1}{x_2-x_1} = \frac{(-3-2)}{(1-0)} = -5$

रेखा का समीकरण

$y-y_1 = m(x-x_1) \Rightarrow y-2 = -5(x-0)$

$y-2 = -5x$

$5x+y-2=0$

144. एक समद्विबाहु ΔABC में, यदि $\angle A$ का माप, आधार $\angle B$ के माप से दोगुना है, तो $\angle C$ का माप क्या होगा? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 30° (b) 33° (c) 45° (d) 90° **(c)**

☞ **व्याख्या :**



$4x = 180$

$x = 45°$

$\angle C = 45°$

145. 15° के कोण के पूरक कोण और 125° के कोण के संपूरक कोण का योग ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 135° (b) 120° (c) 130° (d) 150° **(c)**

☞ **व्याख्या :** 15 का पूरक कोण $= 90-15 = 75°$

125° का संपूरक कोण $= 180-125 = 55°$

योग $= 75°+55° = 130°$

146. रेखा ABC, बिंदु B पर एक वृत्त की स्पर्शरेखा है। यदि BP = BQ और $\angle QBC = 72°$ है, तो $\angle PBQ$ का मान ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 108° (b) 72° (c) 36° (d) 70° **(c)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle PBQ = 180-(72+72)$

$= 180-144 = 36°$

147. दो त्रिभुजों के आधारों का अनुपात 4 : 5 है और उनके क्षेत्रफलों का अनुपात 8 : 15 है। इनकी संगत ऊँचाइयों का अनुपात कितना होगा? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 2 : 3 (b) 1 : 2 (c) 3 : 2 (d) 1 : 3 **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{A_1}{A_2} = \frac{\frac{1}{2}\times b_1 \times h_1}{\frac{1}{2}\times b_2 \times h_2} \Rightarrow \frac{8}{15} = \frac{4\times h_1}{5\times h_2} \Rightarrow \frac{h_1}{h_2} = 2:3$

148. यदि एक सम-बहुभुज के सभी अंतः कोण 120° हैं, तो बहुभुज के विकर्णों की संख्या कितनी होगी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 9 (b) 4 (c) 8 (d) 6 **(a)**

☞ **व्याख्या :** बहिष्कोण + अंतःकोण = 180°

बहिष्कोण $= 180°-120° = 60°$, $60\times n = 360 \Rightarrow n = 6$

विकर्णों की संख्या $= \frac{n(n-3)}{2} = \frac{6\times 3}{2} = 9$

149. दो समरूप त्रिभुजों ΔXYZ और ΔLMN के परिमाप क्रमशः 48 cm और 32 cm है। यदि LM = 12 cm है, तो XY की लंबाई कितनी होगी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 18 cm (b) 14 cm (c) 12 cm (d) 16 cm **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\frac{\Delta xyz \text{ का परिमाप}}{\Delta LMN \text{ का परिमाप}} = \frac{XY}{LM}$

$\frac{48}{32} = \frac{XY}{12} \Rightarrow XY = \frac{48\times 12}{32} = 18$

150. बिंदु (2, 3) से वृत्त $x^2+y^2=4$ पर खींची गई स्पर्शरेखा की लंबाई ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 2 (b) 3 (c) 1 (d) 4 **(b)**

☞ **व्याख्या :** बिन्दु (2, 3) से वृत्त $x^2+y^2=4$ पर खींची गई स्पर्श रेखा की लंबाई

$= \sqrt{x_1^2+y_1^2-r^2} = \sqrt{2^2+3^2-2^2} = \sqrt{4+9-4} = \sqrt{9} = 3$

151. एक समांतर चतुर्भुज PQRS में P = (–1, –1), Q = (8, 0) और R = (7, 5) है। 'S' के निर्देशांक ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) (–2, 4) (b) $\left(-2, \frac{7}{2}\right)$ (c) $\left(-\frac{3}{2}, 4\right)$ (d) (-1, 4) **(a)**

☞ **व्याख्या :** PR का मध्य बिन्दु $= \left(\frac{7-1}{2}, \frac{5-1}{2}\right) = (3, 2)$

PR और QS का मध्य बिन्दु एक ही होगा।

$\frac{x+8}{2} = 3 \Rightarrow x = -2$

$\frac{y+0}{2} = 2 \Rightarrow y = 4$

$S(x, y) \Rightarrow S(-2, 4)$



152. एक त्रिभुज के दो कोणों का योग, इसके तीसरे कोण के बराबर है। तीसरे कोण का माप कितना है? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 50° (b) 60° (c) 80° (d) 90° **(d)**

☞ **व्याख्या :** ऐसा त्रिभुज समकोण त्रिभुज होता है।

∴ तीसरा कोण = 90°

153. दी गयी आकृति में, DE एक बिंदु B पर वृत्त की स्पर्श रेखा है। ΔABC इस प्रकार बनाय गया है कि A और C, दिए गए वृत्त की परिधि पर स्थित बिंदु हैं, जहां $\overline{AB} = \overline{AC}$ है यदि $\angle ABD = 65°$ है, तो $\angle BAC$ का माप ज्ञात कीजिए। (आकृति मापनीय नहीं है) **[RRB NTPC 2021]**



(a) 60° (b) 40° (c) 80° (d) 50° **(d)**

190. ΔABC एक ऐसा त्रिभुज है, जिसके शीर्ष क्रमशः A (0, 0), B (a, 5) और C (-5, 5) हैं। यदि त्रिभुज बिंदु A पर समकोण है, तो a का मान ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 3 (b) 5 (c) 6 (d) 2 **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$AB = \sqrt{a^2+25} \Rightarrow AB^2 = a^2+25$

$AC = \sqrt{(-5)^2+5^2} = \sqrt{50} \Rightarrow AC^2 = 50$

$BC = \sqrt{(a+5)^2+(5-5)^2} \Rightarrow BC^2 = (a+5)^2$

$BC^2 = a^2+25+10a$

ΔABC समकोण Δ है।

$BC^2 = AB^2 + AC^2 \Rightarrow a^2+25+10a = a^2+25+50$

$10a = 50 \Rightarrow a = 5$

191. दी गई आकृति में, यदि PB = 20 cm और OA = 15 cm है, तो वृत्त और बिंदु P के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]



(a) 15 cm (b) 25 cm (c) 20 cm (d) 10 cm **(d)**

☞ **व्याख्या :** समकोण ΔOBP में

$OP^2 = PB^2 + OB^2$

$OP^2 = 20^2 + 15^2$ (OB = OA)

$OP^2 = 400 + 225 = 625$

$OP = 25 \Rightarrow$ दूरी $= 25 - 15 = 10$ cm

192. जब वृत्त पर A, B और C तीन बिंदु इस प्रकार स्थित हैं कि जीवाओं AB और AC द्वारा केंद्र O पर अंतरित कोण क्रमशः 90° और 110° हैं और $\angle BAC < \angle BAO$ है। $\angle BAC$ का मान ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 55° (b) 45° (c) 100° (d) 80° **(d)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle AOB = 90°, \angle AOC = 110°$

$\angle BAC > \angle BAO$

$\angle ACO = \angle CAO = \frac{180°-110°}{2} = \frac{70°}{2} = 35°$

$\angle ABO = \angle BAO = \frac{180°-90°}{2} = \frac{90°}{2} = 45°$

$\angle BAC = 35° + 45° = 80°$

193. एक त्रिभुज ABC में, $\angle B = 90°, \angle C = 45°$ है और D, AC का मध्य बिंदु है। यदि $AC = 4\sqrt{2}$ इकाई है, तो BD का माप ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) $3\sqrt{2}$ इकाई (b) $2\sqrt{2}$ इकाई
(c) $\sqrt{2}$ इकाई (d) $4\sqrt{2}$ इकाई **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$BD = \frac{AC}{2} = \frac{4\sqrt{2}}{2} = 2\sqrt{2}$ इकाई

194. बिंदुओं (1, 0), (-1, 0), (0, 1) से निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 1.5 वर्ग इकाई (b) 0 वर्ग इकाई
(c) 1 वर्ग इकाई (d) 2 वर्ग इकाई **(c)**

☞ **व्याख्या :** त्रिभुज का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2}[x_1(y_2-y_3)+x_2(y_3-y_1)+x_3(y_1-y_2)]$

$= \frac{1}{2}[1(0-1)+(-1)(1-0)+0(0-0)] = \frac{1}{2}[-1-1+0]$

$= \frac{1}{2}(-2) = 1$ वर्ग इकाई

195. यदि एक समबहुभुज के बहिष्कोणों और अंतः कोणों का अंतर 60° है, जिसमें अंतः कोण का माप, उसके संगत बहिष्कोण के माप से अधिक हैं। बहुभुज में भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 6 (b) 5 (c) 7 (d) 8 **(a)**

☞ **व्याख्या :** बहिष्कोण $= \frac{180-60}{2}$

$= 60°$

भुजाओं की संख्या $= \frac{360}{60} = 6$

196. यदि एक समचतुर्भुज के कोण 4 : 9 : 11 : 12 के अनुपात में हैं, तो सबसे बड़े कोण का मान इनमें से किसके बराबर हैं? [RRB NTPC 2021]

(a) 166° (b) 168° (c) 120° (d) 72° **(c)**

☞ **व्याख्या :** अनुपात = 4 : 9 : 11 : 12

सबसे बड़ा कोण $= 360 \times \frac{12}{36} = 120°$

197. 10 cm की त्रिज्या वाले वृत्त में, XY और PQ क्रमशः 12 cm और 16 cm की लंबाई वाली दो समानांतर जीवाएँ हैं। दोनों जीवाएँ केंद्र के विपरीत दिशा में स्थित हैं। जीवाओं के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 18 cm (b) 12.80 cm (c) 12 cm (d) 14 cm **(d)**

☞ **व्याख्या :** OX = OP = 10 cm

$XC = \frac{12}{2} = 6$cm

$PD = \frac{16}{2} = 8$cm



$OC^2 = OX^2 - XC^2 = 10^2 - 6^2 \Rightarrow OC^2 = 64 \Rightarrow OC = 8$ cm

$OD^2 = OP^2 - PD^2 = 10^2 - 8^2 = 100 - 64 = 36 \Rightarrow OD = 6$ cm

CD = 8 + 6 = 14 cm

जीवाओं के बीच की दूरी = 14 cm

181. भुजा x वाले समबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल और भुजा x वाले वर्ग के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $\sqrt{3}:4$ (b) $\sqrt{3}:8$ (c) $\sqrt{3}:2$ (d) $\sqrt{3}:1$ **(a)**

☞ **व्याख्या :** समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल : वर्ग का क्षेत्रफल

$\frac{\sqrt{3}}{4}x^2 : x^2 \Rightarrow \sqrt{3}:4$

182. ABC समकोण त्रिभुज है। यदि समकोण बनाने वाली दो भुजाओं की लंबाई 4 cm और 3 cm है। इसके अंतःवृत्त की त्रिज्या कितनी होगी? **[RRB NTPC 2021]**

(a) 1 cm (b) 2 cm (c) 3 cm (d) 4 cm **(a)**

☞ **व्याख्या :**



$AC = \sqrt{4^2+3^2} = 5$ cm

समकोण त्रिभुज के अंतः वृत्त की त्रिज्या

$= \frac{(3+4)-5}{2} = \frac{7-5}{2} = 1$ cm

183. एक वर्गाकार उद्यान के चारों ओर 1.5 m की एक समान चौड़ाई वाला एक रास्ता है। रास्ते का क्षेत्रफल 225 m^2 है। उद्यान का परिमाप ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 144 m (b) 142 m (c) 143 m (d) 144.5 m **(a)**

☞ **व्याख्या :** रास्ते का क्षेत्रफल = 225 m^2

$(a+1.5\times2)^2 - a^2 = 225\ m^2$

$(a+3)^2 - a^2 = 225$

$a^2+9+6a-a^2 = 225 \Rightarrow 6a = 216 \Rightarrow a = 36$ m

उद्यान का परिमाप $= 4a$

$= 4\times36 = 144$ m

184. ABC एक समबाहु त्रिभुज है और O इसके परिवृत्त का केंद्र है। यदि त्रिभुज की भुजा 6 cm है, तो $\angle BOC$ _____ होगा। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 36° (b) 60° (c) 120° (d) 30° **(c)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle BOC = 2\angle BAC = 2\times60 = 120°$

185. दिए गए वृत्त में व्यास AB को इस प्रकार विस्तारित किया जाता है कि यह विस्तारित जीवा CD से बिंदु P पर मिलता है। यदि रेखाखंडों - AP, CP और DP की लंबाइयाँ क्रमशः 12 cm, 8 cm और 6 cm है तो वृत्त की त्रिज्या की लंबाई ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**



(a) 8 cm (b) 4 cm (c) 6 cm (d) 2 cm **(b)**

☞ **व्याख्या :** $AP\times BP = CP\times DP \Rightarrow 12\times BP = 8\times6$

$BP = 4$ cm $\Rightarrow$ व्यास $AB = AP - BP = 12-4 = 8$ cm

त्रिज्या $= \frac{8}{2} = 4$ cm

186. केंद्र O वाले निम्नांकित वृत्त में केंद्र पर बने न्यून कोण का माप 88° है। वृत्त के अंदर खींचे गए चतुर्भुज में $\angle O$ के सम्मुख कोण का माप ज्ञात कीजिए। (आकृति पैमाने के अनुरूप निर्मित नहीं है) **[RRB NTPC 2021]**



(a) 136° (b) 272° (c) 68° (d) 88° **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\angle O$ के सम्मुख कोण $= \frac{360-88}{2} = \frac{272}{2} = 136°$

187. वृत्त $x^2+y^2=9$ के बिंदु $x=2$ पर खींची गई स्पर्शरेखाओं के समीकरण ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) $2x+\sqrt{5}y=9,\ 2x-\sqrt{5}y=9$

(b) $-2x+\sqrt{5}y=9,\ -2x-\sqrt{5}y=9$

(c) $-2x-\sqrt{5}y=9,\ 2x-\sqrt{5}y=9$

(d) $-2x+\sqrt{5}y=9,\ 2x-\sqrt{5}y=9$ **(a)**

☞ **व्याख्या :** $x^2+y^2=9 \Rightarrow y^2 = 9-x^2$

$\Rightarrow y^2 = 9-4\ (x=2) \Rightarrow y^2=5 \Rightarrow y = \pm\sqrt{5}$

स्पर्श रेखाओं के समीकरण $xx_1+yy_1 = r^2$

$\Rightarrow x\times2 + y\times\left(\pm\sqrt{5}\right) = 9 \Rightarrow 2x \pm \sqrt{5}y = 9$

$2x+\sqrt{5}y=9$ या $2x-\sqrt{5}y=9$

188. x अक्ष पर ऐसे बिंदुओं की संख्या ज्ञात कीजिए, जो बिंदु (2, 3) से 'c' इकाई (c < 3) की दूरी पर स्थित हों। **[RRB NTPC 2021]**

(a) 0 (b) 2 (c) 3 (d) 1 **(a)**

☞ **व्याख्या :** बिन्दु (2, 3) की दूरी x अक्ष से 3 इकाई है।

जबकि C < 3 है। x अक्ष पर ऐसा कोई बिन्दु नहीं होगा।

बिन्दुओं की संख्या = 0

189. रेखा $4x - 3y = 10$ और वृत्त $x^2 + y^2 - 2x + 4y - 20 = 0$ के प्रतिच्छेद बिंदु ज्ञात कीजिए। **[RRB NTPC 2021]**

(a) (-2, 3) और (4, 3) (b) (2, -3) और (4, 2)

(c) (-2, 3) और (4, 2) (d) (4, 2) और (-2, -6) **(d)**

☞ **व्याख्या :** रेखा $\Rightarrow$ $4x-3y=10$

$x = \frac{10+3y}{4}$ ...(1)

वृत्त $\Rightarrow$ $x^2+y^2-2x+4y-20=0$

समी. (1) से x का मान रखने पर

$\left(\frac{3y+10}{4}\right)^2 + y^2 - 2\left(\frac{3y+10}{4}\right) + 4y - 20 = 0$

$\frac{9y^2+100+60y}{16} + y^2 - \frac{(6y+20)}{4} + 4y - 20 = 0$

$9y^2+100+60y+16y^2-24y-80+64y-320=0$

$25y^2+100y-300=0 \Rightarrow y^2+4y-12=0$

$(y-2)(y+6)=0$

$y=2, x=4$

$y=-6, x=-2$

प्रतिच्छेद बिन्दु (4, 2) और (-2, -6)

173. यदि किसी समांतर चतुर्भुज के एक कोण का माप, उसके सबसे छोटे कोण के माप के दोगुने से 48° कम है, तो समांतर चतुर्भुज के सबसे बड़े कोण का माप ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) 128° (b) 140° (c) 120° (d) 104° **(d)**

☞ **व्याख्या :**



सबसे छोटा कोण = x ; सबसे बड़ा कोण = $2x-48$
$2x+2(2x-48)=360 \Rightarrow 2x+4x-96=360$
$6x=360+96 \Rightarrow 6x=456 \Rightarrow x=76$
∴ सबसे बड़ा कोण = $76\times2-48=152-48=104°$

174. दी गई आकृति में O, वृत्त का केंद्र है। यदि $\angle PAB=35°$ है, तो $\angle ARS$ ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]



(a) 65° (b) 55° (c) 115° (d) 125° **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\angle PAB=35°$, $\angle APB=90°$ (अर्द्ध वृत्त में बना कोण)
$\angle ABP=90-35=55°$
$\angle ARP=\angle ABP=55°$ (एक ही वृत्तखंड के कोण)
$\angle ARS=180-\angle ARP=180-55=125°$

175. यदि किसी कोण की एक भुजा की लंबाई बढ़ाकर दो गुनी कर दी जाए, तो उस कोण की माप पर क्या प्रभाव पड़ता है?
[RRB NTPC 2021]
(a) समान रहती है (b) तीन गुनी हो जाती है
(c) दो गुनी हो जाती है (d) आधी हो जाती है **(a)**

☞ **व्याख्या :** कोण की माप समान रहेगी।

176. दो आसन्न कोण मिलकर 100° का एक कोण बनाते हैं। बड़ा कोण, छोटे कोण के पाँच गुने से 20 कम है। बड़े कोण की माप ज्ञात कीजिये। [RRB NTPC 2021]
(a) 75° (b) 90° (c) 70° (d) 80° **(d)**

☞ **व्याख्या :** छोटा कोण = x
बड़ा कोण = $5x-20$
$5x-20+x=100 \Rightarrow 6x-20=100 \Rightarrow x=20$
बड़ा कोण = $5\times20-20=80°$

177. दी गई आकृति में सभी त्रिभुजों के सभी कोणों का योग कितना है? [RRB NTPC 2021]



(a) 720° (b) 360° (c) 1440° (d) 1080° **(c)**

☞ **व्याख्या :** त्रिभुजों की संख्या = 8
सभी कोणों का योग = $8\times180°=1440°$

178. उस समबाहु त्रिभुज का तीसरा शीर्ष ज्ञात कीजिए, जिसके दो शीर्ष (2, 4) और (2, 6) हैं? [RRB NTPC 2021]
(a) (2, 5) (b) $\left(\sqrt{3},5\right)$
(c) $\left(2+\sqrt{3},5\right)$ (d) $\left(2\sqrt{3},5\right)$ **(c)**

☞ **व्याख्या :**



$AB^2=BC^2=AC^2$
$(2-2)^2+(6-4)^2=(x-2)^2+(y-6)^2=(x-2)^2+(y-4)^2$
$(x-2)^2+(y-6)^2=(2-2)^2+(6-4)^2$
$x^2+4-4x+y^2+36-12y=4$
$x^2+y^2=4x+12y-36$ ...(1)
$(x-2)^2+(y-4)^2=(2-2)^2+(6-4)^2$
$x^2+4-4x+y^2+16-8y=4$
$x^2+y^2=4x+8y-16$ ...(2)
$4x+12y-36=4x+8y-16$
$4y=20$
$y=5$
$x^2+25=4x+60-36$
$x^2-4x+1=0$
$x=\dfrac{-(-4)\pm\sqrt{16-4}}{2}$
$x=2+\sqrt{3},\ y=5$
$(x,y)\Rightarrow\left(2+\sqrt{3},5\right)$

179. उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसके शीर्ष (a, b + c), (a, b – c) और (–a, c) हैं। [RRB NTPC 2021]
(a) 2b (b) 2ac (c) 2b(a + c) (d) c(a – b) **(b)**

☞ **व्याख्या :** क्षेत्रफल

$=\dfrac{1}{2}\left[x_1(y_2-y_3)+x_2(y_3-y_1)+x_3(y_1-y_2)\right]$

$=\dfrac{1}{2}\left[a(b-c-c)+a(c-b-c)+(-a)(b+c-b+c)\right]$

$=\dfrac{1}{2}[ab-2ac-ab-2ac]=\dfrac{1}{2}(-4ac)=2ac$

180. दो समबहुभुजों की भुजाओं की संख्याओं का अनुपात 1 : 2 है। यदि पहले बहुभुज का प्रत्येक आंतरिक कोण 140° है, तो दूसरे बुहभुज के प्रत्येक आंतरिक कोण का माप ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) 140° (b) 160° (c) 170° (d) 150° **(b)**

☞ **व्याख्या :** भुजाओं में अनुपात = 1 : 2
पहले बहुभुज का प्रत्येक आंतरिक कोण = 140°
प्रत्येक बाह्य कोण = 180° – 140° = 40°
$40\times n=360 \Rightarrow n=9$
पहले बहुभुज में भुजाओं की संख्या = 9
दूसरे बहुभुज में भुजाओं की संख्या = 18
$x\times18=360 \Rightarrow x=20°$
दूसरे बहुभुज का बहिष्कोण = 20°
∴ प्रत्येक आंतरिक कोण = 180° – 20° = 160°

☞ **व्याख्या:** अभीष्ट अनुपात

$$\Rightarrow \frac{(6-2)\times 180}{6} : \frac{(12-2)\times 180}{12}$$

$$\Rightarrow \frac{4}{6} : \frac{10}{12} \Rightarrow 48 : 60 \Rightarrow 4 : 5$$

$$\left[\because \text{समबहुभुज का प्रत्येक अंत कोण} = \frac{(n+2)\times 180}{h}\right]$$

(जहाँ n = भुजाएँ)

215. यदि दो समान त्रिभुजों की समरूप भुजाओं का अनुपात 2 : 3 है, तो उनकी समरूप ऊँचाइयों का अनुपात क्या होगा?
[ALP 2018]

(a) 2 : 3 (b) 16 : 81 (c) 3 : 2 (d) 4 : 9 **(a)**

☞ **व्याख्या:** यदि दो त्रिभुज समरूप है,तो उनकी भुजाओं का अनुपात उनकी ऊँचाइयों के अनुपात के समान होता है।
अतः भुजाओं का अनुपात = 2 : 3
तो ऊँचाइयों का अनुपात = 2 : 3

216. ΔABC में AB = 10 सेंटीमीटर BD = 6 सेंटीमीटर और DC = 7.5 सेंटीमीटर है। ∠A को द्विभाजित करने वाली रेखा आंतरिक रूप से BC रेखा को D बिंदु पर काटती है। CA की लंबाई क्या है?
[ALP 2018]

(a) 12.5 सेंटीमीटर (b) 10.5 सेंटीमीटर
(c) 12 सेंटीमीटर (d) 10 सेंटीमीटर **(a)**

☞ **व्याख्या:**



⇒ कोण समद्विभाजक के प्रमेय से–

$$\Rightarrow \frac{10}{x} = \frac{6}{7.5} \Rightarrow \frac{10}{x} = \frac{4}{5} \Rightarrow 4x = 50 \Rightarrow x = 12.5cm$$

217. यदि $\Delta ABC \equiv \Delta XYZ$ है और कोण BAC = 55° है, तो कोण ZXY कितना है?
[ALP 2018]

(a) 65° (b) 135° (c) 55° (d) 67.5° **(c)**

☞ **व्याख्या:**



दिया है $\Delta ABC \cong \Delta xyz$
यहाँ दोनों त्रिभुज सर्वांगसम है।
अतः इनके संगत कोण तथा संगत भुजाएँ समान होगी।
तो $\angle BAC = 55^\circ$ है।
तो $\angle zxy = 55^\circ$ होगा।

218. दो समरूप त्रिभुजों में उनकी संगत भुजाओं का अनुपात 1 : 3 है और बड़े त्रिभुज का क्षेत्रफल 72 वर्ग सेमी. है। छोटे त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 29/05/2019 (Shift-I)

(a) 18 वर्ग सेमी. (b) 8 वर्ग सेमी.
(c) 14 वर्ग सेमी. (d) 9 वर्ग सेमी. **(b)**

☞ **व्याख्या :** समरूप त्रिभुज के नियमानुसार–

$$\frac{(\text{क्षेत्रफल})_1}{(\text{क्षेत्रफल})_2} = \frac{(\text{भुजा})_1^2}{(\text{भुजा})_2^2}$$

$$\frac{(\text{क्षेत्रफल})_1}{72} = \frac{1}{9}$$

$(\text{क्षेत्रफल})_1 = 8 \text{ सेमी}^2$
अतः छोटे त्रिभुज का क्षेत्रफल 8 सेमी^{2} होगा।

219. एक समकोण त्रिभुज में, ज्यामितीय आधार से लम्ब 4 सेमी. बड़ा है और कर्ण उससे 4 सेमी. बड़ा है। कर्ण की लंबाई की गणना कीजिए।
RRB RPF Constable - 18/01/2019 (Shift-III)

(a) 12 सेमी. (b) 10 सेमी. (c) 20 सेमी. (d) 8 सेमी. **(c)**

☞ **व्याख्या :**



पाइथागोरस प्रमेय से,
कर्ण^2 = लम्ब^2 + आधार^2
$(x+8)^2 = (x+4)^2 + x^2$
$x^2 + 64 + 16x = x^2 + 16 + 8x + x^2$
$x^2 - 8x - 48 = 0$
$x^2 - 12x + 4x - 48 = 0$
$x(x-12) + 4(x-12) = 0$
$(x-12)(x+4) = 0$
अतः $x = 12, x = -4$ (संभव नहीं है)
∴ कर्ण = 12 + 8 = 20 सेमी.

❑❑❑

206. ABCD एक वर्ग है और Q इसके अन्दर इस प्रकार स्थित एक बिंदु है, कि ΔQAB एक समबाहु बनता है। ∠QCB का माप ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 45° (b) 60° (c) 75° (d) 30° (c)

☞ व्याख्या : ΔQAB समबाहु त्रिभुज है।

$\therefore \angle QBA = 60^\circ$

ABCD एक वर्ग है। $\therefore \angle ABC = 90^\circ$

$\angle QBC = 90^\circ - 60^\circ = 30^\circ$

$\angle QCB = \angle BQC = \frac{(180-30)}{2} = 75^\circ \quad \therefore (QB = CB)$

207. कोणीय माप में, एक रेडियन का मान कितने डिग्री (लगभग) के बराबर होता है? [ALP 2019]

(a) 180 (b) 57.27 (c) 90 (d) 65.27 (b)

☞ व्याख्या: $\frac{\pi^c}{180} = 1^\circ$

$\pi^c = 180^\circ$

$1^c = \frac{180^\circ}{\pi} = \frac{180^\circ}{\frac{22}{7}} = 57.27^\circ$

208. एक घड़ी का मिनट काटा कितने डिग्री कवर करता है, उतने ही समय में जिसमें घड़ी का सेकंड काटा 3240° पर होता है? [ALP 2019]

(a) 51 (b) 48 (c) 45 (d) 54 (d)

☞ व्याख्या: सेकण्ड = 3240°

1 मिनट = 60 sec $= \frac{3240}{60} = 54$

1 मिनट = 54°

209. अधिक कोण ..... होता है।

(a) 45° के बराबर (b) 90° से अधिक
(c) 90° के बराबर (d) 90° से कम (b)

☞ व्याख्या: 90° से अधिक कोण को अधिककोण कहते है।

210. ΔOPQ तथा ΔRST समान है। यदि OP : RS का अनुपात 3 : 5 है तथा यदि PQ = 6 cm है, तो ST की लंबाई क्या होगी?

(a) 10 cm (b) 12 cm (c) 8 cm (d) 5 cm (a)

☞ व्याख्या: दिया है– $\Delta OPQ \sim \Delta RST$

अत: $\frac{OP}{RS} = \frac{PQ}{ST}$ होगा।

$\Rightarrow \frac{3}{5} = \frac{6}{ST}$

$ST = 6 \times \frac{5}{3} \Rightarrow ST = 10\,cm$

211. यदि ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है, AC और BD उसके एक दूसरे को बिंदु O पर प्रतिच्छेद करने वाले विकर्ण है, तो AC : BD होगा- [ALP 2018]

(a) AB + AD : DC + BC (b) AO – OC : OB – OD
(c) AD : BC (d) AB : CD (b)

☞ व्याख्या:



यदि BD तथा AC एक समलम्ब चतुर्भुज के विकर्ण है जो O बिन्दु पर एक–दूसरे को काटते हैं।

तो समलम्ब चतुर्भुज के प्रमेय द्वारा–

$\Rightarrow \frac{AC}{BD} = \frac{AO-OC}{BO-OD}$ होगा।

अत: AO – OC : OB – OD

212. एक समबाहु त्रिभुज ABC की भुजा 6 सेंटीमीटर है। यदि 1 सेंटीमीटर त्रिज्या वाला एक वृत्त त्रिभुज के भीतर किनारों के साथ बना हुआ है, तो वृत्त के केंद्र का बिन्दु ..... की भुजा वाला एक समबाहु त्रिभुज होगा। [ALP 2018]

(a) $\left(3+\sqrt{3}\right)$ cm (b) $\left(6-2\sqrt{3}\right)$ cm
(c) 4 cm (d) 5 cm (b)

☞ व्याख्या:



यहाँ x का मान ज्ञात करने के लिए–

$\Rightarrow \tan 30 = \frac{1}{x} \Rightarrow \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{1}{x} = x = \sqrt{3}$ cm

अत: नये समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा–

$\Rightarrow 6 - 2x \Rightarrow 6 - 2(\sqrt{3})$ cm

213. एक त्रिभुज का आधार, त्रिभुज के समान क्षेत्रफल वाले समानांतर चतुर्भुज के आधार का 5/6 भाग है। त्रिभुज और समानांतर चतुर्भुज की अनुरूप ऊँचाइयों का अनुपात कितना होगा? [ALP 2018]

(a) 12 : 5 (b) 5 : 12 (c) 5 : 3 (d) 6 : 5 (a)

☞ व्याख्या: माना त्रिभुज तथा समान्तर चतुर्भुज के आधार क्रमश: $5x$ तथा $6x$ है।

तथा इनकी ऊँचाई क्रमश: h_1 तथा h_2 है।

अत: प्रश्नानुसार–

$\Rightarrow \frac{1}{2} \times 5x \times h_1 = 6x \times h_2$

$\Rightarrow 5h_1 = 12h_2 \Rightarrow \frac{h_1}{h_2} = \frac{12}{5}$ या 12 : 5

214. एक समषष्टभुज और एक समद्वादशभुज के आन्तरिक कोणों का अनुपात क्या होगा? [ALP 2018]

(a) 6 : 12 (b) 1 : 3 (c) 4 : 5 (d) 3 : 4 (c)

198. 

दिए गए रेखाचित्र में, PO और OQ ΔAPQ के परिवृत्त की त्रिज्याएँ है। यदि $\angle PAQ = 38°$ है, तो $\angle PQO$ क्या होगा?

[RRB NTPC 2021]

(a) 52° (b) 76° (c) 112° (d) 104° **(a)**

☞ **व्याख्या :** $\angle POQ = 2 \times \angle PAQ = 2 \times 38 = 76°$

$\angle PQO + \angle QPO + \angle POQ = 180°$

$2\angle PQO + 76 = 180°$ $(\angle PQO = \angle QPO)$

$\angle PQO = 52°$

199. एक त्रिभुज की दो भुजाओं की लंबाइयाँ क्रमशः 7 cm और 8 cm हैं और इन दोनों भुजाओं के बीच बने कोण का माप 60° है। त्रिभुज की तीसरी भुजा की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) $2\sqrt{14}$ (b) $\sqrt{57}$ (c) 9 (d) 7.5 **(b)**

☞ **व्याख्या :** $b^2 = a^2 + c^2 - 2a\cos 60°$

$= 7^2 + 8^2 - 2 \times 7 \times 8 \times \frac{1}{2} = 49 + 64 - 56$

$b^2 = 57 \Rightarrow b = \sqrt{57}$

तीसरी भुजा की लंबाई = $\sqrt{57}$



200. दिए गए रेखा चित्र में, यदि $\angle BAC = 30°$, $\angle ABC = 50°$ और $\angle CDE = 25°$ है। तो, $\angle AED$ किसके बराबर होगा?

[RRB NTPC 2021]



(a) 75° (b) 95° (c) 105° (d) 115° **(c)**

☞ **व्याख्या :** $\angle ECD = \angle ABC + \angle BAC$

$\angle ECD = 50 + 30 = 80°$ (बाह्य कोण)

$\angle AED = \angle ECD + \angle EDC = 80 + 25 = 105°$ (बाह्य कोण)

201. दी गई आकृति में x का मान ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]



(a) 65° (b) 70° (c) 55° (d) 60° **(d)**

☞ **व्याख्या :** पंचभुज के सभी कोणों का योग = $(n-2) \times 180$

$= (5-2) \times 180 = 540°$

$\angle AED = 540 - (90 + 115 + 100 + 115) = 540 - 420 = 120°$

$\angle x = 180 - 120 = 60°$

202. ΔABC में, $\angle A = 90°$, AB = 6 cm और AC = 8cm है। यदि AD, BC से लंबवत है, तो AD ..... के बराबर होगा।

[RRB NTPC 2021]

(a) 4.6 cm (b) 4.8 cm (c) 4.4 cm (d) 3.8 cm **(b)**

☞ **व्याख्या :** $BC^2 = 8^2 + 6^2$

$BC^2 = 64 + 36 = 100$

$BC = 10$ cm

$\frac{1}{2} BC \times AD = \frac{1}{2} AB \times AC$

$10 \times AD = 6 \times 8$

$AD = 4.8$ cm.



203. बिंदु A, B और C, केंद्र O वाले एक वृत्त पर स्थित हैं। यदि $\angle ACB = 46.5°$ है, तो लघु वृत्तखंड $\overline{AB}$ पर बने $\angle AOB$ का माप ज्ञात कीजिए।

[RRB NTPC 2021]

(a) 90° (b) 93° (c) 94° (d) 92° **(b)**

☞ **व्याख्या :**



$\angle ACB = 46.5$

$\angle AOB = 2 \times \angle ACB$

$= 2 \times 46.5 = 93°$

204. x और y के बीच वह संबंध ज्ञात करें, जिससे बिंदु (x, y), (6, 2) और (4, 6) से समदूरस्थ हो। [RRB NTPC 2021]

(a) $2x - y = 3$ (b) $2x + y = -3$

(c) $x + 2y = 3$ (d) $x - 2y = -3$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** A (x, y), B(6, 2), C (4, 6)

बिन्दु (x, y), (6, 2) और (4, 6) समदूरस्थ है।

$AB = BC = AC \Rightarrow AB^2 = BC^2 = AC^2$

$AB = \sqrt{(x-6)^2 + (y-2)^2}$

$AB^2 = (x-6)^2 + (y-2)^2$

$= x^2 + 36 - 12x + y^2 + 4 - 4y$

$AC^2 = (x-4)^2 + (y-6)^2$

$= x^2 + 16 - 8x + y^2 + 36 - 12y$

$AC^2 = AB^2$

$x^2 + 52 + y^2 - 8x - 12y = x^2 + 40 - 12x - 4y$

$4x - 8y = -12$

$x - 2y = -3$

205. दी गई आकृति में, $\angle BAC + \angle OBC$ का मान इनमें से किसके बराबर होगा?

[RRB NTPC 2021]



(a) 60° (b) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(c) 45° (d) 90° **(d)**

☞ **व्याख्या :** $\angle BOC = 2\angle BAC$, $\angle OBC = \angle OCB$ (OB = OC)

ΔBOC में, $\angle OBC + \angle OCB + \angle BOC = 180°$

$\angle OBC + \angle OBC + 2\angle BAC = 180°$

$2\angle OBC + 2\angle BAC = 180° \Rightarrow \angle OBC + \angle BAC = 90°$

16. एक त्रिभुज का क्षेत्रफल 85 cm^2 है, और इसका आधार 5 cm है। दिए गए आधार के संगत त्रिभुज की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]
(a) 24 cm (b) 34 cm (c) 51 cm (d) 17 cm (b)
☞ व्याख्या: त्रिभुज का क्षेत्रफल = 85 cm^2
आधार = 5 cm
क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ × आधार × ऊँचाई
$85 = \frac{1}{2} \times 5 \times$ ऊँचाई
ऊँचाई = $\frac{85 \times 2}{5} = 34$ cm

17. एक समकोण त्रिभुज के आधार की लंबाई, इसकी ऊँचाई से 3 m अधिक है। यदि इसके कर्ण की लंबाई 15 m है, तो इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]
(a) 72 m^2 (b) 64 m^2 (c) 54 m^2 (d) 84 m^2 (c)
☞ व्याख्या: माना त्रिभुज की ऊँचाई = x m
आधार की लं. = $x+3$ m
कर्ण = 15 m



पाइथागोरस प्रमेय से
$(15)^2 = x^2 + (x+z)^2$
$225 = x^2 + x^2 + 6x + 9$
$216 = 2x^2 + 6x$
$108 = x^2 + 3x$
$\Rightarrow x^2 + 3x - 108 = 0$
$\Rightarrow x^2 + 12x - 9x - 108 = 0$
$\Rightarrow x(x+12) - 9(x+12)$
अतः $x = -12$ या $x = 9$
अतः ऊँचाई = 9 आधार की लं. = 12
क्षे. = $\frac{1}{2}$ × आधार × ऊँ.
$= \frac{1}{2} \times 12 \times 9 = 54\ m^2$.

18. एक त्रिभुज की भुजाओं के माप 10 cm, 12 cm और 14 cm हैं, इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D 2022]
(a) $30\sqrt{2}cm^2$ (b) $24\sqrt{6}cm^2$
(c) $25\sqrt{5}cm^2$ (d) $32\sqrt{3}cm^2$ (b)
☞ व्याख्या: त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\sqrt{5(5-a)(5-b)(5-c)}$
s = $\frac{a+b+c}{2} = \frac{10+12+14}{2} = 18$
$= \sqrt{18 \times 8 \times 6 \times 4} = 24\sqrt{6}\ cm^2$

19. उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका आधार 126.4 cm और ऊँचाई 54.8 cm है। [RRB Group D 2022]
(a) 3463.36 cm^2 (b) 3343.36 cm^2
(c) 9267.72 cm^2 (d) 6926.72 cm^2 (a)
☞ व्याख्या: त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ × आधार × ऊँचाई
$= \frac{1}{2} \times 126.4 \times 54.8 = 3463.36\ cm^2$

20. एक आयत की लंबाई, इसकी चौड़ाई से 5 cm अधिक है। यदि आयत का क्षेत्रफल 215 cm^2 हो, तो आयत की चौड़ाई (w) ज्ञात करने का समीकरण कौन-सा होगा? [RRB Group D 2022]
(a) $w^2 - 5w - 215 = 0$ (b) $w^2 + 5w + 215 = 0$
(c) $2w^2 + 5w - 215 = 0$ (d) $w^2 + 5w - 215 = 0$ (d)
☞ व्याख्या: लंबाई = W + 5 चौड़ाई = W
लम्बाई × चौड़ाई = क्षेत्रफल
$(W+5) \times W = 215$
$W^2 + 5W - 215 = 0$

21. उस समषट्भुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजा का माप 6 cm है। [RRB Group D 2022]
(a) $5\sqrt{2}$ (b) 18 (c) 36 (d) $54\sqrt{3}$ (d)
☞ व्याख्या: ⇒ 6 (समबाहु त्रिभुज)



$\Rightarrow 6 \times \frac{\sqrt{3}}{4} \times (\text{भुजा})^2$
$\Rightarrow 6 \times \frac{\sqrt{3}}{4} \times (6^2) = 54\sqrt{3}$

22. ₹30 प्रति मीटर की दर से उस आयताकार भूखंड के चारों ओर बाड़ लगाने की लागत ज्ञात कीजिए, जिसका क्षेत्रफल 100 m^2 है, और एक भुजा की लंबाई 20 m है। [RRB Group D 2022]
(a) ₹1,500 (b) ₹2,400 (c) ₹3,000 (d) ₹1,200 (c)
☞ व्याख्या: ल. × चौ. = 100
20 × चौ. = 100
चौ. = 5
अतः परिमाप = 2 (ल. + चौ.)
$\Rightarrow 2.(20+5) \Rightarrow 50$ m
अतः खर्चा = 50 × 30 = 1500

23. उस समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका आधार 15 cm है, और संगत ऊँचाई 6 cm है? [RRB Group D 2022]
(a) 45 cm^2 (b) 80 cm^2 (c) 60 cm^2 (d) 90 cm^2 (d)
☞ व्याख्या: समान्तर चतुर्भुज का क्षे. = आ. × ऊँ.
$\Rightarrow 15 \times 6 = 90\ cm^2$

24. उस अर्धवृत्त का परिमाप ज्ञात कीजिए जिसके व्यास की लंबाई 21 cm है। [RRB Group D 2022]
(a) 64.5 cm (b) 54.0 cm (c) 72.5 cm (d) 77.5 cm (b)
☞ व्याख्या: अर्द्ध वृत्त का परिमाप = πR + 2R
$\Rightarrow \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} + 2 \times \frac{21}{2} \Rightarrow 33 + 21 = 54$ cm

25. 18.5 cm × 12.5 cm × 10 cm विमाओं वाले एक घनाभ को सभी तरफ से पेंट किया जाना है। पेंट किए जाने वाले भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
(a) 1157.5 cm^2 (b) 1198 cm^2
(c) 1082.5 cm^2 (d) 984.56 cm^2 (c)
☞ व्याख्या: ⇒ 2(AB + BC + CA)
$\Rightarrow A = 18.5 = \frac{39}{2}$ cm

8. एक समचतुर्भुज के विकर्ण 12 cm और 16 cm है। उस समचतुर्भुज की भुजा की लंबाई ज्ञात करें। **[RRB Group D-2022]**

(a) 10 cm (b) 12 cm (c) 8 cm (d) 16 cm **(a)**

☞ **व्याख्या:**



समचतुर्भुज के विकर्ण एक–दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं। अतः पाइथोगोरस प्रमेय से x का मान ज्ञात करेंगे।

अतः $x = \sqrt{8^2 + 6^2}$

$x = \sqrt{100} = 10$

9. एक समकोण त्रिभुज का परिमाप 80 cm है। यदि इसके कर्ण की लंबाई 34 cm है, तो इसकी अन्य दो भुजाओं की लंबाई ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D-2022]**

(a) 16 cm, 30 cm (b) 14 cm, 32 cm
(c) 20 cm, 26 cm (d) 18 cm, 28 cm **(a)**

☞ **व्याख्या:** आधार + ऊँचाई + कर्ण = 80 cm

आधार + ऊँचाई = 80 – 34

आधार + ऊँचाई = 46 ...(i)

$\sqrt{\text{आधार}^2 + \text{ऊँचाई}^2} = 34$ ...(ii)

अतः समी. (i) तथा (ii) को option (a) संतुष्ट करेगा।

10. एक त्रिभुजाकार मैदान की दो भुजाएँ 41 m और 28 m है। यदि इसका परिमाप 84 m है तो त्रिभुज के सबसे छोटे उन्नतांश की लंबाई क्या है? (अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक लिखें।) **[RRB Group D-2022]**

(a) 6.12 m (b) 7.15 m (c) 6.15 m (d) 7.12 m **(c)**

☞ **व्याख्या:**



$\left[\because S = \frac{84}{2} = 42\right]$

$= \frac{1}{2} \times \text{आ.} \times \text{ऊँ.} = \sqrt{S(S-A)(S-B)(S-C)}$

$\Rightarrow \frac{1}{2} \times 41 \times h = \sqrt{42 \times 1 \times 14 \times 27}$

$\Rightarrow h = \frac{126 \times 2}{41} = 6.1463$ या 6.15

11. उस सम पंचभुज का परिमाप कितना होगा, जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई 2a cm है। **[RRB Group D-2022]**

(a) 10a cm (b) 5a cm (c) $5a^5$ cm (d) $10a^2$ cm **(a)**

☞ **व्याख्या:** पंचभुज का परिमाप $= 5 \times$ भुजा

$= 5 \times 2a = 10a$ cm

12. यदि किसी वृत्त का क्षेत्रफल 196π m² है, तो वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D-2022]**

(a) 88 m (b) 44 m (c) 76 m (d) 58 m **(a)**

☞ **व्याख्या:** वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi R^2$

अतः $\pi R^2 = 196\pi$

$R^2 = 14^2$

अतः वृत्त की परिधि $= 2\pi R$

$\Rightarrow 2\pi R = 2 \times \frac{22}{4} \times 14 = 88\,m$

13. 7 cm भुजा वाले एक वर्ग के परितः खींचे गए परिवृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D-2022]**

($\pi = \frac{22}{7}$ प्रयोग कीजिए।)

(a) 44 cm (b) $22\sqrt{2}$ cm

(c) $44\sqrt{2}$ cm (d) 22 cm **(b)**

☞ **व्याख्या:**



⇒ यहाँ वर्ग का विकर्ण वृत्त के व्यास के बराबर होगा।

∵ वर्ग का विकर्ण = भुजा $\sqrt{2}$

अतः विकर्ण = 2R

$\Rightarrow 7\sqrt{2} = 2R$

तो परिधि $= 2\pi R = (2R)\pi = 7\sqrt{2} \times \frac{22}{7} = 22\sqrt{2}$

14. एक समांतर चतुर्भुज ABCD में, AD और AC के मध्य बिंदुओं को मिलाने वाली रेखा की लंबाई 2 इकाई है। यदि समांतर चतुर्भुज का परिमाप 20 इकाई है, तो AD की लंबाई ज्ञात कीजिए। **[RRB Group D 2022]**

(a) 6 इकाई (b) 5 इकाई (c) 4 इकाई (d) 8 इकाई **(a)**

☞ **व्याख्या:**



अतः DC = 2 EF

AB = DC = 4 इकाई

अतः परिणाम = AD + 4 + BC + 4 = 20

$\Rightarrow 2x = 12 \Rightarrow x = 6$

$\Rightarrow$ AD = 6

15. एक समचतुर्भुज का परिमाप ज्ञात कीजिए जिसके विकर्णों की लंबाई 5 cm और 12 cm हैं। **[RRB Group D 2022]**

(a) 24 cm (b) 25 cm (c) 26 cm (d) 20 cm **(c)**

☞ **व्याख्या:** ∵ समचतुर्भुज के विकर्ण एक–दूसरे को लम्बवत समद्विभाजित करते हैं तथा इसकी चारों भुजाएँ समान होती हैं।



अतः $x = \sqrt{(2.5)^2 + 6^2}$ $\left[\because K = \sqrt{L^2 + A^2}\right]$

$x = \sqrt{42.25} \Rightarrow x = 6.5$

अतः परिमाप $= 4x = 4 \times 6.5 = 26$ cm

36 क्षेत्रफल एवं परिमाप [Area and Perimeter]

1. एक समकोण त्रिभुज में, यदि कर्ण एक भुजा से 4 इकाई बड़ा है, और दूसरी भुजा से 8 इकाई बड़ा है, तो त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) 96 वर्ग इकाई (b) 16 वर्ग इकाई
(c) 32 वर्ग इकाई (d) 100 वर्ग इकाई (a)

☞ व्याख्या:



माना कर्ण $= x+8$
भुजा$_1$ $= x+4$
भुजा$_2$ $= x$
अतः $x^2+(x+4)^2=(x+8)^2$
$x^2+x^2+8x+16=x^2+16x+64$
$x^2-8x-48=0$
$x^2-12x+4x-48=0$
$x(x-12)+4(x-12)=0$
$(x-12)(x+4)=0$
$x-12=0\Rightarrow x=12$
$x+4=0\Rightarrow x=-4$
क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}\times(x)\times(x+4)=\frac{1}{2}\times12\times16=96$

2. एक त्रिभुज की भुजाओं की लंबाइयाँ 5 cm, 7 cm और 10 cm हैं। त्रिभुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) 25 (b) $2\sqrt{66}$ (c) $7\sqrt{10}$ (d) 350 (b)

☞ व्याख्या: त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\sqrt{S(S-A)(S-B)(S-C)}$
$S=\frac{5+7+10}{2}=11$
$A=5, B=7, C=10$
$\Rightarrow\sqrt{11\times6\times4\times1}\Rightarrow2\sqrt{66}$

3. किसी चतुर्भुज के विकर्ण की लंबाई 32 m है, और इसके दो अंतर्लंबों (offsets) की लंबाइयाँ 6 m और 10 m हैं। चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) 250 m^2 (b) 276 m^2 (c) 256 m^2 (d) 220 m^2 (c)

☞ व्याख्या:



$\Rightarrow\frac{1}{2}\times(6+10)\times32\Rightarrow8\times32=256\ m^2$

4. (3, –2), (2, –3) और (p, –4) शीर्षों वाले एक त्रिभुज का क्षेत्रफल 8 वर्ग इकाई है। p का मान ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) 17 (b) –16 (c) 15 (d) –15 (a)

☞ व्याख्या: $\underset{A(3,-2)}{x_1,y_1}\quad\underset{B(2,-2)}{x_2,y_2}\quad\underset{C(P,-4)}{x_3,y_3}$

$\left[\because \text{त्रिभुज का क्षेत्र}=\frac{1}{2}[x_1(y_2-y_3)+x_2(y_3-y_1)+x_3(y_1-y_2)]\right]$

$\Rightarrow\frac{1}{2}[3(-3+4)+2(-4+2)+P(-2+3)]=8$
$\Rightarrow 3-4+P=16\Rightarrow P=17$

5. एक समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल 160 cm^2 है। यदि इसकी समानांतर भुजाओं की लंबाइयाँ क्रमशः 20 cm और 12 cm हों, तो समानांतर भुजाओं के बीच की लंबवत दूरी (cm में) कितनी होगी? [RRB Group D-2022]
(a) 11 (b) 12 (c) 10 (d) 8 (c)

☞ व्याख्या: समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल = 160
$\frac{\text{समान्तर भुजाओं का योग}\times\text{ऊँचाई}}{2}=160$
$\frac{(20+12)\times h}{2}=160\Rightarrow16h=160\Rightarrow h=10$

6. यदि ΔABC और ΔDEF समरूप है, और AB = 6 cm, DE = 8 cm, EF = 10 cm और FD = 14 cm हैं, तो ΔABC का परिमाप ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) 14 cm (b) 16 cm (c) 24 cm (d) 20 cm (c)

☞ व्याख्या: यहाँ $\Delta ABC\sim\Delta DEF$



दोनों समरूप त्रिभुज हैं। अतः भुजाएँ जिस अनुपात में होंगी, परिमाप भी उसी अनुपात में होगा।
अतः भुजाओं का अनुपात = 6 : 8
परिमाप = x : 32
[$\because$ 6 : 8 = 24 : 32]
यहाँ x का मान 24 अनुपात को संतुष्ट करेगा।

7. एक समचतुर्भुज का परिमाप 146 cm है और इसका एक विकर्ण 55 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए? [RRB Group D-2022]
(a) 1325 cm^2 (b) 1320 cm^2 (c) 2460 cm^2 (d) 2640 cm^2 (b)

☞ व्याख्या:



अतः $x=\sqrt{(36.5)^2-(27.5)^2}$
$\Rightarrow x=\sqrt{64\times9}\Rightarrow x=24\Rightarrow2x(\text{विकर्ण})=48$
समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $=\frac{V_1\times V_2}{2}$
$=\frac{55\times48}{2}=1320\ cm^2$

40. उस समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसके विकर्णों की माप क्रमशः 24.6 cm और 28.6 cm है।
[RRB Group-D 2022]
(a) 657.46 cm^2 (b) 351.78 cm^2
(c) 703.56 cm^2 (d) 251.78 cm^2 (b)

☛ व्याख्या: समचतुर्भुज का क्षेत्र $= \frac{\text{विकर्णों का गुणनफल}}{2}$

$= \frac{24.6 \times 28.6}{2} = 351.78\ cm^2$

41. एक आयताकार भूखंड की लंबाई, उसकी चौड़ाई से 60% अधिक है। यदि इस आयत की लंबाई और चौड़ाई के बीच 30 सेमी. का अंतर है, तो इस आयत का परिमाप कितना होगा?
[RRB Group-D 2022]
(a) 330 सेमी. (b) 300 सेमी.
(c) 270 सेमी. (d) 260 सेमी. (d)

☛ व्याख्या: ल. : चौ.
160% : 100%
$\Rightarrow 8x - 5x = 30\ cm \Rightarrow 3x = 30\ cm$
$x = 10\ cm$



आयत का परिमाप $= 26x$
$= 26 \times 10 = 260\ cm$ Ans.

42. एक पहिये का व्यास 63 सेमी है। 100 चक्कर लगाने पर पहिया द्वारा तय की गई दूरी कितनी है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)
[RRB Group-D 2022]
(a) 26 m (b) 99 m (c) 396 m (d) 198 m (d)

☛ व्याख्या: 100 चक्कर में दूरी $= 2\pi R \times 100$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{63}{2} \times 100 = 198000\ cm$ या 198 m

43. एक आयताकार भूखंड को तीन चक्करों में घेरने के लिए 2250 मीटर तार का उपयोग किया जाता है। भूखंड की लंबाई, चौड़ाई से 5 मीटर अधिक है। भूखंड की लंबाई ज्ञात करें।
[RRB Group-D 2022]
(a) 190 मीटर (b) 185 मीटर
(c) 215 मीटर (d) 210 मीटर (a)

☛ व्याख्या: माना लंबाई $= x+5$, चौड़ाई $= x$
$\Rightarrow 3 \times 2[(x+5)+(x)] = 2250\ m$
$\Rightarrow 2x + 5 = 375 \Rightarrow 2x = 370 \Rightarrow x = 185$
अतः लम्बाई $= (x+5)$
$= 190$

44. AD और BC एक खेल के मैदान में ऊर्ध्वाधर खड़े क्रमशः 30 मीटर और 15 मीटर लंबे दो खंभे हैं। A और B, क्रमशः दोनों खंभों AD और BC के पाद हैं जिनके बीच की दूरी 36 मीटर है और $\overline{CE} \parallel \overline{BA}$ है जो $\overline{AD}$ को E पर प्रतिच्छेदित करता है। ΔDEC और आयत ABCE के क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।
[RRB Group-D 2022]
(a) 3 : 1 (b) 1 : 3 (c) 2 : 1 (d) 1 : 2 (d)

☛ व्याख्या:



अतः $\Delta DEC : A\square ABCE$
$\Rightarrow \frac{1}{2} \times 36 \times 15 : 36 \times 15$
$\Rightarrow \frac{1}{2} : 1$
$\Rightarrow 1 : 2$

45. यदि एक वर्ग के विकर्ण की लंबाई 18 सेमी हो, तो इसका परिमाप (cm में) ___ होगा।
[RRB Group-D 2022]
(a) $24\sqrt{2}$ (b) 36 (c) $36\sqrt{2}$ (d) 24 (c)

☛ व्याख्या: वर्ग का विकर्ण $= 18$
$\sqrt{2} \times$ भुजा $= 18$
भुजा $= \frac{18}{\sqrt{2}} \times \frac{\sqrt{2}}{\sqrt{2}} = 9\sqrt{2}$
अतः वर्ग का परिमाप $= 4 \times$ भुजा
$= 4 \times 9\sqrt{2} = 36\sqrt{2}$

46. 72 सेमी परिधि वाले एक अर्धवृत्त का क्षेत्रफल (cm^2 में) क्या होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ लिजिए)
[RRB Group-D 2022]
(a) 144 (b) 154 (c) 616 (d) 308 (d)

☛ व्याख्या: अर्द्धवृत्त की परिधि $= \pi r + 2r$
$r\left(\frac{22}{7} + 2\right) = 72$
$r = 14\ cm$

अर्द्धवृत्त का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2}{2}$
$= \frac{22}{7 \times 2} \times 14 \times 14 = 308$

47. प्रत्येक 5 सेमी की भुजा वाले तीन घन एक-दूसरे से सटाकर रखे गए हैं। इनमें बनने वाले घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा?
[RRB Group-D 2022]
(a) 350 cm^2 (b) 27 cm^2 (c) 125 cm^2 (d) 37.5 cm^2 (a)

☛ व्याख्या: घनाभ की लम्बाई $= 5+5+5 = 15\ cm$
चौड़ाई $= 5\ cm$, ऊँचाई $= 5\ cm$
घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2(lb + bh + hl)$
$= 2(15 \times 5 + 5 \times 5 + 5 \times 15)$
$= 2(75 + 25 + 75) = 350\ cm^2$ Ans.

48. एक त्रिभुज और समांतर चतुर्भुज के आधार और क्षेत्रफल समान हैं। यदि त्रिभुज की भुजाएँ 26 सेमी, 28 सेमी और 30 सेमी हैं, और समांतर चतुर्भुज का आधार 28 सेमी है, तो समांतर चतुर्भुज की ऊँचाई कितनी है?
[RRB Group-D 2022]
(a) 12 cm (b) 14 cm (c) 10 cm (d) 11 cm (a)

☛ व्याख्या: त्रिभुज का क्षेत्रफल = समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल
$\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$ = आधार × ऊँचाई

☞ **व्याख्या:** गोले का पृ. क्षेत्रफल = 1144

$\Rightarrow 4\pi R^2 = 1144 \Rightarrow 4\times\frac{22}{7}\times R^2 = 1144$

$\Rightarrow (2R)^2 = 1144\times\frac{7}{22} \Rightarrow (2R) = \sqrt{52\times 7}$

अतः व्यास $= \sqrt{4\times 13\times 7} = 2\sqrt{91}$

33. यदि एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $25\sqrt{3}\ cm^2$ है, तो त्रिभुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई ..... है।

[RRB Group D 2022]

(a) 5 cm (b) 12 cm (c) 10 cm (d) 8 cm **(c)**

☞ **व्याख्या:** समबाहु त्रिभुज का क्षे. $= \frac{\sqrt{3}}{4}$ (भुजा)²

$\Rightarrow \frac{\sqrt{3}}{4}(\text{भुजा})^2 = 25\sqrt{3}$

$\Rightarrow (\text{भुजा})^2 = 25\sqrt{3}\times\frac{4}{\sqrt{3}}$

$\Rightarrow (\text{भुजा}) = \sqrt{100} \Rightarrow \text{भुजा} = 10\ \text{cm}$

34. यदि एक वृत्त की परिधि है, तो उस वर्ग का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई दिए गए वृत्त की त्रिज्या के बराबर है। [$\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें]

[RRB Group D 2022]

(a) 7 (b) 9 (c) 8 (d) 6 **(c)**

☞ **व्याख्या:** $2\pi R = \frac{88}{7}$ दिया है $\Rightarrow R = (\text{भुजा})$

$\Rightarrow 2\times\frac{22}{7}R = \frac{88}{7}$

$\Rightarrow (\text{भुजा})R = 2$

वर्ग का परिमाप = 4 (भुजा)

$= 4\times 2 = 8$

35. एक समांतर चतुर्भुज में दो आसन्न भुजाएँ 3 : 2 के अनुपात में है और उसका परिमाप 65 cm है। इस समांतर चतुर्भुज की दो छोटी भुजाओं में से प्रत्येक की लंबाई क्या है?

[RRB Group D 2022]

(a) 19 cm (b) 13 cm (c) 18 cm (d) 21 cm **(b)**

☞ **व्याख्या:** माना बड़ी : छोटी = $3x, 2x$

$\Rightarrow 2(3x+2x) = 65 \Rightarrow 10x = 65 \Rightarrow x = 6.5$

अतः छोटी भुजा $= 2x$

$= 13$ cm

36 एक वर्ग का क्षेत्रफल 900 cm^2 है। इसका परिमाप, एक समषट्भुज के परिमाप के बराबर है। समषट्भुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

[RRB Group D 2022]

(a) $600\sqrt{3}$ (b) 300 (c) $400\sqrt{3}$ (d) 600 **(a)**

☞ **व्याख्या:**



वर्ग का क्षेत्र, $= x^2$

$\Rightarrow x^2 = 900 \Rightarrow x = \sqrt{900} \Rightarrow x = 30$

अतः वर्ग का परिमाप $4x = 120$ cm



षट्भुज का परिमाप = 6(a)

$\Rightarrow 6(a) = 120 \Rightarrow a = 20$

145. दो संकेन्द्रीय वृत्त, एक वृत्ताकार मार्ग का निर्माण करते हैं। इस मार्ग की आंतरिक और बाह्य परिधियाँ क्रमशः $56\frac{4}{7}$ मीटर और $94\frac{2}{7}$ मीटर हैं। मार्ग की चौड़ाई ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 9 m (b) 6 m (c) 3 m (d) 2 m **(b)**

☞ **व्याख्या :** बाह्य परिधि $94\frac{2}{7}$ m

$2\pi r_1 = 94\frac{2}{7} \text{ m} \Rightarrow 2 \times \frac{22}{7} r_1 = \frac{660}{7} \Rightarrow r_1 = 15 \text{ m}$

आंतरिक परिधि $= 56\frac{4}{7}$ m

$2 \times \frac{22}{7} r_2 = \frac{396}{7} \Rightarrow r_2 = 9$ m; मार्ग की चौड़ाई $= 15 - 9 = 6$ m

146. 28 cm त्रिज्या वाले वृत्त के केंद्र पर 22 cm लंबे चाप द्वारा अंतरित कोण का माप डिग्री में ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 55° (b) 40° (c) 45° (d) 50° **(c)**

☞ **व्याख्या :** कोण $= \frac{\text{चाप}}{\text{त्रिज्या}} = \frac{22}{28}$ रेडियन $= \frac{22}{28} \times \frac{180}{\pi}$

$= \frac{22}{28} \times \frac{180}{22} = 45°$

188. एक त्रिभुज के परिवृत्त की त्रिज्या 9 cm है, जबकि इसके अंतः वृत्त की त्रिज्या 4 cm है। त्रिभुज के परिवृत्त और अंतः वृत्त के केंद्रों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 3 cm (b) 2 cm (c) 4 cm (d) 5 cm (a)

☞ **व्याख्या :** परिवृत्त की त्रिज्या (R) = 9 cm
अन्तः वृत्त की त्रिज्या (r) = 4 cm

दूरी $= \sqrt{R^2 - 2Rr} = \sqrt{9^2 - 2\times9\times4} = \sqrt{81-72} = \sqrt{9} = 3$ cm

189. एक त्रिभुज की दो भुजाओं के माप क्रमशः 10 cm और 8 cm हैं। त्रिभुज का क्षेत्रफल $16\sqrt{6}$ cm² है। तीसरी भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए, जहाँ ज्ञात है कि यह एक परिमेय संख्या है।
[RRB NTPC 2021]
(a) 12 cm (b) 10 cm (c) 16 cm (d) 14 cm (d)

☞ **व्याख्या :** तीसरी भुजा = 2x,

$$s = \frac{10+8+2x}{2} = 9+x$$

$$\sqrt{(9+x)(9+x-10)(9+x-8)(9+x-2x)} = 16\sqrt{6} \text{ cm}$$

$$(9+x)(x-1)(x+1)(9-x) = 256\times6$$

विकल्प से, $2x = 14 \Rightarrow x = 7$

$16\times6\times8\times2 = 256\times6 \Rightarrow 1536 = 1536$

190. उस समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात करें जिसकी समानांतर भुजाएँ 10 cm और 20 cm हैं, और असमानांतर भुजाएँ 10 cm के बराबर हैं। [RRB NTPC 2021]
(a) $60\sqrt{3}$ cm² (b) $75\sqrt{3}$ cm²
(c) $70\sqrt{3}$ cm² (d) $65\sqrt{3}$ cm² (b)

☞ **व्याख्या :**



AC = 20 cm, AB = 10 cm
BC = 20 − 10 = 10 cm

समबाहु ΔBDC की ऊँचाई $= \frac{\sqrt{3}}{2}\times10 = 5\sqrt{3}$ cm

समलंब चतुर्भुज का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2}$ समांतर भुजाओं का योग × बीच की दूरी

$= \frac{1}{2}(10+20)\times5\sqrt{3} = 75\sqrt{3}$ cm²

191. 3.5 cm त्रिज्या वाले तीन वृत्त इस प्रकार रखे गए हैं कि प्रत्येक वृत्त, अन्य दो वृत्तों को स्पर्श करता है। तीना वृत्तों से घिरे भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\sqrt{3} = 1.732$ लें)
[RRB NTPC 2021]
(a) 1.856 cm² (b) 1.967 cm²
(c) 2.56 cm² (d) 1.652 cm² (b)

☞ **व्याख्या :** तीनों वृत्तों से घिरे भाग का क्षेत्रफल
= ΔABC का क्षेत्रफल − 3 त्रिज्यखंडों का क्षेत्रफल

$= \frac{\sqrt{3}}{4}$ भुजा² $- \frac{\pi r^2}{2}$

$= \frac{\sqrt{3}}{4}(3.5\times2)^2 - \frac{22}{7\times2}\times(3.5)^2$



$= \frac{1.732}{4}\times49 - \frac{22}{7\times2}\times3.5\times3.5 = 21.217 - 19.25 = 1.967$ cm²

192. किसी भवन में 24 बेलनाकार खंभे हैं। प्रत्येक खंभे की त्रिज्या 28 cm और ऊँचाई 4 m है। ₹ 8/m² की दर पर उन सभी खंभों के वक्र पृष्ठीय क्षेत्र पर रंगाई का खर्च ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) ₹ 1,350.45 (b) ₹ 1,351.68
(c) ₹ 1,352.98 (d) ₹ 1,354.78 (b)

☞ **व्याख्या :** सभी खंभों का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल = $24\times2\pi rh$

$= 24\times2\times\frac{22}{7}\times\frac{28}{100}\times4 = 168.96$ m²

रंगाई कराने का खर्च = 168.96 × 8 = ₹ 1351.68

193. किसी त्रिभुज की तीनों माध्यिकाओं की लंबाइयाँ 3 cm, 6 cm और 5 cm हैं। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]
(a) $\frac{\sqrt{255}}{3}$ cm² (b) $\frac{\sqrt{405}}{3}$ cm²
(c) $\frac{4}{3}\sqrt{56}$ cm² (d) $\frac{\sqrt{345}}{3}$ cm² (c)

☞ **व्याख्या :** $m_1 = 3$ cm, $m_2 = 6$ cm, $m_3 = 5$ cm

$S = \frac{m_1+m_2+m_3}{2} = \frac{3+6+5}{2} = 7$ cm

क्षेत्रफल $= \frac{4}{3}\sqrt{s(s-m_1)(s-m_2)(s-m_3)}$

$= \frac{4}{3}\sqrt{7\times4\times1\times2} = \frac{4}{3}\sqrt{56}$ cm²

194. एक आदमी गोलाकार तालाब का चक्कर एक बार में ही पूरा करता है। यदि उसके एक कदम की लंबाई 44 सेमी है और वह तालाब का चक्कर 700 कदमों में पूरा करता है, तो तालाब का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 7546 m² (b) 6546 m² (c) 7456 m² (d) 6574 m² (a)

☞ **व्याख्या :** गोलाकार तालाब की परिधि = 700 × 44 cm

$2\pi r = 700\times44 \Rightarrow 2\times\frac{22}{7}r = 700\times44 \Rightarrow r = 4900$ cm

तालाब का क्षेत्रफल $\pi r^2 = \frac{22}{7}\times49\times49 = 7546$ m²

195. 34 cm और 18 cm की भुजाओं वाले आयत को पुनर्निर्मित करके एक समचतुर्भज बनाया गया, जिसका परिमाप आयत के बराबर है और इसके एक कोण का माप 120° है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल cm² में ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) $\frac{169\sqrt{3}}{3}$ (b) $169\sqrt{3}$ (c) $338\sqrt{3}$ (d) $\frac{338\sqrt{3}}{3}$ (c)

☞ **व्याख्या :** आयत का परिमाप = 2 (l + b)
= 2 (34 + 18) = 2 × 52 = 104 cm.
समचतुर्भुज का परिमाप = 104 cm
4 × भुजा = 104 ⇒ भुजा = 26 cm
समचतुर्भुज का क्षेत्रफल = 2 × भुजा² × sin θ

$= (26)^2\times\sin120^\circ = 676\times\frac{\sqrt{3}}{2} = 338\sqrt{3}$ cm²

196. 20 cm त्रिज्या वाली एक वृत्ताकार प्लेट को रंगने के लिए 30 ml रंग की आवश्यकता होती है। इसी तरह की 80 cm त्रिज्या वाली एक प्लेट को रंगने के लिए आवश्यक रंग की मात्रा ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]
(a) 450 ml (b) 300 ml (c) 480 ml (d) 360 ml (c)

176. यदि एक वृत्ताकार पथ की बाहरी और आंतरिक त्रिज्याएँ 2a और b हैं, तो इसका क्षेत्रफल ..... वर्ग इकाई है- [RRB NTPC 2021]

(a) $(-4a^2+b^2)$ (b) $\pi(-4a^2+b^2)$
(c) $(4a^2-b^2)$ (d) $\pi(-4a^2-b^2)$ **(d)**

☞ **व्याख्या :** वृत्तीय पथ का क्षेत्रफल $=\pi\left(r_1^2-r_2^2\right)$

$=\pi\left[(2a)^2-(b)^2\right]=\pi\left(4a^2-b^2\right)$

177. एक वृत्ताकार पार्क का क्षेत्रफल 1386 m^2 है। यदि पार्क के चारों ओर अंदर की ओर 7 m चौड़ा एक रास्ता बिछाया गया है, तो रास्ते का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।[RRB NTPC 2021]

(a) 760 m^2 (b) 780 m^2 (c) 770 m^2 (d) 790 m^2 **(c)**

☞ **व्याख्या :** पार्क का क्षेत्रफल $=1386\ m^2 \Rightarrow \pi r^2=1386\ m^2$

$\frac{22}{7}r^2=1386\ m^2 \Rightarrow r^2=441 \Rightarrow r=21\ m$

रास्ते का क्षेत्रफल $=\pi\left(r_1^2-r_2^2\right)$

$=\frac{22}{7}\left(21^2-14^2\right)=\frac{22}{7}\times35\times7=770\ m^2$

178. कमरे के लिए लंबाई और चौड़ाई L = (3x + 10) मीटर और B = (2x + 5) मीटर द्वारा दी गई है और इसकी चार दीवारों का क्षेत्रफल (60x + 180) वर्ग इकाई है, तो कमरे की ऊँचाई है- [RRB NTPC 2021]

(a) 6 m (b) 8 m (c) 5 m (d) 9 m **(a)**

☞ **व्याख्या :** कमरे की चारों दीवारों का क्षेत्रफल = (60x + 180)

$2(L+B)\times h = 60x+180$

$2(3x+10+2x+5)h=60(x+3)$

$2(5x+15)h=60(x+3) \Rightarrow h=\frac{60(x+3)}{10(x+3)}=6\ m$

179. 4.5 m लंबे और 1.5 m चौड़े एक कमरे के फर्श पर एकसमान आकार के वर्गाकार शिलापट्ट लगाए गए हैं। पूरे फर्श पर लगाए जा सकने वाले शिलापट्टों की न्यूनतम संख्या ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 10 (b) 3 (c) 2 (d) 5 **(b)**

☞ **व्याख्या :** वर्गाकार शिलापट्ट की भुजा = 4.5 m और 1.5 m का HCF = 1.5 m

शिलापट्टों की संख्या $=\frac{4.5\times1.5}{1.5\times1.5}=3$

180. एक वर्गाकार कमरे के फर्श पर टाइल लगाने के लिए 784 वर्गाकार टाइलें, प्रत्येक की भुजा 50 cm की आवश्यकता होती है। कमरे की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए - [RRB NTPC 2021]

(a) 15 m (b) 12 m (c) 14 m (d) 13 m **(c)**

☞ **व्याख्या :** $\sqrt{784}=28$

कमरे की लम्बाई $=28\times50=1400\ cm=14\ m.$

181. ₹ 24 प्रति मीटर की दर से एक आयताकार मैदान के चारों ओर बाड़ लगाने की लागत ₹ 1,920 है। यदि इसकी लंबाई 23 m है, तो इसकी चौड़ाई ज्ञात कीजए।[RRB NTPC 2021]

(a) 17 m (b) 19 m (c) 20 m (d) 18 m **(a)**

☞ **व्याख्या :** परिमाप $=\frac{1920}{24}$

$2(23+b)=80 \Rightarrow 23+b=40 \Rightarrow b=17\ m$

182. एक वर्ग का क्षेत्रफल 36 cm^2 है। इसकी भुजाओं के मध्य बिंदुओं को जोड़ने से निर्मित वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 20 cm^2 (b) 28 cm^2 (c) 25 cm^2 (d) 18 cm^2 **(d)**

☞ **व्याख्या :** 

PQRS का क्षेत्रफल $=36\times\frac{1}{2}=18\ cm^2$

183. एक वृत्तखंड का कोण 30° है। यदि, इसकी त्रिज्या 42 cm है, तो इस वृत्तखंड के चाप की लंबाई ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 32 cm (b) 20 cm (c) 22 cm (d) 22 cm **(d)**

☞ **व्याख्या :** चाप लंबाई = कोण (रेडियन) × त्रिज्या

$=30\times\frac{\pi}{180}\times42=30\times\frac{22}{7}\times\frac{1}{180}\times42=22\ cm$

184. ऐसे आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए, जिसकी लंबाई, चौड़ाई से 5 m अधिक हो और एक परिमाप का मान उसके क्षेत्रफल के मान के एक-तिहाई के बराबर हो। [RRB NTPC 2021]

(a) 60 m (b) 50 m (c) 40 m (d) 45 m **(b)**

☞ **व्याख्या :** $b=x\ m,\quad l=(x+5)\ m$

$2(l+b)=\frac{lb}{3} \Rightarrow 2(x+5+x)=\frac{x(x+5)}{3}$

$12x+30=x^2+5x \Rightarrow x^2-7x-30=0$

$(x-10)(x+3)=0 \Rightarrow x=10$

परिमाप $=2(2\times10+5)=50\ m$

185. एक समकोण त्रिभुज की दो छोटी भुजाओं की लंबाई 7 cm और 24 cm है। इस त्रिभुज की परिवृत्त त्रिज्या ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 12.5 cm (b) 12 cm (c) 16 cm (d) 15.5 cm **(a)**

☞ **व्याख्या :** $AC^2=7^2+24^2=49+576$

$AC^2=625$

$AC=25\ cm$



परित्रिज्या $=\frac{AC}{2}=\frac{25}{2}=12.5\ cm$

186. ऐसे गैर-समरूप न्यूनकोणीय समद्विबाहु त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए, जिसका एक कोण, दूसरे कोण का 4 गुना है। [RRB NTPC 2021]

(a) 3 (b) 4 (c) 1 (d) 2 **(c)**

☞ **व्याख्या :** ऐसा गैर–समरूप न्यूनकोणीय समद्विबाहु त्रिभुज एक होगा।

187. एक समद्विबाहु त्रिभुज के शीर्षों से इसके आधार पर खींचा गया लंब 12 cm है और इसका परिमाप 36 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 120 cm^2 (b) 60 cm^2 (c) 100 cm^2 (d) 90 cm^2 **(b)**

☞ **व्याख्या :** परिमाप = 36 cm

$2(x+y)=36 \Rightarrow x+y=18 \quad ...(1)$

$x^2=y^2+12^2 \Rightarrow x^2-y^2=144$

$18(x-y)=144$

$x-y=8 \quad ...(2)$

$x=13,\quad y=5$



क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}\times(5+5)\times12=60\ cm^2$

166. एक रोड रोलर की त्रिज्या 7 m है और इसकी लंबाई 14 m है। यह एक मैदान को समतल करने के लिए 100 घूर्णन करता है। मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। $\left[\pi = \frac{22}{7}\right]$ [RRB NTPC 2021]

(a) 61400 m^2 (b) 61000 m^2 (c) 61600 m^2 (d) 61200 m^2 (c)

☞ **व्याख्या :** मैदान का क्षेत्रफल = $2\pi rh \times 100$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times 7 \times 14 \times 100 = 61600\ m^2$

167. एक वृत्त की त्रिज्या, एक वर्ग के विकर्ण के बराबर है। यदि वर्ग का क्षेत्रफल 32 वर्ग इकाई है, तो वृत्त का क्षेत्रफल कितना होगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 9π वर्ग इकाई (b) 16π वर्ग इकाई
(c) 62π वर्ग इकाई (d) 36π वर्ग इकाई (*)

☞ **व्याख्या :** वर्ग का क्षेत्रफल = 32 वर्ग इकाई

$a^2 = 32 \Rightarrow a = \sqrt{32} = 4\sqrt{2}$ इकाई

वृत्त की त्रिज्या (r) = वर्ग का विकर्ण = $4\sqrt{2}$ इकाई

वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2 \Rightarrow = \pi(8)^2 = 64\pi$ वर्ग इकाई

Note: इसका उत्तर 16 वर्ग इकाई दिया है। $= 16\pi$ वर्ग इकाई

168. समलंब चतुर्भुजाकार वस्तु की ऊंचाई 5m है और उसकी समानांतर भुजाएं 4 m और 6 m है। यदि पेंट का मूल्य ₹ 50 प्रति वर्ग मीटर है तब उस वस्तु को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) ₹1,200 (b) ₹1,000 (c) ₹800 (d) ₹1,250 (d)

☞ **व्याख्या :** समलंब चतुर्भुजाकार वस्तु का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2}$ (समांतर भुजाओं का योग) × ऊँचाई

$= \frac{1}{2}(4+6) \times 5 = 25\ m^2 \Rightarrow$ पेंट की लागत $= 25 \times 50 = ₹1250$

169. एक वर्ग के चारों ओर 8 cm त्रिज्या वाला एक परिवृत्त खींचा गया है। वर्ग की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) $2\sqrt{2}$ cm (b) $8\sqrt{2}$ cm (c) $4\sqrt{2}$ cm (d) $6\sqrt{2}$ cm (b)

☞ **व्याख्या :** वर्ग का विकर्ण = वृत्त का व्यास

$\sqrt{2}\,a = 8 \times 2 \Rightarrow a = \frac{16}{\sqrt{2}} = 8\sqrt{2}$ cm

170. एक समचतुर्भुज का परिमाप 68 cm है और इसके एक विकर्ण की लंबाई 16 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 220 sq cm (b) 200 sq cm (c) 320 sq cm (d) 240 sq cm (d)

☞ **व्याख्या :** परिमाप = 68, भुजा (a) = $\frac{68}{4} = 17$ cm

दूसरा विकर्ण (d_2) = $2\sqrt{a^2 - \left(\frac{d_1}{2}\right)^2} = 2\sqrt{17^2 - 8^2}$

$= 2\sqrt{289-64} = 2 \times \sqrt{225} = 2 \times 15 = 30$ cm

क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}d_1d_2 = \frac{1}{2} \times 16 \times 30 = 240$ Sq. cm

171. एक वर्गाकार मैदान का क्षेत्रफल 7200 m^2 है। 4 km/h की नियत चाल से चल रही एक साइकिल द्वारा इस मैदान को विकर्णतः पार करने में कितना समय लगेगा? [RRB NTPC 2021]

(a) 25 मिनट (b) 30 मिनट (c) 5 मिनट (d) $\frac{9}{5}$ मिनट (d)

☞ **व्याख्या :** वर्गाकार मैदान का क्षेत्रफल = 7200 m^2

$a^2 = 7200 \Rightarrow a = 60\sqrt{2}$ m

विकर्ण = $\sqrt{2}\,a = \sqrt{2} \times 60\sqrt{2} = 120$ m, समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$

$\frac{120}{4 \times \frac{5}{18}}$ sec. $= \frac{120 \times 18}{4 \times 5} = \frac{120 \times 18}{4 \times 5 \times 60}$ min $= \frac{9}{5}$ min

172. एक समबाहु त्रिभुज के परितः 7 cm त्रिज्या का एक परिवृत्त खींचा गया है। उस समबाहु त्रिभुज की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) $7\sqrt{2}$ cm (b) 7 cm (c) $7\sqrt{3}$ cm (d) $5\sqrt{3}$ cm (c)

☞ **व्याख्या :** समबाहु त्रिभुज के परिवृत्त की त्रिज्या

$r = \frac{a}{\sqrt{3}} \Rightarrow 7 = \frac{a}{\sqrt{3}} \Rightarrow a = 7\sqrt{3}$ cm

समबाहु त्रिभुज की भुजा की लंबाई (a) = $7\sqrt{3}$ cm

173. एक समकोण त्रिभुज के आधार और ऊँचाई क्रमशः 15 cm और 8 cm हैं, तो उसके सम्मुख शीर्ष से उसके कर्ण की ऊंचाई कितनी होगी? [RRB NTPC 2021]

(a) $7\frac{1}{15}$ cm (b) $7\frac{11}{17}$ cm (c) $7\frac{1}{17}$ cm (d) $1\frac{7}{17}$ cm (c)

☞ **व्याख्या :** $AC^2 = 15^2 + 8^2$

$AC^2 = 225 + 64$

$AC^2 = 289 \Rightarrow AC = 17$ cm



$\frac{1}{2}AC \times BD = \frac{1}{2} \times 15 \times 8$

$\frac{1}{2} \times 17 \times BD = \frac{1}{2} \times 15 \times 8$

$BD = \frac{120}{17} \Rightarrow BD = 7\frac{1}{17}$ cm

सम्मुख शीर्ष से कर्ण की ऊँचाई = $7\frac{1}{17}$ cm

174. एक हॉल का फर्श आयताकार है। इसकी लंबाई 30 m और चौड़ाई 24 m है। इसे ढकने के लिए 6m × 4m आकार के कितने कार्पेटों की आवश्यकता होगी? [RRB NTPC 2021]

(a) 36 कार्पेट (b) 28 कार्पेट (c) 24 कार्पेट (d) 30 कार्पेट (d)

☞ **व्याख्या :** कार्पेटों की संख्या = $\frac{\text{आयताकार फर्श का क्षेत्रफल}}{\text{1 कार्पेट का क्षेत्रफल}}$

$= \frac{30 \times 24}{6 \times 4} = 30$

175. एक 22 m लंबे और 14 m चौड़े खेत में 4 m लंबा, 2 m चौड़ा और 1.5 m गहरा गड्ढा खोदा जाता है। यदि गड्ढे से निकली मिट्टी को शेष खेत में एक समान रूप से फैलाया जाता है, तो खेत के स्तर में होने वाली वृद्धि ज्ञात कीजिए। [RRB NTPC 2021]

(a) 4.75 cm (b) 5 cm (c) 3.5 cm (d) 4 cm (d)

☞ **व्याख्या :** गड्ढे से निकाली गई मिट्टी का आयतन = lbh

$= 4 \times 2 \times 1.5 = 12\ m^3$

खेत में डाली गई मिट्टी वाले भाग का क्षेत्रफल

= खेत का क्षेत्रफल − गड्ढे वाले भाग का क्षेत्रफल

$= 22 \times 14 - 4 \times 2 = 308 - 8 = 300\ m^2$

खेत के स्तर में होने वाली वृद्धि = $\frac{12}{300}$ m = 0.04 m = 4 cm

214. 21 सेमी. त्रिज्या और 90 सेमी. लंबाई वाली एक धातु के पाइप के बाह्य वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 27/05/2019 (Shift-III)
(a) 11480 वर्ग सेमी. (b) 10880 वर्ग सेमी.
(c) 12880 वर्ग सेमी. (d) 11880 वर्ग सेमी. **(d)**

☞ **व्याख्या:** पाइप के बाह्य वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल $= 2\pi rh$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times 21 \times 90 = 2 \times 22 \times 3 \times 90 = 11880$ वर्ग सेमी.

215. एक घनाभ की भुजाएँ 1 : 2 : 3 के अनुपात में हैं। इसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 88 सेमी.^{2} है, तो इसका आयतन ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 25/05/2019 (Shift-II)
(a) 48 सेमी.^{3} (b) 120 सेमी.^{3} (c) 64 सेमी.^{3} (d) 24 सेमी.^{3} **(a)**

☞ **व्याख्या:** माना घनाभ की लंबाई (l), चौड़ाई (b) और ऊँचाई (h) क्रमशः x, 2x और 3x है।
घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 88\ cm^2$
$2(l.b + b.h + h.l) = 88\ cm^2$
$2(x.2x + 2x.3x + 3x.x) = 88\ cm^2$
$(2x^2 + 6x^2 + 3x^2) = 44 \Rightarrow 11x^2 = 44 \Rightarrow x^2 = 4 \Rightarrow \boxed{x = 2}$
घनाभ की लंबाई (l) $= x = 2$ cm
घनाभ की चौड़ाई (b) $= 2x = 2 \times 2 = 4$ cm
घनाभ की ऊँचाई (h) $= 3x = 3 \times 2 = 6$ cm
घनाभ का आयतन $= l.b.h = 2 \times 4 \times 6 = 48 cm^2$

216. 8 सेमी. त्रिज्या वाले एक वृत्त के अंदर उसकी परिधि को स्पर्श करते हुए बनाए गए एक वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 23/05/2019 (Shift-I)
(a) 144 सेमी^{2} (b) 128 सेमी^{2} (c) 64 सेमी^{2} (d) 136 सेमी^{2} **(b)**

☞ **व्याख्या:**



वृत्त की त्रिज्या = 8 cm (दिया है)
वृत्त का व्यास = वर्ग का विकर्ण (प्रश्नानुसार) = 16 cm
वर्ग का क्षेत्रफल $= \frac{16^2}{2} = 128\ cm^2$

217. प्रत्येक आयताकार फलक वाले एक डिब्बे की लंबाई 12 सेंटीमीटर, चौड़ाई 8 सेंटीमीटर और ऊँचाई 10 सेंटीमीटर है। डिब्बे का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)
(a) 592 वर्ग सेंटीमीटर (b) 376 वर्ग सेंटीमीटर
(c) 524 वर्ग सेंटीमीटर (d) 482 वर्ग सेंटीमीटर **(a)**

☞ **व्याख्या:** आयताकार फलक का कुल पृष्ठीय क्षे. $= 2(lb + bh + hl)$
$= 2(12 \times 8 + 8 \times 10 + 12 \times 10)$
$= 2(96 + 80 + 120) = 2 \times 286 = 592$ वर्ग सेंटीमीटर

218. दो बेलनों की त्रिज्याओं का अनुपात 2 : 3 है। उनकी ऊँचाइयों का अनुपात 5 : 3 है। यदि एक बेलन का आयतन 160 घन इकाई हो, तो दूसरे बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 26/05/2019 (Shift-II)
(a) 216 घन इकाई (b) 400 घन इकाई
(c) 240 घन इकाई (d) 243 घन इकाई **(a)**

☞ **व्याख्या:** बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$

प्रश्नानुसार, $\frac{\pi \times 2^2 \times 5}{\pi \times 3^3 \times 3} = \frac{160}{V}$

$V = 160 \times \frac{27}{20} = 216$ घन इकाई

अतः दूसरे बेलन का आयतन = 216 घन इकाई

219. एक वर्गाकार खेत का क्षेत्रफल 24200 वर्ग मीटर है। 4.4 किमी/घंटा की चाल से चल रहे किसी व्यक्ति को इसे विकर्णतः पार करने में कितना समय लगेगा?
RRB JE - 01/06/2019 (Shift-I)
(a) 3 मिनट (b) 4 मिनट (c) 2.5 मिनट (d) 2 मिनट **(a)**

☞ **व्याख्या:** प्रश्नानुसार,
वर्ग का क्षेत्रफल $= 24200$ मी.$^2 \Rightarrow a^2 = 24200$ मी.^{2}
$\Rightarrow a = 110\sqrt{2}$ मी.
व्यक्ति को विकर्णतः पार करने में तय दूरी
$= a\sqrt{2} = 110\sqrt{2} \times \sqrt{2} = 220$ मी.
∵ चाल = 4.4 किमी./घंटा
$= \frac{4.4 \times 1000}{60}$ मी./मिनट $= \frac{220}{3}$ मी./मिनट

अतः समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{220}{\frac{220}{3}} = 3$ मिनट

220. एक बेलने के ऊपर लगाए गए एक अर्द्धगोले का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जबकि दोनों की त्रिज्या समान हो और बेलन की ऊँचाई इसकी त्रिज्या की दोगुनी हो।
RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)
(a) $8\pi r^2$ (b) $4\pi r^2$ (c) $7\pi r^2$ (d) $(2\pi rh + 2\pi r^2)$ **(c)**

☞ **व्याख्या:** अर्द्धगोले की त्रिज्या = बेलन की त्रिज्या = r
बेलन की ऊँचाई (h) = 2r
∴ कुल वक्र पृष्ठ = बेलन का वक्रवृष्ठ का क्षे. + अर्द्धगोले के वक्रपृष्ठ का क्षे. + बेलन के आधार का क्षे.
$= 2\pi rh + 2\pi r^2 + \pi r^2 = 2\pi r \times 2r + 3\pi r^2$
$= 4\pi r^2 + 3\pi r^2 = 7\pi r^2$

221. $l \times b \times h$ विमा वाले घनाभ को $l \times 0.5b \times 0.4h$ माप वाले तख्तों के रूप में काटा जाता है। प्राप्त होने वाले तख्तों की संख्या ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 27/05/2019 (Shift-II)**
(a) 4 (b) 5 (c) 20 (d) 10 **(b)**

☞ **व्याख्या:** प्राप्त होने वाले तख्तों की संख्या $= \frac{\text{बड़े घनाभ का आयतन}}{\text{छोटे घनाभ का आयतन}}$
$= \frac{l \times b \times h}{l \times 0.5b \times 0.4h} = \frac{1}{0.5 \times 0.4} = \frac{1}{0.20} = \frac{100}{20} = 5$

222. एक वृत्त और उसके अंदर निर्मित 'a' भुजा वाले वर्ग के बीच सन्निहित क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 26/05/2019 (Shift-I)
(a) $(a^2/2)(\pi - 2)$ वर्ग इकाई (b) $2a^2(\pi - 2)$ वर्ग इकाई
(c) $a^2(2 - \pi)$ वर्ग इकाई (d) $a^2(2\pi - 1)$ वर्ग इकाई **(a)**

☞ **व्याख्या:** वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi R^2$

$= \pi \times \left(\frac{a\sqrt{2}}{2}\right)^2 = \pi \times \frac{a^2 \times 2}{4} = \frac{2\pi a^2}{4} = \frac{\pi a^2}{2}$

वर्ग का क्षेत्रफल $= (\text{भुजा})^2 = (a^2) = a^2$

∴ सन्निहित क्षे. $= \frac{\pi a^2}{2} - a^2 = \frac{a^2}{2}(\pi - 2)$ वर्ग इकाई

223. एक घन की सभी भुजाओं का योग 48 सेमी. है। इसका आयतन ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 23/05/2019 (Shift-III)**
(a) 27 सेमी^{3} (b) 216 सेमी^{3} (c) 64 सेमी^{3} (d) 36 सेमी^{3} **(c)**

☞ **व्याख्या:** $12 \times$ भुजा $= 48 \Rightarrow$ भुजा $= 4$ सेमी
घन का आयतन $= (4)^3 = 64\ cm^3$

206. किसी त्रिभुज का आधार उसके समान क्षेत्रफल वाले समान्तर चतुर्भुज के आधार का आधा है। त्रिभुज और चतुर्भुज के आधारों में संलग्न ऊँचाइयों का अनुपात क्या होगा? [ALP 2018]

(a) 4 : 1 (b) 2 : 1 (c) 1 : 4 (d) 1 : 2 **(a)**

व्याख्या: माना त्रिभुज तथा चतुर्भुज के आधार क्रमशः x तथा 2x हैं, तथा इनकी ऊँचाई क्रमशः h_1 तथा h_2 है।

अतः प्रश्नानुसार–

$$\Rightarrow \frac{1}{2}\times x\times h_1 = 2x\times h_2 \Rightarrow \frac{h_1}{h_2} = \frac{4}{1} \text{ या } 4:1$$

207. एक मीटर में कुल कितने किलोमीटर होते हैं? [ALP 2018]

(a) 0.0001 (b) 0.1 (c) 0.001 (d) 0.01 **(c)**

व्याख्या: अभीष्ट km (किमी.) $= \frac{1}{1000} = .001$ km

208. किसी वृत्त के अंदर निर्मित सम षट्कोण और वर्ग के क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा? [ALP 2018]

(a) $4:3\sqrt{3}$ (b) 2 : 3 (c) $1:\sqrt{3}$ (d) $3\sqrt{3}:2$ **(a)**

व्याख्या:



यहाँ R वृत्त कि त्रिज्या है।

अतः षट्कोण का क्षेत्र : वर्ग का क्षेत्र.

$$\Rightarrow 6\times(\text{समबाहु त्रिभुज}) : \frac{(\text{विकर्ण})^2}{2}$$

$$\Rightarrow 6\times\frac{\sqrt{3}}{4}\times R^2 : \frac{(2R)^2}{2}$$

$$\Rightarrow \frac{3\sqrt{3}}{2}R^2 : \frac{4R^2}{2}$$

अतः $3\sqrt{3}:4$ या $4:3\sqrt{3}$ होगा।

209 22 मीटर भुजा वाले एक वर्गाकार पार्क के मध्य दो 2 मीटर चौड़ी सड़कें बनाई गई हैं जो उसके लम्बाई और चौड़ाई के समांतर हैं। ₹ 100 प्रति वर्ग मीटर की दर से इस सड़क पर बजरी लगाने का खर्च क्या आयेगा? [ALP 2018]

(a) ₹8,400 (b) ₹88 (c) ₹84 (d) ₹8,800 **(a)**

व्याख्या: सड़क का क्षेत्रफल $= (22)^2 - (22-2)^2 = 84$ वर्ग मीटर

इस पर बजरी लगाने का खर्च = 8400 Rs.

210. किसी 4 सेंटीमीटर की भुजा वाले वर्ग के प्रत्येक कोने से 1 सेंटीमीटर का टुकड़ा काट दिया गया, हर ऐसे टुकड़े में एक कोण है। इसकी परिधि कितनी है और इस प्रकार से बने अष्ट कोण का क्षेत्र कितना है? [ALP 2018]

(a) 16 सेंटीमीटर, 12 वर्ग सेंटीमीटर

(b) $4\sqrt{2}$ सेंटीमीटर; 14 वर्ग सेंटीमीटर

(c) $\left(8+4\sqrt{2}\right)$ सेंटीमीटर; 14 वर्ग सेंटीमीटर

(d) $\left(4+4\sqrt{2}\right)$ सेंटीमीटर; 14 वर्ग सेंटीमीटर **(c)**

व्याख्या:



अतः अष्टभुज की परिधि $= 2\times4+4\times\sqrt{1^2+1^2}$

$= 8+4\sqrt{2}\,cm$

तथा इसका क्षेत्रफल $= (4)^2 - 4\times\frac{1}{2}\times1\times1 = 16-2 = 14\,cm^2$

211. तीन त्रिभुजों को एक बड़े त्रिभुज के तीनों कोनों में से इस तरह बनाया गया है कि प्रत्येक छोटे त्रिभुज की प्रत्येक भुजा बड़े त्रिभुज की अनुरूप भुजा की एक चौथाई है। तीन छोटे त्रिभुजों के कुल क्षेत्रफल और बड़े त्रिभुज के शेष क्षेत्रफल के बीच का अनुपात कितना है? [ALP 2018]

(a) 3 : 13 (b) 1 : 5 (c) 3 : 16 (d) 4 : 15 **(c)**

व्याख्या: प्रश्नानुसार माना बड़े त्रिभुज की प्रत्येक भुजा $4x$ है तथा छोटे त्रिभुज की भुजा $1x$ होगी।

अतः

$\Rightarrow$ 3 (छोटे त्रिभुज का क्षेत्रफल) : बड़े त्रिभुज का क्षेत्रफल

$\Rightarrow 3\times(1x)^2 : (4x)^2$

$\Rightarrow 3x^2 : 16x^2$

$\Rightarrow 3 : 16$

[$\because$ दो समरूप त्रिभुजों की भुजाओं के वर्गों का अनुपात इनके क्षेत्रफलों के अनुपात के समान होता है।]

212. आकृति में एक वृत्त का केंद्र 'O' है। अनुभाग OAPB का क्षेत्रफल वृत्त के क्षेत्रफल का 5/18 भाग है। x ज्ञात कीजिए। [ALP 2018]



(a) 120 डिग्री (b) 100 डिग्री (c) 125 डिग्री (d) 115 डिग्री **(b)**

व्याख्या: x का अभीष्ट मान $= \frac{5}{18}\times360^o = 100^o$

213. एक आयताकार कालीन का क्षेत्रफल 120 मीटर² और परिमाप 46 मीटर है। इसके विकर्ण की लंबाई ज्ञात कीजिए। RRB JE - 29/05/2019 (Shift-III)

(a) 15 मीटर (b) 16 मीटर (c) 20 मीटर (d) 17 मीटर **(d)**

व्याख्या: आयत का क्षेत्रफल = ल. × चौ.

ल. × चौ. = 120 ...(i)

आयत का परिमाप = 2 (ल. + चौ.)

(ल. + चौ.) = 23 ...(ii)

समी. (i) व (ii) से–

(ल. + चौ.)^2 = ल.^{2} + चौ.^{2} + 2 ल. × चौ.

$(23)^2$ = ल.^{2} + चौ.^{2} + 2 × 120

529 – 240 = ल.^{2} + चौ.^{2}

289 = ल.^{2} + चौ.^{2}

ल.^{2} + चौ.^{2} = 289

विकर्ण = $\sqrt{\text{लम्बाई}^2 + \text{चौड़ाई}^2} = \sqrt{289}$ = 17 मीटर

☞ **व्याख्या :** त्रिज्या $= 20\ cm$
वृत्ताकार प्लेट का क्षेत्रफल $= \pi r^2 = \pi (20)^2 = 400\pi\ cm^2$
त्रिज्या $= 80\ cm$
वृत्ताकार प्लेट का क्षेत्रफल $= \pi r^2 = \pi (80)^2 = 6400\pi\ cm^2$

आवश्यक रंग की आवश्यकता $= \frac{30}{400\pi} \times 6400\pi = 480\ ml$

197. ABC एक समबाहु त्रिभुज है। P, Q और R क्रमशः AB, BC और AC भुजाओं के मध्य बिंदु है। त्रिभुज की भुजा की लंबाई 4 cm है। त्रिभुज PQR का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
[RRB NTPC 2021]

(a) $\frac{1}{4}\sqrt{3}\ cm^2$ (b) $\frac{\sqrt{3}}{2}\ cm^2$ (c) $\sqrt{3}\ cm^2$ (d) $\frac{\sqrt{3}}{9}\ cm^2$ **(c)**

☞ **व्याख्या :** ΔABC का क्षे. $= \frac{\sqrt{3}}{4}$ भुजा$^2 = \frac{\sqrt{3}}{4} \times (4)^2 = 4\sqrt{3}\ cm^2$

ΔPQR का क्षेत्रफल $= 4\sqrt{3} \times \frac{1}{4} = \sqrt{3}\ cm^2$



198. ABCD एक समांतर चतुर्भुज है। भुजा BC को E तक इस प्रकार बढ़ाया जाता है कि BC = CE है। AE, CD को बिंदु P पर प्रतिच्छेदित करती है। त्रिभुज ABE का क्षेत्रफल इनमें से किसके बराबर होगा ?
[RRB NTPC 2021]



(a) समांतर चतुर्भुज ABCD के क्षेत्रफल के $\frac{1}{2}$ भाग के बराबर
(b) समांतर चतुर्भुज ABCD के क्षेत्रफल के $\frac{1}{3}$ भाग के बराबर
(c) समांतर चतुर्भुज ABCD के क्षेत्रफल के बराबर
(d) समांतर चतुर्भुज ABCD के क्षेत्रफल से कम **(c)**

☞ **व्याख्या :** ΔABE का क्षेत्रफल = समांतर चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल (एक ही आधार तथा समांतर भुजाओं के बीच त्रिभुज एवं चतुर्भुज)

199. एक मील लगभग ..... किलोमीटर के बराबर है।
[ALP 2019]

(a) 0.8 (b) 1.2 (c) 1.6 (d) 1.4 **(c)**

☞ **व्याख्या:** 1 मील = 1.6 km लगभग होती है।

200. यदि एक चौकोन का क्षेत्रफल 32 cm² है, तो उसके विकर्ण की लंबाई बताएँ।
[ALP 2019]

(a) 8 cm (b) 4 cm (c) 12 cm (d) 16 cm **(a)**

☞ **व्याख्या:** चौकोर (वर्ग) का क्षेत्र. $= \frac{(\text{विकर्ण})^2}{2}$

$\Rightarrow \frac{(\text{विकर्ण})^2}{2} = 32\,cm^2$

$\Rightarrow$ विकर्ण $= \sqrt{64} = 8\,cm$

201. यदि किसी समचतुर्भुज का क्षेत्रफल 96 cm² और पहला विकर्ण 6 cm हो, तो इसके दूसरे विकर्ण की लंबाई कितनी होगी ?
[ALP 2019]

(a) 24 cm (b) 32 cm (c) 16 cm (d) 48 cm **(b)**

☞ **व्याख्या:** $\left[\because \text{समचतुर्भुज का क्षेत्रफल} = \frac{\text{विकर्णों का गुणनफल}}{2}\right]$

$\Rightarrow \frac{6 \times ?}{2} = 96 \Rightarrow 3x = 96 \Rightarrow x = 32\,cm$

202. एक आयत की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 6 cm और 8 cm है। फिर एक वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा जिसका भुजा इस आयत के विकर्ण की लंबाई के बराबर है।
[ALP 2019]

(a) 196 cm² (b) 96 cm² (c) 100 cm² (d) 92 cm² **(c)**

☞ **व्याख्या:** दिया है–
आयत का विकर्ण = वर्ग की भुजा
वर्ग की भुजा $= \sqrt{ल.^2 + चौ.^2}$
वर्ग की भुजा $= \sqrt{6^2 + 8^2}$
वर्ग की भुजा $= 10$
अतः वर्ग का क्षेत्र. $= (\text{भुजा})^2$
$= (10)^2 = 100\ cm^2$

203. किसी त्रिभुज में समकोण बनाने वाली दो भुजाएँ क्रमशः 3 cm और 4 cm लम्बी हैं। इस त्रिभुज के परिवृत्त का क्षेत्रफल क्या होगा?
[ALP 2018]

(a) $5\pi\ cm^2$ (b) $7\pi\ cm^2$
(c) $6.75\pi\ cm^2$ (d) $6.25\pi\ cm^2$ **(d)**

☞ **व्याख्या:** समकोण त्रिभुज का कर्ण $= \sqrt{3^2 + 4^2} = 5$ cm
अतः त्रिभुज के परिवृत्त की त्रिज्या $= \frac{\text{कर्ण}}{2} = \frac{5}{2}$ cm.
तो परिवृत्त का क्षेत्र. $= \pi R^2$
$= \pi\left(\frac{5}{2}\right)^2 = 6.25\pi\ cm^2$

204. बैडमिंटन खेलने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले एक शटलकॉक का आकार एक गोलार्द्ध पर बने हुए शंकु के छिन्नक (Frustum) जैसा है। छिन्नक का बाहरी व्यास 5 सेंटीमीटर और 2 सेंटीमीटर है, पूरे शटलकॉक की ऊँचाई 7 सेंटीमीटर है। बाहरी पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
[ALP 2018]

(a) 73.38 वर्ग सेंटीमीटर (b) 80 वर्ग सेंटीमीटर
(c) 74.30 वर्ग सेंटीमीटर (d) 74.26 वर्ग सेंटीमीटर **(d)**

☞ **व्याख्या:** r_1 तथा r_2
शंकु के छिन्नक की त्रिज्याएँ = 1 cm, 2.5 cm
तथा गोलार्द्ध की त्रिज्या = 1 cm.
शंकु के छिन्नक की ऊँचाई = 7 – 1 = 6 cm
अतः शटलकांक का बाहरी वक्र पृष्ठीय क्षेत्र.–

$\Rightarrow \pi(r_1 + r_2)l + 2\pi r_1^2$

$\left[\because l = \sqrt{h^2 - (r_2 - r_1)^2}, l = \sqrt{6^2 - 1.5^2}, l = 6.18\ cm\right]$

$\Rightarrow \frac{22}{7} \times (1. + 2.5) \times 6.18 + 2 \times \frac{22}{7} \times 1 \times 1$

$\Rightarrow 11 \times 6.18 + \frac{44}{7} \Rightarrow 67.98 + \frac{44}{7} \Rightarrow \frac{519.86}{7}$

$\Rightarrow 74.26\ cm^2$

205. यदि भुजा 1 इकाई हो तो वर्ग का क्षेत्रफल उसकी भुजा के बराबर होता है।
[ALP 2018]

(a) अक्सर (b) कभी–कभी (c) कभी नहीं (d) हमेशा **(d)**

☞ **व्याख्या:** वर्ग की भुजा = 1 इकाई
तो क्षेत्रफल $\Rightarrow (\text{भुजा})^2 = (1)^2 = 1$ इकाई²
अतः भुजा 1 इकाई हो तो इसका क्षेत्रफल भी हमेशा उसकी भुजा के बराबर होता है।

व्याख्या: माना वर्ग की भुजाएँ क्रमशः x, y है।
पहले वर्ग का क्षेत्रफल $= x^2$
दूसरे वर्ग का क्षेत्रफल $= y^2$
$x^2 - y^2 = 32$ ...(i)
$x - y = 4$ ...(ii)
समी. (i) से–
$(x-y)(x+y) = 32$
$4(x+y) = 32$
$x + y = 8$ ...(iii)
समी. (ii) व (iii) से–
$x + y = 8$
$x - y = 4$
$2x = 12$
$x = 6$
x का मान समी. (ii) में रखने पर–
$x - y = 4$
$6 - y = 4 \Rightarrow y = 2$
अतः वर्ग की भुजाएँ 6 सेमी. तथा 2 सेमी. है।

242. यदि किसी त्रिभुज का परिमाप 28 सेमी. है। इसकी अन्तःत्रिज्या 3.5 सेमी. है। इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 22/05/2019 (Shift-III)
(a) 49 सेमी^{2} (b) 28 सेमी^{2} (c) 35 सेमी^{2} (d) 42 सेमी^{2} (a)

व्याख्या:



ΔABC का क्षे. $= \Delta OBC$ का क्षे. $+ \Delta OAC$ का क्षे. $+ \Delta OAB$ का क्षे.
$= \frac{1}{2} \times r \times BC + \frac{1}{2} \times r \times AC + \frac{1}{2} \times r \times AB$
$= \frac{1}{2} \times r \times (BC + AC + AB)$
$= \frac{1}{2} \times 3.5 \times 28 = 49$ सेमी.^{2}

243. 7 सेमी. त्रिज्या वाले एक वृत्ताकार तार को एक ऐसा आयत बनाने के लिए मोड़ा गया है, जिसकी भुजाएँ 4 : 7 के अनुपात में है। इस प्रकार निर्मित आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 31/05/2019 (Shift-I)
(a) 56 सेमी^{2} (b) 60 सेमी^{2} (c) 112 सेमी^{2} (d) 84 सेमी^{2} (c)

व्याख्या: $2\pi r = 2(l + b)$
$2 \times \frac{22}{7} \times 7 = 2(7x + 4x) \Rightarrow 22 = 11x \Rightarrow x = 2$
आयत का क्षे. $= 7x \times 4x$
$= 28x^2 = 28 \times 4 = 112$ सेमी^{2}

244. किसी वृत्त की त्रिज्या में 5% की वृद्धि की जाती है। इसके क्षेत्रफल में होने वाली प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)
(a) 10.25% (b) 21.5% (c) 10.5% (d) 25% (a)

व्याख्या: वृत्त के क्षेत्रफल में वृद्धि % $= 5 + 5 + \frac{5 \times 5}{100}$
$= (10 + .25)\% = 10.25\%$

245. 72 m × 48 m के एक आयताकार पार्क में 2m चौड़े दो रास्ते नेहरू रोड़ और जू पार्क रोड़ एक-दूसरे को पार्क के केन्द्र में समकोण पर काटते हैं। प्रत्येक रास्ता पार्क की एक विमा के समानांतर है। ₹150 प्रतिवर्ग मीटर की दर से मार्ग को बनाने की लागतें क्या होगी? RRB RPF - SI - 12/01/2019 (Shift-I)
(a) ₹ 35, ₹ 300 (b) ₹ 35, ₹ 350
(c) ₹ 35, ₹ 395 (d) ₹ 35, ₹ 400 (d)

व्याख्या: रास्ते का क्षेत्रफल
$= 72 \times 2 + 2 \times 48 - 2 \times 2 = 144 + 96 - 4$
$\Rightarrow 240 - 4 = 236$ m
अतः मार्ग को बनाने में लगी लागत
$= 236 \times 150 =$ ₹35,400

246. 216 cm^3 आयतन वाले दो घनों को आपस में जोड़ा गया है। जोड़ने पर बने घनाभ का पृष्ठ क्षेत्रफल कुल कितना होगा?
RRB Group - D - 08/10/2018 (Shift-III)
(a) 360 cm^2 (b) 380 cm^2 (c) 330 cm^2 (d) 340 cm^2 (a)

व्याख्या: माना घन की भुजा a cm
घन का आयतन = (भुजा)^3
$216 = a^3 \Rightarrow a = \sqrt[3]{216} \Rightarrow a = 6$ cm
दोनों घनों को आपस में जोड़ने पर–
$l = 12$m, $b = 6$, $h = 6$
घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2(lb + bh + hl)$
$= 2(12 \times 6 + 6 \times 6 + 6 \times 12) = 2(72 + 36 + 72)$
$= 2(180) = 360$ cm^2

247. एक समानांतर चतुभुर्ज का आधार इसकी ऊँचाई से दोगुना है। यदि समानांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल 392 वर्ग मीटर है, तो इसकी ऊँचाई कितनी होगी?
RRB RPF Constable - 22/01/2019 (Shift-III)
(a) 14 मीटर (b) 28 मीटर (c) 12 मीटर (d) 24 मीटर (a)

व्याख्या: $b = 2h$



समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= b \times h$
$392 = 2h \times h \Rightarrow 196 = h^2 \Rightarrow h = 14$ मीटर

248. एक आयत की लंबाई तथा चौड़ाई में अंतर 6 मीटर है। यदि इसका परिमाप 64 मीटर है तो इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB RPF Constable - 19/01/2019 (Shift-III)
(a) 256 वर्ग मीटर (b) 247 वर्ग मीटर
(c) 264 वर्ग मीटर (d) 238 वर्ग मीटर (b)

व्याख्या: माना आयत की लंबाई = x मी.
चौड़ाई $= (x - 6)$ मी.
$\because$ परिमाप = 64 मी.
$2(x + x - 6) = 64 \Rightarrow 2x - 6 = 32 \Rightarrow 2x = 38 \Rightarrow x = 19$
$\therefore$ आयत का क्षेत्रफल $= x \times (x - 6)$
$= 19 \times (19 - 6) = 19 \times 13 = 247$ वर्ग मीटर

249. उस घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए जिसकी लंबाई 24 सेमी., चौड़ाई 18 सेमी. और ऊँचाई 16 सेमी. है।
RRB RPF Constable - 20/01/2019 (Shift-III)
(a) 7142 सेमी.^{3} (b) 5184 सेमी.^{3}
(c) 7089 सेमी.^{3} (d) 6912 सेमी.^{3} (d)

व्याख्या: $\therefore$ घनाभ का आयतन = लंबाई × ऊँचाई × चौड़ाई
$= 24 \times 16 \times 18 = 6912$ सेमी.^{3}

☞ **व्याख्या:**



चित्रानुसार दीवारों से 1.5 फीट छोड़ने पर–
लंबाई = 15 – (2 × 1.5) = 12 फीट
चौड़ाई = 12 – (2 × 1.5) = 9 फीट
∴ कमरे का क्षे. = 12 × 9 = 108 वर्ग फीट
∵ 1 वर्ग फीट का खर्च = ₹3.50
∴ 108 वर्ग फीट का खर्च = 3.50 × 108 = ₹ 378

233. एक बेलन की ऊँचाई 'h' उसके आधार की परिधि के बराबर है तो उसके वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल 'h' के पदों में ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 02/06/2019 (Shift-I)
(a) h^3 (b) $2h/3$ (c) $3h^2$ (d) h^2 **(d)**

☞ **व्याख्या:** परिधि $(2\pi r) = h$
बेलनाकार वक्रपृष्ठ $= 2\pi rh$ $[2\pi r = h] = h \times h = h^2$

234. उस ठोस सिलेंडर का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा, जिसकी त्रिज्या 154 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले वृत्त की त्रिज्या की आधी है और ऊँचाई इसकी त्रिज्या के बराबर है?
RRB JE - 25/05/2019 (Shift-I)
(a) 231 मीटर^2 (b) 123 मीटर^2
(c) 312 मीटर^2 (d) 132 मीटर^2 **(a)**

☞ **व्याख्या:** वृत्त का क्षेत्रफल = 154 मी.^{2}
$\pi r^2 = 154$

$r^2 = 154 \times \frac{7}{22} = 7 \times 7$

$r = 7$
प्रश्नानुसार,
सिलेंडर की ऊँचाई = 7 मी.

सिलेंडर की त्रिज्या = $\frac{7}{2}$ मी.

अतः कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2\pi r\,(h + r)$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{7}{2}\left(7 + \frac{7}{2}\right) = 22 \times \frac{21}{2} = 231$ मीटर^2

235. 10 सेमी. ×8 सेमी. ×4 सेमी. का बॉक्स बनाने के लिए आवश्यक गत्ते का क्षेत्रफल ज्ञात करें। **RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)**
(a) 388 सेमी.^{2} (b) 412 सेमी.^{2} (c) 488 सेमी.^{2} (d) 304 सेमी.^{2} **(d)**

☞ **व्याख्या:** क्षेत्रफल $= 2\,(10 \times 8 + 8 \times 4 + 4 \times 10)$
$= 2\,(80 + 32 + 40) = 2 \times 152 = 304$ सेमी.^{2}

236. उस जॉगिंग ट्रैक का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी चौड़ाई 2 मीटर हो और जो 20 × 18 मीटर परिमाप वाले एक आयत के चारों ओर बनाया गया हो?
RRB JE - 31/05/2019 (Shift-III)
(a) 200 मीटर^2 (b) 140 मीटर^2
(c) 136 मीटर^2 (d) 168 मीटर^2 **(d)**

☞ **व्याख्या:**



आयत का क्षेत्रफल = 20 × 18 = 360 वर्ग मीटर
जॉगिंग ट्रैक सहित आयत का क्षे. = 24 × 22 = 528 मीटर^2
जॉगिंग ट्रैक का क्षे. = 528 – 360 = 168 मीटर^2

237. समलम्ब चतुर्भुज की आकृति वाले एक खेत का क्षेत्रफल 1440 वर्ग मीटर है। समान्तर भुजाओं के बीच की लम्बवत् दूरी 24 मीटर है। समान्तर भुजाओं का अनुपात 5 : 3 है। लंबी समान्तर भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)**
(a) 30 मीटर (b) 60 मीटर (c) 45 मीटर (d) 75 मीटर **(d)**

☞ **व्याख्या:** माना समलम्ब चतुर्भुज की समान्तर भुजाएँ क्रमशः $5x$ मीटर व $3x$ मीटर है।

समलम्ब चतुर्भुज का क्षे. = $\frac{1}{2}$ [समान्तर भुजाओं का योग] × उनके बीच की दूरी

$1440 = \frac{1}{2}(5x + 3x) \times 24 \Rightarrow 8x \times 12 = 1440 \Rightarrow x = 15$

समलम्ब चतुर्भुज की लंबी समान्तर भुजा की लंबाई
$= 5x$ मी. $= 5 \times 15 = 75$ मी.

238. एक आयत का परिमाप, 18 इकाई भुजा वाले एक वर्ग के परिमाप से दोगुना है। यदि आयत की चौड़ाई 45 हो, तो इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 23/05/2019 (Shift-I)**
(a) 1360 वर्ग इकाई (b) 1050 वर्ग इकाई
(c) 1215 वर्ग इकाई (d) 1152 वर्ग इकाई **(c)**

☞ **व्याख्या:** दिया है–
वर्ग की भुजा = 18 इकाई
आयत की चौड़ाई = 45
आयत का परिमाप = 2 × वर्ग का परिमाप
2(लंबाई + चौड़ाई) = 2 × 18 × 4
2(लंबाई + 45) = 2 × 72
लंबाई = 72 – 45 = 27
क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई = 27 × 45
क्षेत्रफल = 1215 वर्ग इकाई

239. उस वृत्ताकार पथ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जो 440 मीटर परिधि वाले वृत्त के चारों ओर बनाया गया है और जिसकी चौड़ाई 7 मीटर है। **RRB JE - 27/05/2019 (Shift-II)**
(a) 3856 वर्ग मीटर (b) 3234 वर्ग मीटर
(c) 3900 वर्ग मीटर (d) 3204 वर्ग मीटर **(b)**

☞ **व्याख्या:** वृत्त की परिधि = $2\pi r$

$2\pi r = 440 \Rightarrow 2 \times \frac{22}{7} \times r = 440$

$\Rightarrow r = \frac{440 \times 7}{2 \times 22} \Rightarrow r = 70$ मी.

वृत्ताकार ट्रैक का क्षेत्रफल $= \pi(R^2 - r^2)$
$= \pi[(77)^2 - (70)^2] \Rightarrow \pi(7)(147)$

$= \frac{22}{7} \times 7 \times 147 = 3234$ वर्ग मीटर

240. एक बेलनाकार टैंक की क्षमता 3080 घन मीटर हैं। यदि इसके आधार की त्रिज्या 7 मीटर है, तो टैंक की गहराई ज्ञात करें।
RRB JE - 02/06/2019 (Shift-III)
(a) 10 मीटर (b) 25 मीटर (c) 15 मीटर (d) 20 मीटर **(d)**

☞ **व्याख्या:** $\pi r^2 h = 3080$

$\frac{22}{7} \times 7^2 \times h = 3080 \Rightarrow h = \frac{3080}{22 \times 7} = 20$ मीटर

241. दो वर्गों के क्षेत्रफलों का अंतर 32 सेमी.^{2} है। यदि उनकी भुजाओं का अंतर 4 सेमी. है, तो दोनों वर्गों की भुजाओं का मान ज्ञात कीजिए। **RRB JE - 01/06/2019 (Shift-III)**
(a) 6 सेमी., 2 सेमी. (b) 12 सेमी., 8 सेमी.
(c) 4 सेमी., 4 सेमी. (d) 4 सेमी., 2 सेमी. **(a)**

224. एक आयताकार भूखण्ड की लंबाई इसकी चौड़ाई से तीन गुना है। यदि आयताकार भूखण्ड का क्षेत्रफल 867 मीटर^2 है, तो आयताकार भूखण्ड की लंबाई क्या है?
RRB JE - 25/05/2019 (Shift-II)
(a) 34 मीटर (b) 17 मीटर (c) 51 मीटर (d) 68 मीटर (c)

☞ **व्याख्या:** माना आयताकार भूखण्ड की चौड़ाई (b) = x मी.
आयताकार भूखण्ड की लंबाई (l) = 3x मी.
आयताकार भूखण्ड का क्षेत्रफल = l . b
$867 = 3x \times x \Rightarrow 867 = 3x^2 \Rightarrow 289 = x^2$

$\boxed{x = 17}$

आयताकार भूखण्ड की लंबाई (l) = 3x = 3 × 17 = 51 मी.

225. एक समद्विबाहु त्रिभुज का परिमाप 32 सेमी. है। इसका आधार, समान भुजाओं का 6/5 गुना है। क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 22/05/2019 (Shift-III)
(a) 39 सेमी^{2} (b) 64 सेमी^{2} (c) 48 सेमी^{2} (d) 57 सेमी^{2} (c)

☞ **व्याख्या:** माना समद्विबाहु त्रिभुज की समान भुजा x है।

प्रश्नानुसार– $x + x + \frac{6x}{5} = 32$

$\Rightarrow 10x + 6x = 32 \times 5 \Rightarrow x = \frac{32 \times 5}{16} = 10$

भुजाएँ 10, 10 व 12

क्षेत्रफल = $\frac{12}{4}\sqrt{4 \times 10^2 - 12^2} = 3\sqrt{400 - 144}$
$= 3 \times 16 = 48$ सेमी^{2}

226. सुरेश ने 52 मीटर/मिनट की चाल से चलकर एक आयताकार मैदान को विकर्णतः पार करने में 15 सेकंड का समय लिया और राजेश ने 68 मीटर/मिनट की चाल से उसी मैदान की भुजाओं पर चलकर पार करने में उतना ही समय लिया। मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। RRB JE - 26/05/2019 (Shift-II)
(a) 30 वर्ग मीटर (b) 40 वर्ग मीटर
(c) 50 वर्ग मीटर (d) 60 वर्ग मीटर (d)

☞ **व्याख्या:** दूरी = $52 \times \frac{15}{60}$

$\boxed{d = 13}$

प्रश्नानुसार,

$l + b = 68 \times \frac{15}{60}$

$\boxed{l + b = 17}$ ...(i)

आयत का विकर्ण (d) = $\sqrt{l^2 + b^2}$

$13 = \sqrt{l^2 + b^2}$
दोनों पक्षों का वर्ग करने पर
$169 = l^2 + b^2$
समी. (i) का वर्ग करने पर–
$(l + b)^2 = (17)^2$
$l^2 + b^2 + 2lb = 289 \quad \because [l^2 + b^2 = 169]$
$169 + 2lb = 289 \Rightarrow 2lb = 289 - 169 \Rightarrow 2lb = 120$

मैदान का क्षेत्रफल $\boxed{lb = 60}$

227. 6 सेमी. त्रिज्या वाले एक धातु के गोले को पिघलाकर एक तार बनाया जाता है, जिसके अनुप्रस्थ खंड की त्रिज्या 8 सेमी. है। तार की लंबाई कितनी है? RRB JE - 26/05/2019 (Shift-III)
(a) 4 सेमी. (b) 3.5 सेमी. (c) 5 सेमी. (d) 4.5 सेमी. (d)

☞ **व्याख्या:** माना तार की लंबाई l सेमी. है।
प्रश्नानुसार–
∴ गोले का आयतन = तार का आयतन (बेलनाकार)

$\frac{4}{3}\pi \times 6 \times 6 \times 6 = \pi \times 8 \times 8 \times l$

$l = \frac{4 \times 6 \times 6 \times 6}{3 \times 8 \times 8} = 4.5$ सेमी.

228. एक घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल 1372 वर्ग सेमी. है। इसकी विमाएँ 4 : 2 : 1 के अनुपात में हैं। लंबाई ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)
(a) 24 सेमी. (b) 7 सेमी. (c) 28 सेमी. (d) 12 सेमी. (c)

☞ **व्याख्या:** माना घनाभ की विमाएँ 4x, 2x, x सेमी. है।
घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल = 2 [lb + bh + hl]
$1372 = 2[4x \times 2x + 2x \times x + 4x \times x]$
$1372 = 2[8x^2 + 2x^2 + 4x^2]$
$1372 = 2[14x^2]$

$x^2 = \frac{1372}{28} \Rightarrow x^2 = 49 \Rightarrow x = 7$

घनाभ की लंबाई = 4x = 4 × 7 = 28 सेमी.

229. त्रिज्या 'r' वाले एक गोले तथा त्रिज्या 'r' एवं ऊँचाई '2r' वाले एक बेलन के आयतन का अनुपात ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 22/05/2019 (Shift-I)
(a) 2 : 3 (b) 3 : 2 (c) 5 : 4 (d) 3 : 5 (a)

☞ **व्याख्या:** अतः $\frac{\text{गोले का आयतन}}{\text{बेलन का आयतन}} = \frac{\frac{4}{3}\pi r^3}{\pi r^2 h} = \frac{\frac{4}{3}\pi r^3}{\pi r^2 \times 2r} = \frac{2}{3}$

∴ गोले का आयतन : बेलन का आयतन = 2 : 3

230. एक लकड़ी के बक्से का माप 20 सेमी. × 12 सेमी. × 10 सेमी. है। लकड़ी की मोटाई 1 सेमी. है। बॉक्स बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली लकड़ी का आयतन ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)
(a) 1120 सेमी.^{3} (b) 2400 सेमी.^{3}
(c) 519 सेमी.^{3} (d) 960 सेमी.^{3} (d)

☞ **व्याख्या:** लकड़ी के बक्से की माप = 20 cm × 12 cm × 10 cm
$= 2400\ cm^3$
∵ लकड़ी की मोटाई 1 cm है
∴ लकड़ी के बॉक्स की आंतरिक माप
$= 18 \times 10 \times 8 = 1440\ cm^3$
∴ बॉक्स बनाने में उपयोग की गई लकड़ी का आयतन
$= 2400 - 1440 = 960\ cm^3$

231. एक घन के पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन के आंकिक मान बराबर हैं। घन का आयतन ज्ञात कीजिए।
RRB JE - 25/05/2019 (Shift-I)
(a) 512 घन इकाई (b) 276 घन इकाई
(c) 216 घन इकाई (d) 162 घन इकाई (c)

☞ **व्याख्या:** घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल = $6a^2$
घन का आयतन = a^3
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow 6a^2 = a^3 \Rightarrow a = 6$
अतः घन का आयतन = $a^3 = 6^3 = 216$ घन इकाइ

232. एक कमरा 15 फीट लंबा और 12 फीट चौड़ा है। दीवारों से 1.5 फीट की जगह छोड़कर कमरे के फर्श पर एक मैट बिछाया जाना है। ₹ 3.50 प्रति वर्ग फीट की दर से मैट की लागत कितनी होगी? RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)
(a) ₹ 630 (b) ₹ 378 (c) ₹ 472.50 (d) ₹ 496 (b)

☞ **व्याख्या:** बेलन का स.पृ.क्षे. $= 2\pi R(h+R)$

$\Rightarrow 2\times\frac{22}{7}\times 7\times(8+7) \Rightarrow 660\ \text{cm}^2$

11. $\frac{1}{2}cm$ **व्यास वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।**
[RRB Group D-2022]

(a) $2\pi^2 cm^2$ (b) $\pi^2 cm^2$ (c) $\frac{\pi}{4}cm^2$ (d) $\frac{\pi}{2}cm^2$ **(c)**

☞ **व्याख्या:** गोले का पृ. क्षेत्र. $= 4\pi r^2$

$\Rightarrow 4\times\pi\times\left(\frac{1}{4}\right)^2 = \cancel{4}\pi\times\frac{1}{\cancel{16}} = \boxed{\frac{\pi}{4}cm^2}$

$\because 2R = \frac{1}{2}cm$

$R = \frac{1}{4}cm$

12. **यदि एक बंद घनाभ की चौड़ाई इसकी 12 cm लंबाई की क्रमशः 25% और 50% है, तो इस घनाभ का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।** **[RRB Group D-2022]**

(a) 252 cm^2 (b) 126 cm^2 (c) 522 cm^2 (d) 63 cm^2 **(a)**

☞ **व्याख्या:** लम्बाई = 12 cm

चौड़ाई $= 12\times\frac{25}{100} = 3cm$

ऊँचाई $= 12\times\frac{50}{100} = 6cm$

घनाभ का स.पृ.क्षे. =

$\Rightarrow 2$(ल. × चौ. + चौ. × ऊ. + ऊ. × ल.)

$\Rightarrow 2(12\times 3+3\times 6+6\times 12) \Rightarrow 2(36+18+72)$

$\Rightarrow 2\times 126 = 252\ \text{cm}^2$

13. **5 cm लँबाई, 10 cm चौड़ाई और 15 cm ऊँचाई वाला एक बॉक्स बनाने के लिए आवश्यक प्लास्टिक शीट का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।** **[RRB Group D 2022]**

(a) 650 cm^2 (b) 550 cm^2 (c) 600 cm^2 (d) 500 cm^2 **(b)**

☞ **व्याख्या:**
माना
लम्बाई $= a$
चौड़ाई $= b$
ऊँचाई $= c$

घनाभ का स.पृ.क्षे. $= 2(ab+bc+ca)$

$\Rightarrow 2(5\times 10+10\times 15+15\times 5) \Rightarrow 2(50+150+75)$

$\Rightarrow 550cm^2$

14. **यदि एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल** $2124\frac{4}{7}cm^2$ **है, तो उस गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। [** $\pi = \frac{22}{7}$ **मानिए]**
[RRB Group D 2022]

(a) 13 cm (b) 11 cm (c) 12 cm (d) 14 cm **(a)**

☞ **व्याख्या:** $\Rightarrow$ गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2124\frac{4}{7}cm^2$

$\Rightarrow 4\pi R^2 = \frac{14872}{7} \Rightarrow 4\times\frac{22}{7}\times R^2 = \frac{14872}{7}$

$\Rightarrow R^2 = \left(\frac{14872}{88}\right) \Rightarrow R = \sqrt{169} = 13\,cm$

15. **यदि एक बेलन का आयतन** $256\pi\ \text{cm}^3$ **है, और उसके आधार की त्रिज्या 8 cm है, तो बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।**
[RRB Group D 2022]

(a) 5 cm (b) 4 cm (c) 3 cm (d) 6 cm **(b)**

☞ **व्याख्या:** $\Rightarrow$ बेलन का आयतन $= 256\pi\,cm^3$

$\Rightarrow \pi R^2\times h = 256\pi$

$\Rightarrow (8)^2\times h = 256$

$\Rightarrow h = 4cm$

16. **एक कैप्सूल 3.5 mm व्यास के गोले के आकार का है। कैप्सूल को भरने के लिए आवश्यक दवा की मात्रा ज्ञात कीजिए। (** mm^3 **में) । (** $\pi = \frac{22}{7}$ **का उपयोग करें, और अपना उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक लिखें।)**
[RRB Group D 2022]

(a) 22.42 (b) 22.43 (c) 22.41 (d) 22.46 **(d)**

☞ **व्याख्या:** व्यास = 3.5 mm, त्रिज्या $= \frac{\text{व्यास}}{2} = \frac{3.5}{2}\text{mm}$

गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$

$= \frac{4}{3}\times\frac{22}{7}\times\frac{3.5}{2}\times\frac{3.5}{2}\times\frac{3.5}{2} = 22.46\ \text{mm}^3$

17. **प्रत्येक 2 इकाई त्रिज्या वाले 3 ठोस अर्धगोलों को पिघलाकर एक गोले के रूप में ढाला जाता है। नए ढाले गए गोले की त्रिज्या (निर्दिष्ट इकाइयों में) ज्ञात कीजिए।**
[RRB Group D 2022]

(a) $\sqrt[3]{12}$ (b) 3 (c) $\sqrt[3]{10}$ (d) $\sqrt[3]{15}$ **(a)**

☞ **व्याख्या:** 3 अर्द्ध–गोले का आयतन = गोले का आयतन

$3\times\frac{2}{3}\times\frac{22}{7}\times 2\times 2\times 2 = \frac{4}{3}\times\frac{22}{7}\times r^3$

$12 = r^3 \Rightarrow r = \sqrt[3]{12}$

18. **10 cm व्यास वाले एक बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 330 वर्ग सेंटीमीटर है। बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।**
[RRB Group D 2022]

(a) 5.5 cm (b) 6.5 cm (c) 10.5 cm (d) 2.5 cm **(a)**

☞ **व्याख्या:** बेलन का स.पृ.क्षे. = 330

$\Rightarrow 2\pi R(h+R) = 330$

$\Rightarrow 2\times\frac{22}{7}\times 5(h+5) = 330$

$\Rightarrow (h+5) = 330\times\frac{7}{220}$

$h = 10.5-5 = 5.5$

19. **6 cm त्रिज्या वाले एक ठोस गोले से प्रत्येक 0.3 cm त्रिज्या वाले कितने गोलाकार ठोस कँचे बनाए जा सकते हैं?**
[RRB Group D 2022]

(a) 7500 (b) 9000 (c) 8000 (d) 8500 **(c)**

37 आयतन एवं पृष्ठीय क्षेत्रफल [Volume & Surface Area]

1. किसी बेलन का आयतन 5500 m^3 है। यदि बेलन की ऊँचाई 70 m है, तो इसका व्यास ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D-2022]
(a) 10 m (b) 5 m (c) 8 m (d) 12 m **(a)**

☞ **व्याख्या:** $\pi R^2 \times h = 5500$
दिया है $h = 70$ cm

$\Rightarrow \frac{22}{7} \times R^2 \times 70 = 5500 \Rightarrow R^2 = 25 \Rightarrow R = 5$

अतः व्यास = 10 m

2. 70 m त्रिज्या और 140 m ऊँचाई वाले बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) 61,524 m^2 (b) 82,500 m^2
(c) 5124 m^2 (d) 92,400 m^2 **(d)**

☞ **व्याख्या:** बेलन का सं.पृ.क्षे. $= 2\pi R(h+R)$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times 70 \times (70+140)$

$= 2 \times 22 \times 10 \times 210 = 92400$ m^2

3. 12 cm × 24 cm × 30 cm माप वाले घनाभाकार ब्लॉक को समान आकार के घनों की सटीक संख्या में काटा जाता है। इस प्रकार बनने वाले घनों की न्यूनतम संभव संख्या ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D-2022]
(a) 45 (b) 40 (c) 55 (d) 50 **(b)**

☞ **व्याख्या:** 12, 24, 30 का HCF = 6
अतः बनने वाले घनों की भुजा = 6
घनाभ का आयतन = घन का आयतन × ?
अतः
$\Rightarrow 12 \times 24 \times 30 = 6 \times 6 \times 6 \times ? \Rightarrow 2 \times 4 \times 5 = ?$
$\Rightarrow ? = 40$

4. एक गोले की त्रिज्या में 2 cm की वृद्धि करने पर, उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में 704 cm^2 की वृद्धि होती है। $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करते हुए, वृद्धि से पहले गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।
[RRB Group D-2022]
(a) 13 cm (b) 14 cm (c) 16 cm (d) 15 cm **(a)**

☞ **व्याख्या:** $4\pi(R+2)^2 - 4\pi R^2 = 704$
$\Rightarrow 4\pi[(R+2)^2 - R^2] = 704$
$\Rightarrow \frac{88}{7}[R^2 + 4R + 4 - R^2] = 704$
$\Rightarrow 4R + 4 = 704 \times \frac{7}{88} \Rightarrow 4R + 4 = 56 \Rightarrow 4R = 52$
$R = 13$ cm

5. एक बेलन के आधार की त्रिज्या 5 cm और ऊँचाई 7 cm है। बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) $157\pi cm^3$ (b) $517\pi cm^3$
(c) $175\pi cm^3$ (d) $715\pi cm^3$ **(c)**

☞ **व्याख्या:** दिया है–
$R = 5cm$
$h = 7cm$
बेलन का आयतन $= \pi R^2 \times h$
$\Rightarrow \pi \times 5 \times 5 \times 7$
$\Rightarrow 175\pi cm^3$

6. उस गोले का आयतन ज्ञात कीजिए, जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 5544 cm^2 है। [RRB Group D-2022]
(a) 10888 cm^3 (b) 96621 cm^3
(c) 38808 cm^3 (d) 9261 cm^3 **(c)**

☞ **व्याख्या:** गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 4\pi R^2 = 5544$

$R^2 = 5544 \times \frac{7}{88}$

$R = \sqrt{441} \Rightarrow R = 21$ cm

गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi R^3$

$\Rightarrow \frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times 21 \times 21 \times 21$
$\Rightarrow 88 \times 441 = 38808$ cm^3

7. यदि एक गोले का आयतन $\frac{792}{7}$ cm^3 है, तो गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(गणना के लिए $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)
(a) 3.5 cm (b) 2.5 cm (c) 3 cm (d) 2 cm **(c)**

☞ **व्याख्या:** गोलों का आयतन $= \frac{792}{7}$

$\frac{4}{3} \times \pi R^3 = \frac{792}{7}$
$\frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times R^3 = \frac{792}{7} \Rightarrow R^3 = \frac{792}{7} \times \frac{3}{4} \times \frac{7}{22}$
$R^3 = 27$
अतः $R = 3$ cm

8. यदि एक बंद घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1014 cm^2 है, तो इस घन की प्रत्येक कोर (भुजा) की लंबाई क्या होगी?
[RRB Group D-2022]
(a) 12 cm (b) 13 cm (c) 14 cm (d) 16 cm **(b)**

☞ **व्याख्या:** घन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल = 6 (भुजा)^2
$\Rightarrow 6$ (भुजा)$^2 = 1014$
$\Rightarrow$ (भुजा)$^2 = 169 \Rightarrow$ भुजा $= \sqrt{169} \Rightarrow$ भुजा = 13 cm

9. उस घन की भुजा ज्ञात कीजिए, जिसका आयतन 729 cm^3 है।
[RRB Group D-2022]
(a) 3 cm (b) 24 cm (c) 12 cm (d) 9 cm **(d)**

☞ **व्याख्या:** $\Rightarrow$ घन का आयतन = 729
$\Rightarrow$ (भुजा)$^3 = (9)^3 \Rightarrow$ (भुजा) = 9 cm

10. एक बेलन की आधार त्रिज्या 7 cm और ऊँचाई 8 cm है। $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करते हुए, बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [RRB Group D-2022]
(a) 665 cm^2 (b) 625 cm^2 (c) 710 cm^2 (d) 660 cm^2 **(d)**

250. 5 सेमी. लंबाई तथा 6 सेमी. चौड़ाई वाले एक आयत के विकर्ण की लंबाई (सेमी. में) ज्ञात कीजिए।
RRB RPF Constable - 24/01/2019 (Shift-III)

(a) $\sqrt{61}$ (b) $\pm\sqrt{61}$ (c) $\sqrt{11}$ (d) $\pm\sqrt{11}$ **(a)**

☞ **व्याख्या:** आयत का विकर्ण = $\sqrt{l^2+b^2}$

$= \sqrt{5^2+6^2} = \sqrt{25+36} = \sqrt{61}$

251. एक आयत जिसका आयाम 4 cm और 2 cm है, उसे एक समबाहु त्रिभुज बनाने के लिए मोड़ा जाता है। इस प्रकार से बनी समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या होगा?
RRB RPF Constable - 20/01/2019 (Shift-II)

(a) $4\sqrt{3}$ cm^2 (b) $6\sqrt{3}$ cm^2

(c) $\frac{9}{4}\sqrt{3}$ cm^2 (d) $2\sqrt{3}$ cm^2 **(a)**

☞ **व्याख्या:** आयत का परिमाप = 2(4 + 2) = 12 cm
∴ समबाहु त्रिभुज का परिमाप = 12 cm
∴ समबाहु त्रिभुज की भुजा = 4 cm

समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{\sqrt{3}}{4}$(भुजा)^2

$= \frac{\sqrt{3}}{4}\times(4)^2 = \frac{\sqrt{3}}{4}\times 16 = 4\sqrt{3}$ cm^2

252. एक 28 सेमी. व्यास वाले अर्द्धवृत्त की परिधि ..... है। ($\pi = 22/7$) **RRB RPF Constable - 24/01/2019 (Shift-I)**

(a) 36 सेमी. (b) 144 सेमी. (c) 72 सेमी. (d) 44 सेमी. **(c)**

☞ **व्याख्या:** व्यास = 28 सेमी.,

त्रिज्या = $\frac{\text{व्यास}}{2} = \frac{28}{2} = 14$ सेमी.

अर्द्धवृत्त की परिधि = $\pi r + 2r = r(2+\pi)$

$= 14\left(2+\frac{22}{7}\right) = 14\times\frac{36}{7} = 72$ सेमी.

253. यदि किसी समचतुर्भुज की एक भुजा और दो में से एक विकर्ण प्रत्येक 16 cm हैं, तो समचतुर्भुज की क्षेत्रफल cm^2 से कितना होगा? **RRB RPF Constable - 20/01/2019 (Shift-II)**

(a) $64\sqrt{3}$ (b) $256\sqrt{3}$ (c) 128 (d) $128\sqrt{3}$ **(d)**

☞ **व्याख्या:**



समचतुर्भुज ABCD की भुजा = 16 cm
तथा एक विकर्ण BD = 16 cm = d_1
ΔAOB में–

$AO = \sqrt{(AB)^2-(BO)^2} = \sqrt{(16)^2-(8)^2}$

$= \sqrt{256-64}$

$AO = \sqrt{192} = 8\sqrt{3}$ cm

दूसरा विकर्ण (d_2) = $8\sqrt{3}+8\sqrt{3} = 16\sqrt{3}$ cm

समचतुर्भुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}(d_1\times d_2) = \frac{1}{2}(16\times 16\sqrt{3})$

$= 128\sqrt{3}$ cm^2

254. एक आयत जिसके आयाम 4 cm और 5 cm है, को मोड़कर एक समबाहु त्रिभुज बनाया जाता है। इस प्रकार निर्मित समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना होगा?
RRB RPF Constable - 18/01/2019 (Shift-I)

(a) $9\sqrt{3}$ cm^2 (b) $3\sqrt{3}$ cm^2

(c) $6\sqrt{3}$ cm^2 (d) $\frac{9}{4}\sqrt{3}$ cm^2 **(a)**

☞ **व्याख्या:** आयत का परिमाप = 2(ल. + चौ.)
= 2(5 + 4) = 18 सेमी.
प्रश्नानुसार,
आयत का परिमाप = समबाहु त्रिभुज का परिमाप
18 = 3 × भुजा
∴ भुजा = 6

अतः समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{\sqrt{3}}{4}\times 6\times 6$

$= 9\sqrt{3}$ cm^2

255. यदि एक वृत्त की त्रिज्या 19 गुना कर दी जाती है, तो इसकी परिधि पिछली परिधि की कितनी गुना हो जाएगी?
RRB RPF SI - 2019

(a) 20 (b) 19 (c) 21 (d) 18 **(b)**

☞ **व्याख्या:** त्रिज्या में अनुपात = 1 : 19
परिधि में अनुपात = 1 : 19
त्रिज्या और परिधि में समान अनुपात होता है।
अतः परिधि 19 गुना हो जायेगी।

256. शीशे के वर्ग के टुकड़े का सम्पूर्ण क्षेत्रफल 1444 cm^2 है। जो कि एक मेज के ऊपर रखा गया है। मेज और काँच के टुकडे की धार के बीच की चौड़ाई 9 cm है। मेज की लम्बाई बताएँ। (cm में)
RRB RPF SI - 2019

(a) 54 (b) 58 (c) 52 (d) 56 **(d)**

☞ **व्याख्या:** वर्ग का क्षेत्रफल = 1444 cm^2
भुजा^{2} = 1444

भुजा = $\sqrt{1444} \Rightarrow 38$ cm
मेज की लम्बाई = 38 + 2 × 9 = 56 cm

